१. 'सनिमित्त धर्म' = निमित्त से संयुक्त धर्म को 'सनिमित्त धर्म' कहा जाता है। अर्थात् परिकल्पित या विकल्पना की प्रतीति के निमित्त या प्रधान कारण ही यहाँ निमित्त शब्द का अभिप्रेत अर्थ है। यही लौकिक सहज बुद्धि का प्रवृत्ति-विषय भी है। यही 'प्रतीत्य-समुत्पाद' का व्यावहारिक पक्ष एवं सांवृत्तिक स्वरूप भी है। इसी के आधार पर कर्म-फल, मार्ग-फल आदि की अत्यन्त सूक्ष्म व्यवस्था की जाती है। यही 'सनिमित्त धर्म' का सारतत्त्व है।

(दोहावृत्ति० पृ० २०१-१९, तन-ग्युर 'लू' पुट। जापान संस्करण—Vol-870), (डुब थबस् कुन० तु-पृ० १३७-२३२, Vol-14)

४. गुरु डोम्बिपा का वृत्तान्त

गुरु डोम्बिपा जाति के क्षत्रिय थे। वे (राजा) मगध के रहने वाले थे। उनकी सिद्धि (इष्टदेव) हेवज्र से प्राप्त हुई।

इन्हें गुरु (कृष्ण) चर्यापा द्वारा अभिषिक्त कर दीक्षित किया गया था और तन्त्र का उपदेश (अववाद) दिया[१] गया। तदनुसार उन्होंने अनुष्ठान किया। जब अपनी प्रजाओं के प्रति एक मात्र पुत्र के समान (प्यार स्नेह के साथ) सोचने और व्यवहार करने लगे तब सभी लोग समान रूप से कहने लगे कि (हमारे) महाराज ने धर्म की दीक्षा ली है, यह तो नहीं सुना, पर स्वभावतः प्रजा के प्रति मैत्री भाव रखने वाला, यह राजा एक धार्मिक ही प्रतीत होता है।

उस समय राजा ने अपने मंत्री से कहा कि 'हमारे देश में चोरी करने वाले और भय दिखाकर सभी लोगों को लूटमारकर धन प्राप्त करने वाले भरे हुए हैं। मेरी अपनी पुण्य कर्म (शक्ति) भी बहुत मन्द है। गरीबी बहुत है, इन सभी प्रकार के भय-आतंक और दरिद्रता के त्राण हेतु, हमारी उस काष्ठ-घण्टी (लकड़ी की घण्टी) को बजा कर वहाँ के बड़े वृक्ष में बाँध आओ। जहाँ-कहीं बाधा एवं दरिद्रता दिखलाई पड़े, जब भय-आतङ्क और अतिदरिद्रता उपस्थित हो तो उस घण्टी को बजाओ, अन्यथा उसे न बजाओ।

जैसा राजा ने आदेश दिया, मंत्री ने भी तत्काल वही काम किया और मगध में इस प्रकार दरिद्रता एवं सभी प्रकार के भय-आतंक समाप्त कर दिये।

किसी समय उस राजा के राज्य में कुछ नीच जाति की गाना गानेवाली एक मण्डली पहुँची। राजा के लिए गाना-बजाना आदि का आयोजन किया गया। जब राजा ने देखा कि उस गायक की सुपुत्री, जो बारह वर्ष की थी, लौकिक धर्मों से अस्पृष्ट

---

१. लामा तारानाथ के अनुसार यह महासिद्ध नडपा (नारोपा) के शिष्य थे। नडपा के साक्षात् शिष्य श्रीवर डोम्बिपा कहे गये हैं—(भा० इ० पृ० २४५, अध्या ३३)

मनोहारी, बहुत सुन्दर चेहरे, अच्छे रंग-रूप, एवं पद्मिनी के सभी गुणों से सुसम्पन्न थी। राजा ने उस हीन जाति के गायक से कहा—अपनी यह सुपुत्री हमें दे दो।

तब उस गायक ने क़हा—आप मगध के राजा, आठ लाख नगरों के अधिपति हैं। निर्बाध राजसम्पत्ति वाले महान् राजा हैं। हम जाति के हीन, जन समुदाय से पददलित त्यागे हुए हैं। अतः हम आपकी इस तरह की आज्ञा के योग्य नहीं है।

ऐसा निवेदन करने पर राजा ने जोर देकर उसे समझाया और लड़की के शरीर के वजन के बराबर सोना उसके माता-पिता को प्रदान कर उस लक्षण सम्पन्न कन्या को अपने लिये ले लिया।

उस राजयोगी ने बारह वर्षों तक उसे अपनी कर्म-मुद्रा के रूप में सेवन किया तो यह किसी को पता नहीं लगा। पर बारह वर्ष के बाद लोगों को उक्त घटना का पता लगा तो 'मगध' वालों ने सर्वत्र यह घोषित कर दिया कि राजा ने एक डोमिनी (डोम की लड़की) ग्रहण की है। यह सुनकर राजा अपने राजपुत्र और मंत्री आदि को राज्य सौंपकर उस डोमिनी कन्या के साथ वन में चले गये और वन में ही (तान्त्रिक) साधना करते हुए बारह वर्ष बिताए।

राजपुत्र एवं मंत्रियों द्वारा राज-काज अच्छी तरह नहीं चला पाने के कारण जब देश बरबाद होता गया तब सब लोगों ने मंत्रणा करके यह तय किया कि पहले के राजा को ही खोज कर राज करने दिया जाय। सब लोगों ने यह तय कर कुछ लोगों को उसे खोजने भेजा। लोग उस स्थान पर जा पहुँचे जहाँ वह राजा उस लड़की के साथ साधना में लीन थे। लोगों ने देखा—राजा एक वृक्ष के नीचे बैठे हुए हैं। लड़की पानी लेने जा रही थी। उसने (एक झील के पास जा कर) झील के ऊपर कमल के पत्तों पर पैर रखते हुए बिना पानी में डूबे (झील के बीच तक जा कर) झील के पन्द्रह हाथ नीचे की सतह से शुद्ध पानी भरकर राजा को पिलाया। इस दृश्य को देखकर सब लोग आश्चर्य-चकित हो गये और उन राजयोगी से कुछ कहे बिना वे लोग नगर में लौट आये और उन्होंने सब वृत्तान्त लोगों को सुनाया।

उसके बाद राजपुत्र और मंत्री सहित सब नगर के लोगों ने राजा के पास जाकर उनसे राजभवन आने की प्रार्थना की। (प्रार्थना स्वीकार हुई)। एक दिन दम्पत्ति चीता

पर सवार होकर विषैले सर्पों का चाबुक हाथ में लटकाए नगर पहुँचे। सब नगरवासी अत्यन्त आश्चर्यपूर्वक उन्हें देखते रहे; निवेदन किया कि आप यदि राज्य ग्रहण करें तो बहुत सुचारूरूप से गृहीत हो सकते हैं, अतः आप वैसा करें।

(उस योगी के रूप में) राजा ने उत्तर दिया—मैं तो शूद्र जाति का हूँ, राजकार्य करने के योग्य कहाँ रह गया, फिर भी आदमी के मर जाने के बाद उसकी ऊँच-नीच जाति की कल्पना का विच्छेद हो जाता है। अतः (तुम लोग) मुझे अग्नि में जला दो, उसके बाद जब जन्म होगा, फिर राज-कार्य करूँगा।

तदनुसार—नागरिकों ने गोशीर्ष (नामक) चन्दन की लकड़ी (भारी मात्रा में एकत्र कर) के बीच में उन्हें (सपत्नीक) रखकर जला दिया। ईंधन अधिक हो जाने से सात दिन तक आग जलती रही और बुझी नहीं। अग्नि शांत हो जाने के बाद जब लोगों ने देखा तो (एक बहुत बड़े) कमल (सदण्ड विकसित पुष्प) के अन्दर दम्पत्ति हेवज्र (देव) के रूप में सजल (पुष्प के समान) दिखलाई पड़े।

मगध नगर के सभी लोगों को यह देख कर उनके प्रति बड़ी श्रद्धा हो गयी और वे 'डोम्बिपा' के नाम से प्रसिद्ध हो गये।

राजा (जो अग्नि में जलाये जाने के बाद बचे) मंत्री आदि लोगों से बोले—

'तुम सब लोग मेरी तरह यह (साधना चमत्कार आदि) कर सकोगे तो मैं राज्य करूँगा, अन्यथा नहीं कर सकूँगा।

लोग आश्चर्य चकित होकर बोले—'इस प्रकार (हम लोगों में से) कौन कर सकता है? यह कहकर वे बैठ गये।

पुनः राजा ने कहा—राजसत्ता बहुत ही लचीली एवं दोषों से भरी हुई है। मैं तो धार्मिक राज-सत्ता ही चला सकूँगा। यह कहकर वे वहीं से जगत्-कल्याण के लिए 'खेचर' लोक को चले गये।

गुरु डोम्बिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

५. गुरु शबरपा का वृत्तान्त

[१]शबरपा मंत्र-विक्रम[२] नामक पर्वत में श्री शबरपी (शबरपा) नामक एक शिकारी रहता था।[३] उसका काम अनेक विध प्राणियों को मारकर उनका माँस खाना (जीविका चलाना) और सब समय जीविका के लिए प्राणि-वध एवं अनेक प्रकार की हिंसा आदि पाप-कर्म करना था। आर्य लोकेश्वर (बोधिसत्त्व) ने उसे इस प्रकार के कार्य करते हुए देखा तो (उनके मन में उस शिकारी के प्रति अगाध) करुणा उत्पन्न हो गयी।

आर्य ने उस (शिकारी) की प्रचण्ड मनोवृत्ति के दमन हेतु अपने को श्री शबरपा के ही समान एक शिकारी का रूप धारण किया (चमत्कार शक्ति द्वारा) जो उस (असली शबरपा) के पास जा मिला। श्री शबरपा ने पूछा कि तुम कौन हो, (नैर्माणिक) शबरपा ने उत्तर दिया कि—मैं भी शबरपा हूँ।

शबरपा ने पूछा कि तुम्हारा देश कहाँ है?

नैर्माणिक शबरपा ने उत्तर दिया—बहुत दूर प्रदेश में है।

शबरपा ने कहा—तुम एक शर (बाण) द्वारा कितने हिरण मार सकते हो?

नैर्माणिक शबरपा ने उत्तर दिया—तीन सौ मार सकता हूँ।

शबरपा ने कहा—उस प्रकार की धनुष विद्या और बाण चलाना मुझको भी सिखाओ।

---

१. कुछ लोग 'शबरपा' को और 'सरहपा' को एक ही व्यक्ति मानते हैं, पर ये, दोनों अलग-अलग व्यक्ति थे। 'चतुरशीति सिद्ध गीतिका क्रम' में भी इन दोनों का अलग-अवग स्थान है। गुरु गयाधर के चौरासी सिद्धों की 'स्तुति' में भी इन दोनों के अलग-अलग नाम एवं स्तुतियाँ हैं, (तिब्बती-तनग्युर)। बुस्तोन ने भी इन दोनों को एक मानना गलत बतलाया है—चक्रसंवर तन्त्र का सामान्यार्थ भाष्य—पृ० ३६-३७, 'छ' पुट। (बुस्तोन ग्रन्थ संग्रह Vol.N.6)

२. 'मंत्र विक्रम' शब्द का अर्थ स्पष्ट नहीं होता है। बुस्तोन ने इस जगह का नामार्थ 'मन-विश्राम' दिया है—(वही. पृ० ३६, B.P. 72, Vol. 6)

३. अन्यत्र-ये जाति से 'नर्तक' =नाचने वाले कहे गए हैं—वही।

५. शबरपा

शबरपा रंग के कृष्ण हैं। उनके दक्षिण हाथ में वाण और बायें हाथ में बाँस का धनुष है। धनुष के दोनों छोर की नोक पर सुअर के शव का ऊपरी हिस्सा और निचला हिस्सा अलग-अलग करके टाँगे हुए हैं। फल और फूल से बने आभूषण तथा मोर के पंखों से बने अधोवस्त्र पहने हुए हैं। दोनों ओर उनकी दोनों पत्नियाँ बाण की तूणीर या तरकश लिए हुए खड़ी हैं।

६. सरहपा

सरहपा गोरे रंग के हैं। जनेऊ धारण किये हुए हैं। एक बाण लेकर उसे सीधा कर रहे हैं। वे यौवन अवस्था में हैं।

दूसरे दिन (बाण-विद्या को सिखाने हेतु) श्री शबरपा उस (नैर्माणिक) शबरपा को लेकर एक बड़े मैदान में पहुँचे। वहाँ (नैर्माणिक शबरपा ने पहले से) पाँच सौ निर्मित हिरण बनाकर छोड़ रखे थे। जब शबरपा न उन्हें देखा तो (अपने मित्र) उस नैर्माणिक शबरपा से पूछा—तुम्हारे शर द्वारा कितने हिरण मरेंगे?

नैर्माणिक शबरपा ने उत्तर दिया—सभी पाँच सौ हिरण मर सकते हैं।

शबरपा ने कहा—चार सौ छोड़, दो सौ मारो।

आर्य द्वारा निर्मित शबरपा ने एक सौ हिरण एक ही बाण द्वारा धराशायी कर दिये। एक हिरण कीलाश शबरपा से उठाने को कहा और उन्होंने उठाने की चेष्टा की तो, नहीं उठा सके। शबरपा का सारा अभिमान (घमण्ड) समाप्त हो गया और घर लौट गये। उस (नैर्माणिक) शबरपा से कहने लगे—उस प्रकार की (मैदान में दिखायी) अपनी शक्तिशाली बाण विद्या मुझे (अवश्य) सिखा दीजिए।

नैर्माणिक शबरपा ने उत्तर दिया —उस प्रकार की बाण-विद्या को सीखने के लिए एक महीने तक माँस खाना छोड़ना होगा, यह आवश्यक है।

शबरपा ने उसे मान लिया और उसी दिन से प्राणि-वध और हिंसा बन्दकर दी। एक सप्ताह के बाद जब उस (नैर्माणिक शबरपा) ने उनके पास जाकर पूछा—आप लोगों ने क्या खाया है?

शबरपा ने. उत्तर दिया —हम लोगों ने फल आदि खाया है।

नैर्माणिक शबरपा ने कहा -अब आप लोग प्राणि मात्र के लिए मैत्री-भावना एवं दयाभावना करें (यह कहकर वे वहाँ से चले गये)। एक महीना पूरा होने के उपरान्त (वह नैर्माणिक शबरपा) वहाँ आये, तो शबरपा ने कहा—अब हमें हिरण के आखेट का उपदेश दें।

उस नैर्माणिक (शबरपा) ने वहाँ एक मण्डल बनाया और उसे पुष्प आदि से सजाकर शबरपा दम्पत्ति को कहा कि आप लोग इस मण्डल की ओर देखो। (तत्काल बाद) उन्हें फिर पूछा कि क्या देखा? दोनों को उस मण्डल के अन्दर

आठ नरक सपरिवार दिखलाई पड़े और साथ ही उन दोनों (दम्पत्ति) ने स्वयं को वहाँ (नरकपालों द्वारा) अग्नि में पकाये जाते देखा। इससे अत्यन्त भयभीत, विकम्पित होकर वे दोनों (उस प्रश्न् का, जो नैर्माणिक शबरपा ने पूछा था कि[१]— इस मण्डल के अन्दर तुम्हें क्या दिखलाई पड़ा) उत्तर नहीं दे सके।

उस (नैर्माणिक शबरपा) के बार-बार पूछने पर कहने लगे कि इस प्रकार के नारकीय प्राणी दिखलाई पड़े हैं।

नैर्माणिक ने कहा—आप लोगों को वहाँ जन्म ग्रहण करने में डर नहीं लगता?

शबरपा ने उत्तर में कहा कि हम तो इससे अति भयभीत हैं पर आपके पास इससे मुक्त होने का कोई उपाय है?

पुन: नैर्माणिक शबरपा ने पूछा —उस उपाय की साधना आप लोग कर सकेंगे?

शबरपा ने उत्तर दिया— हाँ, अवश्य कर सकेंगे।

तब उस नैर्माणिक (शबरपा) ने उन्हें धर्मोपदेश दिया। वह इस प्रकार है :

प्राणि-वध का विपाक परिणाम नरक में पैदा होना है। कारित्र[२] एवं नि:ष्यन्द हेतु के सदृश फल को नि:ष्यन्द फल कहा जाता है। फल के रूप में प्राणि-वध करने की इच्छा निरन्तर आती रहती है।

---

१. इस विवरण में जो नैर्माणिक शबरपा के साथ शबरपा का जो संवाद हो रहा है, बुस्तोन चक्रसंवर सामान्य भाष्य में यह दूसरे प्रकार से है। वहाँ शबर के साथ बोधिसत्व रत्नमति का संवाद होने का वृत्तान्त दिया है। यह सम्भव है कि रत्नमति ही उस निर्मित 'शबर' का नाम हो। (वही, पृ० ३६)

2. 'कारित्र' फल और 'निष्यन्द' फल,—कारित्र = क्रियाशीलता या कारकत्व अर्थात् कर्म के कर्ता में निहित कर्तृत्व शक्ति को कारित्र कहा जाता है। 'निष्यन्द' वह फल है, जो हेतु के समान स्वरूप का हो (नि:ष्यन्दो हेतुसदृश:' अभि० को भा० ५७, २, इन्द्रिय निर्देश पृ० ३३०, बौद्ध भा० सं० १९७०)

अधिपति फल आयुक्षीण (अल्प आयु मात्रा वाला) होता है और पुरुषकार फल रूप व्यक्तित्व प्रभाव हीन होता है।

प्राणि-वध (प्राणातिपात) कर्म को त्यागने से बोधि की प्राप्ति होती है। उस से कारित्र निःष्यन्द फलतः प्राणातिपात करने की इच्छा (प्रवृत्ति) नहीं होती है। अधिपतिफल दीर्घायु होता है और पुरुषकार फल प्रभाव (एवं सुन्दरता आदि) से युक्त होता है।

इत्यादि दश अकुशल धर्मों के दोष एवं कुशल धर्मों की अनुशंसा (गुण) (सम्बन्धी, उपदेश दिया, तो शबरपा में सांसारिक धर्मों के प्रति घृणा एवं निरर्थकता बुद्धि उत्पन्न हो गई।) और उन्हें धर्म के प्रति अटूट श्रद्धा प्राप्त हो गई।

तत्पश्चात् आर्य-अवलोकेश्वर उन्हें अनेक मार्मिक उपदेश देकर दन्तीर (दन्तिर) पर्वत के लिए प्रस्थान कर गये।

शबरपा बारह वर्षों तक निर्विकल्प महाकरुणा की भावना एवं साधना करते रहे, जिसके फलस्वरूप उन्हें परम सिद्धि की प्राप्ति हुई। जब उन्हें महामुद्रा परम सिद्धि का लाभ हो गया तो वह एक दिन महाकरुणा की धर्मता (समाधि) से व्युत्थित होकर (उठकर) आर्य अवलोकेश्वर के चरणों में गये। आर्य ने शबरपा के गुणों की भूरिशः प्रशंसा की और कहा—कुलपुत्र तृण अग्नि-शमन (बुझने) के समान एक पक्षीय निर्वाण उत्तम (पर्याप्त) नहीं है। तुम सत्त्वार्थ (जगत् कल्याणार्थ) संसार में रहकर अचिन्त्य सत्त्वों (अपरमित प्राणियों) का अर्थ (कल्याण) करो।

तत्पश्चात् शबरपा अपने गुरु की आज्ञा पाकर अपने देश लौट गये और वहीं रहने लगे।

इनके तीन नाम प्रसिद्ध हैं—शबरपा, मयूरपक्ष (पंख) ओढ़कर रहने के कारण मयूरवसन, सदा पर्वतों में रहने के कारण 'गिरिनाथ' भी कहे जाते हैं।

ये मैत्रेयनाथ नामक बुद्ध के शासन के उदय होने तक उसी शरीर के साथ इस जम्बु-द्वीप में ही रहेंगे।[१]

गुरु शबरपा का वृत्तान्त समाप्त॥

१. बुस्तोन के अनुसार उनके रहने का स्थान दक्षिणी श्रीपर्वत है। 'शबरपा' रहने वाले पूर्व भारत बंगाल (भंगल) के थे। 'भंगल' के 'गोन्पा' (गिरिगोन्-विहार) नामक विहार में आचार्य नागार्जुन से उनकी भेंट हुई। सर्वप्रथम उन्होंने नागार्जुन से ही श्री चक्रसंवर (के मण्डल में) दीक्षा ग्रहण की। उसके बाद बोधिसत्त्व रत्नमति से उनका साक्षात्कार हुआ। (चक्रसंवर सामान्य भाष्य—पृ० ३६-३७, बुस्तोन) पद्यकरपो के अनुसार शबरपा 'नागार्जुन' और 'सरह' दोनों के शिष्य थे।

६. गुरु सरहपा का वृत्तान्त

गुरु सरहपा[१] जाति के ब्राह्मण थे। उनका जन्मस्थान पूर्वीभारत के 'राजी'[२] (राँची) नामक नगर के अन्तर्गत सरोली (पेकिंग सं०, जापान से प्रकाशित वाल्युम ८७ लू पृ० १७७) नामक स्थान (गाँव) है। यह डाकिनी के पुत्र थे और वास्तव में यह डाकि ही थे।[३] यह गुरु ब्राह्मण होते हुए भी बौद्ध धर्म के प्रति श्रद्धा रखते थे। बहुत से बौद्ध (तान्त्रिक) आचार्यों से धर्मोपदेश सुनते थे। फलतः गुह्य धर्म (तन्त्र नय) के प्रति उन्हें विश्वास हो गया। ब्राह्मण और बौद्ध दोनों (धर्मों) के विधानानुसार वे (तांत्रिक विधान के अनुसार) संवर और दीक्षा के नियमों का पालन करने लगे। दिन में ब्राह्मण धर्म के अनुसार कार्य करते थे और रात में बौद्धों के। कुछ दिन बाद मदिरा का सेवन किया, तो ब्राह्मण लोग यह जानकर उनको अपने समाज और देश से निकाल बाहर करने के हेतु एकत्र हो गये और तत्कालीन महाराज रत्नफल (संभवतः रत्नपाल) से उन लोगों ने निवेदन किया—आप राजा हैं, तो देश में विधर्मियों को पनपने देना क्या उचित है? यह 'सरह' रोलि नगर का पन्द्रह हजार आबादी वाले गाँव का प्रधान ब्राह्मण होते हुए भी मदिरा पान करके जाति (धर्म) से च्युत हो गया है। अतः इसे (इस देश से) निकाल देना चाहिए।

राजा ने कहा कि पन्द्रह हजार आबादी के इस अधिपति को मैं इस देश से निकालना नहीं चाहता हूँ। यह कहकर; स्वयं राजा ने 'सरहपा' के पास जाकर उनसे कहा—आप ने ब्राह्मण होते हुए भी मदिरा पानकर यह उचित कर्म नहीं किया।

---

१. सरहपा वज्रपाणि के शिष्य थे। 'अनुत्तर तन्त्र' का अधिकांश भाग वज्रपाणि ने उन्हें दिया। उन्होंने आचार्य नागार्जुन को दिया (चक्रसंवर सामान्य भाष्य पृ० ३६)

२. राजी की जगह पर-राज्ञी, राज्ञि, राञ्ज्ञ और राञ्ज्ञी आदि शब्द विभिन्न ग्रन्थों में मिलते हैं।

३. डाकि होने की बात अन्यत्र भी है। करुणा पुण्डरीक में भी इनकी भविष्यवाणी की बात है— पद्-द्कर् छोस् ब्युङ्=पद् कर इति० पृ० ७१।

'सरहपा' ने उत्तर दिया — मैंने मदिरापान नहीं किया, फिर भी शपथ (कसम) खाना हो तो सभी ब्राह्मणों एवं जनता की सभा एकत्रित कीजिये।

जब सब लोग एकत्र हो गये, तो सरहपा ने कहा कि 'मैंने यदि मदिरा पान किया हो, तो मेरा हाथ जल जाय और नहीं पिया हो, [१]तो हमारा हाथ न जले, यह कहकर उन्होंने उबलते हुए तेल के अन्दर अपना हाथ डाल दिया, पर हाथ नहीं जला। राजा ने लोगों से पुनः पूछा कि क्या इनका मदिरापान सत्य है?

सभी ब्राह्मणों ने एक साथ कहा कि सत्य है, इसने मदिरापान किया है। सरहपा ने पहले के वचन दोहराते हुए उबलते ताँबे का पान किया, तो भी वह नहीं जले। उसके बाद पुनः राजा ने लोगों से कहा कि विश्वास हो गया कि इन्होंने मदिरा नहीं पी, ब्राह्मणों ने उत्तर दिया कि नहीं, इन्होंने पी है।

(पूरी परीक्षा) राजा ने कहा कि आप लोगों में से एक सरह के साथ पानी के ऊपर बैठे, जो डूबेगा उसने पी और जो नहीं डूबेगा उसने नहीं पी 'वैसा ही हो' कहकर अन्य एक ब्राह्मण के साथ सरह गहरे पानी में प्रविष्ट हुए तो 'सरह' नहीं डूबे और अन्य ब्राह्मण डूब गये। सरहपा ने कहा कि (देखा) मैंने नहीं पी है। फिर भी लोगों ने स्वीकार नहीं किया कि सरह ने मदिरा नहीं पी। (पुनः तुला पर परीक्षा हुई) यह कहकर कि तुला पर रखो, जो भारी होगा उसने नहीं पी और जो हलका पड़ेगा उसने पी। वैसा ही किया तो सरहपा भारी निकले, तो उन्होंने कहा कि मैंने मदिरा नहीं पी। उसके बाद तीन आदमी के बराबर लोहखंड के साथ तौलने पर भी सरह अधिक भारी निकले। उसके बाद छः आदमी के बराबर लोहे के खंड के साथ तौलने पर भी सरह भारी निकले। राजा ने यह कहकर घोषणा की कि—इनके समान यदि सामर्थ्य (शक्ति) हो, तो मदिरा पी सकते हैं।

---

१. मदिरापान नहीं करने का तात्पर्य-मदिरा को उस रूप में नहीं पीने से है, जो साधारण लोग पीते हैं। अर्थात् उन्होंने मदिरा को अलौकिक शक्तिवर्द्धक के रूप में परिणत कर दिया (पंच मकारों के सेवन की एक विशेष अवस्था में विशेष स्थिति होती है।)

तत् पश्चात् सभी ब्राह्मणों एवं राजा ने उनके (सरह के) चरणों में प्रणाम किया और उपदेश की याचना की। (सरहपा ने) राजा, रानी और प्रजा (तीनों) के लिए अलग-अलग दोहों का गायन किया, जो बाद में गायन दोहा ''दोहत्रयी'' के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

सरह के प्रभाव में आकर (वहाँ के) सभी ब्राह्मणों ने अपने धर्म का त्याग करते हुए सुगत के शासन में प्रवेश किया। (सरह के उपदेश के आधार पर) राजा ने सपरिवार सिद्धि लाभ किया।

उसके बाद सरहपा पन्द्रह वर्षीया एक लड़की[१] को जो पहले से ही उनके पास खाना बनाने वाली नौकरानी के रूप में रहती थी, लेकर अन्यत्र चले गये। एक विहार में रहकर पति साधना करते रहे और पत्नी भोजन आदि की व्यवस्था करती रही। एक बार सरहपा ने कहा कि मैं मूली का शाक खाना चाहता हूँ। पत्नी ने भैंस के दही के साथ मूली की सब्जी बनाकर पहुँचाया। तो उस समय (सरह) समाधि में बैठे हुए थे। पत्नी ने उन्हें नहीं जगाया, और वापस चली आयी। सरहपा बारह वर्ष तक उस समाधि से नहीं उठे, जब उठे तो अपनी पत्नी से पूछा— मूली की सब्जी कहाँ है? पत्नी ने उत्तर दिया—आप बारह वर्ष तक समाधि से नहीं उठे, अब वह सब्जी कहाँ मिलेगी। इस समय शीतकाल चल रहा है, नहीं मिलेगी।

सरहपा ने अपनी पत्नी से कहा—मैं पर्वतों और वनों में साधना करने जाऊँगा।

पत्नी ने उत्तर दिया— काय विविक्ति कोई विविक्ति नहीं है। चित्तगत निमित्त एवं विकल्पना विविक्ति ही परम विविक्ति है। आप बारह वर्षों तक समाधि में (लीन) रहने के बाद भी सूक्ष्म (बहुत छोटी सी) मूली (की सब्जी) का निमित्त भी नहीं तोड़ सके, तो पर्वतों के बीच जाने से क्या लाभ?

---

१. महान साधक 'श्री पद्म करपो' के अनुसार यह 'लड़की' एक नाग जाति 'डोम' या चा[illegible] की लड़की थी, जो 'शर' बाण बनाती थी। (पद्म० इति० पृ० ७२)

सरहपा को (उसकी बातों की) सच्चाई की अनुभूति होने लगी। उन्होंने निमित्त एवं विकल्पना को (सदा के लिए) परित्याग कर, प्राकृतिक स्वभावगत अर्थ का अनुष्ठान (निदिध्यासन) किया; फलत: उन्हें 'महामुद्रा-परम सिद्धि' का लाभ हुआ। उन्होंने अपरिमित जगत् कल्याण का कार्य किया। अन्त में वे दम्पत्ति खेचर भूमि चले गये।

गुरु सरहपा[१] का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. सरहपा-के अन्य नाम रत्नमति, रत्नबुद्धि, देवपुत्र रत्नमति, बोधिसत्व रत्नमति भी थे। (पद्म० इति० पृ० ७४, B. 148)

७. गुरु कङ्करपा (कङ्करिपा) का वृत्तान्त

गुरु कङ्करिपा जाति के शूद्र थे। उनका जन्मस्थान मघाहुर था।

वह मघाहुर नगर के एक गृहपति स्वसमान जाति से विवाह कर के गृहस्थ काम-भोग के गुणों का रस-आस्वादन करते हुए रह रहे थे। उनका धर्म और मोक्ष पथों के प्रति थोड़ा भी मन नहीं लग रहा था। (सदा) लौकिक सुख-सुविधा का ही अर्जन करते रहते थे।

ऐसी ही अवस्था में एक दिन कर्म संस्कार को प्राप्त हो जाने से उनकी पत्नी की इह लीला समाप्त हो गयी। जब वह (गृहपति) अपनी पत्नी का शव श्मशान में पहुँचाने गये, तो वे उस शव को त्यागने में असमर्थ हो गये और शव (पकड़े उस) के पास बैठ कर रोते रहे। उस समय एक सुविज्ञ योगी वहाँ आ गये और उस गृहपति के पास जाकर उस से कहा—तुम इस श्मशान में क्या कर रहे हो? गृहपति ने उत्तर में कहा— हे योगी (महाराज) (आप) मेरी इस दुर्दशा (दुःख की दशा) को नहीं देख रहे हैं? आँख निकले हुए अन्धे के समान, गृहस्वामिनी से छूटा हुआ श्रीहीन, इस लोक में मुझसे अधिक दुःखी और क्लेश भरा दूसरा कौन हो सकता है?

योगी ने उस गृहपति से कहा— जन्म का अन्त मरण, संयोग का अन्त वियोग है और सभी संस्कार (धर्म) अनित्य हैं। संसारगत सभी (धर्म) दुःखमय हैं। अतः दुःखमय सांसारिक (धर्म) से क्या तुम्हें दुःख नहीं होगा? (अवश्य ही होगा)। तुम मरे हुए आदमी का शव, जो पत्थर और मिट्टी के समान है, पकड़ कर बैठे रहोगे, तो क्या होगा? इससे (अच्छा हो कि) तुम धर्म का सहारा लेकर दुःख का (समूल) प्रहाण कर लो।

(दुःखी) गृहपति ने कहा— हे महायोगी! सांसारिक जन्म-मरण के दुःख से मुक्त होने का कोई उपाय हो तो मुझे अवश्य बता दें।

योगी ने कहा— उन (दुःखों) से मुक्त होने का उपाय (मेरे) गुरु के उपदेश में है।

गृहपति ने कहा— वही मुझे प्रदान करें।

उस योगी ने उसे (गृहपति को) अभिषिक्त कर दिया; नैरात्म-विन्दु (नैरात्म्य के रहस्य) का उपदेश दिया।

(पुनः) गृहपति ने पूछा— (महागुरु) इसकी भावना मैं कैसे करूँ?

मरी हुई पत्नी का विकल्प त्याग दो और नैरात्म्य पत्नी— सुख एवं शून्यता का अद्वैत भाव (चित्त में संनिवेश कर उस युगनद्ध स्थिति) की भावना करो। यह कहकर उन्हें भावना करने दिया।

(निरन्तर उस भावना के अभ्यास में उन्होंने छः वर्ष लगाये) छः वर्ष के बाद साधारण पत्नी की कल्पना ''सुख एवं शून्यता'' के (युगनद्ध) रस में खो गई। उनका चित्त, मल से विशुद्ध हो गया। उस के चित्त में महासुख-प्रभास्वरता का रस उत्पन्न होने लगा। फलतः वह गृहपति जैसे धतूरा (नामक) विष के उड़ जाने से भ्रांतियाँ दूर होकर मस्तिष्क स्वच्छ हो जाता है, उसी प्रकार अविद्या (जो) भ्रांति का मूल कारण है, नष्ट हो जाने से उन्हें परम सिद्धि का लाभ हुआ। उनका नाम भी 'योगी कंकरिपा' (कंकाल वाले) प्रसिद्ध हुआ।

अपने प्रदेश (अथवा गांव) मघाहुर में अनेक लोगों को धर्मोपदेश देकर उसी शरीर के साथ खेचर भूमि चले गये।

गुरु कङ्करिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

७. कंकारिपा

कंकारिपा (कंकरिपा) श्मशान में बैठे हुए हैं। उनके सामने विविध प्रकार के कंकाल बिछे हुए हैं। सिर के बाल मुड़े (घुँघराले) हुए हैं। साँवले रंग के हैं। भावना 'सूत्र' जो विशेष प्रकार की अवस्था में योगी लोग धारण करते हैं, पहने हुए हैं।

८. मीनपा

मीनपा रंग के साँवले हैं। वह मछली का पेट फाड़कर निकल रहे हैं और दोनों पैर उसके पेट के अन्दर प्रविष्ट हैं। उनके दोनों हाथ नृत्य मुद्रा में हैं।

८. गुरु मीनपा का वृत्तान्त

गुरु मीनपा का जन्म स्थान पूर्वी भारत (बंगलादेश) है। जाति के वे धीवर (मछुआरे) थे। उनके प्रथम गुरु महादेव थे, जिनसे उन्होंने लौकिक सिद्धियों का लाभ प्राप्त किया था।

पूर्वी भारत के कामरूप नामक स्थान से कुछ ही दूरी पर 'ईता' नामक 'सागर' था (यानी समुद्र के उस भाग को 'ईता' कहा जाता था)। वहाँ के (उस समुद्र के तट पर स्थित गाँव के) लोग मछुआरे थे। वे सभी मछुआरे मछली मारकर सब समय बाजार में बेचते थे। (उसी से वे अपनी जीविका चलाते थे) एक दिन जब एक मछुए ने सूती जाल में अङ्कुश बाँधकर उसकी नोक में माँस लगाकर पानी में छोड़ा, तो एक बहुत बड़ी मछली उस जाल के अन्दर आ गई। उसने जाल बाहर खींचा, तो खींच नहीं पाया, उलटा मछली ने मछुआरे को ही पानी की ओर खींच लिया। फलतः वह मछुआरा पानी में डूब गया। (पानी में डूबते ही) तत्काल उस मछुए को एक बड़ी मछली अपने मुँह में डालकर निगल गयी। फिर भी कर्मवश (संयोग से) वह मछुआरा मरा नहीं (जीवित रहा)।

उस समय कैलाश पर्वत पर बैठी उमादेवी ने महादेव से कुछ धर्मोपदेश की याचना की थी, तो महादेव ने उमा से कहा—मेरा यह धर्म हर किसी को नहीं बताया जा सकता, यह अत्यन्त गुह्य है। अतः तुम समुद्र के अन्दर एक मकान बनाओ, वहीं बताऊँगा। उमादेवी ने वैसा ही किया। वहीं जाकर महादेव ने उमादेवी को अपना उपदेश देना आरम्भ कर दिया। महादेव, उमादेवी को उपदेश दे ही रहे थे उसी समय उस (सामुद्रिक) मकान के नीचे वह मछली भी आ गई जिसने मछुआरे को खाया था और जिसके पेट के अन्दर अब भी वह (मछुआरा) जीवित था। धर्मोपदेश अभी महादेव बोल ही रहे थे और समाप्त भी नहीं हो पाया था कि उमादेवी को नींद आ गई। महादेव बोलते रहे और बीच-बीच में पूछने लगते कि समझ गई हो कि नहीं? उमा सोई हुई थी पर मकान के नीचे मछली के पेट में रहने वाले मछुआरे ने जी हाँ, कहते हुए उपदेश पूरा सुन लिया। जब धर्मोपदेश

समाप्त हो गया, उमादेवी की नींद टूटी और कहने लगीं कि अब उपदेश दीजिए। उत्तर में महादेव ने कहा— सब धर्मोपदेश मैं दे चुका हूँ। उमादेवी ने कहा मैं तो आपके उपदेश, कुछ अंश तक ही सुन पायी हूँ , उसके बाद नींद लग जाने से नहीं सुना।

महादेव ने कहा — फिर जी हाँ ,समझ गई, कहने वाला कौन था?

उमा— ऐसा कहने वाली मैं नहीं हूँ।

महादेव ने अपनी अभिज्ञा से देखा तो (उस प्रकार के उत्तर देने वाला) मकान के नीचे मछली के पेट में स्थित आदमी था, जिसने उनका धर्मोपदेश पूरा सुन लिया। उन्होंने सोचा कि यह तो हमारा शिष्य बन गया है। अब इसे समय-प्रतिबद्ध (प्रतिज्ञा से प्रतिबद्ध) करना होगा। उन्होंने उस मछुआरे को (मछली के पेट से बाहर किये बिना) अभिषेक (देकर साधना करने का आदेश) दिया।

मछुए ने बारह वर्ष तक मछली के पेट में ही रह कर साधना की।

एक बार श्रीतपरी (श्रीतपरि) नामक स्थान के एक मछुए ने पुनः उस बड़ी मछली (जिसके पेट में मछुआ साधना कर रहा था) को पकड़ा और उसे बाहर निकाल लाया। उसके भारीपन को देखने से लगा कि सम्भवत: उसके पेट से सोना-चाँदी आदि (कोई) चीज निकल सकती है, ऐसा सोचते हुए उसने मछली का पेट चीर कर देखा तो अन्दर एक आदमी बैठा हुआ था। उससे पूछा कि तुम कौन हो?

(मछली के पेट से) उत्तर दिया—मैं मछुआ हूँ। अमुक राजा के समय (जब मैं मछली पकड़ने समुद्र के तट पर गया, तो) इस मछली ने मुझे पकड़ लिया और निगल गई। (उसके कथनानुसार) लोगों ने हिसाब लगाया, तो ठीक बारह वर्ष बीते थे। इस घटना से सब लोग आश्चर्य चकित हो गये। उनका नाम 'योगी मीनपा' प्रसिद्ध हो गया (तब तक वे सिद्धि लाभ कर चुके थे)।

सब लोगों ने उनकी पूजा की। जब 'मीनपा' ने धरती पर नाचा, तो उनके पैर धरती के नीचे धँसने लगे। पत्थर पर नाचा, तो पत्थर में भी कीचड़ के समान उनके

पैर नीचे धँसने लगे। सब लोग इससे बहुत अचम्भित हुए। इस पर मीनपा ने (निम्न) उदान कहा—

'पूर्व सञ्चित कर्म से सम्बद्धता और इस (जीवन) समय के धार्मिक छन्द (= धर्म के प्रति प्रबल श्रद्धा) के बल पर,

मैं इस प्रकार के गुण सम्पन्न हुआ, 'अहो स्वचित्त रत्न।'

उसके बाद पाँच सौ वर्ष तक वे सत्त्वार्थ (जगत् कल्याण) का कार्य करते रहे।

मीनपा, वज्रपाद और अचिन्तपा, ये तीन उनके नाम पर्याय के रूप में विख्यात हैं।

उन्हें प्रथमतया लौकिक सिद्धि प्राप्त हुई और बाद में अन्य सिद्ध गुरुओं के सम्पर्क में आने से[१] क्रमश: भूमि, मार्ग आदि प्राप्त करके उसी शरीर के द्वारा वे खेचर भूमि चले गये।

गुरु मीनपा का वृत्तान्त समाप्त॥

१. उन्होंने बाद में जालन्धरपा के चरणों में उपदेश सुने। वही उनके परम सिद्धि के गुरु रहे।

९. गुरु गोरक्ष का वृत्तान्त

पूर्वी भारत में (एक समय) जब महाराज देवपाल राज कर रहे थे, उन्हें एक पुत्र हुआ। जब राजपुत्र बारह वर्ष की अवस्था का हुआ तो उसकी माँ महारानी बहुत बीमार हुई और मरणासन्न पर पड़ गयी। माँ ने अपने पुत्र से अन्तिम वचन के रूप में कहा—प्राणी-मात्र के सुख-दु:ख तो उनके स्वयं किये गये पाप एवं पुण्य कर्मों से होते हैं। अत: तुम, चाहे प्राण छूट जाय, पर पाप कर्म न करना। यह कहकर उन्होंने अपनी अन्तिम साँस लेकर आँखें बन्द कर ली।

तत्पश्चात् उनके पिता महाराज से सब लोगों ने (जनता ने) यह निवेदन किया कि आप अन्य प्रदेश से दूसरी रानी ग्रहण करें। राजा, दूसरी रानी ले आये। कुछ ही दिन बीते, एक दिन जब राजा वन में सैर करने गये थे तो रानी ने राजभवन के ऊपरी छत पर जाकर देखा, तो वहाँ राजपुत्र बैठे हुए दिखाई दिये और वह उनके प्रति (अत्यन्त) आसक्त हो गई। उन्हें दूत भेजकर कहा कि आप इधर आयें। जब दूत ने रानी का सन्देश राजकुमार तक पहुँचाया तो उन्होंने अनिच्छा प्रकट की। इससे रानी बड़ी लज्जित हो गई और सोचने लगी कि 'इसने मेरा अपमान किया, इससे अधिक मन को कष्ट देनेवाला कौन हो सकता है? नाना उपाय के द्वारा अब इसे मार ही देना चाहिए'।

तब उस रानी ने सभी जनता (अपने राजपुरुषों) से कहा और आज्ञा दी कि इस (नीच व्यक्ति) को मार दो, पर लोगों ने कहा—यह महाराजा का एक मात्र पुत्र है, इसको मारना सम्भव नहीं।

तब उस (रानी) ने छल-कपट का सहारा लिया और अपने पूरे शरीर को खुरच-खुरच कर जगह-जगह खून निकलवा दिया, शरीर पर पहने सभी वस्त्र फाड़-फाड़कर छिन्न-भिन्नकर बिस्तर में सो गई, जब राजा अपने महल वापस लौटे तो उन्होंने रानी की हालत देखकर, उससे पूछा— तुम्हारी यह दशा किसने की है?

९. गोरक्ष

गारक्ष गोरे रंग के हैं और उनके बाल मुड़े (घुँघरैले) हुए हैं। हाथ समाहित-मुद्रा में है और कान में सींग और कण्ठ में शंख से निर्मित आभूषण धारण किये हुए तथा निर्वसन हैं। गुरुदर्शन की प्रतीक्षा में आकाश की ओर देख रहे हैं।

१०. चौरङ्गीपा

चौरङ्गीपा के दोनों हाथ समाहित-मुद्रा में हैं और वे सिर में हलकी जटा की शिखा बाँधे हुए हैं। एक वृक्ष के मूल में बैठे हुए हैं। उनके समीप बगल के रास्ते से कुछ व्यापारी जा रहे हैं। ये भावना-सूत्र धारण किये हुए हैं।

तो रानी ने उत्तर दिया—आपके राजकुमार ने मेरे शरीर की यह दुर्दशा की है जिसके कारण मेरे शरीर की ऐसी हालत हो गयी है। यह सुनकर, राजा को बड़ा क्रोध आया और कहने लगे कि तुम्हारी ऐसी दशा कर दी, उसे मार डालो। राजा ने दो व्याध बुलाये और उन्हें आज्ञा आज्ञा दी कि 'इस राजपुत्र को जंगल में ले जाकर सभी हाथ-पैर काट डालो।'

दोनों यम-पुरुषों (व्याधों) ने सोचा कि इसे मारना उचित नहीं है। (किसी लड़के को मारना तो आवश्यक हो गया, अन्यथा राजा हमें प्राणदण्ड दे सकते हैं) अत: हम अपने पुत्रों को मारकर इसको जीवित रहने देंगे। यह तय कर उन दोनों ने राजकुमार से कहा— आप को मारना हमारे लिए असम्भव हो रहा है (हृदय नहीं चाह रहा है) अत: हम अपने पुत्र को आपके लिए मार देंगे।

राजकुमार ने उत्तर दिया—यह सर्वथा अनुचित है, आप मुझको ही मारिये। मेरी (दिवंगत) माँ ने अन्तिम वचन के रूप में मुझे कहा था कि 'शरीर और प्राण के लिए (अर्थात् शरीर छूट जाय, प्राण तक भी छूट जाय तो) भी 'पाप कर्म न करें।' अत: आप लोग जैसा मेरे पिता ने आज्ञा दी है, वैसा ही करें।

तब वे दोनों (व्याध) उन्हें जंगल में ले गये और उनको एक 'पादप' (वृक्ष) के मूल में लेटा दिया और उनके सभी हाथ-पैर काट डाले। उसके बाद दोनों व्याध अपने घर लौट गये।

राजकुमार सभी हाथ-पैर कट जाने पर भी जीवित रह गया। तब तक उस स्थान में महायोगी अचिन्तपा आ पहुँचे। राजपुत्र की दशा एवं उसकी पात्रता देखकर महायोगी अचिन्त (अचिन्त्य) ने उन्हें अभिषेक देकर (सम्बन्धित) अववाद (धर्मोपदेश) प्रदान किया। वहाँ से आगे एक कोस की दूरी पर कुछ गो चरानेवाले लोग दिखलाई पड़े, तो योगी ने उन लोगों के बीच जाकर कहा—तुम लोग वहाँ जाओ जहाँ गीध आकाश में घूम रहे हैं, उसके निकट एक वृक्ष के मूल में सभी अंग-प्रत्यङ्ग विच्छिन्न एक आदमी रह रहा है। तुम लोगों में से कौन उसके पास जा सकता है? उनमें से धूप बेचनेवाली जाति का एक लड़का था उसने स्वीकार

किया कि मैं जा सकता हूँ, पर मेरी यह शर्त है कि मैं आपका कार्य पूरा करूँगा और आप मेरा कार्य पूरा करें।

उसने अपनी सभी गायें योगी को सौंपकर गीध के उड़ान को लक्ष्य कर चला, जब वह एक दण्डवाले वृक्ष के पास पहुँचा, तो वहाँ उस (अंग-प्रत्यङ्ग कटे व्यक्ति) को देखकर पुनः अपनी जगह लौट आया। योगी अचिन्त से कहा— वह वहाँ वैसा ही है। योगी ने उस गोपालक से कहा— तुम्हारे पास खाने-पीने के लिए क्या-क्या है? उसने उत्तर दिया मुझे एक गोपालक स्वामी सांझ-सबेरे खाने के लिए कुछ टुकड़े दे देते हैं। उसमें से आधा मैं, उस (अंगहीन व्यक्ति को जो एक दण्ड वाले वृक्ष के मूल में स्थित है) को पहुँचा दूँगा। (योगी ने कहा) यह उचित है। तुम उस चौराङ्ग का पालन करो। यह कह कर वे योगी चले गये।

तत्पश्चात् उस (बालक) ने वहाँ (जहाँ अंगरहित व्यक्ति था) वृक्ष के साथ ही एक झोपड़ी बनाई और उसके अन्दर उसे बैठाया, भोजन आदि देता रहा और उसका मल-मूत्र आदि सभी गन्दगी अपने हाथ से उठाकर साफ करता रहा। ऐसा करते उसे बारह वर्ष बीत गये। उसके बाद किसी समय वह (बालक) वहाँ झोपड़ी में गया, तो उस (निरङ्ग व्यक्ति) को उठ खड़े हुए देखा। अचम्भित होकर पूछा, तो उसने (निम्न दोहा) कहा—

उपाय कौशल्य परम गुरु द्वारा, धातु संवित्ति परिचय करा देने से।

मैं सर्वधर्म एक स्वभावेन अधिगत हुआ हूँ और अद्भूत है यह सुख-दुःख का अभाव।

मुझे इस प्रकार हाथ-पैर भी पैदा हो गये— कहकर वे आकाश में उठे, आकाश में ही बैठ कर गोपालक के उस बालक से कहा— मैं तुम्हें उपदेश दूँ? गोपालक ने कहा— मैं उपदेश नहीं चाहता हूँ। मेरा एक आचार्य था। उसने मुझे आपकी सेवा करने को कहा था, इसलिए मैंने आपका इस प्रकार आदर-सत्कार किया। यह कहकर गोपालक लड़का वापस चला गया और पूर्ववत् गो का पालन करता रहा।

पुन: एक दिन महायोगी अचिन्त गोपालक के पास आये। गो चरानेवाले बालक ने अपना पूर्व वृत्तान्त उन्हें सुनाया, तो योगी बहुत प्रसन्न हुए। पुन: अचिन्त योगी ने उस गो चरानेवाले बालक को अभिषेक एवं दीक्षा (उपदेश) देकर वे अन्यत्र चले गये। गोपालक अपने गुरु के उपदेश के अनुसार साधना (भावना) करता रहा। फलत: उसे 'महामुद्रा परमसिद्धि' का लाभ हुआ। एक दिन वह बैठा ही था कि अचिन्त उसके पास आ पहुँचे और उसे आदेश दिया—तुम्हारे द्वारा जब तक शतलक्ष (एक सौ लाख) प्राणियों का अर्थ (कल्याण) न हो जाय, तब तक तुम बुद्धत्व लाभ न करो।

अपने गुरु का आदेश पाकर, उसने सभी प्राणी, जो भी मिले, उसे अभिषेक कराकर उपदेश देना आरम्भकर दिया। एक दिन महादेव ने उनके पास आकर कहा कि तुम्हें जो मिले, उसे अभिषेक मत करो। जो प्रार्थना करेंगे, केवल उनको ही अभिषेक दो, जो सत्त्व प्रज्ञाहीन हैं और जिनके अन्दर कोई श्रद्धा नहीं है, उनके लिए ऐसा करना उचित नहीं है। उसके बाद उसने यथा व्याकृत वैसा ही किया।

अनेक विनेय लोगों को मुक्त कराते और गोपालन कार्य करते रहने से उनका नाम भी 'गोरक्ष' सर्वत्र प्रसिद्ध हो गया।

आज भी (अभयदत्तश्री के काल में भी) जिस सत्त्व का उन गोरक्ष के साथ कर्म सम्बन्ध रहा हो (या भाग्यवान हो) उसे (उनके द्वारा) अभिषेक प्राप्त होता है। कर्म विपाक से जिसकी सन्तति विशुद्ध हो, उसे उनके डमरू की आवाज सुनाई पड़ती है और अन्य लोगों को सुनाई नहीं पड़ती और दिखलाई नहीं देती। वह अदृश्य रूप से आज भी रह रहे हैं।

गुरु गोरक्ष का वृत्तान्त समाप्त॥

१०. गुरु चौरङ्गीपा का वृत्तान्त

गुरु चौरङ्गीपा, वही राजकुमार हैं जो अंग-प्रत्यङ्ग काटकर एक दण्ड वाले वृक्ष के मूल में रह रहे थे। उन्हें (गुरु) अचिन्त्य ने अभिषेक देकर दीक्षित किया और कुम्भक-वायु की साधना-विधि आदि द्वारा उसको साधना करने दिया। गुरु जी ने कहा कि 'जब तुम्हारी साधना से साध्य की सिद्धि हो जायगी तब तुम्हारा शरीर भी पूर्ववत हो जायेगा।' यह भविष्यवाणी कहकर अचिन्त्य अन्यत्र चले गये थे।

उन्होंने (तदनुसार) भावना की और बारह वर्ष के बाद जब उन्हें सिद्धि प्राप्त हो गई उसी समय (जहाँ राजकुमार के पिता रहते थे, वहाँ से) राजा के व्यापारी लोग बहुत से सोना, चाँदी, स्फटिक, मणि आदि अनेक रत्न लेकर उस ओर आ रहे थे। वे लोग चोर आदि के डर से रात को उस वृक्ष के समीप से गुजर रहे थे (जहाँ राजकुमार के हाथ पैर कटे थे), तो राजपुत्र ने उन व्यापारियों के पद-आहत के शब्द सुनकर कहा—तुम कौन?

व्यापारियों को शंका हो गई कि वहाँ कोई चोर है। वे कहने लगे कि हम लोग कोयला बनाने वाले हैं। राजपुत्र ने कहा कि वैसा ही हो। जब व्यापारी लोग अपने-अपने स्थान पर पहुँचे तो जिन बर्तनों में सोना आदि रखे हुए थे, वे सभी सोना-चाँदी; कोयला हो गये थे। इसे देखकर लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ और सब लोग यह सोचने लगे कि ऐसा किसलिए हुआ और क्यों हुआ? उन व्यापारियों में से एक बुद्धिमान व्यक्ति ने (यह समझकर) बताया कि हम लोगों को रात में आते समय जिस व्यक्ति ने पूछा था कि तुम कौन हो? वह निश्चय ही एक सत्य-वचन-सिद्ध व्यक्ति होगा। अन्यथा ऐसा कौन कर सकता है?

उसके बाद वे (व्यापारी लोग) पुनः उस स्थान पर गये, जहाँ से वे रात को गुजरे थे और एक व्यक्ति के साथ प्रश्न-उत्तर हुआ था। उन्होंने वहाँ एक दण्ड वाले वृक्ष के मूल में हाथ-पैर कटे एक आदमी को बैठे हुए देखा। उसे (व्यापारियों ने) अपना पूरा पूर्व वृत्तान्त सुनाया और पुनः उनको सत्यवचन का प्रयोग करने के लिए कहा। उस राजकुमार ने कहा कि यह मेरा दोष नहीं है। यदि है, तो तुम लोगों का

माल (सम्पत्ति) पूर्ववत् हो जाये। जब व्यापारी लौटकर अपने-अपने स्थान पर पहुँचे; अपने माल-सम्पत्ति को देखा, तो वह पूर्ववत् सोना, चाँदी के रूप में देखा गया। तब वे सब आश्चर्य चकित होकर पूजा-सामग्री आदि लेकर पुनः उस राजकुमार के पास लौटकर आये और उनसे सभी वृत्तान्त सुनाया। सब सुनने के बाद राजपुत्र को उनके गुरु के द्वारा कथित भविष्यवाणी की याद आ गयी और वह कहने लगे कि ऐसा हो, तो मेरा शरीर भी पूर्ववत् हो जाये। ऐसा कहने के (तत्काल) बाद उनका शरीर पूर्ववत् हो गया।

तब उन्हें सभी प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त हो गयी और अनेक प्रकार के चमत्कार भी उन्होंने दिखाए।

दीक्षा आदि उपदेश के प्रति उनका रूख बहुत कड़ा होने से किसी को उन्होंने कुछ कहा नहीं, पर उस वृक्ष को जिसकी छाया में उन्होंने सिद्धि लाभ की थी, उसे उन्होंने अधिष्ठित किया था, तो वह वृक्ष अमर होकर अब भी विद्यमान है (ऐसा माना जाता है)।

अमरत्व प्राप्त गुरु चौरङ्गीपा का वृत्तान्त समाप्त॥

११. गुरु वीणापा का वृत्तान्त

वीणापा 'धहुर' (गौड़ देश) के रहनेवाले और जाति के क्षत्रिय थे। उनके गुरु 'बुद्धपा' थे और सिद्धि उन्हें इष्टदेव 'हेवज्र' से प्राप्त हुई।

घहुर (धहुर) देश के राजा को एक ही पुत्र हुआ था। माता-पिता एवं प्रजा सभी के लिए वह राजकुमार अत्यन्त प्रिय था। उनके पालन-पोषण आदि के लिए उन्हें अठधात्री को सौंप दिया गया। राजपुत्र के बड़े होने पर उनके लिए मनोविनोद करनेवाले बहुत से बाजा बजानेवाले भी लाये गये, वे सदा उनके साथ रहते थे। चित्त-संस्कार-वश तम्बूरा की आवाज के प्रति उनका मन एकाग्र रूप में स्थित हो जाता था और वे वीणा बजाने में सदा ही लीन होकर अन्य लौकिक कार्यों के प्रति कुछ ख्याल तक नहीं रखते थे।

तब उनके माता-पिता, मंत्री और सभी प्रजा उनकी निन्दा करने लगे और कहने लगे कि इस राजकुमार का पालन-पोषण राजा के उत्तराधिकारी के लिए किया गया था। पर यह राज-कार्य न कर केवल वीणा की झंकार ध्वनि में ही तल्लीन होकर रह जाता है, अब इससे क्या होगा?

जब लोग ये सब चर्चा कर ही रहे थे, उस समय एक सुअभ्यस्त योगी 'बुद्धपा' उस राजकुमार के पास आ पहुँचे; तो योगी के प्रति उन्हें बड़ी श्रद्धा हो गयी। उन्होंने योगी को प्रणाम किया और प्रदक्षिणा करके उन्हें अपनी विविध बातों से अवगत कराया। योगी उस राजपुत्र के पास कुछ देर बैठे रहे और देखा कि यह उसके उस राजकुमार को सुविनीत करने का अवसर है।

योगी ने उस राजकुमार से कहा कि क्या तुम धर्म (कुछ धार्मिक अनुष्ठान) नहीं करोगे? राजकुमार ने उत्तर में कहा—हे योगी! 'धर्म ग्रहण करने में तो मैं बहुत तत्पर हूँ। पर मैं इस वाद्य-यंत्र तम्बूरे (वीणा) को त्याग नहीं सकता। यदि इसे बिना छोड़े कोई धार्मिक साधना करने का उपाय हो, तो मैं अवश्य ही आपका धर्म ग्रहण करूँगा।'

११. वीणापा

वीणापा, राजा के वेश में हैं। ये वीणा बजाने की मुद्रा में बैठे हुए हैं।

१२. शान्तिपा

शान्तिपा भिक्षु एवं पण्डित के वेश में हैं । सिर में पण्डितों के लिए निर्धारित टोपी है । गोरे रंग के हैं तथा शरीर में कुछ बुढ़ापा झलक रहा है।

योगी ने कहा धर्म के लिए आवश्यक श्रद्धा और उद्यम हो, तो वीणा के बिना त्याग किये भी धार्मिक अनुष्ठान करने की विधि (उपाय) मेरे पास है। तब राजपुत्र ने कहा महाराज! मुझे, वही दें।

तब उस योगी ने उनकी अपरिपाक सन्तति के परिपाक के लिए अभिषेक दिया। उनके द्वारा दी गयी भावना (साधना- अभ्यास) की विधि इस प्रकार है—

"हे राजपुत्र! तम्बूरा (वीणा) के शब्द, कान में सुनाई पड़नेवाले विकल्प त्याग दो और चित्त-आलम्बन और शब्द-विकल्प दोनों को एक करके (उसी की) भावना करो"

उन्होंने वैसा ही किया, तो नौ वर्ष बाद उनके चित्त का मल विशुद्ध होकर दीपक के समान प्रभास्वरता का उन्हें अनुभव होने लगा और 'महामुद्रा परम सिद्धि' की प्राप्ति हुई। वह अभिज्ञा आदि अनेक गुण धर्मों से सम्पन्न होकर और वीणापा के नाम से सर्वत्र विख्यात हो गये।

उसके बाद 'धहुर'[१] नगर के जनसमुदाय के सब लोगों को उन्होंने अनेक-अनेक (अपरमित) धर्म उपदेश दिये; अन्त में अपना अवदान आदि प्रवचन देकर उसी शरीर के साथ वे खेचर भूमि को चले गये।

गुरु वीणापा का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. 'धहुर' शब्द "गौड़" शब्द के अपभ्रंश तिब्बती उच्चारण का रूप है, ऐसा प्रतीत होता है।

१२. गुरु शान्तिपा का वृत्तान्त

गुरु शान्तिपा—जब मगध में राजा देवपाल (फल) राज कर रहे थे, उस समय विक्रमशिला में एक ब्राह्मण जाति से प्रव्रजित होकर आचार्य 'रत्नाकर शान्ति' नामक एक बड़े विद्वान् हुए थे। यह आचार्य सभी पञ्च महाविद्या स्थानों के सुविज्ञ विशेषज्ञ थे। उनकी विद्वता एवं सदाचार का यश दिग्-दिगन्तर तक व्याप्त हो गया था।

उस समय सिंहल द्वीप में 'कपिन' नामक राजा, जिसके पास अपने पुण्य कर्म-वश किसी भी प्रकार से काम-गुणों (भोग-विलास) का अभाव नहीं था, रहते थे। सिंहल द्वीप में पहले बुद्ध-शासन[१] नहीं था। जम्बूद्वीप से जो लोग आते थे, उनसे बुद्ध-शासन के गुणों के बारे में उन्होंने सुन रखा था, पर धर्मोपदेश देने वाला कोई व्यक्ति नहीं मिल पाया था। एक समय उन्होंने सुना कि मगध में एक महान विद्वान् आचार्य रत्नाकर शान्ति विद्यमान हैं। महाराज कपिन एवं सिंहल द्वीप के सभी लोगों ने विविध भेंट के साथ निमन्त्रण के लिए दूत भेजे। वे लोग सीधे (विक्रमशिला) पहुँचे। दूसरे दिन वे लोग आचार्य से मिले और उन्हें प्रणाम अभिवादन किया। सिंहल राजा एवं वहाँ की जनता द्वारा प्रेषित भेंट में सोना, चाँदी, मौक्तिक, रेशमी वस्त्र आदि जो भी थे, आचार्य के चरणों में चढ़ा दिये। तब उन लोगों ने कहा कि हमारे राजा आदि लोगों का आपसे यह निवेदन है कि 'हम लोग छोटे द्वीप प्रत्यन्त जनपद में पैदा हुए हैं, अविद्या के अन्धकार से आवृत्त हैं, काम-अग्नि से जल रहे हैं, द्वेष-अग्नि से आतङ्कित हैं, विपरीत तिमिरादि से प्रज्ञा का प्रकाश आच्छादित है। महायान धर्म का मुक्ति मार्ग खो चुके हैं। अतः हमें महाकृपा करके सिंहल द्वीप के जगत् कल्याण के हेतु, आप वहाँ न पधारें तो अनुचित होगा (अर्थात् किसी भी दशा में आप वहाँ दर्शन दें) यही वहाँ के लोगों की प्रार्थना है। आचार्य ने अपने आशय को सम्मुख रखकर (समाधि के द्वारा परीक्षा करके) उन लोगों को अपने वहाँ जाने की स्वीकृति प्रदान की।

---

१. 'यहाँ मूल पाठ में सिंहल देश में पहले बुद्धशासन नहीं था।' यह पाठ है। पर शान्तिपा १० वीं सदी के आदमी थे। उस समय सिंहल देश में स्थविरवादी धर्म प्रचलित था। अतः उक्त पाठ का अभिप्राय वहाँ महायान धर्म में न होना ही है।

तत्पश्चात् आचार्य शान्तिपा दो हजार शिष्य-परिवार के साथ अनेक पिटकों से सम्बन्धित ग्रन्थों से घोड़े, हाथी लाद कर सिंहल देश की ओर रवाना हुए। नालन्दा, ओदन्तपुरी, राजगिरि और बुद्ध गया आदि क्रमश: पारकर सिंहल (जाने के मार्ग से) समुद्र के तट पहुँचे। वहाँ से उन लोगों को, जो दूत के रूप में आये थे, आगे भेज कर स्वयं अपने शिष्यों के साथ नाव पर बैठकर चले।

दूत लोगों ने आगे जाकर राजा को आचार्य के आने की सूचना दी, तो राजा मंत्री एवं जनपद के लोगों के साथ प्रथम भूमि प्राप्त योगी के समान आनन्दित हुआ और सब अपने लौकिक सभी कार्यों को त्यागकर समुद्र की ओर चल दिये और एक सप्ताह के उपरान्त (जब आचार्य सपरिवार समुद्र के समीप पहुँचे तो) लोगों को हाथी और छाता (जो लोगों ने आचार्य के लिए उठा रखे थे) आदि दिखलाई पड़े, तो लोगों ने सहर्ष रास्ते की सफाई की और समुद्र तट से अपने जनपद तक के रास्ते को चारों ओर से सजाया; नीचे रेशमी वस्त्र बिछा दिये। उसी पर पैर रखते हुए सशिष्य आचार्य पाद चले। राजभवन पहुँचने के बाद कपिन महाराज सहित सभी लोगों ने गन्ध-पुष्प आदि सब प्रकार की पूजा सामग्रियों से (सशिष्य आचार्य परिवार की) व्यापक पूजा की। उनके लिए शयन-आसन आदि की यथोचित व्यवस्था की। तीन आचार्य वर्ष तक वहीं त्रिपिटक सम्बन्धी उपदेश देते रहे।

जब आचार्य शान्तिपा के सशिष्य परिवार मध्य देश (मगध) (लौट) जाने के लिए तैयारियाँ करने लगे तो राजा कपिन तथा वहाँ के प्रमुख लोगों ने घोड़ा, हाथी, सोना, चाँदी, मौक्तिक आदि अपरिमित (धन की) दक्षिणा दी। उसके बाद आचार्य अपने शिष्यों के साथ मध्य देश लौटे। लौटते समय दो रास्ते में से वे लोग दीर्घतम (सबसे लम्बे) रास्ते से चले। क्रमश: रामेश्वर, जहाँ राजा राम ने अपनी पत्नी (सीता) को खोजते हुए लङ्कापुरी जाते समय महेश्वर का एक मन्दिर बनवाया था और जिसका नाम रामेश्वर पड़ा, जनपद में पहुँचे। वहाँ से (मगध आने के लिए) सात दिन बिना मानव बस्ती के रास्ता पार करना पड़ता था। आचार्य ने अपने साथियों से सात दिन तक की खाद्य-सामग्री ले जाने के लिए कहा और वैसा करके वे लोग चार दिन चले, तो (एक जगह पर) भाग्यशाली (व्यक्ति) 'कोदलिपा'

से मिले। उनके वृत्तान्त का उन्हीं के प्रसङ्ग में उल्लेख है। तत्पश्चात् आचार्य अपने शिष्य-परिवार के साथ क्रमशः विक्रमशिला पहुँचे।

तत्पश्चात् समय के बीतते आचार्य बहुत वृद्ध हो गये, जिसके कारण उन्हें आँखों से दिखलाई नहीं पड़ता था। शरीर के जोड़ भी काफी ढीले पड़ गये थे और शिष्यवर्ग उनका सेवा-सत्कार कर रहे थे। उन्हें स्थूल भोजन भी नहीं पचता था। वे केवल भैंस के दूध के दही में शक्कर (चीनी) मिलाकर सेवन किया करते थे। कुल मिलाकर जब आचार्य सौ वर्ष के समीप हो रहे थे, उस समय सिंहल द्वीप से लौटे, आचार्य को बारह वर्ष बीत रहे थे, तब तक वे विकल्प (प्रपञ्चों) के साथ ही चल रहे थे। उस समय तक कोदलिपा ने निर्विकल्प भावना द्वारा उस बारह वर्ष की अवधि में 'महामुद्रा' नामक परम सिद्धि प्राप्त कर ली और वे सहज समाधि में स्थित हो गये।

जब वे उस (समाधि) से उठे, तो सभी डाकिनियों एवं देवेन्द्रशक्र ने मूर्धन्य मार्ग से अमृत डालकर उन्हें संतृप्त कर दिया, जबकि आचार्य शान्तिपा अपने शिष्यों द्वारा ही पूजित थे। सभी डाकिनियों-देवताओं ने एक साथ यह वचन कहा— 'यह (कोदलिपा) तो साक्षात् वज्रसत्त्व ही हैं। इनके प्रभाव से देवताओं के सभी काम-गुण वहाँ आ गये हैं।'

कुलदिपा ने कहा— गुरु के उपदेश मिलने से पहले मैंने बाहर के पहाड़ खोदे थे और जब से गुरु के उपदेश मिले, मैंने चित्त का (आध्यात्मिक) पहाड़ खोदा इसलिए सिद्धि का लाभ हुआ।

उसके बाद देवेन्द्रशक्र आदि ने (कुलदिपा को) उन्हें, (त्रयस्त्रिंशत) लोक देवस्थान आने के लिए निवेदन किया, तो 'कुदलिपा' ने अनिच्छा प्रकट की और कहा—मैं तो गुरु के चरणों में प्रणाम करने जाऊँगा। बुद्ध से भी अधिक (मेरे लिये) कृतज्ञता के भाजन गुरु हैं। क्योंकि मेरे लिए गुरु ही बुद्ध है, गुरु ही धर्म हैं तथा गुरु ही संघ है। मैं इन तीनों परम शरणों की शरण में जाता हूँ और परमत्रिशरण मुझे अधिष्ठित करें।

यह कहकर उन्होंने ज्ञान-चक्षु से अपने गुरु को देखा और वहाँ से मगध के बीच छः माह का रास्ता होता था, पर वह एक ही क्षण में वहाँ से विक्रमशिला आ

पहुँचे। उन्होंने ज्ञानकाय (योगीकाय) द्वारा अपने गुरु की प्रदक्षिणा कर उन्हें प्रणाम किया। गुरु और उनके समीप बैठे शिष्यों ने उन्हें नहीं पहचाना। 'कुदलिपा' ने (अपने पुराने) विपाककाय को साक्षात् दिखाकर पुन: प्रणाम किया और अनेक प्रणाम एवं प्रदक्षिणा करके आचार्य के चरण में सिर से स्पर्श किया, तो (आचार्य) शान्तिपा ने पूछा कि आप कौन हैं? (कुदलिपा ने कहा) मैं गुरुजी का शिष्य हूँ। (आचार्य ने कहा कि) मेरे अनेक शिष्य हैं, आपको मैं पहचान नहीं सका हूँ। पुन: (उन्होंने) कहा—मैं कुदलिपा हूँ।

जब एक दूसरे को पहचान लिया तो दोनों ने शान्त वातावरण में आपस में एक दूसरे से अनेक प्रासङ्गिक बातें की। गुरु ने शिष्य से पूछा कि आपने क्या-क्या गुण और विशेषता पायी है? कुदलिपा ने उत्तर दिया मेरे साक्षात् गुरु, आपके उपदेश के अनुसार साधनानुष्ठान करने से मुझे 'महामुद्रा धर्मकाय' की प्राप्ति हुई है। गुरुजी (शान्तिपा) ने कहा—मैंने तो प्रधानत: बोलने का ही काम किया है, साधना को प्रधानता नहीं दी। अभी तक तात्त्विक अर्थ की प्राप्ति नहीं हो पायी है। पर तुमने प्रधान रूप से साधना की, बोलने को प्रधानता नहीं दी, फलत: तुमको तात्त्विक अर्थ का साक्षात्कार हो गया।

मैंने तुम्हें जो उपदेश दिया है, वह भी भूल गया हूँ। अब उपदेश भी दो और गुण-विशेषताओं की जो प्राप्ति हुई है, उन सभी धर्म को मुझे प्रदान करो।

'कुदलिपा' ने अपने गुरु को धर्म के अनेक गुण सुनाये और जो उपदेश पहले गुरु ने उन्हें दिये थे (जिनके कारण वह सिद्ध बने) वह भी पुन: उन्हें प्रत्यर्पित कर दिया।

गुरु (शान्तिपा) ने भी पुन: बारह वर्षों तक उपदेशों का अनुशरण कर साधना अनुष्ठान किए। तदुपरान्त रत्नाकर शान्ति को भी 'महामुद्रा परमसिद्धि' का लाभ हुआ और अनेक प्रकार के जगत् कल्याण करने के बाद वह भी खेचर भूमि के लिए रवाना हो गये।

गुरु रत्नाकर शान्तिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

१३. गुरु तन्तिपा (तनापा, तन्त्रीपा) का वृत्तान्त

गुरु तन्तिपा, सेन्धोनगर (सिन्धुनगर) नामक स्थान[1] के एक जुलाहा थे। उनके अनेक पुत्र (सन्तान) थे। उन लोगों ने बुनाई का कार्य चलाया, परन्तु अन्त में वे बहुत धनी हो गये। उन्होंने अपने सभी पुत्रों को जाति-अनुकूल विवाह कराकर अलग-अलग व्यवस्था कर बसा दिया। फलत: उस जनपद में जुलाहा जाति का अपरिमित विस्तार हो गया।

जब उस जुलाहे की अपनी पत्नी मर गयी और स्वयं भी नवासी वर्ष का वृद्ध हो गया तो अधिक वृद्ध हो जाने के कारण शरीर चलाने (हिलाने-डुलाने) में भी वह असमर्थ हो गया था। उसका पालन-पोषण क्रमशः बारी-बारी से उसकी पुत्र-वधुओं द्वारा ही हो रहा था। उसका बुढ़ापा एवं बुढ़ापे के आचरण को देखकर सब लोग उसकी हँसी-मजाक उड़ा रहे थे और उसका अपमान किया करते थे। इस दशा को देखकर उसकी पुत्र-वधुओं ने एक-दूसरे से विचार-विमर्श करके यह तय किया कि हमारे यह श्वसुरजी बहुत वृद्ध हो गये हैं, लोगों को इन्हें देखकर घृणा आने लगती है, हम सब लोगों से भी इनको बुरा-भला कहकर बहुत पाप हो जाता है। अत: इन्हें कहीं उद्यान में घास की झोपड़ी बनाकर बैठाया जाय और भोजन पानी आदि हम लोग बारी-बारी से पहुँचा दिया करेंगी। अन्त में सब इस बात के लिए सहमत हुए और उस बुड्ढे को अपने उद्यान में घास की झोपड़ी बनाकर वहाँ पहुँचा दिया गया।

बुड्ढा उस झोपड़ी में अपने भाग्य के सहारे दिन बिता रहा था एक समय गुरु जालन्धरपा उस जनपद में पहुँचे और उस जुलाहे के सबसे ज्येष्ठ पुत्र के पास पहुँचकर उससे कहा—'मुझे भोजन दो'। (जुलाहा पुत्र भी सादर) 'आप यहीं

---

१. तारानाथ के अनुसार—'तन्तिपा' मालव जनपद के आवन्ति (अवन्ति) नामक नगर के रहने वाले थे। यह धर्मकीर्ति के जीवन के अन्तिम काल में हुए थे, इन्हें सिद्धि प्राप्ति धर्मकीर्ति के देहान्त के बाद हुई। इनके गुरु सिद्ध जालन्धरपा थे। (तारा इ, पृ० १८२-८३)

१३. तन्दीपा (तन्तीपा)

तन्तीपा या तन्दीपा अर्थात् तन्तु से कपड़ा बुनने वाले, सिर पर जटा बाँधे हुए हैं। कपड़ा बुनने के उपकरण से कपड़ा बुन रहे हैं। ये अत्यन्त वृद्धावस्था में हैं।

१४. चमरीपा

ये जूता बनाने के काम को बीच में छोड़कर उसी जगह पर समाधि लगाये हुए हैं। उनके हाथ समाहित-मुद्रा में हैं। कन्धे के ऊपर भावना-सूत्र लगा हुआ है। आँखें सामने की ओर स्थिर हैं।

विराजिये'—कहकर स्वयं कमरे के अन्दर चला गया। अपनी पत्नी से कहकर उसने अनेक प्रकार के भोज्य-पदार्थ बनवाये। उसकी पत्नी ने उससे कहा— आप उन (महानुभाव) को अन्दर बुलाएँ। पति ने वैसा ही किया और गुरु अन्दर पधारे। जब भोजन कार्य समाप्त हो गया और जालन्धरपा अन्यत्र जाने के लिए तैयारी कर रहे थे, तो जुलाहा-पत्नी (गृहस्वामिनी) ने (नम्रता से) कहा— गुरुजी, आप अन्यत्र न जाकर यही सोयें (हम लोग व्यवस्था करेंगे)। 'जलन्धरपा' ने उत्तर दिया—मैं गृहस्थ मनुष्य के मकान में नहीं सोऊँगा। इस पर उस (गृहस्वामिनी) ने कहा—ऐसा हो तो आप हमारे उद्यान में सोयें। यह कहकर वे उन्हें अपने उद्यान में ले गये और वहाँ दीपक, शयन आदि की व्यवस्था किये।

जब जालन्धरपा, उद्यान में पहुँचे तो वृद्ध जुलाहे ने वहाँ कुछ लोगों के आने के शब्द सुने, पर उनको यह पता नहीं था कि कौन आया है, क्योंकि आँख से दिखलाई नहीं देता था। वह वृद्ध पूछने लगा—यहाँ शब्द करने वाला कौन है? आचार्य (जालन्धरपा) ने कहा कि मैं एक अतिथि हूँ। आप कौन हैं? (बुड्ढे ने उत्तर दिया) मैं उन सभी जुलाहों का बाप हूँ। जब मैं जवान था, उनकी सब चल-अचल सम्पत्ति का स्वामी था, पर अब (मैं बुड्ढा हो गया हूँ तो) मेरे सभी पुत्र एवं पुत्रवधुएँ मेरा मजाक उड़ाते हैं और मुझसे घृणा करते हैं तथा अन्य लोगों के देख लेने के डर से मुझे इस उद्यान में छिपाकर रखा है। यही सांसारिक धर्मों की निस्सारता है।

तत्पश्चात् जालन्धरपा ने (वृद्ध) जुलाहे से कहा— सभी संस्कृत धर्म अनित्य हैं। भगवत (सांसारिक) सभी (धर्म) दु:खमय हैं। समस्त धर्म निरात्म है, शान्त एवं सुख निर्वाण है। अत: मरने के लिए पथ्य-धर्म तुम नहीं चाहोगे?

वृद्ध जुलाहे ने उत्तर दिया— जी हाँ, अवश्य चाहिए।

जालन्धरपा ने उस वृद्ध जुलाहे को 'हेवज्र' के मण्डल में अभिषेक देकर भावना-अभ्यास में लगा दिया। सुबह गुरु जालन्धरपा वहाँ से अन्यत्र चले गये।

उस (वृद्ध) ने भी अपने गुरु की दीक्षा को मन में रखकर पहले की तरह अपनी पुत्रवधुओं का अपलाप करना बन्दकर दिया और अपनी जबान को संयम में

रखते हुए बारह वर्षों तक अपनी साधना करता रहा। इससे उसे अनेक प्रकार के गुण (सिद्धियाँ) प्राप्त हुए, पर यह बात कोई और आदमी नहीं जानता था।

एक दिन एक विशेष घटना घटी उस (वृद्ध) के बड़े लड़के को एक उच्चकोटि का रेशमी वस्त्र बुनाना था। बुन कर उसे सँवारने के कार्य में व्यस्तता के कारण पिता को खाना पहुँचाना भूल गया। रात में उसकी पत्नी को इसकी याद आयी कि आज उस बुड्ढे के लिए खाना नहीं पहुँचाया है। उससे वह मन से दुःखी और लज्जित होकर यह हाल अपने पति आदि अन्य लोग न जानें, इस ख्याल से खाना लेकर वहाँ पहुँच गयी। पर वहाँ तो उस झोपड़ी में जहाँ वृद्ध को रखा था, अन्दर से अग्नि की तेज रोशनी निकल रही थी। वृद्ध पन्द्रह के लगभग देवकन्याओं से घिरा हुआ था और विशेष उत्तम खाद्य-सामग्री चारों ओर रखी हुई थी वे देवकन्याएँ मनुष्य लोक में नहीं मिलने वाले अनेक प्रकार के आभूषणों से सजी हुई दिखाई दीं। वह जुलाही आश्चर्यचकित होकर जल्दी से लौट गई और अपने पति से कहने लगी कि अपने वृद्ध पिता को देख आओ।

उसने सोचा कि मेरे पिता मर गये होंगे—रोने लगा। फिर अन्य बहुत से लोग आ पहुँचे और सब लोग उद्यान में उन्हें देखने चले। जैसे पहले उसकी पत्नी ने देखा था, वैसा ही सब लोगों ने देखा और सब लोग आश्चर्य में होकर घर लौटे। उस वृत्तान्त को लोगों को सुनाया तो सब लोग यह कहकर बैठे कि वह कोई अमानुषिक होगा।

दूसरे दिन सैन्धवनगर के सब लोग उन्हें देखने गये और सब ने उन्हें प्रणाम किया, तो वह बाहर निकल आये। लोगों ने देखा कि उनका शरीर परिवर्तित होकर एक षोडशवर्षीय के समान हो गया था। उनके काय से अपरिमित रश्मियाँ निकल रही थीं और सब लोग, उसे सहन नहीं कर पा रहे थे। उनका शरीर विमल दर्पण के समान होकर सभी दृश्य स्वच्छ और प्रभास्वर के रूप में प्रतिभासित हो रहा था।

उस समय उनका नाम तन्तिपा (तन्तुपा, तन्त्रीपा, तन्त्रिपा आदि) विख्यात हो गया। अनेक जनकल्याण कार्य करने के बाद सैन्धवनगर (सिन्धुनगर) के अपरिमित लोगों के साथ उसी शरीर के द्वारा वह खेचर भूमि चले गये।

अत: जो अपनी श्रद्धा द्वारा गुरु की दीक्षा (उपदेश) का एकाग्रचित्त से अभ्यास करे, तो अति वयस्क वृद्ध होने पर भी इसी जन्म में 'महामुद्रा परमसिद्धि' को पा सकता है। (अर्थात् परमसिद्धि लाभ करने में आयु बाधक नहीं होती)

गुरु तन्तिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

१४. गुरु चमरिपा का वृत्तान्त

'चमरि' से तात्पर्य (चमड़े के काम करने वाले) जूता बनाने वाले से है। इनका वृत्तान्त इस प्रकार है—पूर्वी भारत के जनपद विष्णुनगर नामक स्थान में एक समय सभी अट्ठारह प्रकार के कलाकार पूर्ण रूप से भरे रहते थे। उनमें इस जाति से जूता बनाने वाले चमरिपा स्वयं भी विष्णुनगर में सभी नये-पुराने जूते बनाने का काम करते थे। इसी प्रकार वह अपना समय बिता रहे थे। एक समय एक (बौद्ध) भिक्षु[१] उनके यहाँ पधारे। उन्होंने अपना जूता बनाने का काम छोड़कर उन भिक्षु के चरणों में प्रणाम किया और उनसे अनेक प्रकार के योगक्षेम सम्बन्धी बातें की। उन्होंने कहा कि मैं सांसारिक दुःखों से बहुत दुःखी हूँ। कुछ धार्मिक कार्य करना चाहता हूँ, पर अभी तक कल्याण मित्र (गुरु) के न मिलने से मैं धर्म में प्रवेश नहीं कर पाया हूँ। अब आप मुझे इह लोक और परलोक दोनों के लिए उपकारी धर्म (की दीक्षा) दें।

भिक्षु ने कहा कि यदि आप धर्म की साधना करने में समर्थ हों तो मैं आपको दीक्षा दे सकता हूँ।

चर्मकार ने उस भिक्षु से कहा— मैं तो नीच जाति का हूँ, मेरे घर में आप भोजन करने की अनुमति देंगे?

भिक्षु ने उत्तर दिया— आज रात को आकर खाऊँगा।

उसने अपनी पत्नी आदि अपने घर के सभी लोगों को (रात में) भिक्षु के आने की सूचना दे दी। जब उस रात्रि में वह भिक्षु वहाँ आये, तो चर्मकार ने उन्हें आसन (आदि) लगाकर बैठाया और पैर धोना, आदि (सेवा) करके उन्हें उत्तम भोजन खिलाये, अपनी पत्नी, पुत्री आदि सब लोगों को उस महात्मा की सेवा में लगाकर उनका सत्कार किया।

---

१. यहाँ "**बौद्ध भिक्षु**" से तात्पर्य चीवरधारी भिक्षु नहीं है; अपितु भिक्षा माँगने वाले योगी हैं।

उनकी सेवा से प्रसन्न होकर भिक्षु ने सपत्नीक चर्मकार एवं उसके परिवार को अभिषेक एवं दीक्षा देकर (अनुगृहीत किया और) कहा—

'क्लेशादि ही चर्म' हैं, मैत्री करुणा की गोद में,
गुरु-दीक्षा की सूई एवं अष्ट धर्मों के त्याग रूपी तन्तु द्वारा
सम्यक् रूप से मिला देने पर, अनाभोगिक
फल रूपी जूता बनता है।

'अद्भुत धर्मकाय जूता, मिथ्यादृष्टि से नहीं ज्ञात होगा। हर्ष एवं हर्ष-हीन दोनों के हेयोपादेयता से रहित तन्तु (सुतली) बनाओ। सभी प्रकार के विकल्प एवं निमित्त को चम्बरा (चर्म) बना दो। (वे सब) करुणा के अञ्चल में त्याग दो। गुरु के उपदेश एवं अपना अनुभव रूप सुतली के द्वारा (उसे) मिलाकर अनाभोगिक धर्मकाय का जूता बनाने की भावना करो।'

इस तरह की दीक्षा एवं शिक्षा दी जाने पर उसने पूछा कि इस प्रकार से भावना करने से सिद्धि के क्या-क्या लक्षण होंगे?

गुरु जी ने उत्तर दिया—सर्वप्रथम संसार के प्रति घृणा का लक्षण पैदा होगा, उसके बाद सभी भूत (भौतिक) क्रमशः धर्मता में विलीन होने का लक्षण आने लगेगा। यह कहकर भिक्षु वहाँ से अन्तर्धान हो गये।

चर्मकार ने अपना पुराना मकान त्याग दिया और एक निर्जन स्थान में रहने का प्रबन्ध किया और भावना द्वारा घोर साधना आरम्भ कर दी। उन्होंने गुरु के वचनानुसार क्रमशः सभी लक्षण (अपने अन्दर) उत्पन्न होते देखे।

उन्हें इस प्रकार का ज्ञान होने लगा कि अविद्या सहित मूल षट् क्लेशों (की स्थिति) को उपमा के माध्यम से (जो गुरु ने उन्हें बतलाएं हैं) उनके यथास्वरूप का अवबोध उन्हें हो गया है। गुरु के उपदेशरूपी जूता पहना और सभी अविद्या भूमि पर व्याप्त होकर (हावी होकर) बारह वर्ष तक उन्होंने साधना की। फलतः उनके चित्त, अविद्या आदि समस्त मलों से विशुद्ध होकर उन्हें 'महामुद्रा परमसिद्धि' की प्राप्ति हो गई।

बारह वर्षों तक रात-दिन जूता बनाने का काम और गुरु के उपदेश दोनों को अद्वैतभाव से (चित्त में) भावना करने पर, उनके सभी जूता बनाने के कार्य आदि विश्वकर्मा आदि देवताओं ने कर दिया। विष्णुनगर के लोगों को यह पता नहीं लगा कि उक्त चर्मकार साधना एवं भावना कर रहे हैं। उन्हें विशेष गुणों के लाभ होने का भी किसी को पता नहीं चला। एक दिन उनका काम करनेवाला एक आदमी उन्हें देखने उनके निवास स्थान पर आया, तो देखा कि—चर्मकार तो समाधि में लीन बैठे हैं, पर जूता बनाने का उनका कार्य 'कारीगर (देव कारीगरों) विश्वकर्मा' कर रहे थे। इस दृश्य को देखकर उसको बड़ा आश्चर्य हुआ। (वह लौट गया) एक दूसरे से कहते-सुनाते यह बात अन्त में सब लोगों में फैल गयी और सभी ने उनका दर्शन किया। सबने उनसे उपदेश (दीक्षा आदि) देने के लिए निवेदन किया।

तब उन्होंने लोगों को गुरु-चरण की सेवा अनुशंसा (प्रशंसा एवं महिमा) आदि अनेक प्रकार के उपदेश दिये। उन्होंने विष्णुनगर के सभी लोगों को अनेक प्रकार से धर्म-उपदेश भी दिये और अपरिमित जगत्-कल्याण के कार्य किये। उनका नाम 'योगी चमरिपा' विख्यात हो गया। अन्त में उसी शरीर द्वारा वह खेचर भूमि चले गये।

गुरु चरमरिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

१५. गुरु खड्गपा का वृत्तान्त

खड्गपा का वृत्तान्त इस प्रकार है—यह मगध के रहनेवाले तथा जाति के शूद्र थे। इनको गुरु जोगिचपत्रि (योगी चरपटि) से सामान्य (लौकिक) खड्ग सिद्धि की प्राप्ति हुई थी।

मगध नगर का एक किसान-कर्म से अपनी जीविका चलानेवाला गृहस्थ अपने पैतृक कार्य को त्यागकर सब समय चौर कर्म (चोरी) करता था। रात दिन चोरी में ही लगे रहने से (उस काम में) उसे चित्त-एकाग्रता प्राप्त हो गयी। एक दिन वह चोर मगध के एक नगर में चोरी करने के लिए गया, पर उस दिन उसको कुछ नहीं हाथ लगा। लौटते समय वह एक श्मशान से गुजर रहा था। उस श्मशान में चरपटिपा नामक योगी से उसकी भेंट हो गयी। चोर ने उससे पूछा— आप यहाँ क्या कर रहे हैं?

योगी ने उत्तर में कहा— सांसारिक जन्म-मरण से भयभीत होकर मैं यहाँ (कुछ) भावना (साधना) कर रहा हूँ।

चोर ने कहा—भावना करने से क्या फल मिलेगा?

योगी ने कहा—भावना का फल अभ्युदय और निःश्रेयस् सुख की प्राप्ति होती हैं। क्या तुम भी इस धर्म को ग्रहण नहीं करोगे?

चोर ने कहा—मेरे अन्दर धर्म के प्रति छन्द (झुकाव या श्रद्धा) तो है, पर श्मशान में भावना (साधना) करते रहने की मुझे फुरसत नहीं है। मैं तो सब समय चोरी का ही काम करता हूँ; राजा, मंत्री या गृहस्थ स्वामी आदि किसी से चोरी के द्वारा कुछ द्रव्य मिल जाता है, पर उस द्रव्य के पीछे उन लोगों से लड़ना भी होता है। अतः उन सब लोगों द्वारा मेरा दमन न हो सके; ऐसी एक सिद्धि मुझे चाहिए।

योगी ने उस चोर को अभिषेक दिया, दीक्षा दी और उससे कहा—तुम यहाँ से जाओ मगध में 'गोरसमकर' (गौरीशंकर) नामक स्तूप के अन्दर देवालय है,

उसके अन्दर आर्य अवलोकेश्वर की एक प्रभावशाली मूर्ति रखी हुई है। तुम तीन सप्ताह अर्थात् इक्कीस दिन तक रात-दिन बिना भूमि पर नीचे बैठे उसकी परिक्रमा करो, खाना भी खड़े-खड़े ही खाओ। मूर्ति के पैर के नीचे यदि एक सर्प आते देखोगे तो बिना डरे उसे सिर से पकड़ लो। इसी से तुम्हें सिद्धि का लाभ हो जायगा।

इस प्रकार की दीक्षा देकर योगी ने उसे साधना में लगाया।

वह चोर भी योगी के दिये हुए उपदेश एवं वचन के अनुसार उस स्थान पर जाकर विधिवत अनुष्ठान करता रहा और साधना करने में लग गया। इक्कीस दिन के बाद सच में सर्प निकल आया। उसने सर्प को सिर से पकड़ा, तो सर्प एक तलवार (खड्ग) बन गया। उस प्रकाशमान ज्ञान की तलवार हाथ में मिलते ही चोर का चित्त मलों से विशुद्ध हो गया और उसे खड्गसिद्धि का लाभ हो गया। उस समय से उनका नाम योगी खड्गपा प्रसिद्ध हो गया।

इस प्रकार उन्हें आठ सामान्य सिद्धियों में से 'खङ्ग सिद्धि' का लाभ हुआ। इसके बल से काय, वाक् और चित्त के सभी भ्रान्तिमूलक मल विशुद्ध हो गये। उन्होंने मगध के सभी प्रकार के सत्त्वों (सभी लोगों) के लिए इक्कीस दिन तक धर्मोपदेश दिया। अन्त में कुछ (अपने) अवदान भी कहे। उसके बाद वे उसी शरीर के साथ वहाँ से खेचर भूमि चले गये।

गुरु खड्गपा का वृत्तान्त समाप्त॥

१५. खड्गपा

खड्गपा हाथ में तलवार लेकर आकाश में उड़ रहे हैं। उनके नीचे की ओर छाये हुए बादल, उनकी उड़ने की क्रिया को परिलक्षित कर रहे हैं। नीचे की धरती पर एक स्तूप है, जिसके नीचे सर्प निकल रहे हैं और स्तूप के अन्दर आर्यलोकेश्वर की मूर्ति विद्यमान है।

१६. नागार्जुन

नागार्जुन भिक्षु वेश में हैं। ये अत्यन्त सुन्दर और साँवले रंग के हैं। उनके सिर के मध्य भाग से बुद्ध की भाँति छोटी-सी उष्णीष उभरी है। सिर के पीछे की ओर सर्पों के फन लहरा रहे हैं। हाथ प्रवचन या उपदेश-मुद्रा में हैं।

१६. नागार्जुन का वृत्तान्त

गुरु नागार्जुन या आचार्य नागार्जुन[१] का वृत्तान्त इस प्रकार है—इनका जन्मस्थान पूर्वी भारत के अन्तर्गत काञ्ची[२] नामक जनपद का अंग 'कहोर' था और जाति के यह ब्राह्मण थे। सिद्धि की प्राप्ति इन्हें आर्या तारा से हुई।

कहोर (नामक जनपद) नगर की आबादी संख्या पन्द्रह हजार थी। नागार्जुन ने सब लोगों का सामान छीनना और सब लोगों का दमन करना आरम्भ कर दिया, तो (एक समय) वहाँ के ब्राह्मणों ने इकट्ठा होकर (विचार विमर्श करने के बाद, यह) तय किया कि इसने हम सब लोगों से बहुत अनुचित व्यवहार किया अब इससे लड़ने की अपेक्षा, इस नगर को त्यागकर हमारा आन्ध्रप्रदेश में चला जाना ही अच्छा होगा।

जब यह बात आचार्य ने सुनी तो सभी ब्राह्मणों के पास आदमी भेजकर उन्हें यह सूचित कर दिया कि आप लोग अन्यत्र प्रदेशों में न जायँ। अन्यत्र बहुत दुःख भोगना पड़ेगा। हमारी सारी द्रव्य-सम्पत्ति आप लोग ले लें। यह कहकर उन्होंने सभी अपनी सम्पत्ति उन्हें दान कर दी और आचार्य 'कहोर' से पलायन कर शीतवन (सिलवाई छल) पार करके नालन्दा पहुँचे। वहाँ परिव्राजक (भिक्षु) की दीक्षा ग्रहण करके उन्होंने सभी पाँच विद्या संस्थानों में अध्ययन किया। अन्त में वे सर्वोत्कृष्ट सुविज्ञ विद्वान् बन गये।

तत्पश्चात् भाषण से ऊब कर वे मुख्य रूप से साधना में लग गये। फलतः उन्हें आर्या तारा का दर्शन प्राप्त हुआ। वह धर्मपीठ नालन्दा का संघ एवं जीविका

---

१. ये सरह के शिष्य, श्री शबरपा के गुरु थे। चक्रसंवर सामान्यार्थ वृत्ति० पृ० ३६, बुस्तोन ग्रन्थ० ६ ('छ' पुट)।

२. पूर्व भारत में 'काञ्ची' नामक स्थान होने की कहीं कोई सूचना नहीं मिलती। 'काञ्ची' दक्षिण भारत का एक प्राचीन नगर है। अतः यहाँ 'पूर्व' शब्द विचारणीय है। दूसरा नागार्जुन के पूर्व भारत में जन्म होने का वृत्तान्त, इसके अतिरिक्त कहीं नहीं मिलता। सम्भवतः यह केरल प्रदेश के पूर्व है।

छोड़कर अन्यत्र चले गये। परन्तु एक दिन नगर में भिक्षाटन करके पुनः अपने पुराने स्थान में लौट आये। सोचने लगे कि मेरे इस तरह के विचार से सत्त्वार्थ (लोक कल्याण का कार्य) सम्पादन नहीं हो सकेगा। विशेष गुण प्राप्त करके मुझे लोक कल्याण करना होगा। तत्पश्चात् वह राजगिरि चले गये। वृषभभूत (वृषभ नामक भूत) की बारह भूतनियों का जप किया, तो पहले दिन भूकम्प हुआ, दूसरे दिन (धरती से) पानी (निकला), तीसरे दिन अग्नि का प्रज्वलन हुआ, चौथे दिन आँधी उठी, पाँचवें दिन शस्त्र (तलवार, छुरा आदि) की वृष्टि हुई, छठे दिन वज्रपात होने लगा, सातवें दिन सभी भूतनियों ने एकत्र होकर (उनकी साधना में) विघ्न आरम्भ कर दिया। पंर आचार्य की अचल समाधि के कारण उनका कुछ नहीं बिगड़ा। उन्हें विचलित करने में वे असमर्थ हो गयीं। सभी भूतनियाँ आचार्य के सम्मुख आकर पूछने लगीं कि तुम्हें क्या चाहिए? हम लोग क्या दे सकती हैं?

आचार्य ने आदेश दिया कि मुझे कुछ नहीं चाहिए केवल मेरे लिए जीविका का प्रबन्ध करो। वे लोग उन्हें चार अञ्जलि (कुछ माप) चावल (भात) और पाँच प्रकार के शाक नित्य देने लगीं। इस भोजन को ग्रहण करते हुए आचार्य ने बारह वर्ष तक साधना की। सोचने लगे कि यदि एक सौ आठ भूतनियाँ (विद्यायें) वश में हो जायँ, तो जगत् का कल्याण हो सकता है। तत्पश्चात् घन्दशिला नामक गिरि[१] में चले गये और वहाँ उन्होंने यह सोचा कि 'इस पहाड़ को सोने का बना दिया जाय, तो जगत्-कल्याण कर सकूँगा। उन्होंने पहले उस पहाड़ को लोहे के रूप में परिवर्तित किया। उसके बाद उसे ताम्र (ताँबे) के रूप में बदल दिया। तब आर्य मञ्जुश्री ने अपने मुख से कहा—यदि तुम इस पहाड़ को सोना बना दोगे तो लोगों में अनेक विवाद खड़े हो जायेंगे और पाप का ही अर्जन होगा।' उसके बाद उस कार्य को उन्होंने स्थगित कर दिया। कहा जाता है कि वह पहाड़ आज भी नील-ताम्र के रंग में ही है।[२]

---

१. घन्यशील पर्वत।

२. पहाड़ को सोना बनाने के इतिवृति में कुछ पौराणिकता झलकती है।

उसके बाद वे दक्षिण भारत के श्रीपर्वत की ओर चले गये। जाते समय रास्ते में वे एक नदी के तट पर पहुँचे। गो चराने वाले बहुत से लड़के उन्हें मिले और उन्होंने उनसे पानी से पार निकले का रास्ता पूछा कि कहाँ से पार करना है? उन लड़को ने खराब रास्ता, जहाँ से कीचड़ और जल-जन्तुओं का खतरा है, दिखाया। एक दूसरे ग्वाले के लड़के ने कहा कि भन्ते! यह रास्ता बहुत खराब है। आप यहाँ से चलें, कहकर वह लड़का आचार्य को (साथ) लेकर चल दिया। जब दोनों पानी के बीच में पहुँचे, तो आचार्य ने अनेक जल-जन्तु के खतरे आदि का चमत्कार से भय दिखलाया। गो चरानेवाला लड़का कहने लगा—जब तक मैं न मर जाऊँ, आप डरें मत। आचार्य ने निर्मित भय समाप्त कर दिया। नदी के पार जाने के बाद आचार्य ने गो चरानेवाले उस लड़के से कहा— मैं 'आर्य नागार्जुन हूँ' तुमने पहचाना? उसने उत्तर दिया बात तो सुनी है, पर मैं आपको पहचान नहीं सका।

आचार्य ने गो चरानेवाले से कहा—तुमने मुझे इस नदी से पार करा दिया, अब तुमको मैं जो चाहो इनाम दूँगा। गो चरानेवाले (लड़के) ने कहा— आप मुझे राजा हो जाने का उपाय दें। आचार्य ने उस स्थान में एक शालवृक्ष पर कुछ पानी छिड़क दिया और तत्काल वह वृक्ष एक बहुत बड़ा हाथी बन गया। उस लड़के को राजा बनाकर, उस हाथी पर आर्य नागार्जुन ने सवार करवा दिया। लड़के ने कहा— राजा के लिए सेना की भी आवश्यकता होगी। आचार्य ने कहा— जब यह हाथी खुंखार आवाज करेगा, तत्काल सेना भी आ जायगी, वैसा ही हुआ। राजा का नाम सालभन्ध (शालवाहन) प्रसिद्ध हो गया[१] और रानी का नाम हुआ सिन्धी। राजा के राज्य का नाम था अहितन जनपद। यह अति सुन्दर एवं विशेष नगर था। इस राजा के राज्य में कर देने वाले लोग चौरासी लाख थे। इतनी जनसंख्या के वे राजा थे।

आचार्य वहाँ से दक्षिण श्रीपर्वत चले गये। वहाँ भावना एवं साधना-अनुष्ठान करते बहुत समय बीत गया। सालभन्ध (शालवाहन) राजा बार-बार अपने गुरु का स्मरण आने से रह नहीं सके और श्रीपर्वत पर जाकर आचार्य को प्रदक्षिणापूर्वक

---

१. लामा तारानाथ के अनुसार आचार्य ने अपने जीवन के उत्तरकाल में दक्षिण में जाकर सातवाहन राजा (भद्रसातवाहन) को अपना विनीत शिष्य बनाया।

(ता० इति पृ० ७०-७१, अध्याय १५)

प्रणाम एवं अभिवादन करके उनसे कहा— यह राजश्री तो बहुत क्षीण प्रयोजन वाली और अनेक दोषों से भरी हुई है। अत: यह हमको नहीं चाहिए। मैं आचार्यजी के पास ही बैठूँगा।

आचार्य ने उनसे कहा— राजश्री मत छोड़ो, रत्नावली को अपना गुरु बनाकर राजकाज करो, राज्य का पालन करो। अकाल मृत्यु के भय से मुक्त होने के लिए तुम रसायन का प्रयोग करो।

राजा ने कहा— मुझे आचार्यजी के साथ रहने का अवसर हो, तो राज्य और रसायन चाहूँगा, अन्यथा नहीं। यह कहकर राजा ने वहाँ से जाना नहीं चाहा। वहीं रहने लगे। आचार्य ने राजा को अनेक उपदेश एवं दीक्षा दी और उन्होंने अपने स्थान में जाकर रसायन सिद्ध किया। वह एक सौ वर्ष तक राज करते रहे। उस अवधि में उनके राज्य के सभी लोग धन-धान्य से समृद्ध हो गये और पशु-पक्षी तक सुख से जीवन बिताने लगे। आचार्य ने भी बुद्ध-शासन के विस्तार के अनेक कार्य किये। इस शुभ कार्य का भार सुरतीश्वर कामदेव सहन नहीं कर सके। उन्होंने अनेक प्रकार के विघ्न एवं अमङ्गलकारी विनाशलीलाएं आरम्भ कर दीं। सूर्य-चन्द्र का प्रकाश मन्द कर दिया, फल-पुष्प, पत्ती अपने आप असमय से गिरने लगे। अनावृष्टि, अकाल, महामारी, शस्त्र-अस्त्र का प्रयोग और वन, उद्यान आदि का सूखना आदि अनेक अशुभ घटनाएं घटने लगीं। इस दृश्य को देखकर शालवाहन राजा बहुत चिन्तित हो उठे और सोचने लगे कि यह सब और कुछ नहीं मेरे गुरु के सम्बन्ध में कुछ विघ्न-बाधा आने के ही लक्षण हैं। यह सोचकर अपने पुत्र सिद्धि कुमार (सिन्धि कुमार) को अपना राज्य सौंपकर कुछ थोड़े सेवकगण लेकर वह श्रीपर्वत पर पहुँचे।

आचार्य ने पूछा कि हे पुत्र! तुम किसलिए यहाँ पधारे हो? राजा ने उत्तर दिया— मेरा और सत्त्वों (अन्य प्राणियों) का भाग्य क्षीण हो गया है, क्या?

जिन-शासन का क्षय हो गया है क्या?
कृष्णपक्ष (पापपक्ष) का क्या विजय हो गया है?
महाकरुणा जो चन्द्रमा सदृश प्रकाशमान है,
क्या काली घटा और मेघ द्वारा आवृत्त हो रहा है?
वज्रवत् मेरे सत् गुरु में, संस्कार स्वभाव पाप लक्षण हो रहा है?

यह होते देखकर मैं यहाँ आया हूँ। महाकृपा दृष्टि से मुझे अधिष्ठित करें।

आचार्य ने उत्तर में कहा—सभी जातिधर्म मरणशील हैं।

सभी संयोग का वियोग होता है। सभी सञ्चित सम्पत्ति का क्षय हो जाता है। सभी संस्कार का अन्त अनित्य होता है। अत: इसमें अरति (दु:ख) की क्या बात है। तुम रसायन (दवाई) लेकर अपने स्थान पर जाओ। पुन: उस राजा ने कहा—यदि गुरुजी के पास रसायन का सेवन करते रहने की अनुमति हो, तो उचित है, अन्यथा मुझे रसायन नहीं चाहिए। यह कहकर वह बैठ गया। आचार्य ने (बोधिसत्त्वदान अनुष्ठान के अनुसार) सभी भोग्य सम्पत्ति का दान करना आरम्भ कर दिया, तो ब्रह्मदेव ने एक साधारण ब्राह्मण का रूप धारणकर आचार्य से 'सिर' का दान माँगा। आचार्य ने भी उसे अपना 'सिर' देना स्वीकार किया। सालवाहन राजा ने आचार्य की मृत्यु के शोक-भय से पीड़ित होकर आचार्य के निधन से पहले ही उनके चरण में अपना 'सिर' रखा और मर गया। सब लोगों ने उस ब्राह्मण की निन्दा की।

जब आचार्य ने 'सिर' दान देने के लिए काटा तो किसी भी प्रकार से 'सिर' का छेदन नहीं हो पाया, बाद में एक कुश के तृण से काटकर 'सिर' (ब्रह्म के छद्म रूप) ब्राह्मण को दे दिया। उस समय सभी वन वृक्ष सूख गये और लोगों के पुण्य का भी बहुत क्षय हो गया।

उसके बाद पहले की आठ यक्षिणियों के द्वारा आचार्य के शरीर को सुरक्षित कर देने से उनका शरीर अब भी विद्यमान माना जाता है।

आचार्य के धार्मिक कुल के रूप में आचार्य नागबोधि बैठे (श्रीपर्वत में) उनका काय प्रकाशमान चन्द्रमा के समान अब भी रात को दिखलाई पड़ता है। आचार्य का शरीर जो आठ यक्षिणियों द्वारा सुरक्षित हैं, जिन मैत्रेयबुद्ध के शासन काल में पुन: उत्थित होकर जगत् कल्याण करेगा ऐसा कहा जाता है।

गुरु नागार्जुन का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. आचार्य के 'सिर' को दान के रूप में माँगने वाले खुद शातवाहन राजा के राजकुमार होने के वृत्तान्त भी मिलते हैं।

१७. गुरु कण्हपा का वृत्तान्त

गुरु 'कण्हपा'[१] का वृत्तान्त इस प्रकार है। इन्हें आचार्य कण्हपा अर्थात् इनका नाम आचार्य कृष्णाचार्य पाद कहा जाता है। इनका जन्म-स्थान सोमपुरी था[२]। उनके गुरु जालन्धरपा और वह स्वयं जाति से लेखक कायस्थ (सम्भवत: ब्राह्मण) थे[३]।

वह राजा देवपाल द्वारा निर्मित सोमपुरी विहार के एक भिक्षु थे। पर गुरु जालन्धरपा से मिलने के बाद उन्होंने उन्हें अभिषेक देकर हेवज्र के मण्डल में दीक्षित किया और उपदेश देकर साधना में लगाया। बारह वर्ष तक (निरन्तर) साधना करने के बाद, एक समय भू-कम्पन के साथ हेवज्र के देवमण्डल का दर्शन हुआ, तो उन्हें बड़ा हर्ष और आनन्द हुआ। उस समय डाकिनियों ने (प्रकट होकर) उनसे कहा— 'कुलपुत्र! यह (हेवज्र मण्डल का दर्शन) कोई विशेष लक्षण नहीं है। इससे तुम्हें घमण्ड उत्पन्न न हो। क्योंकि (इसमें) सत्य-तत्त्व का साक्षात्कार नहीं है।

एकबार (अपने समीप के) एक बहुत बड़े पत्थर के शिलाखण्ड पर उन्होंने पैर रखा, तो पैर नीचे धँस गया। उनके मन में (बहुत) अभिमान हो गया कि अब मुझे सभी प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त हो गयी हैं। उस समय भी डाकिनियों ने उन्हें रोका। जब वह अपने साधना आसन से बाहर आये, तो उनके पैर धरती से बिना स्पर्श किये एक हाथ की ऊँचाई में आकाश पर चलने लगे। उस समय भी उन्हें वही अभिमान हुआ, पर डाकिनियों ने उन्हें पुन: पूर्ववत् रोका।

अपने ऊपर के आकाश में सात छत्रों का घूमते चलना, सात डमरुओं का आकाश से स्वत: शब्द करते हुए निकलते देखकर उन्होंने कहा—मुझे सिद्धि प्राप्त

---

१. 'कृष्ण' नाम के बहुत बड़े पण्डित और सिद्ध हुए थे, पर यह जालन्धर पाद के शिष्य कृष्णपा ही थे।

२. पद्म० इति० के अनुसार इनका जन्म-स्थान भंगाल के विशेष भाग ओडिविषय (ओडियान) था।

३. जाति के यह वैश्य थे। (पद्म० इति०—पृ० ८१) इस प्रकार इनके वर्ण के सम्बन्ध में सर्वत्र मतैक्य नहीं है।

१७. कृष्णपा

कृष्णपा (कृष्णाचार्य) साँवले रंग के हैं। हाथ में डमरू और कपाल (नरकपाल) धारण किये हुए हैं। अस्थि (हड्डी) निर्मित छः प्रकार के आभूषणों से आभूषित हैं और व्याघ्र-चर्म अधोवस्त्र के रूप में पहने हुए हैं। वैताली या राक्षसी पर सवार हैं।

१८. आर्यदेव

आर्यदेव भिक्षु एवं पण्डित के वेश में हैं। सामने की ओर एकटक देखते हुए हाथ में 'करना' नामक वृक्ष की एक बहुत बड़ी पत्ती लिए हुए हैं।

हो गई है, अब जगत् कल्याण के लिए राक्षस देश लंकापुरी जाना है। तुम लोगों को भी जाना होगा। तत्पश्चात् तीन हजार अपने शिष्य परिवार के साथ वे लंका की ओर प्रस्थान किये। जब वे समुद्र तट पर पहुँचे तो आचार्य ने शिष्यों को समुद्र तट पर रोक दिया और स्वयं पानी में बिना डूबे समुद्र के ऊपर से चलने लगे। उस बीच उनके मन में पुनः यह अभिमान होने लगा कि 'मेरे गुरु को भी इतनी शक्ति नहीं थी, पर मुझे इतनी शक्ति प्राप्त हो गयी है।' मन में इस तरह के विचार आते ही वह पानी में डूब गये। जब पानी की तरंगों द्वारा उन्हें समुद्र के तट पर फेंका गया, उन्होंने आकाश में देखा, तो उनके गुरु जालन्धरपा आकाश में विराजमान दिखाई पड़े। गुरु ने उनसे कहा कि 'कण्हपा तुम कहाँ गये हो, क्या हो गया तुम्हें?'

कण्हपा ने बड़ी लज्जा के साथ कहा—मैं जगत् कल्याणार्थ लंकापुरी जा रहा था, पर मन में गुरु से भी मैं अधिक गुण वाला हूँ, यह अभिमान पैदा होने से मेरी शक्ति क्षीण हो गयी और मैं पानी में डूब गया हूँ।

गुरु ने कहा—'अब तुम्हारी इस साधना से कुछ उपकार नहीं होगा। मेरे देश के 'सालिपुत्र' नामक स्थान में धर्मराज धर्मपाल बैठे हैं। वहीं पर मेरा एक जुलाहा शिष्य है। तुम वहीं जाकर वह जो कहे, वही करते रहना।

तब वहीं उन्होंने यह प्रतिज्ञा की कि गुरुजी ने जो कहा है, वही करूँगा। साथ ही उनके पूर्व उपदेशों को भी मन में रखा, तो तत्काल पूर्ववत् पैर का पृथ्वी से ऊपर जाना, अपने ऊपर के आकाश में सात छत्र का घूमना, आकाश में डमरू की आवाज सुनाई देना, पत्थर पर पैर रखने से नीचे धँसना आदि प्रारम्भ हो गये। इन सभी शक्तियों के प्राप्त हो जाने के बाद वे वहाँ से अपने तीन हजार[१] शिष्य परिवार के साथ सालिपुत्र जनपद में पहुँचे। वहाँ उन्होंने शिष्यों को एक ओर रखा और स्वयं उस जुलाहे (जो गुरु जालन्धरपा ने बताया था) को खोजने गए। रास्ते में उन्हें बहुत से जुलाहे मिले। उन लोगों को जब आचार्य ने देखा, तो उन लोगों की तन्तु

---

१. शिष्यों की संख्या तीन हजार की जगह पद्म० के इति० में ७२ मिलती है। (पद्म० इति० पृ० ८२)

टूटती थी और वे लोग स्वयं उन्हें जोड़ते थे। उन्होंने सोचा कि यह सब वह नहीं है, जो गुरुजी ने उन्हें बतलाया था। उसके बाद नगर के अन्त में एक जुलाहा बसा हुआ था, वहाँ जाकर उन्होंने देखा, तो वह जब कपड़ा बुन रहा था तो तन्तु टूटने पर पुनः उसे स्वयं नहीं जोड़ना पड़ता था। सभी टूटी हुई तन्तुएं स्वयं जुड़ रही थीं। आचार्य ने निश्चय किया कि यही है, जो गुरुजी ने बताया था। उन्होंने उस जुलाहे के चरणों में प्रदक्षिणापूर्वक प्रणाम किया।

जुलाहे ने उनसे कहा जो मैं कहूँगा, उसे तुम वैसा ही मानोगे? आचार्य कृष्णाचार्य ने कहा— हाँ, वैसा ही मानूँगा। जुलाहे ने उन्हें साथ लिया और दोनों एक श्मशान में पहुँचे। वहाँ, एक आदमी का शव पड़ा मिला। जुलाहे ने कहा 'तुम इसका माँस खा सकोगे? यदि खा सकते हो, तो इसे खाओ? कण्हपा छुरा निकालकर खाने के लिए बढ़े और काटना आरम्भ किया, तो जुलाहे ने कहा— 'अभी ठहरो? अर्थात् अभी तुम्हें मांस खाने की अवस्था प्राप्त नहीं है, रुक जाओ'। उसने स्वयं सियार का रूप धारण किया और उस आदमी के शव का मांस खा डाला। तत्पश्चात् वह जुलाहा फिर आदमी बन गया और कृष्णाचार्य से कहने लगा कि इस प्रकार का निर्माण कार्य (चमत्कार द्वारा) करने की स्थिति (क्षमता) जब प्राप्त हो जाती है, तब मांस खाना होता है।

उसके बाद जुलाहे ने टट्टी की और उसमें तीन टिकिया (गोलियाँ) निकलीं। उनमें से एक कृष्णपा को दी और कहा कि इसको खाओ। 'लोग इसकी निन्दा करेंगे' यह कहकर कृष्णपा ने खाने की अनिच्छा व्यक्त की। एक गोली जुलाहे ने खुद खा ली; एक आकाश के देवताओं ने ले ली और एक धरती के नीचे नाग लोगों ने ले ली।

वहाँ से दोनों आचार्य नगर वापस लौट आये। जुलाहे ने पाँच गण (माषक) की मदिरा ली और खाने की चीज भी। उसने कृष्णपा से कहा—अब अपने शिष्य परिवार को भी बुलाओ, हम सब एक गण-चक्र की व्यवस्था करेंगे। कण्हपा ने सोचा कि यह तो एक आदमी के खाने के लिए भी भर पेट नहीं है, इससे हमरा, आचार्य और तीन हजार शिष्यों का क्या होगा? यह सोचते वे सब यहाँ

आ गये। योगी के प्रभाव से लड्डू, भात, आदि इष्ट-भोग्य वस्तु से सब प्रकार के बर्तन भर गए। इस गण-चक्र को खाते-पीते सात दिन बीत गये, पर भोग्य-सामग्री फिर भी समाप्त नहीं हुई। कण्हपा ने कहा कि आपके खाने-पीने की सामग्री समुद्र के समान है, हम लोगों से इतना नहीं खाया जायगा, कहकर शेष भोजन की विधि द्वारा 'शेष गण भोज्य'[1] बाहर करके कण्हपा सपरिवार जाने के लिए तैयार हो गये, तो जुलाहे ने कहा— 'अहो, जैसे बाल पृथग् जन, स्वत: स्वयं का विनाश किया करते हैं, उसी प्रकार प्रज्ञा एवं उपाय से रहित योगी की भी दशा होती है। अब अन्यत्र जाने पर भी कुछ नहीं होगा। छत्र-डमरू आदि अल्प सिद्धियाँ हैं। अब भी धर्मता का ज्ञान नहीं हुआ, साधना ही करो।' पर कण्हपा इन बातों के प्रति अनिच्छा व्यक्त करते हुए 'भधोकर' नामक स्थान पर चले गये।

पूर्वी सोमपुरी से लगभग सौ योजन के पार एक नगर था, उसके पास वन था, वहाँ गए। वहाँ—जम्बिर[2] नामक फल का एक वृक्ष था। उस वृक्ष के समीप एक लड़की (कुमारी) बैठी हुई थी। कण्हपा ने उससे कहा— मुझे फल दो। पर उस लड़की ने उन्हें फल देना नहीं चाहा। आचार्य ने उस फल-वृक्ष पर एक दृष्टि डाली तो वृक्ष पर लगे सभी फल भूमि पर गिर गये। लड़की ने पुन: उन फलों पर एक दृष्टिपात किया तो सभी फल वृक्ष में अपनी-अपनी जगह पर ऊपर चिपक गये। इससे कण्हपा बड़े कुपित हुए और लड़की पर मन्त्र फूँक दिया और लड़की के सभी अंग- प्रत्यङ्ग से खून गिरने लगा और वह धरती पर गिर पड़ी।

---

१. 'गण-अवशेष भोज्य' या 'शेष-गण' यह तांत्रिकों के पारिभाषिक शब्द हैं। भोजन विशेष नाम 'गणचक्र' है। इसमें केवल वही लोग सम्मिलित हो सकते हैं, जिन्होंने पञ्चमकारों के सेवन करने में विशेषता पाई हो। इसका उपक्रम एक सीमा विशेष या अवस्था विशेष के अन्दर ही होता है। इसके बाद जो बची खाद्य-सामग्री होती है, वह भी हर किसी को नहीं दी जा सकती। अत: इसे विशेष आज्ञाकारी धर्मपालों एवं दिग्पालों को ही दिया जाता है। (मूल पतित भाष्य, चोङ्खापा- 'क' पुट)

२. मूल ग्रंथ में इसका नाम 'लिखि' लिखा है। पर कुन खेन पद्म करपो के इतिहास में 'जम्बि' लिखा है। यह अन्दर से खट्टा पानी निकलनेवाला फल था। (पद्० इति० पृ० ८३)

वहाँ आस-पास के सभी लोगों ने कण्हपा की निन्दा करते हुए कहा— बौद्ध लोग बड़े कृपालु होते हैं, पर यह योगी आदमी को मारने जा रहा है। यह सुनकर कन्हपा ने चिन्तित होकर लड़की के प्रति दयापूर्वक अपने मंत्र (की शक्ति) का दमन कर दिया और साथ ही अपनी रक्षा के लिए जो उपाय किया जाता है, वह भी छोड़ दिया। जब लड़की उठी तो उसने भी कण्हपा को मंत्र फूँक दिया[१] फलतः कण्हपा को भी ऊपर (मुँह) और नीचे दोनों से खून स्त्रवित होने लगा और वह बीमार पड़ गये। कन्हपा ने 'मन्धे' नामक एक डाकिनी, जो उनके साथ थी, से कहा—मेरे इस खून उलटी होने वाली बीमारी की दवा दक्षिण के श्रीपर्वत पर मिलती है, उसे लाकर मुझे दो। 'वहाँ से दक्षिण श्रीपर्वत के बीच की दूरी छः मास का रास्ता था, पर मन्धे उसे एक दिन में पार करके दवा ले आई और सातवें दिन जब वह अपने नगर पहुँच रही थी, उस लड़की ने, जिसने कण्हपा पर मन्त्रपात कर दिया था, एक बुढ़िया का रूप धारण किया और रास्ते में जाकर रोती हुई बैठ गई[२]। मन्धे ने पूछा कि तुम क्यों रो रही हो? बुढ़िया ने कहा—'क्यों न रोयें, योगी कण्हपा मर गये हैं अब वह नहीं हैं, मन्धे ने दवा भूमि पर फेंक दी। बुढ़िया उस दवाई को लेकर चल दी। डाकिनी मन्धे घर पहुँची, तो कण्हपा को जीवित देखकर (बड़ी दुः खी हुई) कण्हपा ने कहा—दवा कहाँ है? मन्धे ने अपना वृत्तान्त सुनाकर कहा—अब दवा नहीं है।

कण्हपा ने अब जीवित रहने के उपाय न देखकर सात दिन तक अपने शिष्यों की सभा में धर्म-प्रवचन किया और अन्त में (वज्र) वाराही सिरच्छेदा (छिन्न

---

१. कुन ख्येन पद्म कारपो के अनुसार—कण्हपा को मंत्र फूँकने वाली लड़की जम्बिका फल की रक्षक नहीं थी। वह देवीकोट की एक धान कूटने वाली लड़की थी। (पद्० इति० पृ० ८५)

२. बुढ़िया के वृत्तान्त की जगह अन्यत्र रास्ते में बहुत सी लड़कियों के एक झील में स्नान करने की बात कही गई है। उन लड़कियों ने कण्हपा के शिष्यों को जो दवाई लेकर लौट रहे थे, यह कहकर कि कण्हपा अच्छे हो गए हैं, स्नान के लिए रोककर दवा छिपा दी। (पद्मकर०- इति० पृ० ८५)

मस्तका) से सम्बन्धित उपदेश दे दिया। अपने कर्म-विपाक वाले शरीर को वहीं छोड़कर कण्हपा खेचर भूमि चले गये[१]।

इस घटना से डाकिनी मन्धे ने अत्यंत क्रुद्ध होकर (बदला लेने की इच्छा से) उस लड़की (जिसने आचार्य को मंत्र द्वारा मार डाला) को तीनों लोक में ढूँढा, किन्तु वह नहीं मिली। अन्त में वह 'शम्मिल' नामक एक वृक्ष के खोखले के अन्दर बैठी मिली और वहीं उसे मंत्र फूँककर मार डाला।

इस प्रकार परम योगियों को भी अभिमान एवं ईर्ष्या परम सिद्धि प्राप्त करने में बहुत बड़े बाधक बनते हैं, यह जानना चाहिए।

गुरु कण्हपा का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. वह उक्त घटना को डाकिनी का विघ्न या व्यवधान समझ गये और इस शरीर के साथ परम सिद्धि की प्राप्ति न देखकर अन्तराभव की अवस्था में परमसिद्धि की आशा करते हुए परिनिर्वृत्त हो गये। (पद० कर० इति पृ० ८५-८६)

१८. गुरु कर्नरिपा (कनापा) का वृत्तान्त

कर्नरिपा का वृत्तान्त इस प्रकार है। चार योनियों में से इनका जन्म उपपादुक योनि में हुआ। उन्होंने श्री नालन्दा में आकर परिव्राजकत्व ग्रहण करने वालों का उपाध्यायत्व किया। इनके शिष्यों की संख्या एक लाख के लगभग हो गई। पर स्वयं अनेक आचार्यों के शिक्षा-दीक्षा, अववाद करने पर भी विशेष ज्ञान नहीं प्राप्तकर सके। दक्षिण भारत में आचार्य नागार्जुन के रहने का समाचार सुनकर उन्हें उनके प्रति श्रद्धा हुई, इच्छा हुई कि उनके चरणों में जाकर कुछ सीखें। इससे प्रेरित होकर वे नालन्दा से चले। एक दिन वह समुद्र के तट पर पहुँचे जहाँ आर्य मञ्जुश्री एक मछुआ का रूप धारणकरके बैठे हुए थे। कर्नरिपा ने उन्हें देखा और (वह समझ गये कि यह मछुआ विशेष व्यक्ति है) उन्हें प्रणाम पूर्वक मण्डल आदि अर्पित करके उनसे निवेदन किया—मुझे दक्षिण देश के तन्त्र और पीठ में, जहाँ आचार्य नागार्जुन हैं, वहाँ जाना है, आप हमें रास्ता दिखा दें जिससे हम वहाँ जा सकें। उस मछुआ ने कहा— वहाँ जाओ, जहाँ गहन वन दिखलाई पड़ रहा है, वहाँ आचार्य रसायन सिद्ध करने में बैठे हैं।

उस (मछुआ) के निर्देशानुसार वह वहाँ गये, तो वहाँ आचार्य रसायन की बहुत-सी द्रव्य-सामग्री इकट्ठी कर उसका प्रयोग कर रहे थे। यह देखकर, प्रणामकर अभिवादन पूर्वक अनुग्रह करने के लिए उनसे प्रार्थना की। आचार्य ने भी उन्हें अनुगृहीत करने की अनुमति दे दी।

आचार्य ने उनको गुह्य-समाज (तन्त्र के मण्डल में) अभिषेक प्रदान किया और दीक्षा अववाद देकर अपने पास में ही रहकर भावना (साधना) करने दी। वैसा ही कर, कर्नरिपा वहीं बैठ कर साधना करते रहे।

उस वन से थोड़ी दूरी पर एक नगर बसा हुआ था। एक दिन दोनों आचार्य वहाँ भिक्षाटन करने गये। कर्नरिपा को बहुत अच्छा और स्वादिष्ट भोजन मिला और आचार्य को उतना अच्छा स्वादिष्ट नहीं मिला। इसको देखकर आचार्य ने कहा— तुम्हारा यह स्वादिष्ट भोजन, जो लोग दे रही हैं, वे स्त्रियाँ तुम पर आसक्त होकर दे

रही हैं, यह अच्छा नहीं है। इसे तुम वृक्ष के पत्ते पर मत लो, सुई से लेकर, सुई की नोक से जितना ले सको, उतना ही लो। दूसरे दिन उन्होंने वैसा ही किया, तो भात का एक ही दाना सुई पर लगा और वही खाकर (कर्नरिपा) रह गये।

दूसरे दिन स्त्रियों ने गेंहू के आटे से बहुत अच्छी पूड़ियाँ बनाई और उन पर अनेक स्वादिष्ट शाक रखकर उसे सुई की नोक पर चढ़ा कर आचार्य (कर्नरिपा) को दिया। कर्नरिपा ने उसे ग्रहण किया और अपने आचार्य को खिलाया। साथ ही स्वयं भी खाये। आचार्य ने पूछा—यह तुमने कैसे ग्रहण किया? कर्नरिपा ने उंत्तर दिया—जैसा गुरुजी ने निर्देश दिया है, मैंने वैसा ही करके ग्रहण किया है। तब आचार्य ने कहा, 'तुम नगर में मत जाओ, इस मकान में ही रहो। उन्होंने भी वैसा ही किया। उस मकान के समीप एक वृक्ष पर रहने वाली वृक्षदेवी प्रकट होकर मकान के अन्दर आई और उसने उन्हें अनेक स्वादिष्ट भोजन खिलाया तथा प्रणाम अभिवादन पूर्वक बातें भी की।

कर्नरिपा ने उसका भी भोजन (दान) ग्रहण करके अपने गुरु को खिलाया। गुरु ने पुन: पूछा कि तुमको इस तरह का भोजन कहाँ से मिला? उन्होंने कहा कि यह वृक्षदेवी ने दिया है। आचार्य ने इस बात की परीक्षा की और वृक्षदेवी के पास जाकर देखा, तो देवी का शरीर दिखलाई न पड़ा, पर उसके बाजू सहित हाथ दिखलाई पड़े। आचार्य ने उससे पूछा कि मेरे शिष्य को तुम साक्षात् शरीर दिखाती हो, पर मुझे नहीं दिखाती, यह क्यों?

वृक्षदेवी ने उत्तर दिया (वृक्ष से यह वाणी निकली) कि आप के अन्दर सभी प्रहातव्य क्लेश विद्यमान हैं, पर आपके शिष्य समस्त प्रहणीय क्लेशों से विशुद्ध हो चुके हैं, उन्होंने मुझे पूर्ण रूप से देख लिया है।

तत्पश्चात् आचार्य शिष्य दोनों में विचार-विमर्श करके यह तय हुआ कि रसायन खाना चाहिए। आचार्य ने कर्नरिपा अर्थात् आर्यदेव को रसायन औषधि दिया और स्वयं भी खाये। कर्नरिपा ने उस दवा को एक सूखे वृक्ष पर लेप दिया, फलत: वृक्ष से छाल-पत्तियाँ निकलने लगी। आचार्य ने जब इसे देखा तो थोड़ा-सा हँस कर कर्नरिपा से कहा—तुमने मेरी रसायन औषधि लकड़ी पर लगा दी, अब हमारा रसायन ले आओ। कर्नरिपा ने कहा कि यदि गुरुजी चाहें, तो अवश्य ले आऊँगा।

यह कहकर उन्होंने एक सुराही पानी से भर दी और उसमें थोड़ा-सा अपना मूत्र छोड़ दिया। उस पानी को फिर सूखी लकड़ी पर लगाया, तो पूर्ववत् उसमें छाल और पत्तियाँ उगने लगी। मालूम हो गया कि यह भी रसायन बन गया है। उसे लेकर आचार्य के पास गये और वह रसायन आचार्य को दे दिया। आचार्य ने कहा—यह इतना अधिक बन गया, कहकर उसे सूखे वृक्ष पर लगाया तो छाल और पत्तियाँ निकल आयी। यह तो आचार्य का अपने शिष्य के अन्दर ज्ञान उत्पन्न हुआ या नहीं, इसकी परीक्षा थी।

जब उनको यह मालूम हो गया कि शिष्य के अन्दर ज्ञान उत्पन्न हो चुका है तब उन्होंने कहा कि अब तुम संसार में मत बैठो। यह सुनते ही वह आकाश मार्ग से जाने के लिए भूमि से उड़े। कर्नरिपा के साथ जो पहले से ही (वृक्षदेवी) थी, उस लड़की को उन्होंने कहा कि आपने किस आशय से मेरी सेवा की है? लड़की ने उत्तर दिया मुझे कुछ नहीं चाहिए। मैंने केवल आपकी आँख के प्रति आसक्त होकर आपकी सेवा की है, अत: मुझे आपकी आँख चाहिए। आचार्य ने अपनी एक आँख निकालकर उसे दे दी। फलत: सर्वत्र यह प्रसिद्ध हो गया कि—आर्यदेव 'एकाक्ष' (काने) हैं, इसीसे उनका नाम 'कानपा' प्रसिद्ध हो गया।

आर्यदेव अथवा कर्नरिपा के नागार्जुन के, उपदेश के अनुसार साधना-अभ्यास करने से चित्त के सभी मल विशुद्ध हो गये। सन्तति अति विशुद्ध एवं विमुक्त हो जाने से गुरु की वाणी सुनते ही आकाश में सात ताल के वृक्ष की बराबर ऊँचाई पर बैठकर, अपने अनेक लोगों को धर्म का उपदेश दिया और आशय और अध्याशय परिपाक कराया। जब अपने नीचे, अपने गुरु को रहते देखा, तो आकाश से ही नीचे सिर करके आचार्य को प्रणाम किया। जब ऊपर के आकाश में उड़े तो ऊपरी देवताओं ने पुष्प वृष्टि की। वहीं से वह अदृश्य हो गये।

आचार्य आर्यदेव अथवा कर्नरिपा, दो नाम वाले का वृत्तान्त समाप्त॥

१९. थकनपा का वृत्तान्त

गुरु थकनपा (ठगने वाला) का वृत्तान्त इस प्रकार है। इनका जन्म-स्थान पूर्वी भारत था। ये जाति के शूद्र थे, कर्म से अन्त (सबसे नीचे) क्रम में जीविका चलाने वाले थे।

वह एक दिन किसी वृक्ष की शाखा पर बैठकर यह सोच रहे थे कि लोगों से कैसे झूठ बोला जाय। इस तरह की कल्पना में लीन थे, तब तक उनके पास सुनिपुण एक भिक्षु पधारे और उन्होंने कहा— तुम यहाँ क्या करने बैठे हो?. उसने उत्तर दिया— आर्य मैं यह नहीं कह सकता। भिक्षु ने कहा— तुम झूठ न कहो और बोलो। यदि तुम झूठ बोलोगे, तो उसके परिणाम स्वरूप तुम नरक योनि में पैदा होगे। कर्म-निष्यन्द फल झूठ बोलने की इच्छा तुम्हारे अन्दर बराबर चलती रहेगी और तुम लोगों के अविश्वास के पात्र बनोगे। उसका अधिपति फल परलोक में अपने जीव पर खेत में हल की तरह चलेगा। भोग्य निष्यन्द-फ़ल, मुख से दुर्गन्ध आना, वचन का असत्य आदि होना और उसका पौरुष-फल, लावणिक-भूमि में पैदा होना, फल अन्नादि के रस हीन स्थान में पैदा होना आदि कहा गया है।

वह व्यक्ति झूठ बोलने के विपाक परिणाम, जो पहले नहीं सुने थे सुनकर बहुत भयभीत हो गया। सच बोलने लगा— आर्य! मैं तो थकनपा (ठगने वाला) नाम का आदमी हूँ। सदा झूठ ही बोला करता हूँ। सच तो एक बाल के शतांश (सौवें भाग) भी नहीं बोलता हूँ। अभी भी किस को क्या और कैसे झूठ बोलूँ, यही सोच रहा हूँ।

भिक्षु ने उससे कहा तुम कुछ धर्म-कार्य नहीं कर सकते हो?

थकनपा ने कहा धर्म तो अवश्य करना चाहता हूँ, किन्तु आरम्भ से झूठ बोलने की आदत बन चुकी है, अतः इसको छोड़ नहीं पाऊँगा।

भिक्षु ने पुनः कहा— झूठ बोलने पर भी धर्म चल सकता है। ऐसा उपदेश (उपाय) मेरे पास है। थकनपा इससे बहुत प्रसन्न हो गया और कहने लगा कि (वही) धर्म हमें चाहिए, आप दें।

उस समय भिक्षु ने उसके (थकनपा के) विचार, आशा और अध्याशय के अनुसार कान से पानी निकालने की विधि नामक (जैसे कान में पानी घुस जाने पर निकाला जाता है ऐसे) शिक्षा दी और झूठ ही झूठ का प्रतिपक्ष हो, ऐसी भावना के लिए उसे तैयार किया। इस सिलसिले में उन्होंने प्रथमतया (साधना) सन्तति परिपाक के हेतु उसे (थकनपा को) अभिषेक प्रदान किया। उनके द्वारा दिये, साक्षात् उपदेश इस प्रकार हैं—

'समस्त ज्ञेय धर्म आदि काल से ही झूठ मात्र हैं। देखे, सुने जानेवाले आदि छः विषयों के छः इन्द्रियों के द्वारा तुमने जो कुछ भी अनुभव किये हों, वे सब के सब झूठ हैं।

''इस प्रकार (उन) सबों की झूठेपन की भावना करो (=ये सब मात्र झूठ हैं ऐसी भावना करो) तथाहि—

यह प्रतिभासित भव धर्म के,

झूठेपन को न समझने से, (तुम) कहते हो मैं (मैंने) झूठ बोला वास्तव में ज्ञान-ज्ञेय सब के सब झूठ होते हैं। इस तरह छः इन्द्रिय समूह और छहों विषय॥ १॥

झूठ है इन में सत्य कहाँ हैं?

झूठ में सत्य का अध्यास होता है।

उस अध्यवसित सत्ता के कारण ही,

जीव सांसारिक दु:ख को भोगते हैं॥ २॥

अहो! बाल (जन) झूठ को न जानने से,

उसे सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं।

इसी कारण वे ''गराड़ी-चरखे'' के तरह, बराबर संसार में भटकते हैं॥ ३॥

अत: सभी धर्मों के झूठेपन की भावना करो, जैसे शब्द झूठ है, उसी प्रकार रूप भी झूठ है।

१९. थकनपा

थकनपा दो नगरों के बीच में एक वृक्ष के मूल में बैठे हैं। उनके दोनों ओर नगर का दृश्य है। एक सिद्ध-ज्ञानी भिक्षु उनके सामने आकर कुछ पूछ रहे हैं। उनका चेहरा कुछ परेशानी की मुद्रा में है।

३०. नरोपा

नरोपा (नडपा) गहरे साँवले रंग के अर्थात् नील एवं लाल रंग मिश्रित काले रंग के हैं। सिर में जटा बाँधे हुए हैं। अस्थि से निर्मित आभूषण धारण किये हुए हैं तथा सहस्तपाद नरचर्म अधोवस्त्र के रूप में पहने हुए हैं और समाधिसूत्र या भावनासूत्र लगाकर कुछ हलके से क्रुद्ध भाव में भावना करते हुए बैठे हैं।

तद् विषयक चित्तादि की भी झूठेपन की भावना करो॥ ४॥

गुरु के यह कहने के बाद उन्होंने (थकनपा ने) समस्त ज्ञेय (ज्ञान धर्मों) के मिथ्यात्व या झूठेपन को समझा और उसकी भावना की। सात वर्ष की घोर भावना (साधना) के बाद उनमें समस्त दृश्य-जगत के झूठेपन (मिथ्यात्व) का ज्ञान उत्पन्न हो गया। समस्त धर्मों के मिथ्यात्व के ज्ञान से सत्याभिनिवेश का व्यावर्तन (मूल उच्छिन्न) हो गया।

तत्पश्चात् एक दिन उनके गुरु (वही भिक्षु, जिन्होंने उनको यह उपदेश दिये थे) आ गये। उन्होंने पुनः कहा—ये सभी धर्म झूठ के रूप में सिद्ध नहीं हैं, मिथ्यात्व में भी इनका अस्तित्व नहीं है। ये सब अनुत्पन्न, अनिरुद्ध स्वभाव शून्य हैं। तुम इस तरह की भावना करो (साधना करो)।

उन्होंने (थकनपा ने) भी यही किया और वैसा ज्ञान पाकर सभी तरह के विकल्प (बोधि) मार्ग के रूप में पाकर उन्हें परम सिद्धि की प्राप्ति हो गयी।

उनका नाम भी सर्वत्र गुरु थकनपा विख्यात हो गया। उस भाग्यशाली विनेय को उस परम गुरु ने 'कर्णे-पाताञ्जलि निःसरण अववाद' (कानों में घुसे पानी निकालने वाले उपदेश) नामक उपदेश देकर उसी शरीर के साथ उन्हें खेचर भूमि के लिए प्रस्थान करा दिया।

गुरु थकनपा का वृत्तान्त समाप्त॥

२०. गुरु नरोपा (नडपा) का वृत्तान्त

गुरु नडपा (नरोपा) जाति के मदिरा बेचनेवाले थे[१]। पर जाति (धर्म) से भ्रष्ट होकर वे पूर्वी भारत में सालिपुत्र नामक स्थान में (जीविका के लिए जंगल में) लकड़ी इकट्ठी करके बेचते थे। लकड़ी बेचते समय एक दिन उनको यह समाचार मिला कि विष्णुनगर नामक महानगर में एक बहुत बड़े विद्वान् तिल्लीपा रहते हैं। विष्णुनगर में पहुँचने पर लोगों से पूछा, तो लोगों ने कहा कि आचार्य यहाँ से भागकर चले गये हैं। यहाँ नहीं हैं। नरोपा ने सभी नगर और जगहों पर उन्हें खोजा, पर नहीं मिले। बहुत दिन के बाद अन्त में एक रास्ते में उन्हें वे मिले।

नडपा ने उन्हें प्रदक्षिणापूर्वक प्रणाम अभिवादन करके आचार्य से योगक्षेम पूछा तो तिल्लिपा ने कहा कि तुम्हारा गुरु, मैं नहीं हूँ, तुम मेरे शिष्य भी नहीं हो। यह कह कर वे क्रुद्ध होकर उन्हें मारने लगे। पर नडपा इससे विचलित नहीं हुए। मिट्टी के बर्तन में भिक्षा लेते रहे और गुरु को खिलाते रहे। पर गुरु ने भोजन को लेने के बाद अत्यन्त क्रुद्ध होकर उन्हें पीटा तो भी नडपा उनके प्रति अत्यन्त श्रद्धा एवं विश्वास के साथ उनसे बचा हुआ भोजन खाते और उसके बाद प्रदक्षिणा एवं प्रणाम करते रहे।

इस तरह वह रात होते ही वहाँ (गुरु के पास) आकर सोते और सबेरे दिन निकलते ही भिक्षाटन करने चले जाते थे, भिक्षा पाकर गुरु को खिलाते। इस प्रकार बारह वर्षों तक अथक सेवा की, तो भी गुरु ने उनके प्रति क्रोध के (कटुवचन) के अलावा एक शब्द भी सामान्य (शब्द या वाक्य) नहीं कहा।

---

१. टिप्पणी— ''नडपा'' को यहाँ मदिरा बेचनेवाली जाति का माना है। पर अन्यत्र प्राप्त नडपा के वृत्तान्तों में इन्हें ''क्षत्रिय'' कुल का माना गया है। पद्मकर इतिहास के अनुसार यह मूलतः काश्मीर के ब्राह्मण थे। वहाँ के ब्राह्मणों में आठ प्रकार के अलग-अलग कुल होते हैं। उनमें से नडपा राजशासन चलाने वाले राजकुल के ब्राह्मण थे। नडपा=नरोपा, शब्द ''नरोत्तमपाद'' शब्द का अपभ्रंश है। इनके पिता काश्मीर के राजा ''शुभवर्मा'' (या कल्याण वर्मा) थे। इनकी माता का नाम ''श्री-मति'' था। नडपा का मूल नाम ''समन्तभद्र'' था।

द्र० पद्मकर० इति० पृ० १२७/ भो०

एक दिन एक गृहपति के यहाँ विवाहोत्सव था। वहाँ जाकर भिक्षा माँगी तो बहुत से अच्छे-अच्छे भोज्य-पदार्थ विशेष रूप से चौरासी प्रकार के विभिन्न व्यञ्जन वहाँ बने हुए थे उनमें से 'पात' (पालक) की स्वादिष्ट एक सब्जी मिली। सब लेकर गुरुजी को खिलाया, तो गुरुजी ने उस दिन यह सब बड़े चाव से लिया और विशेषतया उस शाक को खाकर तिल्लिपा ने कहा—हे बेटा! इस प्रकार का खाना तुम्हें कहाँ से मिला?

इस कथन से नडपा इतने प्रसन्न हुए मानो, उन्हें प्रथम भूमि (प्रमुदित भूमि) प्राप्त हो गई हो। सोचने लगे कि मैंने बारह वर्षों तक इनकी सेवा की, पर इन्होंने मुझे तुम कौन हो? तक नहीं कहा। आज मुझे 'बेटा' कहकर सम्बोधन कर रहे हैं।

तिल्लिपा ने पुनः कहा— 'यह स्वादिष्ट सब्जी और भी ले आओ' ऐसा कहने पर चार बार वह उस सब्जी को लेने उस घर में गये। लोग भी सहर्ष उन्हें वह सब्जी देते रहे। जब पाँचवी बार गुरु ने उस सब्जी को लेने भेजा तो नडपा ने सोचा कि उसे माँगने जायें, तो अब शर्म भी आ रही है, न जायें तो गुरुजी नाराज हो जायेंगे फिर भी वह माँगने गये, तो उस समय घर के सभी लोग अन्य कामों में व्यस्त थे। अतः सब्जी नहीं मिलने पर नडपा ने उस सब्जी को बर्तन सहित उठाकर चुरा लिया और ले आकर गुरुजी को खिलाया, तो गुरुजी ने प्रसन्न होकर सब खा लिया।

इससे खुश होकर तिल्लिपा ने कहा हे बेटा! तुम उद्यमी बेटे हो, तुमने तो अच्छा उद्यम किया और मेरी परीक्षा की। यह कहकर प्रसाद एवं अभिषेक देकर (इन्हें परिपक्व किया और वज्रवाराही की दीक्षा (अववाद) दी। तदनुसार भावना(के माध्यम से साधना) करने पर छः महीने की अवधि में ही इन्हें परमसिद्धि का लाभ हो गया। उस समय से उनका नाम नडपा सर्वत्र प्रसिद्ध हो गया।[१]

---

१. 'नडपा' के इस वृत्तान्त को किस स्रोत से ग्रहण किया गया, यह सही पता नहीं चला। नडपा की बहुत-सी जीवनियाँ पाई जाती हैं। उन सभी में प्रायः नडपा को क्षत्रिय कुल का कहा गया है। यहाँ 'नड' एक गोत्र प्रवर्तक ऋषि का नाम है। 'नड' शब्द की व्युत्पत्ति (नल + अच्,

क्रमशः ....

सभी दिशाओं से लोग इनके पूजन के लिए आने लगे और सब आने वालों को इनके हृदय-प्रदेश से विशेष प्रकाश निकलता दिखलाई पड़ता था, कुछ लोगों को तो एक मास के दूर रास्ते से यह दिखलाई पड़ता था।

इन्होंने अपरिमित विनेय लोगों का (कल्याण) अर्थ पूरा किया और अन्त में इसी शरीर के साथ वे खेचर भूमि चले गये।

गुरु नडपा का वृत्तान्त समाप्त॥

लस्य डत्वम् = नड) है; भारत में इस कुल के लोगों को चूड़ी बनाने का पेशा करनेवाली जाति माना जाता है। ये मदिरा बेचनेवाली जाति के नहीं थे।

दूसरा ये तिल्लिपा दर्शन से पहले नालन्दा महाविहार के महान् पण्डित थे और भिक्षु थे; यह निर्विवाद है। ये आचार्य दीपङ्कर श्रीज्ञान के भी गुरु थे। भोट्देशीय मारपा लोचावा के मूल गुरु थे। ये दसवीं-ग्यारहवीं सदी के महान् आचार्य थे। तिल्लिपा से भेंट होने के पहले की उनकी बहुत सी रचनाएँ भी हैं। तब इसे कैसे कहा जा सकता है कि तिल्लिपा से भेंट करते समय यह एक लकड़हारा थे? यह सब कुछ विचारणीय है।

२१. गुरु श्यालिपा का वृत्तान्त

श्यालिपा का वृत्तान्त इस प्रकार है— यहाँ श्यालिपा से तात्पर्य 'सियारवाला' है। इनका जन्मस्थान बल्हिपुर (विघपुर) था। यह जाति के शूद्र एवं मजदूरी से जीविका चलानेवाले थे।

विघपुर (बल्हिपुर) नामक नगर के समीप एक श्मशान था। उसके निकट रहनेवाले निवासियों में से एक व्यक्ति सियार की आवाज से अत्यन्त भयभीत हुआ करता था। सियार वहाँ रोज इकट्ठे होकर रात को आवाज करते थे, इससे रात-दिन वह व्यक्ति सियार के भय की ही चिन्ता में पड़ा रहता था।

एक दिन उसके पास एक भिक्षु आये और उससे भिक्षा देने के लिए कहा। उसने भिक्षु के चरणों में प्रणाम किया। सच्चे हृदय से वार्ता की, पानी पिलाया। भिक्षु ने दान की अनुशंसा (उपादेयता एवं पुण्य अर्जन की बात) का प्रवचन दिया।

उसके बाद उस आदमी ने कहा— हे आर्य! आपकी दान सम्बन्धी अनुशंसा एवं देशना बहुत अद्‌भुत है, पर इसके अतिरिक्त यदि कोई निर्भय होने का धर्म हो, तो वह मुझे अवश्य प्रदान करें। भिक्षु ने उससे पूछा कि तुम संसार के दुःख से डर रहे हो या किसी दूसरे से? उस व्यक्ति ने कहा— संसार के दुःख का भय तो सर्वसाधारण है पर मैं दुर्भाग्यवश श्मशान के निकट रहनेवाला होने से निरन्तर रात-दिन सदा सियार की आवाज से डरता हूँ। यदि इस डर की दवा कोई धर्म हो, तो मैं उसे अवश्य ही ग्रहण करूँगा।

भिक्षु ने कहा— उस भय की दवा, मंत्र एवं दीक्षा, तो मेरे पास है पर उसके लिए पहले अभिषेक करना होगा। तब उस व्यक्ति ने भिक्षु के चरणों में सोना, चाँदी आदि अनेक द्रव्य-दक्षिणा के रूप में समर्पित किया और उनसे अभिषेक ग्रहण किया।

उनका अववाद (दीक्षा) भय से भय प्रहाण का अववाद था। वह इस प्रकार है—

'तुम शत्रु आदि के भय से भयभीत नहीं हो, पर सियार के शब्द से भयभीत हो। अतः तुम इस लोक में जो भी शब्द-ध्वनि होती हो, सब की सब सियार

की आवाज से अभिन्न रूप में निरन्तर, रात-दिन, सदा यही भावना करते रहो। श्मशान में ही एक कुटिया बनाकर रहो। भिक्षु ने उसे यही उपदेश दिया।

उस व्यक्ति ने भी जैसा गुरुजी ने कहा, वैसा ही किया और भावना करते रहे। फलतः सभी शब्द शून्य-ध्वनि के गर्भ में सियार की आवाज से अभिन्न होकर खो गये, इस ज्ञान के अन्दर सियार की आवाज भी खो गयी। इस प्रकार उनमें स्वतः भय से मुक्त अभय महासुख की अनुभूति उत्पन्न होने लगी और इसी ज्ञान की नौ वर्ष तक भावना करते रहे। उनके काय एवं चित्त के सभी मल विशुद्ध होकर उन्हें महामुद्रा परमसिद्धि की प्राप्ति हो गई।

तत्पश्चात् एक सियार का शव कन्धे पर लेते हुए चर्या-विहार (चारिका) किया, तो दिग्-दिगन्त में उनका नाम योगी 'श्यालिपा' प्रसिद्ध हो गया।

उन्होंने विनेय जनों को अभिन्न शून्यता एवं प्रभास्वरता के अद्वैतभाव की अनेक देशनाएँ दी। अन्त में वह उसी शरीर के साथ खेचर भूमि चले गये।

गुरु श्यालिपा (श्यलिपा) का वृत्तान्त समाप्त॥

२१. श्यालीपा

श्यालीपा नृत्य अथवा बहुत प्रसन्न-मुद्रा में हैं। उनके सामने कपाल आदि श्मशान का दृश्य है। सियार का शव कन्धे पर रखा है, उसका सिर सामने की ओर लटक रहा है।

२२. तिल्लीपा

तिल्लीपा साँवले रंग के अर्थात् गहरे नील रंग के हैं। तिल कूट रहे हैं। उनकी पत्नी एक पात्र लेकर सामने से ओखली में तिल डाल रही हैं। वे पत्नी को ओर देखते हुए बड़ी प्रसन्न-मुद्रा में हैं।

२२. गुरु तिल्लिपा[१] का वृत्तान्त

गुरु तिल्लिपा का जन्म स्थान विष्णुनगर (सम्भवत: पूर्वी भारत) था। विष्णुनगर नामक स्थान में आचार्य तिल्लिपा नामक एक महान् विद्वान् रहते थे। वह राजपुरोहित थे। एक दिन में पाँच सौ माषक उनका खर्च था। वह अपरिमित शिष्य-समुदाय के बीच धर्म-उपदेश किया करते थे। इस व्यस्तता में एक दिन उन्हें यह विचार आया कि मेरे जन्म के इस तरह की व्यर्थता में बिताने से क्या होगा? यह सोचकर वे कई बार घर से भाग गये, पर परिवार के लोग उन्हें पकड़-पकड़कर ले आये और उन्हें जाने नहीं दिया। एक दिन आचार्य ने अपना चीवर वहीं छोड़ दिया और एक सिला हुआ वस्त्र धारण किया। घर में एक पत्र लिखकर रख दिया कि अब मैं लौटकर नहीं आऊँगा। लौटानेवाले न आयें। वह रातों-रात भागकर काञ्ची नगर में पहुँचे। उस नगर के श्मशान में अपने रहने की जगह बनाई और रहने लगे। भिक्षाटन करते हुए उन्होंने जीविका चलाई और साधना करते रहे।

एक दिन नारोपा(नडपा) से उनकी भेंट हुई। नडपा ने उनकी जीविका जुटाई और नडपा के लाभ-सत्कार ग्रहण करते हुए दश वर्षों तक वह साधना करते रहे। दस वर्ष में उनके सभी मल विशुद्ध होकर महामुद्रा परम सिद्धि का लाभ हुआ। देवलोक में गये, तो सभी देवताओं ने देव - नैवेद्य से उनका लाभ-सत्कार किया। काय-वाक्-चित्त सभी सिद्धियाँ प्राप्त होने के कारण सर्वत्र उनका नाम तिल्लिपा प्रसिद्ध हो गया।

अनेक विनेय जनों को (बोधि) पथ में आरूढ करके अन्त में उसी शरीर के द्वारा वह खेचर भूमि चले गये।

गुरु तिल्लिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. 'तेलोपा',—नामावली—डुवथब कुनतु पृ० ६१; बी० एन० ४० दिल्ली संस्करण।

२३. गुरु चत्रपा का वृत्तान्त

'चत्रपा' का अर्थ-धर्म की पोथी उठाकर भिक्षाटन करनेवाला है। उनका जन्म-स्थान सेन्धोनगर था। उस नगर में व्याकरण की पोथी हाथ में उठाकर वह सदा लोगों से भिक्षा माँगने जाते थे।

एक समय एक सुअभ्यस्त योगी से उनकी भेंट हुई। उस योगी ने कहा— तुम क्या कर रहे हो?

उस ने कहा— मैं जीविका के लिये भिक्षा माँग रहा हूँ।

उस योगी ने फिर कहा— तुम्हें परलोक का पथ्य नहीं चाहिए?

उसने कहा उस मार्ग को हम कैसे सोचें?

योगी ने उसको हेवज्र के मण्डल में अभिषिक्त कर दीक्षा दी। उनका दीक्षा प्रवचन इस प्रकार है—

सभी पापों की प्रतिदेशना करो,

अहोरात्र नित्य महासुख की भावना करो

पूर्व जन्मों में जो कुछ किया है,

उसे इस जन्म के शरीर में देखो,

अपर (जन्म) में जो कुछ होना है, वह अब इस

जन्म के चित्त पर निर्भर करता है॥ १॥

इस प्रकार की देर तक भावना करो तो,

(तुम्हें) इसी जन्म में बुद्धत्त्व की प्राप्ति होगी,

उसके लक्षण भी क्रमशः (प्रकट) होंगे॥ २॥

'चत्रपा' इन वचनों का अर्थ नहीं समझ पाये और उन्होंने अपने गुरु से कहा— 'यह मैं नहीं समझ पाया हूँ'।

२३. चत्रपा

चत्रपा भिक्षु वेश में और चलने की मुद्रा में हैं। पीठ में पोथियाँ उठाये हुए हैं और हाथ में भी एक छोटी-सी पोथी लिये हुए हैं।

२४. भद्रपा

भद्रपा गम्भीर स्वभाव के हैं। वे भावनासूत्र तथा जनेऊ धारण किये हुए बैठे हैं। सँवरे बाल और हलके आभूषण से विभूषित हैं। एक ओर कुछ ऊँचे स्थान पर उनके गुरुजी शिखा बाँधे हुए बैठे हैं। सामने मदिरा से भरा कलश और उस पर सुअर का मांस रखा हुआ है।

पुनः गुरु ने कहा— पाप से तात्पर्य अविद्या से है और उससे नाना प्रकार की भ्रान्तियाँ उत्पन्न होती हैं। भवलोक को 'महामुद्रा' के रूप में जाननेवाली दृष्टि से पाप की शुद्धि होती है। अहोरात्र सुख की भावना से अभिप्राय सदा करुणा की भावना करने से है। इससे स्वयं के अन्दर सुखोदय होना एक स्वाभाविक धर्मता है। पूर्व-अपर जन्म के कर्मों को अभिनिवेश पूर्वक ग्रहण न करें, तो तत्बलेन चर्या पूर्ण हो जाती है।

'आगे क्या हो' से तात्पर्य—सुख-दुःख सबका सब चित्त से ही उत्पन्न होता है, चित्त में अब भी (उनका कारणभूत) अभिनिवेश है या नहीं, देख लेना।

इस प्रकार दीर्घकाल तक—से तात्पर्य-उद्यम को बढ़ाकर (प्रयत्न को बढ़ाकर) अविक्षिप्त रूप से अपने चित्त में देखना है।

इस प्रकार सदा भावना करने से चित्त-गत भ्रान्तियाँ परिनिवृत्त होकर इसी जन्म में फूल रूपी बुद्धत्व की प्राप्ति हो जाती है।

गुरु ने इस प्रकार की देशना दी। तदनुसार चत्रपा अपने स्थान सेन्धोनगर में भावना करते रहे।

छः वर्ष के बाद उन्हें महामुद्रा परमसिद्धि का लाभ हुआ। उनका नाम सर्वत्र 'चत्रपा' प्रसिद्ध हुआ। सातवें वर्ष पाँच सौ शिष्य परिवार के साथ वे खेचर भूमि चले गये।

गुरु चत्रपा का वृत्तान्त समाप्त॥

२४. गुरु भद्रपा का वृत्तान्त

गुरु भद्रपा जाति के ब्राह्मण थे। वे "मणिधर[१]" प्रदेश के रहनेवाले थे।

उस स्थान में एक ब्राह्मण अपने परिवार के साथ एवं धन-धान्य से परिपूर्ण जीवन बिता रहे थे। वे सदा उद्यत-चित्त के साथ रहते थे। एक समय परिवार के सब लोग बाहर स्नान के लिए गए हुए थे और वह अकेले घर में थे, उनके पास तभी एक सुअभ्यस्त शिक्षित योगी आ पहुँचे। उन्होंने उनसे खाना माँगा। ब्राह्मण ने कहा—तुम गन्दे हो। हमारे परिवार के अन्य लोग मेरी निन्दा करेंगे। तुम यहाँ से शीघ्र जाओ। योगी ने कहा— हे ब्राह्मण! गन्दा किसको कहते हैं?

ब्राह्मण ने उत्तर दिया— शरीर से स्नान न किया हो, वस्त्र न हो, कपाल का बर्तन लिया हो, खाना गन्दा खाता हो, नीच जाति का हो, उसे गन्दा कहते हैं, तुम यहाँ से शीघ्र जाओ। योगी ने कहा— ये सब गन्दे नहीं हो सकते (अर्थात् तुम्हारी 'गन्दे' की परिभाषा गलत है)। काय, वाक् और मन से अकुशल ही गन्दा है, अशुचि है। शरीर धोने से चित्त का मल साफ नहीं हो सकता। जिसने गुरु के वचन (दीक्षा) द्वारा चित्त का मल धोया हो, वही शुद्ध होता है।

और भी—

महायाण गोत्रीय उत्तम होता है,
जैन ब्राह्मण ऐसा नहीं है।
काय आदि का अकुशल मल,
परम्परागत गुरु उपदेश से॥ १॥
धोये हो तो (वही) अनुत्तर शुद्धि है,
पानी से धोयी शुद्धि ऐसी नहीं है।
निरासक्त पात्र और भोजन उत्तम है,

---

१. सम्भवतः— मणिपुर।

शुक्ल त्रयादि[१] (भोजन) ऐसा नहीं है॥ २॥

यह (दोहा) कहने पर ब्राह्मण के मन में श्रद्धा उत्पन्न हुई और उसने कहा— आप इस तरह की मुझे दीक्षा दो।

योगी ने कहा— पहले मुझे खाना दो। फिर वैसा करूँगा।

ब्राह्मण ने कहा— यदि मैं यहीं बैठकर आप से धर्मोपदेश सुनूँ तो परिवार के लोग और अन्य लोगों को अच्छा नहीं लगेगा उन्हें श्रद्धा नहीं है।

जहाँ आप रहते हैं (धर्मोपदेश सुनने के लिए) मैं वहाँ आऊँगा। आप कहाँ रहते हैं?

योगी ने कहा—मैं श्मशान में रहता हूँ। सुअर का मांस एवं मदिरा लेकर तुम वहीं आओ।

ब्राह्मण ने कहा— हम ब्राह्मण लोगों के लिए मदिरा एवं शूकर के मांस का नाम तक का उच्चारण करना अनुचित है, तो वहाँ कैसे ले आ सकते हैं?

योगी ने कहा— यदि तुम्हें दीक्षा चाहिए तो ले आना।

ब्राह्मण ने कहा— दिन में तो मैं वहाँ नहीं आ सकूँगा। रात को वैसा करके आऊँगा।

तत्पश्चात् रात में ब्राह्मण ने अपनी वेश-भूषा बदली और बाजार में जाकर मदिरा एवं शूकर का मांस खरीदा। उसे लेकर श्मशान गया। योगी को उसे खिलाया।

योगी ने उसको स्वयं तो खाया ही, ब्राह्मण को भी खिलाया। उसके बाद "अधिष्ठान-उत्क्रान्ति" नामक अभिषेक देकर (उसे दीक्षित किया) ब्राह्मण को अभिषेक के लिए मण्डल अर्पण करने को कहा और उसने वैसा ही किया। ब्राह्मण के मन में निहित जाति-विकल्प को तोड़ने के लिए वहाँ उनसे झाड़ू देकर सफाई

---

१. शुक्लत्रय तीन प्रकार की सफेदी वाला भोजन = दूध, दही और नवनीत की मक्खन = से निर्मित नैवेद्य खाना।

कराई और इसके द्वारा दृष्टि (विशुद्धि) का संकेत दिया। उसके बाद उनसे वहाँ लिपाई भी करवाई। इसके द्वारा 'चर्या' विशुद्धि का संकेत दिया, लिपाई के रंग द्वारा भावना का संकेत दिया गया। इन तीनों (दृष्टि, चर्या और भावना) के एकत्व (अर्थात् अद्वैत भाव) से फल का संकेत दिया गया है। उसके बाद, ब्राह्मण ने उपर्युक्त सभी संकेतों का अभिप्राय समझ लिया। फलत: उन्हें भवलोक की भ्रान्तिओं (के अस्तित्व) की विवर्त-मात्रता का अवबोध हो गया। उसने सभी प्रकार के जाति विकल्पों का परित्याग कर दिया और योग में प्रवेश लेकर भावना की। छ: वर्ष की अवधि में उसे 'महामुद्रा परमसिद्धि' का लाभ हो गया। सर्वत्र योगी भद्रपा के नाम से वह प्रसिद्ध हो गये।

अनेक जगत् कल्याण करने के बाद पाँच सौ शिष्य परिवार के साथ वह उसी शरीर से खेचर भूमि चले गये।

गुरु भद्रपा का वृत्तान्त समाप्त॥

२५. धुखन्तिपा

धुखन्तिपा श्मशान में बैठे हुए हैं। श्मशान के बहुत से चिथड़े (कफन) इकट्ठे करके हाथ से सिल रहे हैं। वे प्रसन्न-मुद्रा में हैं।

२६. गुरु योगिपा

योगिपा (या अयोगिपा) श्मशान में सो रहे हैं अर्थात् लम्बे होकर लेटे हैं। वे लम्बी जटा की शिखा बाँधे हुए हैं।

२५. गुरु धुखन्धि का वृत्तान्त

गुरु धुखन्धि, धुखन्धि का अर्थ दो का एक करनेवाला है। इनका जन्म-स्थान गन्धापुर (सम्भवत: गन्धार) था। वह जाति से भिखारी कूड़ा-कर्कट उठाने वाले, (संभवत: जमादार) थे। एक दिन एक निपुण योगी उनके निकट आ पहुँचे। योगी ने उनसे कहा—तुम व्यर्थ इस तरह के दु:ख क्यों भोग रहे हो? क्या कोई धर्म ग्रहण नहीं करोगे?

उसने कहा— मुझे धर्म उपदेश कौन देगा?

योगी ने कहा— मैं दूँगा, यह कहकर उन्होंने उस (व्यक्ति) को श्रीचक्रसंवर के मण्डल में प्रवेश कराकर अभिषेक दिया और उत्पत्ति तथा सम्पन्न-क्रम दोनों की युगल भावना की देशना दी। जब वह भावना करता तो कपड़ा (चिथड़े) सिलाने के विकल्प ने उसे भावना करने में अनिच्छा पैदा कर दी।

पुन: उन्होंने योगी से कहा कि हे योगी महाराज! मेरे चित्त-विकल्प से विक्षिप्त होकर मन में भावना करने में अनिच्छा पैदा हो रही है। इस पर योगी ने कल्पना को मार्ग में बदलने की देशना दी। वह इस प्रकार है—

'धर्मों के तात्विक रस में सीना, सिलाई कुछ नहीं होती इष्टदेव और मंत्र भी वैसे ही हैं, तीनों (के प्रकार इस) का ज्ञान ही धर्मधातु है[१]।'

उस (जमादार) ने भी वैसी भावना की, तो कपड़े सिलने की कल्पना देवता और मंत्र तीनों धर्मता के रस में खो गये। उसे उत्पत्ति और सम्पन्न-क्रम का युगनद्ध ज्ञान उत्पन्न हो गया। बारह वर्षों तक साधना करने पर उसे 'महामुद्रा परमसिद्धि' की प्राप्ति हो गई। तत्पश्चात् अपरिमित जगत्-कल्याण के बाद वह खेचर भूमि चले गये।

गुरु धुखन्धि का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. अर्थात्- तात्विक अर्थों में सीना और सिलाई का कोई अपना स्वभाव नही होता है, ठीक वैसे ही इष्टदेव और उसके मंत्रों का स्वभाव है। इन तीनों की नि:स्वभावता का यथार्थ ज्ञात हो जाता है, वही धर्मधातु के स्वभाव का साक्षात्कार है।

२६. गुरु अजोगी का वृत्तान्त

गुरु अजोकि (अजोगी-अयोगी) का अर्थ है, आलस्यवाले, आलसी। इनका जन्म-स्थान पाटलिपुत्र था। वहाँ एक गृहपति का पुत्र बहुत अधिक मोटा हो जाने से चारों चर्या (खाना, शौच करना आदि) सोकर ही किया करता था। उसके माता-पिता एवं सभी सम्बन्धियों ने यह कहकर कि इस तरह के पुत्र से क्या हो सकता है, अपशब्द कहते हुए उसे श्मशान पहुँचा दिया।

वह श्मशान में ही सोता रहा, एक दिन वहाँ एक योगी आये और उस सोये हुए लड़के को देखकर उन्हें बड़ी दया आयी। योगी ने नगर से खाना आदि ले आकर उसे खिलाया, पर उसे खाना खाते समय भी नहीं उठते देखकर योगी ने कहा— तुम खाना खाते समय भी नहीं उठ पाते, तो लौकिक कार्यों में कौन-सा काम कर पाओगे?

उस व्यक्ति ने कहा— मेरे कुछ भी करने में असमर्थ होने के कारण मेरे माता-पिता ने मुझे यहाँ त्याग दिया है।

योगी ने कहा— क्या तुम सोते हुए कुछ धर्म-कार्य कर सकोगे?

उसने उत्तर दिया— कर तो सकता हूँ, परन्तु मेरे जैसे को धर्म-उपदेश कौन देगा?

योगी ने कहा— मैं देता हूँ। यह कहकर योगी ने उसको 'हेवज्र' के मण्डल में प्रवेश कराया और अभिषेक दिया तथा अगम्भीर[१] सम्पन्नक्रम का उपदेश दिया और कहा कि ऊर्ध्व द्वार के, नासिका के अग्रभाग में सरसों के बराबर बिन्दु के अन्दर त्रिसहस्र लोक धातु (पूर्ण रूप से) समाविष्ट कर भावना करो।

उस व्यक्ति ने पूछा— ऐसा करने पर क्या-क्या लक्षण प्रकट होंगे?

---

१. यहाँ अगम्भीर से तात्पर्य सप्रपञ्च सम्पन्न-क्रम से है।

योगी ने कहा— अभ्यस्त हो जाने पर समझ में आयेगा। उसने वैसी ही भावना की, तो सरसों के बराबर बिन्दु एवं त्रिसहस्त्र लोक, दोनों शून्यता के रस में खो गये और उन्हें शून्यता, महामुद्रा का ज्ञान प्राप्त हो गया। नौ वर्षों तक इसी की भावना करने पर उन्हें 'महामुद्रा परमसिद्धि' प्राप्त हुई।

अनेक जगत्-कल्याण के बाद उसी शरीर के साथ वह खेचर भूमि चले गये।

गुरु अजोगी का वृत्तान्त समाप्त॥

२७. गुरु कलपा का वृत्तान्त

कलपा का अर्थ है विक्षुब्ध। इनका जन्म-स्थान राजपुर था। इनके गुरु एक सुअभ्यस्त सन्ततिवाले योगी थे।

कलपा पूर्व जन्म में की गई क्षान्ति भावना के फलस्वरूप अत्यन्त सुडौल और सुन्दर शरीर के थे। राजपुरी के सभी लोग इन्हें देखने के लिए इनके पीछे पड़ते थे। वह इस घटना से अत्यन्त उद्विग्न और क्षुब्ध होकर एक दिन श्मशान में जा बैठे, तब तक एक बड़े निपुण योगी वहाँ आ पहुँचे।

योगी ने कहा— तुम यहाँ क्या कर रहे हो?

उन्होंने कहा—मुझे नगर के सभी लोगों ने चैन से रहने नहीं दिया, इसलिए यहाँ आकर बैठा हूँ।

योगी ने कहा— तुम्हें कोई धर्मोपदेश तो नहीं चाहिए?

उन्होंने कहा— धर्मोपदेश तो अवश्य ही चाहता हूँ, पर मुझे यह कौन देगा?

योगी ने कहा— यदि तुम्हें धर्म की आवश्यकता हो, तो मैं देता हूँ, यह कहकर इन्हें 'चक्रसंवर' के मण्डल में प्रवेश कराकर अभिषेक दिया। दीक्षा देकर इन्हें 'उत्पत्ति' एवं 'सम्पन्न-क्रम' की भावना करने दिया। फलतः इन्हें उत्पत्ति एवं सम्पन्न-क्रम का युगनद्ध ज्ञान हो गया और इनके अन्दर स्व और पर के द्वैतभाव का आलम्बन खो गया। उस के बल से उत्पन्न मुक्त चर्या का आचरण किया तो राजपुरी के सभी उन्हें पागल कहने लगे।

तब इन्होंने निम्न दोहा कहा—

आत्म-ग्रहण से पर को देखता है, द्वैतभाव से दुःख पैदा होता है,

प्रबुद्ध ऐसा जानने से, विकल्प देव-मण्डल।

(एवं) 'अ' अक्षर के अन्दर में ही, जैसे इन्द्रधनुष आकाश में तिरोहित होता है; उसी प्रकार उत्पन्न, निरोध, स्थिति तीनों, चर्या पागल मैंने नहीं किया।

२७. गुरु कणकणपा

कणकणपा श्मशान में बैठे हुए हैं। रूप-रंग के बहुत सुन्दर हैं। हलकी-सी जटा-शिखा बाँधे हुए हैं। भावना-सूत्र धारणकर समाहित-मुद्रा में बैठे हैं। सामने एक स्त्री खड़ी है।

२८. धोबीपा

धोबीपा नदी के समीप बैठे हुए हैं। बहुत से पुराने कपड़े लेकर नदी में धो रहे हैं। बहुत दूर देख रहे हैं तथा अन्दर से गम्भीर चिन्तन का भाव झलक रहा है।

सुखी है, अद्वैत बल से सम्भूत चर्या,

सुखी है अनिरोध प्रभास्वर ज्ञान;

अनिरुद्ध छः विज्ञान-समूह की भावना सुखी है, सुखी है निराभोग फल की प्राप्ति।

यह कहकर वह आकाश में सात ताड़ वृक्षों की ऊँचाई तक ऊपर उड़ गये और अनेक प्रतिहारियाँ (चमत्कार)दिखाये।

उनका नाम सर्वत्र 'गुरु कलपा' प्रसिद्ध हो गया। अन्त में वह खेचर भूमि चले गये।

गुरु कलपा का वृत्तान्त समाप्त॥

२८. गुरु धोबीपा का वृत्तान्त

गुरु धोबीपा जाति के धोबी थे और उनका जन्म-स्थान सालिपुत्रनगर (शारिपुत्रनगर) था। उस नगर में वह और उनका पुत्र, दोनों सदा कपड़ा धोने का कार्य करते थे, इसी से वे अपनी जीविका चलाते थे।

एक दिन एक बड़े योगी उनके यहाँ आये और उन दोनों पिता-पुत्र से खाना माँगा। उन दोनों ने योगी को खाना खिलाया और पूछा कि 'भन्ते' आपके कोई कपड़ा धोना तो नहीं है? यदि हो तो, हम लोग धो देंगे। योगी ने एक कोयले का टुकड़ा हाथ में उठाकर कहा— इसको धोने पर मल से शुद्ध हो सकता है?

धोबी के बेटे ने उत्तर दिया—कोयला तो स्वभाव से ही काला है, इसे धोकर सफेद नहीं किया जा सकता।

योगी ने कहा—तुम लोगों ने बाहर के मल तो साफ किए, पर इसके अन्दर के तीनों क्लेशों का मल शुद्ध नहीं होता और बाहर के स्नान से आदमी शुद्ध होता हो, ऐसा मैं नहीं देखता। अतः सदा स्नान करने की आवश्यकता न हो, एक ही स्नान से शुद्ध हो जाने की दीक्षा मेरे पास है। वह तुम्हें नहीं चाहिए?

धोबी (पिता-पुत्र) ने कहा— महाराज! यदि ऐसा हो तो हमें अवश्य चाहिए। योगी ने धोबी के पुत्र को वहीं श्रीचक्रसंवर के मण्डल में प्रवेश कराकर अभिषेक, दिया। मंत्र, मुद्रा और समाधि के द्वारा अधिष्ठित किया तथा उपदेश दिया। (तदनुसार उन्हें साधना में लगाया) साधना करने पर बारह वर्ष के बाद मुद्रा के द्वारा शारीरिक मल की शुद्धि हो गई। मंत्र से वाक्-मल की शुद्धि हो गयी और समाधि के द्वारा चित्त सम्बन्धी मल की विशुद्धि हो गई।

उनका उपदेश इस प्रकार है—

प्रज्वलित मुद्रा-जल के द्वारा, शारीरिक मल धोया जाता है

अलि-कलि जल द्वारा, वाक्-मल धोया जाता है,

वीर-माता-पिता के योग से, चित्त-मल का समुच्छेद किया जाता है।

इस प्रकार उन्होंने, 'काय मुद्रा' 'वाक् जप' और चित्त-उत्पत्ति एवं 'सम्पन्न-क्रम' की अविरल भावना की। फलस्वरूप उन्हें 'महामुद्रा परमसिद्धि' प्राप्त हो गई। उस समय पानी में गन्दे कपड़े छोड़ देने पर बिना धोये विशुद्ध होते सब लोगों ने देखा। लोगों को यह मालूम हुआ कि इन्होंने विशेषता प्राप्त की है।

इनका नाम भी सर्वत्र धोबीपा प्रसिद्ध हो गया। बहुजन-हितार्थ साधने के बाद सौ वर्ष की अवस्था में वे उसी शरीर द्वारा खेचर भूमि गये।

गुरु धोबीपा का वृत्तान्त समाप्त॥

२९. गुरु कङ्कनपा का वृत्तान्त

गुरु कङ्कनपा का वृत्तान्त इस प्रकार है—इनका जन्म-स्थान (सिन्ध) विष्णुनगर था। जाति के यह क्षत्रिय थे। उक्त नगर में एक राजा रहता था, जिसकी अपार सम्पत्ति थी और उसका राज्य बहुत सम्पन्न था। काम-गुणों के भोग में कोई कमी नहीं थी। वैसे दिन बिताते समय एक दिन एक सुनिपुण योगी उस (राजा) के पास आ पहुँचा और उससे भिक्षा माँगी। राजा ने उसे बहुत उत्तम भोजन कराया।

(भोजन समाप्ति के बाद) उस योगी ने राजा से कहा— हे राजन्! राजश्री निःसार है, भवगतश्री से सब कुछ दुःख ही हुआ करते हैं। जन्म-मरण, पानी की चरखी (गराड़ी) के समान घूमते हैं; विभिन्न दुःखों का कोई अन्त नहीं है। स्वर्ग-सुख का भी एक परिणाम दुःख है। त्रिसहस्र का चक्रवर्ती राजा भी दुर्गति में उत्पन्न होता देखा जाता है। अतः इस प्रकार के आडम्बरपूर्ण काम-गुण, जो तृणों पर जमे ओस-बिन्दु के समान हैं, के प्रति आसक्ति छोड़कर महाराज आप धर्म ग्रहण करें।

राजा ने उत्तर दिया—योगी महाराज! यदि काम-गुणों को बिलकुल न त्यागे कोई धर्म साधना होती हो, तो अवश्य ही करूँगा, अन्यथा सिले वस्त्र एवं भिक्षा से भोजन पूरा करके, मैं जीवित नहीं रह सकूँगा।

योगी ने कहा— सिले गये वस्त्र (चिथड़े) और भोजन भिक्षा पर निर्भर हो तो बहुत उत्तम है। अतः आपको भी इसका सेवन करना होगा।

राजा ने कहा—सिलाए गये वस्त्र, खाने का बर्तन, कपाल और (लोगों के द्वारा प्रदत्त) बासी खाने से मुझे बहुत घृणा आती है। यह हम से सम्भव नहीं है।

योगी ने कहा—तुम इस तरह का अभिमानपूर्वक राज-कार्य करोगे तो अन्त में दुर्गति का दुःख भोगना (ही) पड़ेगा। मुझे सिले वस्त्र (चिथड़े), बासी खाने और कपाल का पात्र ग्रहणकर घूमने पर भी फल अनास्रव-सुख की प्राप्ति होगी। अतः हम दोनों का राज्य बहुत भिन्न है। फिर भी काम-भोग बिना त्यागे धर्म की साधना करने का उपाय (मेरे पास) अवश्य है।

२९. गुरु कङ्कनपा

कङ्कनपा अपने हाथ के कङ्कण-प्रभा को देख रहे हैं। इसी पर उनकी समाधि लगी है। हलके अलङ्कार एवं भावना-सूत्र धारण किये हुए हैं। सामने आकाश की ओर से कुछ देवी-देवता उनकी पूजा कर रहे हैं।

३०. कम्बलपा

कम्बलपा भिक्षु के वेश में हैं। ये पत्थर की चट्टान के बीच गुफा के अन्दर समाहित-मुद्रा में बैठे हुए हैं।

राजा ने कहा—तब तो मैं अवश्य ही धर्म ग्रहण करूँगा, आप दें।

तत्पश्चात् योगी ने राजा से कहा— हे राजन्! तुम अपने हाथ के प्रज्वलित रत्न कङ्कण के प्रति आसक्ति और अभिमान त्याग दो। उस कङ्कण में जटिल प्रज्वलित रत्न-प्रभा एवं निरासक्त-चित्त दोनों को एक करके (अद्वयभाव से) भावना करो।

(इस सम्बन्ध में कहे दोहे निम्न प्रकार हैं)—

कङ्कन के सुप्रज्वलित प्रभा को देख अपना चित्त भी सुखी,
बाह्य नाना प्रत्ययों से अनेक वर्ण आ भी जाय।
परिवर्तन नहीं आता उसके स्वभाव में तत्सदृश नाना आभासों से,
विविध विकल्प-स्मृतियाँ आ भी जाय चित्त प्रज्वलित रत्नवत्।

इस देशना के बाद, राजा ने दाहिने हाथ के कङ्कण (जो प्रज्वलित रत्न-जटित सुवर्ण का बना हुआ था) को आलम्बन बनाकर उसी में चित्त लगा कर भावना की। छः महीने में ही उन्हें सिद्धि प्राप्त हो गयी।

एक दिन उनके नौकरों ने बन्द दरवाजे के छिद्र से देखा, तो उन्हें (अन्दर) अनेक देवनारियों से परिवृत देखकर सब लोग अचम्भित हो गये। अन्दर जाकर उनसे उपदेश के लिए प्रार्थना की, तो उन्होंने (राजा ने) अपने मुख से कहा—

निम्न दोहा—

चित्त ज्ञान ही राजा है, राज्य है महासुख,
(दोनों की) युगनद्ध (स्थिति) है परम भोग, राजा चाहो, तो वैसा ही करो।

उसके बाद वे अपने परिवार और विष्णुनगर के (बहुत से) नागरिकों को साथ लेकर पाँच सौ वर्ष की अवस्था में उसी शरीर के साथ खेचर भूमि चले गये। उनका नाम सर्वत्र कङ्कणपा प्रसिद्ध हो गया।

गुरु कङ्कणपा का वृत्तान्त समाप्त॥

३०. गुरु कम्बलपा का वृत्तान्त

कम्बलपा का जन्म-स्थान 'ककरम' (सम्भवतः कांगड़ा या कंगढ़) था।

वे जाति के राजपूत थे। उनकी गुरु उनकी जन्मदाता माँ ही थी और इष्टदेव श्रीमहासुख अथवा चक्रसंवर थे।

एक समय ककरम प्रदेश में एक राजा अस्सी लाख जनसंख्या के जनपद पर राज करते थे। उनके दो पुत्र थे। पिता के देहान्त होने पर उनके ज्येष्ठ पुत्र को वहाँ की जनता ने राजगद्दी पर बैठाकर राज्याभिषेक कराया, क्योंकि वे बहुत भद्र स्वभाव के थे।

उनके पुण्य (सौभाग्य) से जनता बड़ी सुखी और धन-धान्य से परिपूर्ण थी। वह सोने, चाँदी आदि के बर्तनों को खाने-पीने के लिए उपयोग किया करते थे।

राजपुत्र को राजगद्दी पर बैठे छः महीने बीत गये पर उनकी माँ से उनकी भेंट नहीं हुई। एक दिन उन्होंने पूछा— मेरी माँ कहाँ गई? यहाँ क्यों नहीं आती? लोगों ने उत्तर दिया— माँ, पिताजी के देहावसान से दुःखी होकर बैठी हैं, इसलिए वह यहाँ नहीं आती।

एक वर्ष के बाद माँ उनके पास आई और रोने लगी।

राजा ने पूछा कि हे माँ! आप क्यों रो रही हैं?

माँ ने कहा—तुम रत्न-जटित सिंहासन पर बैठकर राज कर रहे हो? यह देखकर मुझे बड़ा दुःख हुआ इसलिए रो रही हूँ?

राजा ने कहा—यदि माँ इससे अप्रसन्न हो, तो छोटे भाई को राज सौंपकर मैं परिव्राजक बन जाऊँ?

माँ ने उत्तर दिया—यह तो उचित ही है।

उन्होंने तत्काल छोटे भाई को राज सौंप दिया और स्वयं घर छोड़ परिव्राजक हो गये। वे तीन सौ भिक्षु शिष्यों के साथ एक विहार में रहने लगे। पुनः उनकी माँ

वहीं आकर रोने लगी, फिर पुत्र ने माँ के चरणों में प्रणामकर, कारण पूछा— हे माँ! आप फिर क्यों रो रही हैं?

माँ ने उत्तर दिया— तुम परिव्राजक भिक्षु होकर भी राजा की तरह से परिवार और सभा-संघ के अन्दर विराजमान हो, यह देखकर मुझे बड़ा दु:ख हुआ इसलिए रो रही हूँ।

पुत्र ने फिर माँ से पूछा— फिर क्या करूँ?

माँ ने कहा— संघ-सभा त्यागकर, विरक्ति की जगह में बैठो।

राजकुमार विहार त्यागकर, शून्य जगह पर एक वृक्ष के मूल में बैठे, पर पुण्य से सम्बन्धित खाना-पीना आदि बहुत मात्रा में प्राप्त होता रहा।

पुन: उनकी माँ वहाँ आई, उन्हें देखकर रोने लगी।

पुत्र ने माँ के चरण में प्रणाम किया और पूछा— अब माँ क्या करूँ?

माँ ने कहा— परिव्राजक भिक्षु के लिए अतिरिक्त व्यर्थ जीविका-सामग्री रखकर क्या करोगे?

उन्होंने चीवर-पात्र सब वहीं छोड़कर योगी का रूप धारण किया और अन्य प्रदेश चले गये।

वास्तव में उनकी माँ एक डाकिनी थी, उनको (राजकुमार) जाते समय एक रास्ते में पुन: माँ आ मिली। वह रास्ते में ही अपने पुत्र को श्रीसंवर के मण्डल में प्रवेश कराकर अभिषेक और धर्म-उपदेश दिया। बारह वर्ष के उपरान्त वह 'महामुद्रा परमसिद्धि' प्राप्त होकर उड़ते हुए वहाँ से निकले, तो पुन: उनकी माँ अनेक डाकिनियों के साथ आकर अपने पुत्र से बोली—तुम्हारे सत्त्वार्थ (जगत् कल्याण) छोड़कर आकाश मार्ग से जाने में कौन-सी आश्चर्य की बात है? ऐसा पक्षी भी कर सकते हैं। जगत् कल्याण का काम करो।

तब वह पश्चिमी (भारत) ओग्यन (ओडियान) के मालापुर (मालपुर)[१] नामक प्रदेश में ढाई लाख अवधि के नगर में गये। (उस नगर के एक कोने में) 'करवीर'

नामक गाँव के फनशीला नामक आरण्यक-वन में 'तलचि गुफा' नामक एक गुफा थी, वहीं बैठकर उन्होंने साधना करना आरम्भ किया। यह बात वहाँ की बहुत-सी चुड़ैल, जो वहाँ रहती थी उन लोगों ने जान लिया। एक चुड़ैल पद्मदेवी नामक चुड़ैलों की प्रधान थी। उसे इस घटना की जानकारी दी गई, वह आचार्य को विघ्न डालने के लिए अनेक सहेलियों के साथ उस स्थान में आई।

उस समय आचार्य एक काला कम्बल ओढ़कर नगर में भिक्षाटन करने जा रहे थे। उनकी रास्ते में चुड़ैल-लड़कियों के एक झुण्ड से भेंट हुई।

उन लोगों ने आचार्य से कहा— आपको हम लोग भोजन दान करेंगी, अत: आप हमारे घर पधारें।

आचार्य ने उत्तर दिया— मैं एक ही घर से भोजन नहीं ग्रहण करता। अत: भिक्षाटन करूँगा। यह कहकर पद्मदेवी आदि उस झुण्ड के पास अपना कम्बल रखकर भिक्षाटन करने चले गये, तो चुड़ैलों ने एक दूसरे से परामर्श करके यह तय किया कि इस वस्तु में कुछ शक्ति होगी अत: इसे खा लिया जाय। सब लोगों ने उस (कम्बल) को खाया और जो बचा वह आग में जला दिया।

जब आचार्य लौटकर आये, चुड़ैलों से कहा कि 'मेरा कम्बल कहाँ है? दो।' तब पद्मदेवी ने एक अन्य कम्बल दिया। आचार्य ने कहा— 'मुझे तो मेरा अपना कम्बल चाहिए।' यह कहकर उसको नहीं लिया। चुड़ैल ने सोना आदि (द्रव्य) उसके दाम के रूप में दिया तो उन्होंने उसे भी लेने से इनकार किया।

आचार्य ने वहाँ के राजा के पास जाकर शिकायत की कि तुम राजा हो, यहाँ चोरों की यह भरमार क्यों है?

राजा ने पूछा— 'चोरों ने किसका क्या लूटा?'

आचार्य ने कहा 'तुम्हारी चुड़ैलों ने मेरा कम्बल चुरा के ले लिया।'

राजा ने सभी चुड़ैलों को बुलाकर कहा 'तुम लोग, इस योगी का कम्बल

---

१. ''मालपुर'' सम्भवत: आज का 'मक्का' है, जो मुसलमानों का प्रधान तीर्थ हैं। करवीर= काबा-नामक स्थान भी वहीं है। यह लामा तक्छड़ रस्पा जी की यात्रा विवरण से पता चलता है।

लौटाओ' चुड़ैलों में एक-एक कर सब लोगों ने मेरे पास नहीं है, कहकर, कम्बल नहीं लौटाया।

आचार्य वहाँ से चले और 'तलचि' गुफा में लौटकर साधना करते रहे। उन्होंने 'दश महाक्रोध' को बलि दी, तो चुड़ैलों के एक दल ने उस गुफा का पानी सूखा दिया। आचार्य ने पृथ्वी देवी को आदेश दिया कि पानी निकालो।' तो भूमि से पानी निकला। वहाँ की सभी चुड़ैलों ने एकत्र होकर चारों द्वीप (समुद्र पर्वत) सुमेरू पर्वत आदि में रहने वाली सभी चुड़ैलों को भी वहाँ आने की सूचना दी। वे सब आई और आचार्य को विघ्न डालने की चेष्टा की तो आचार्य ने उन सब लोगों को 'भेड़' बनाकर रख दिया। रानी आदि सब लड़की भेड़ बन गई और सब लोग आश्चर्यचकित हो गये। आचार्य से ऐसा न करने के लिए लोगों ने प्रार्थना की। आचार्य ने सभी भेड़ों के सिर से बाल छील कर छोड़े तो सब स्त्रियाँ (जो चुड़ैल थीं) नंगे सिर (अपने सिर में बाल न देखकर) रोने लगीं।

आचार्य उसी तलचि गुफा में बैठे रहे। एक बार काम-धातु के देवों ने गुफा की चट्टान गिरा कर आचार्य को मारने की चेष्टा की। आचार्य ने गिर रहे चट्टान को तर्जनी से निर्देश किया तो चट्टान ऊपर लौटकर आकाश में लटक गई जो अभी विद्यमान है[१]।

वहाँ के राजा ने कहा— (अपनी रानी प्रमुख) इतनी चुड़ैल एकत्र होकर भी एक आदमी का सामना नहीं कर पाई; यह क्या हो गया? अब सब लोग उनसे क्षमा याचना करो और उनसे प्रतिज्ञा लेकर उसका पालन करो? पर लोगों ने इनकी बात नहीं सुनी। तब आचार्य ने उन लोगों को एक पंक्ति में निबद्धकर कहा कि तुम लोग मेरे शासन में प्रवेश लेकर प्रतिज्ञाबद्ध रूप से नहीं रहोगी तो सब लोगों को या तो यमराज को सौंप दूँगा या घोड़ा बनाकर ले जाऊँगा। आचार्य की शक्ति से भयभीत होकर सभी चुड़ैलों ने 'त्रिशरण' की दीक्षा ली और आचार्य का वह कम्बल (जो उन लोगों ने पहले खा लिया था) उलटी कर निकाला। आचार्य ने

१. यह भी 'मक्का' में ही है।

सभी (कम्बल के) टुकड़ों को जोड़ा, तो पहले की अपेक्षा कुछ छोटा हुआ (क्योंकि कम्बल का कुछ अंश उन लोगों ने आग में जला दिया था)। पुन: उसी कम्बल को ओढ़कर वह चल दिये, तो सब लोगों ने 'कम्बलपा' कहना आरम्भ कर दिया। तब उनका नाम 'कम्बलपा' प्रसिद्ध हो गया। उनका दूसरा नाम 'श्रीप्रभात' भी कहा जाता है।

अनेक वर्षों तक जगदर्थ कर अन्त में उसी शरीर के साथ वह खेचर भूमि चले गये।

गुरु कम्बलपा का वृत्तान्त समाप्त॥

३१. गुरु डोम्बीपा

डोम्बीपा मूसल लेकर ओखली में धान कूट रहे हैं। उनके शरीर पर हलके वस्त्र एवं सिर पर जटा बँधी हुई है। उनके बगल में एक मदिरा बेचनेवाली स्त्री बैठी हुई है।

३२. गुरु भन्देपा

भन्देपा राजकुमार या राजपुत्र के वेश में अपने आसन पर बैठे हुए हैं। एक हाथ में मणिमय-चक्र धारण किये हुए हैं। दूसरा हाथ आकाश मार्ग से उड़ते हुए एक भिक्षु, जो भिक्षापात्र हाथ में लिए हुए है, की ओर संकेत करते हुए उसे देख रहे हैं। बगल में देवताओं के शिल्प-विशेषज्ञ राजपुत्र से कुछ कह रहे हैं।

३१. गुरु डिङ्गिपा का वृत्तान्त

गुरु डिङ्गिपा जाति के ब्राह्मण थे, जन्मस्थान शालिपुत्र[१] था। वह शालिपुत्र के राजा 'इन्द्रपाल'[२] के मंत्री थे। एक बार राजा के मन में सांसारिक धर्मों के प्रति संवेग उत्पन्न हुआ[३]। अपने मंत्री को साथ लेकर वह उस श्मशान में गये, जहाँ लूहिपा विराजमान थे। उस स्थान पर पहुँचने पर लूहिपा के कुटी में जाकर उनका दरवाजा खटखटाया। आचार्य ने पूछा— कौन हो?

उन लोगों ने कहा— मैं राजा और यह मंत्री है।

आचार्य ने कहा— अन्दर आओ। (अन्दर गये) आचार्य ने उन लोगों की प्रार्थनानुसार दोनों को श्री चक्रसंवर के मण्डल में प्रवेश करा के अभिषेक दिया[४]। अभिषेक की दक्षिणा[५] के रूप में उन लोगों ने अपने-अपने शरीर अर्पित कर दिये। तीनों लोग वहाँ से अन्य प्रदेश 'ओदोश' (नामक स्थान) चले गये। वहाँ तीनों आचार्य भिक्षाटन करते रहे, उसके बाद उन लोगों ने राजा को बेच दिया (इसका वृत्तान्त दारिकपा के प्रसङ्ग में है)।

---

१. कुन खेन पद् कर के अनुसार इस जगह का नाम या उनके जन्मस्थान का नाम कुमारक्षेत्र (तिब्बती अनुवाद में कुमारी क्षेत्र) था, जो दक्षिण भारत के समीपतम ओडिविषय (ओडिविष्टि का विशेष नगर) है। (पद् ई०, पृ० ७५)

२. यह राजा विमलचन्द्र का मंत्री था। (पद्० वही)

३. राजा के मन में संवेग उत्पन्न होने से पहले एक विशेष घटना घटी—वह यह कि राजा के राजधानी में 'कुमुद-पुष्प-उत्सव' होता था उस समय राजा बड़े सज-धज के साथ अपने उद्यान में जाया करता था। इस उपक्रम में राजा के लिए राजगद्दी सजा रखी थी, आचार्य लूहिपा जाकर उस गद्दी पर बैठ गये। इत्यादि। (प० कर० इ० पृ० ७५-७८)

४. कुन खेन पद् कर के अनुसार यह वहीं राजमहल में ही दिया (३० पद्-ई० पृ० ७६-७७)

५. दीक्षा के समय उनसे यह पूछा गया कि तुम ब्राह्मण हो, ब्राह्मण शुद्धता एवं जाति के बड़े प्रेमी होते हैं। हम योगी लोग मांस खाते हैं, मदिरा पीते हैं, तो मेरे प्रति श्रद्धा हो सकती है? मंत्री ने श्रद्धावान् होने का प्रमाण दिया—फिर दीक्षा हुई। (पद्० ई०, पृ० ६७-७७)

आचार्य लूहिपा और मंत्री ब्राह्मण जयन्तपुर में जाकर एक बौद्ध राजा के पास एक सप्ताह तक बैठे। उसके बाद आचार्य ने उस मंत्री को तौलकर बेच दिया इसका वृत्तान्त इस प्रकार है—

आचार्य और मंत्री दोनों (वहाँ से) एक मदिरा बेचनेवाली के पास गये। मदिरा बेचनेवाली प्रधान का दरवाजा खोलकर दोनों वहाँ पहुँचे और कहा कि तुम्हारी प्रधान कोई आदमी नहीं खरीदना चाहेगी? उस (द्वारपालिका) ने अन्दर जाकर अपनी स्वामिनी से पूछा, तो उसने उत्तर दिया— हाँ, साथ ही उनसे यह भी पूछो कि दाम क्या लोगे? बाहर आकर सब स्थिति सुनी, तो आचार्य ने कहा कि तीन सौ तोला सोना चाहिए। उसने भी उतना ही देकर उस मंत्री को खरीद लिया। पर आचार्य ने उस ब्राह्मण को देते समय एक शर्त लगाई कि इनको उद्यान में अकेला सोने दो और तुम्हारे सोने का दाम पूरा हो जाने पर इनको वापस भेज देना। यह कहकर आचार्य वहाँ से चले गये।

उस ब्राह्मण (मंत्री) ने मदिरा बेचनेवाली के यहाँ बहुत अच्छा काम किया और सब लोग उसको स्वामीजी कहने लगे। एक दिन, दिन भर काम किया और सन्ध्याकाल में खाने की प्रतीक्षा न कर रात को उद्यान में चले गये। मदिरा बेचनेवाली प्रधान को रात में स्मरण आया कि आज उनको खाना नहीं दिया गया, उसने, उनका खाना वहीं पहुँचाने के लिए भेजा। भोजन लेकर एक नौकरानी उद्यान में पहुँची तो वहाँ क्या देखती हैं कि पन्द्रह देवपुत्रियाँ ब्राह्मण पुत्र का लाभ-सत्कार कर रही हैं और वे अपने शरीर के प्रकाश में बैठे हुए हैं। यह दृश्य देखकर वह नौकरानी वहाँ से लौट गई और इस घटना को जाकर अपनी स्वामिनी से कह सुनाया। उससे उनको बड़ा पश्चाताप हुआ। उसने आचार्य (ब्राह्मण) से निवेदन किया कि आपसे हम लोगों ने बारह वर्षों तक अपने नौकर के रूप में रखकर काम लिया। हमें इसका पाप है। इसके प्रायश्चित्त के लिए अब बारह वर्ष तक आप हमारा पूज्यपद (गुरु का रूप) स्वीकार करें, हम आपकी सेवा करेंगी। पर आचार्य ने उसे स्वीकार नहीं किया।

मदिरा बेचनेवाली प्रमुख सहित जयन्तीपुरी के सभी प्रकार के लोगों को उन्होंने बहुत से धर्मोपदेश और दीक्षा दिए। अन्त में सात सौ शिष्य-परिवार के साथ वह खेचर भूमि चले गये।

जब वह मदिराशाला में काम करते थे, उस समय मुख्य रूप से वे धान कूटने का काम करते थे, इसलिए उनका नाम 'डिङ्गिपा' पड़ा। उनका दोहा निम्न॰ प्रकार है—

वेद पाठक डिङ्गिपा धान कूटक ध्यानी हो,
ओखरी में खूब धान कूटते हैं, झाडू से बिखरे को संगृहीत करते हैं।
गुरु उपदेश से धान कूटता हूँ, दूसरा काम न कर, काले धानों को कूटता हूँ। प्रथमतः कुशलों के द्वारा पाप कूटता हूँ।
प्रतिसंविद बज्र हथौड़ा है, उसका[१] प्रकाश सूर्य-चन्द्र है।
शून्य धर्मता की ओखरी में, हेय-उपादेयता को अद्वैतभाव से कूटता हूँ।
'हूँ' कार शब्द से विकल्पों के दधि मथने पर, महासुख नवनीत का सर्जन हुआ है,
और (उससे) अद्वैत रस की अनुभूति हुई है।

यहाँ डिङ्गिपा के मदिराशाला में बेचे जाने का प्रयोजन ब्राह्मण होने के नाते उनमें जाति-अभिमान-विकल्प की प्रबलता थी। जाति महत्ता का विकल्प मदिराबेचने (के कार्य) से क्षीण हो जाता है। अत: जाति अभिमान त्यागने के लिए उनको वहाँ बेचा गया।

गुरु डिङ्गिपा[२] का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. भोट भाषा में (ओद् सेर्॰) शब्द हैं,उसका हिन्दी रूप प्रकाश, प्रभाव, प्रयास होता है; यहाँ 'प्रभाव' अर्थ है, पर शब्द प्रकाश ही है।

२. इनके लिए 'डिङ्गिपा' का नामकरण इसलिए हुआ कि जब राजा और मंत्री दोनों अभिषेक एवं दीक्षा लेकर आचार्य के पास उपदेश के लिए बैठे थे, तो आचार्य ने मंत्री से प्रश्न किया कि इस समय तुम्हारे मन में सब से अधिक स्पष्ट प्रतीति किस विषय की है? ब्राह्मणमंत्री ने उत्तर दिया—'डिङ्ग' (मूसल, जिसके द्वारा धान कूटा जाता है) के शब्द का; आचार्य ने उस डिङ्ग (मूसल) के शब्द को ही आधार बतला कर शून्य-धर्मता की देशना दी। तदनुसार उन्हें सिद्धि का लाभ हुआ। इसलिए उन्हें डिङ्गि कहा गया, पा शब्द आदर सूचक है (द्र॰ पद्॰ इ॰ पृ॰ ७७)।

३२. गुरु भन्धेपा का वृत्तान्त

गुरु भन्धेपा का वृत्तान्त इस प्रकार है—भन्धे का अर्थ है— 'धनदेवधर'। इनका जन्मस्थान श्रावस्ती था और जाति के यह देवयोनि थे। उनके गुरु आचार्य कृष्णाचार्य थे।

भन्धेपा आकाश में रहते थे। एक समय एक 'आर्य-अर्हत' चीवर-पात्र और दण्ड लेकर सप्रकाश आकाशमार्ग से जा रहे थे। यह देखकर उनको बड़ा आश्चर्य हुआ। उन्होंने देव-कारीगर विश्वकर्मा से पूछा—हे स्वामी-सुत! इस प्रकार का अद्भुत व्यक्ति आकाश में उड़कर जानेवाला, यह कौन है?

विश्वकर्मा ने कहा—यह क्लेशों को प्रहीण किये हुए आर्य-अर्हत कहे जाते हैं। इसे सुनकर भन्धेपा को इसकी (अर्हत्त्व) प्राप्ति की बड़ी इच्छा हुई।

भन्धेपा ने पुनः जम्बूद्वीप की धरती पर आकर आचार्य कृष्णपा से धर्मोपदेश एवं दीक्षा के लिए प्रार्थना की। कृष्णपा ने उन्हें गुह्य-समाज मण्डल में प्रवेश कराकर अभिषेक दिया। योग-रक्षण के उपाय के रूप में चार अप्रमाणों के उपदेश दिए।

तदनुसार उन्होंने करुणा दृष्टि (दर्शन), मुदिता-भावना, मैत्रीचर्या और उपेक्षा के फल के रूप में भावना की। फलतः विपरीत भ्रान्तियों का सारा विष (सभी मल) विशुद्ध हो गया और उन्हें 'महामुद्रा परमसिद्धि' का लाभ हो गया। उनका नाम सर्वत्र भन्धेपा प्रसिद्ध होने लगा।

जब विश्वकर्मा ने उनसे पूछा कि आपने क्या कर लिया है? तब उन्होंने निम्न दोहा कहे—

निरालम्बन दर्शन, भावना के, नैरन्तर्य
माता-पिता के सदृश चर्या, आकाश के समान फल। ये चारों के अद्वैतभाव का साक्षात् दर्शन हुआ है, अब अभिनिवेशों की सिद्धि कहाँ से होगी?
अहो गुरु! अद्भुत हैं, ये पण्डितों के सदा सेव्य हैं।

श्रावस्ती आदि छः जनपदों में चार सौ वर्ष तक अपरिमित जगदार्थ करने के बाद चार सौ शिष्य-परिवार के साथ उसी शरीर द्वारा वह खेचर भूमि चले गये।

गुरु भन्धेपा का वृत्तान्त समाप्त॥

३३. गुरु तन्देपा

तन्तेपा या तन्देपा अलङ्कार एवं जटा-मुकुट तथा भावना-सूत्र धारण किये हुए हैं। वे प्रसन्न मुद्रा में 'जुआ' खेल रहे हैं (नोट—यहाँ दिखाई पड़नेवाले जुए का खेल प्राचीनतम परम्परा का लगता है, इसका स्वरूप आज भी तिब्बत, मंगोल, चीन के पश्चिमी क्षेत्रों में देखा जाता है)।

३४. गुरु कुक्कुरीपा

कुक्कुरीपा या कुकुरिपा षड् अलङ्कार जो तान्त्रिक विधि के आधार पर हड्डी से बने होते हैं, धारण किये हुए हैं और सिर पर जटा शिखा मुकुट सहित सजी हुई है। प्रेम-विह्वल मुद्रा में एक कुतिया को गोद में लिए हुए हैं।

३३. गुरु तन्तिपा का वृत्तान्त

'तन्तिपा' का अर्थ जुआ खेलनेवाला है। इनका जन्म-स्थान कोशम्भि था और जाति के यह शूद्र थे।

कोशम्भि जनपद में शूद्र जाति के व्यक्ति सदा जुआ खेलते रहते थे। इसी खेल से तन्तिपा का भी अन्त में सभी धन समाप्त हो गया, फिर भी आदत हो जाने से पुन: जुआ खेलने लगे। बाजी हार जाने के बाद उनके पास देने के लिए कुछ नहीं रह गया, तो लोगों ने उन्हें पीटना शुरु कर दिया। इससे बड़े दु:खी होकर वह एक श्मशान में जा बैठे। एक योगी वहाँ आये और उनसे मिले। पूछा कि तुम यहाँ क्या कर रहे हो?

उन्होंने उत्तर दिया—जुआ खेलना मुझे बहुत अच्छा लगता था और जुआ खेलने की आदत बन गयी; जिसके कारण मेरी सभी सम्पत्ति उसी में चली गई। अत: अब मैं काय और चित्त दोनों दु:खों से पीड़ित होकर यहाँ आ बैठा हूँ।

योगी ने कहा कि तुम धर्म ग्रहण नहीं करोगे?

उसने उत्तर दिया— मैं जुआ खेलना नहीं छोड़ सकता, यदि बिना जुआ छोड़े कोई धर्म होता हो, तो अवश्य करूँगा, और वही हमें दें।

योगी ने कहा—हाँ मेरे पास वैसा धर्म है। यह कहकर उन्होंने उसे अभिषेक दिया और यह उपदेश दिया—

जैसे जुआ से तुम्हारे धन द्रव्य क्षीण होकर अन्त में समाप्त हो गये, वैसे ही समस्त त्रिधातु की शून्यता की भावना करो। जैसे त्रिधातुक शून्य है, वैसा ही चित्त (अपने चित्त) की भी शून्यता की भावना करो।

दोहा—

जैसे जुआ से सभी प्रकार के धन का क्षय हो गया, ज्ञान जुआ से त्रिधातुक के समस्त विकल्प का क्षय कर दो, जैसे उसने अपने को पिटवा दिया।

वैसा ही विकल्पों को धर्मकाय के द्वारा पीट दो, जैसा विरक्त हो श्मशान में सोये थे।

वैसे ही महासुख के गर्भ में सो जाओ।

इस प्रकार जैसे निर्देश दिया वैसे ही उसने भावना की। फलतः त्रिधातुक विकल्प धर्मता में लीन हो गये। इस तरह के ज्ञान से निःस्वभावता में लीन होकर उन्हें 'महामुद्रा परमसिद्धि' प्राप्त हुई।

उन्होंने (अपना अनुभव) कहा—

प्रथमतया संवेग[१] का उत्पाद न हुआ हो तो मोक्षमार्ग में प्रवेश कहाँ होता?

श्रद्धा से गुरु का सेवन न किया, तो (मुझ में) परमसिद्धि का प्रवेश कहाँ से होता?

यह कहकर आकाश में ऊपर उड़े और उसी शरीर के द्वारा वह खेचर भूमि चले गये ।

गुरु तन्तिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. 'संवेग' 'विराग' का प्रथम चरण माना जाता है।

३४. गुरु कुकुरिपा का वृत्तान्त

गुरु कुकुरिपा का[१] जन्म-स्थान कपिलवस्तु (कविल-स-कुन) था, जाति के आप ब्राह्मण थे[२]।

कपिलवस्तु के एक ब्राह्मण को तन्त्र के प्रति श्रद्धा उत्पन्न हुई। वह योगी की चर्या करते हुए क्रमशः लुम्बिनी नगर जा रहे थे, रास्ते में एक कुतिया अपने से उठ पाने में असमर्थ थी। उसे देखकर उसके प्रति उनके मन में अपार मैत्री पैदा हो गई। उस कुतिया को लेकर वह नगर में पहुँचे और चारों ओर देखा, तो एक ओर एक खाली गुफा दिखाई दी। उसीमें उसे रखा। भिक्षाटन कर जीविका चलाकर वह उसी गुफा में अपनी साधना करते रहे। बारह वर्ष के बाद कुछ लौकिक सिद्धि 'अभिज्ञा' आदि की उन्हें प्राप्ति हुई।

उसके बाद त्रयस्त्रिंशत् देवताओं के निमन्त्रण पर वे त्रयस्त्रिंशत् गये पर कुतिया वहीं रह गई। आदमी के अभाव में कुतिया ने भूमि खोदी और वहाँ से जब पानी कीचड़ आदि निकला तो वह उसी को खाती रही। देवताओं ने योगी की विस्तृत भाव्य पूजा की। पर योगी को कुतिया की याद आई और वे वहाँ से लौटने की तैयारी करने लगे।

देवताओं ने उनसे कहा— आपको इतने गुण प्राप्त हो गये पर कुतिया का विकल्प? क्या इतना भी नहीं छूट सका? यह अच्छा नहीं हुआ। आप यहीं बैठें।

---

१. कुकुराजा, कुत्ताराजा, आदि नाम भी है (दुजोम-त्रिडमा इ० पृ० ८९)।

२. कुन खेन पद्मकर के अनुसार—इनका जन्मस्थान वाराणसी के पूर्व भाग में सुवर्णकुंड (भोट भाषा में 'श्रे' शब्द है) है। ये सरह के छोटे भाई थे। इनका बचपन का नाम उद्भटस्वामी था, राहुल नामक उपाध्याय से उपसम्पदा लेकर भिक्षु बने, भिक्षु का नाम वीर्यभद्र था। उसी उपाध्याय से मन्त्रयान-साधना की दीक्षा लेकर बुद्ध गया में साधना करते रहे। वहाँ उनका नाम 'त्यायिपा' प्रसिद्ध हो गया। वहाँ वे दिन में एक सौ कुतियों के बीच में रहते थे और रात में उन डाकिनियों के साथ गण-चक्र का उपक्रम किया करते थे। इस कारण उनका नाम 'कुकुरिपा' पड़ा (पद्मकर—इ०, पृ० ७२-७३)।

इस प्रकार उनको रोक दिया गया। एक समय देवताओं के मना करने पर भी उन्होंने नहीं सुना और उस गुफा में वापस लौट आये। कूकरी को देखकर उस पर हाथ फेरा, तो वह एक डाकिनी के रूप में परिणत हो गई। उसके मुख से ये शब्द निकले—

साधु-साधु कुल-पुत्र विघ्न के वशवर्त्ति न होकर तुम,

परमसिद्धि लेने आये, पूर्वसिद्धि मिथ्या है।

वह परमसिद्धि विपरीत दृष्टिवालों में भी होती है,

वह काई अद्भुत नहीं परिवर्तनशील है,

अनास्त्रव महासुख परमसिद्धि (तुम्हारी) मा (मैं) देती हूँ।

यह कहकर प्रज्ञोपाय-युगल का संकेत दिखलाया, फलत: अपरिवर्तनीय और अविपरीत दृष्टि प्राप्त होकर परमसिद्धि का लाभ हुआ।[१] उसके बाद लुम्बिनी[२] आदि सर्वत्र उनका नाम गुरु कुकुरिपा प्रसिद्ध हो गया।

अन्त में अनेक जगतार्थ के बाद कपिल कु (कपिलवस्तु) के बहुत से जन समुदाय को लेकर उसी शरीर द्वारा वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु कुकुरिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. बहुत से वृत्तान्तों के अनुसार कुकुरिपा ने 'सर्वबुद्ध समायोग तत्त्व' एवं 'गुह्यचन्द्रबिन्दु' नामक योग-तन्त्रों की साधना से परमसिद्धि का लाभ किया (दुजोम् ई० पृ० ४२, कलिमपोङ् संस्करण)।

२. तारानाथ बुस्तोन एवं दुजोम की कृतियों में 'लुम्बिनी' की जगह गया (बुद्धगया) या 'वज्रासन' ही लिखा है। (दुजोम इ० पृ० ४१-४२)। बुस्तोन ने उनका कार्य-क्षेत्र मध्यदेश का मालव (मालवा) कहा है (योगावतार—पृ० १६। 'द' पुट, B.N. ६७)।

३५. गुरु कुचिपा

गुरुकुचिपा अर्थात् कुबड़ा, उनके गले के पीछे बहुत बड़ी कूबड़ या गण्ड निकला हुआ है। जिसकी वजह से वे सामने की ओर झुके हुए हैं। भावनासूत्र लगाकर बैठे हैं। सामने आचार्य नागार्जुन कुछ उपदेश दे रहे हैं। दोनों एक वीरान स्थल पर बैठे हैं।

३६. गुरु धर्मपा

गुरुधर्मपा ब्राह्मण पण्डित के वेश में हैं। हलकी जटा शिखा, जनेऊ, गले एवं कान में हल्के आभूषण पहने हैं। एक पैर पर दूसरा पैर रखकर अध्यापन की मुद्रा में हैं। उनके आस-पास बहुत-सी पोथियाँ रखी हुई हैं।

३५. गुरु कुचिपा का वृत्तान्त

कुचिपा का अर्थ कुबड़ा है। इनका जन्म-स्थान 'कहरि' (कहिरार) नामक स्थान था। वह जाति के शूद्र थे।

कहरि नामक स्थान में शूद्र जाति का एक व्यक्ति कृषि से अपनी जीविका चला रहा था। एक समय अपने पूर्व कर्मवश उसकी गर्दन के पीछे एक मांस का टुकड़ा 'कुचि' सूज कर उभर आया। उसके बहुत बढ़ जाने के कारण उनके लिए चलना-फिरना भी कठिन हो गया। कूबड़ से दुःखी होकर वह विशेष एकान्त जगह में जाकर बैठा।

एक समय वहाँ आचार्य नागार्जुन आ पहुँचे। आचार्य को देखकर उस आदमी के मन में अपार श्रद्धा उत्पन्न हुई और अञ्जलिबद्ध करके उनके सामने बैठकर उसने कहा— 'अहो आर्य! आप कहाँ से आये हैं? मैं तो कुकर्म से पीड़ित हूँ। इस प्रकार के असह्य दुःख में हूँ। इससे मुक्त होने का उपाय आप मुझे बता दें।'

आचार्य ने उत्तर दिया—इससे मुक्त होने का उपाय तो है, पर आप उद्यमपूर्वक उसकी साधना कर पाएंगे? यदि सक्षम हों, तो समस्त दुःखों का मूल उच्छिन्न करके सुख की स्थिति प्राप्त करने का उपाय तो अवश्य है।

उसने कहा—आर्य, उद्यम से साधना क्यों नहीं कर सकेंगे, अवश्य कर सकेंगे।

तब आचार्य ने उसे गुह्य-समाज मण्डल में अभिषेक दिया। दुःख को मार्ग के रूप में परिणत करने के उपाय, उत्पत्ति एवं सम्पन्न (क्रम) की देशना दी। वह इस प्रकार है—

'उत्पत्ति-क्रम के अनुसार आलम्बन का निर्देश देते हुए आचार्य ने उनसे कहा— 'तुम अपनी गर्दन के पीछे के कुचि (मांस का टुकड़ा) को क्रमशः बढ़ते हुए भावना करो।' उसने वैसा ही किया। फलतः कुचि बहुत बढ़ गयी और दुःख पीड़ा भी पहले की अपेक्षा बहुत बढ़ गई। पुनः एक दिन आचार्य ने वहाँ आकर उनसे पूछा कि 'क्या अच्छा हुआ?'

उसने उत्तर दिया कि नहीं, इसमें तो अत्यधिक पीड़ा बढ़ रही है।

आचार्य ने सम्पन्न-क्रम के आलम्बन अनुसार उससे कहा कि समस्त धर्म (ज्ञेय-वस्तु) उसी के अन्दर संगृहीत हो रहा है; ऐसी भावना करो। उस व्यक्ति ने वैसा ही किया। फलतः उसकी वह (भयंकर) कुचि समाप्त हो गई। वह सुख से विहार करने लगा। पुनः आचार्य वहाँ आ पहुँचे और उससे पूर्ववत् अच्छा हो रहा है? यह पूछा। उसने उत्तर दिया— 'जी हाँ, बहुत अच्छा हो गया।

आचार्य ने उन्हें उपदेश दिया—

''सत्-असत् से सुखी-दुःखी हुआ करता है, जो अन्त-द्वय से विरत हो जाता है, उसमें सुख एवं दुःख कहाँ से होता है, सभी धर्म स्व-स्व स्वभाव से शून्य हैं।''

उस व्यक्ति को इसका सम्यक् अवबोध हो गया। कुचिपा को निरालम्बन 'महामुद्रा परमसिद्धि' का लाभ हो गया। वह 'कहरि' जनपद आदि [अनेक स्थानों] में सौ वर्ष तक जगतार्थ करते रहे। उनका नाम भी 'कुचिपा' प्रसिद्ध हुआ। अन्त में सात सौ शिष्य परिवार के साथ वे खेचर भूमि चले गये।

गुरु कुचिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

३६. गुरु धर्मपा का वृत्तान्त

गुरु धर्मपा-का वृत्तान्त इस प्रकार है। धर्मपा [धम्बा?] का अर्थ है, 'श्रुत-मयी प्रज्ञा'

उनका जन्म-स्थान विक्रमसुर [पुर] नामक जनपद था और वह जाति के ब्राह्मण थे।

विक्रमसुर में एक ब्राह्मण सदा श्रवण [शास्त्र सुनने] में लगे रहते थे; परन्तु चिन्तामयी एवं भावनामयी प्रज्ञा से वह शून्य थे। एक समय उनके पास एक योगी आ पहुँचे और योगी ने उनसे कहा— बहुश्रुत बुद्धि में बहुत धर्म होगा?

उस ब्राह्मण ने योगी से कहा—हे आर्य! मैंने धर्म का श्रवण तो बहुत किया, पर सुनने के तुरन्त बाद भूल जाता हूँ। [मेरे पास कुछ नहीं है, अत:] आप मुझे न भूलने की [कोई] दीक्षा [हो, तो] दें।

योगी ने उचित है, कहकर ये उपदेश दिये—

जिस प्रकार अनेक रत्नचूर्णों को सोनार सम्यक् रूप से एकत्रित कर देते हैं,

उसी प्रकार नाना प्रकार के श्रवणों को भी, चित्त-धातु के अन्दर पिघला दो।

इस [उक्ति] का अर्थ अवबोध होकर उस व्यक्ति को समस्त श्रुत-धर्मों एवं अनेक चित्त-वृत्तियों की [नाना] समरसता का ज्ञान हो गया। फलत: उन्हें 'महामुद्रा परमसिद्धि' का लाभ हुआ और उनका नाम धर्मपा प्रसिद्ध हो गया।

अनेक विनेय लोगों को मार्ग में आरूढ़ करके उसी शरीर के साथ वे खेचर भूमि चले गये।

गुरु धर्मपा का वृत्तान्त समाप्त॥

३७. गुरु महिलपा का वृत्तान्त

गुरु महिलपा का वृत्तान्त इस प्रकार है—महिलपा का अर्थ है, घमण्डी। उनका जन्म-स्थान मगध था और वे जाति के शूद्र थे।

मगध जनपद में रहनेवाला शूद्र जाति का एक व्यक्ति शरीर से बहुत बलवान एवं स्वस्थ था। वह सदा यह सोचकर कि मेरे द्वारा अभिभूत न किया जा सकनेवाला आदमी या कोई प्राणी नहीं है, इस प्रकार के अभिमान से वह सदा अभिभूत होकर रह रहा था। ऐसे में एक दिन एक योगी उसके पास आये और उसको देखकर कहने लगे कि तुम क्या सोच रहे हो?

उसने उत्तर दिया कुछ नहीं सोच रहा हूँ? योगी ने कहा — मेरे द्वारा दबाया नहीं जा सकता हो, ऐसा (दुनियाँ में) कोई प्राणी नहीं है। यह विचार क्या है?

यह सुनकर वह [बलवान आदमी] उस योगी के प्रति बहुत श्रद्धालु हो गया। उसने योगी को 'नमः' कहकर प्रणाम किया।

योगी ने उसके उत्तर में कहा— 'अभिमान का मल विशुद्ध हो'।

उस [बलवान] ने योगी से निवेदन किया कि आप मुझे कुछ धर्म का उपदेश दें।

योगी ने हो सकता है [औचित्यम्] कहकर उन्हें अधिष्ठान-उत्क्रान्ति नामक अभिषेक दिया और कहा—

''लोक [प्रतीतियों को] चित्त के रूप में ही जान लेना चित्त शून्य अनिरोध और अनुत्पाद है। उसी में निर्विक्षेप रहना भावना है, (सब कुछ) धर्मता में लीन होना फल है।''

उसने योगी से कहा— मैं नहीं समझ पाया।

पुनः योगी ने कहा—

३७. गुरु महिपा

गुरु महिपा (महिलपा) पहलवान के रूप में हैं। ये बल-प्रतियोगिता दिखाने की मुद्रा में हैं। इनके बाहु, जंघा आदि अङ्ग-प्रत्यङ्ग बहुत स्थूल एवं मोटे हैं। गले में हलके गण्ड (गाँठ) उभरे हुए हैं। उस पर कुछ मोटी झुर्रियाँ या रेखाएँ भी पड़ी हुई हैं।

३८. गुरु अचिन्तपा

गुरु अचिन्तपा निर्जन वन में आधा लेटे हुए हैं। अपने को आकाश के मध्य में सितारे के रूप में रखकर भावना कर रहे हैं। यहाँ जो उनकी चित्र-प्रतिमा दिखाई पड़ रही है, वह उनकी समाधि की अवस्था का परिचायक है अर्थात् यह मन का चित्र है।

''तुम भी बहुत बलवान हो,

तुम्हारे द्वारा नहीं हो सकता ऐसा कुछ नहीं है।

आलोक [विषय], वायु एवं चित्त, तीनों को तुम आकाश के मध्य में ही ग्रहण कर लो''

इस प्रकार उन्होंने विरोध को मार्ग के रूप में उपयोग करने का उपदेश दिया।

उस [बलवान] ने भी यह तो क्या कठिन है, सोचकर ग्रहण किया, तो ग्राह्य विषय नहीं मिल सका, जिसके कारण ग्राहक-चित्त भी खो गया। सर्वत्र 'आकाश' के मध्य-बिन्दु के समान देखकर, उन्हें 'परमसिद्धि' की प्राप्ति हो गई।

मगध अदि अनेक जगहों में तीन सौ वर्षों तक अपरिमित विनेय जनों के लिए नि:स्वभाव धर्मता की बलवत्तर देशना करते रहे। अन्त में ढाई सौ शिष्य परिवार के साथ उसी शरीर के द्वारा वे खेचर भूमि चले गये।

गुरु महिलपा का वृत्तान्त समाप्त॥

३८. गुरु अचिन्तपा का वृत्तान्त

गुरु अचिन्त का वृत्तान्त इस प्रकार है— 'अचिन्त' का अर्थ स्मृति-रहित है। इनका जन्म-स्थान 'मानिरूप' था और वे जाति के काष्टहारी (लकड़ी बेचनेवाले) थे।

वे अत्यन्त गरीब एवं दरिद्रता के कारण रात-दिन धन-द्रव्य की तृष्णा में लगे रहते थे। अन्य कोई भी लौकिक विकल्प (लोक व्यवहार की बातों के विचार) उनके मन में कभी उठते ही नहीं थे। सब समय धन-द्रव्य के विकल्प से पीड़ित होकर एक दिन एकान्त जगह में बैठे थे कि योगी कम्बलपा उनके पास आ पहुँचे। उन्होंने कहा—तुम एकान्त में काय-वाक् एकान्त होकर बैठे क्या सोच रहे हो?

उस (गरीब) ने उत्तर दिया—हे योगी! मुझे तो लौकिक धन-द्रव्य की चिन्ता के अलावा और कुछ नहीं सूझता। धन की चिन्ता करने पर भी कुछ नहीं मिलता।

आचार्य (कम्बलपा) ने कहा—मेरे पास धन-द्रव्य प्राप्त करने के उपदेश हैं। तुम इसकी साधना कर सकोगे?

उस (गरीब) ने कहा—उसकी साधना न कर पाने का प्रश्न ही नहीं है, वह मुझे अवश्य दें।

आचार्य ने उसे श्री चक्रसंवर के मण्डल में अभिषेक दिया और गम्भीर सम्पन्न-क्रम की दीक्षा दी। वह इस प्रकार है—(दोहा में)

कामना मात्र से प्राप्ति कहाँ होती है? जैसे वन्ध्या का पुत्र,

अतः काम चिन्ता को त्यागकर, अपने काय के आकाश मध्य में।

अपने चित्त को नक्षत्र के रूप में स्पष्ट भावना करो, वही धन देवता है,

साक्षात्कार होने पर समस्त इष्ट काम आ जायगा।

उसने भी इस दोहे के अर्थ अवबोध के साथ वैसी ही भावना की। फलतः

उसका धन-द्रव्य का विकल्प नक्षत्र के रस में खो गया। नक्षत्र भी आकाश के बीच में विलीन हो गये और वह निर्विकल्प की अवस्था में पहुँच गया।

तब पुनः एक दिन आचार्य ने स्वयं उसके पास आकर पूछा— क्या हुआ और क्या देखा?

उसने उत्तर दिया — कुछ भी उपलब्ध नहीं हुआ ऐसा कहकर वह निर्विकल्प की स्थिति पर पहुँच गया।

आचार्य ने उसकी निर्विकल्प (भावना) की अवस्था को देखकर, पुनः उससे कहा—(दोहा)

आकाश स्वभाव को यथावत्, तुमने विषय के रूप में ग्रहण किया है क्या?

जो वर्ण-संस्थान से रहित है, उसके प्रति कैसी आसक्ति और कैसी भावना?

शिष्य ने इसका अभिप्राय समझ लिया और उसे 'महामुद्रा' (परमसिद्धि) का लाभ हो गया। उसका नाम गुरु 'अचिन्त' सर्वत्र प्रसिद्ध हो गया। अचिन्त ने तत्त्व- धर्मता की देशना द्वारा तीन शताब्दियों तक सत्त्वार्थ सम्पादन किया; अन्त में अपरिमित शिष्य परिवारों के साथ वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु अचिन्तपा का वृत्तान्त समाप्त॥

३९. गुरु भवह (भवहि) का वृत्तान्त

गुरु भवह का वृत्तान्त इस प्रकार है। भवह का अर्थ है, जल से क्षीर (दूध) लेनेवाला। उनका जन्म-स्थान 'घञ्जुर' था। जाति के वह क्षत्रिय थे। घञ्जुर नामक प्रदेश (जनपद) में क्षत्रिय जाति के एक व्यक्ति काम-भोगों से उन्मद होकर राज कर रहे थे। एक दिन उनके पास एक सु-अभ्यस्त योगी आ पहुँचे, उन्होंने भोजन के लिए उनसे भिक्षा की याचना की। उन्हें उत्तम भोजन कराया गया और राजा उनके श्रद्धालु हो गये। राजा ने उन योगी से कहा— 'आप कुछ धर्मोपदेश दें।'

योगी ने 'समस्त धर्मों का मूल समय[2] है, सभी सिद्धियों का मूल गुरु है।' कहकर उन्हें अधिष्ठाता उत्क्रान्ति का अभिषेक दिया और 'नाड़ी' , वायु और बिन्दु की देशना दी। वह इस प्रकार है—(दोहा)—

''उपाय युक्त परदेह विशेष के,
भग रूपी मण्डल के मध्य स्थित,
रक्त के महासमुद्र में,
बोधिचित्त का दूध मिलाकर लिया करो ॥ १ ॥
(वह) अन्तिम स्थान में पहुँचने पर भीतर खींचो,
यह विछिन्न प्रवाहवाली उस सुख की तरह नहीं है।
सुख से सुख का प्रहाण होने पर,
उसकी भावना शून्यता से अभेदभाव में करो।'' ॥ २ ॥

उन्होंने भी इन (दोहों के अर्थ साक्षात्कार) की भावना का अनुष्ठान किया। बारह वर्ष बाद दर्शन-प्रहातव्य मल-विशुद्ध होकर परम सिद्धि को प्राप्त हो गये। उन्होंने अनेक विनेय-जनों के अर्थ साधन के बाद सशरीर खेचर भूमि की ओर प्रस्थान किया।

गुरु वभह (वभहि) का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. वभट्टि की जगह ववहि, वभह आदि रूप मिलते हैं। कदाचित् इन शब्दों का अर्थ 'बतख' हो।
२. 'समय' से तात्पर्य आज्ञा का शब्दशः पालन करना है।

३९. गुरु भवहिपा

गुरु भवहि या भवह राजा के वेश में हैं। वे दोनों पैर की अंगुलियों के बल पर खड़े हुए हैं। हाथ में अमृत-भरा कपाल है। एक ओर से उनकी पत्नी उन्हें आलिङ्गन कर रही है।

४०. गुरु नलिपा

गुरु नलिपा कमल से पूर्ण झील या सरोवर के तट पर बैठे हुए हैं। कमल या पद्म के समूहों से कुछ पद्म मूल सहित तोड़कर दूसरे हाथ में थामे हुए हैं। वे बहुत प्रसन्न मुद्रा में हैं।

४०. गुरु नलिनपा का वृत्तान्त

गुरु नलिनपा का वृत्तान्त इस प्रकार है—'नलिनपा' का अर्थ है, पद्ममूलवाला। इनका जन्म-स्थान शालिपुत्र था और वह क्षत्रिय जाति के थे।

शालिपुत्र जनपद में एक क्षत्रिय व्यक्ति अत्यन्त गरीब होने के कारण झील के अन्दर से पद्ममूल लेकर अपनी जीविका चला रहे थे। एक समय एक योगी से उनकी भेंट हुई। उन्होंने योगी को भी उस पद्ममूल का भोजन कराया। उस योगी ने भी उन्हें संसार के दोष एवं निर्वाण के गुणों की देशना दी।

उसने संसार के प्रति विरक्त होकर गुरु से कहा—गुरुजी! मुझे उस निर्वाण को प्राप्त करने के लिए कुछ उपाय की देशना दें। योगी ने उचिततम् कहकर उन्हें गुह्य-समाज के मण्डल में प्रवेश कराया और अभिषेक दिया। योगी का उपाययुक्त स्वकाय आश्रित उपदेश इस प्रकार था—(दोहा)

मूर्ध में स्थित महासुख (रूपी),

शुक्ल हँकार की सम्यग् भावना करनी चाहिए।

नाभि (प्रदेश) में स्थित निर्मितक अक्षर वँकार के,

प्रज्वलित प्रकाश से हँकार स्त्रवित होने पर।

नन्द, आनन्द, परमानन्द,

और सहज-आनन्द के क्रमशः

उदय होने पर, सांसारिक दोषों और,

मोक्ष (रूपी) महासुख को छोड़ते हुए लेना है॥

उसने भी (इन दोहों की यथा अभिप्राय) वैसी ही भावना की।

फलतः जैसे पद्म 'पंक' से उत्पन्न होने पर भी पंक से अस्पृष्ट होता है, वैसे ही भव्याचार-आनन्द को चार चक्रों के आधार पर भावना करने से भी आलम्बन एवं संसार के दोषों से अस्पष्ट ही रहा जाता है।

नौ वर्ष के बाद (उस भाव्य) अर्थ का अवबोध होकर सभी प्रकार के भ्रांति मलों से उनका चित्त विशुद्ध हो गया। फलत: 'महामुद्रा परमसिद्धि' का उन्हें लाभ हुआ।

उन्होंने शालिपुत्र में अनेक जगदार्थ सम्पादन किए। वह चार शताब्दी के बाद साढ़े पाँच सौ शिष्य परिवार के साथ सशरीर खेचर भूमि चले गये॥

गुरु नलिनपा का वृत्तान्त समाप्त॥

४१. भुसुकुपा

गुरु भुसुकुपा (शान्तिदेव) भिक्षु वेश में हैं। वे भिक्षुओं के बहुत बड़े संघ के बीच, बहुत ऊँची गद्दी पर बैठे हुए उपदेश-मुद्रा में हैं।

४२. गुरु इन्द्रभूति

गुरु इन्द्रभूति राजा के वेश में हैं। उनके हाथ धर्म-उपदेश एवं जलदान-मुद्रा में हैं। वे नाना प्रकार के वाद्य-संगीत के साथ नृत्य करने वाली स्त्रियों से परिवृत्त हैं।

४१. 'गुरु भुसुकु' पा का वृत्तान्त

गुरु भुसुकुपा[१] का वृत्तान्त इस प्रकार है। ये नालन्दा[२] के थे। जाति के क्षत्रिय और बड़े भद्र स्वभाव के थे। ये परिव्राजक ग्रहण करके भिक्षु बने।

उस समय नालन्दा में राजा देवपाल राज करते थे। उनके धर्मपीठ में सात सौ भिक्षुओं के संघ का भोजन-पानी आदि भव्य लाभ-सत्कार हुआ करता था। चारों निकायों के भिक्षु लोग वहाँ विद्यमान थे। उनमें से महासांघिक निकाय के एक उपाध्याय के पास तीन सौ शिष्य थे। अन्य सब लोग बड़े उद्यमी थे और सभी पाँच विद्या स्थानों के वे लोग विशेषज्ञ थे। एक क्षत्रिय भिक्षु थे। वह सब समय सोते रहते थे और उनकी पाचन शक्ति भी बहुत प्रबल थी। प्रतिदिन पाँच सेर (पका) चावल खाते थे। उसे देखकर राजा देवपाल कहने लगे— यह तो भुसुकु है। इससे उनका नाम भुसुकु प्रसिद्ध हो गया। 'भुसुकु' से तात्पर्य— खाना, सोना और शौच जाना। भुक्ता, सुप्ता और कुकता का संक्षिप रूप भुसुकु है।

उस समय नालन्दा विद्यापीठ में यह प्रथा प्रचलित थी कि वहाँ के सभी विद्वान् बारी-बारी से सभा में सूत्रों का पाठ करें। वहाँ के सभी लोग भुसुकु की बड़ी निन्दा किया करते थे। उनके उपाध्याय ने भी उनसे कहा कि 'तुमसे सूत्र-पाठ आदि कार्य नहीं हो पायेगा। अतः यहाँ से चले जाओ।'

---

१. 'भुसुकु' का अर्थ है—भुक्ता, सुप्ता और कुकता अर्थात् खाना, सोना और पचाना (पेट में पचा कर—मलमूत्र के रूप में फेंकना) समास— 'भुसुकु' है।

२. 'नालन्दा' उनका अध्ययन स्थान ही था। इनका जन्मस्थान 'भद्रनगर' या सौराष्ट्र था। ये जाति के क्षत्रिय थे। इनके पिता का नाम महाराज कल्याणवर्मा था। इनका नाम शान्तवर्मा था। बचपन से ही ये बड़े तीव्र बुद्धि के थे। एक 'भुसुकु' योगी से इन्होंने 'तीक्ष्ण मञ्जुश्री' की साधना ग्रहण की और फलतः इष्टदेव का साक्षात्कार हुआ। जब इनके पिता का देहान्त हुआ इन्हें राजगद्दी पर बैठना था। उसी समय राजमहल छोड़कर, वे नालन्दा आये थे।

(इ० बुस्तो० इ० पृ० ११३ B. vol, No 240, P. 858 । तारा, इ०, के अनुसार इनका नाम मञ्जुवर्मा था।)

भुसुकु ने उत्तर दिया—भिक्षु नियम के शील के बिना भ्रष्ट हुए मुझे स्थानच्युत करना उचित नहीं है। विद्या अध्ययन का मुझे सौभाग्य प्राप्त नहीं है। यह कहकर उन्होंने वहाँ से जाने में अनिच्छा व्यक्त की और बैठे रहे। एक दिन सभा में सूत्र-पाठ की उनकी बारी आ गयी। संघ ने उन्हें सूचना दी कि कल सभा में तुम्हारी सूत्र-पाठ की बारी है, पाठ करें। उन्होंने स्वीकार किया। नालन्दा के सभी भिक्षु एवं विद्वान् परिहास कर रहे थे कि कल भुसुकु का सूत्र-पाठ देखना है।

इससे उनके उपाध्याय[१] बहुत चिन्तित हो गये और उनसे कहा कि तुम विद्या-अध्ययन के समय तो खाते और सोते रहे। अब नालन्दा के विद्वानों के बीच में सूत्र का पाठ नहीं कर पाओगे। भुसुकु ने उत्तर दिया— 'हम सूत्र-पाठ करेंगे।' यह कहकर उन्होंने उपाध्याय की बात अनसुनी कर दी।

फिर उपाध्याय ने कहा—तुम्हारे द्वारा यदि सूत्र का पाठ ठीक से न हुआ, तो तुम्हें स्थान-च्युत किया जायगा। अतः तुम्हें यह काम छोड़ बैठना ही उचित होगा।

फिर भी भुसुकु ने कहा— 'मैं खुद जानता हूँ', उपाध्याय की बात सुना नहीं। उपाध्याय बड़ी विपत्ति में पड़ गये और उन्होंने भुसुकु को आर्य मञ्जुश्री का मन्त्र— 'ओं अर-पचन धीः' देकर कहा कि इसको रात भर बिना सोये जप करो। उन्होंने इस मन्त्र की दीक्षा ली और रातभर बिना सोये गले में रस्सी बाँधकर मन्त्र का जप किया।

फलतः आर्य मञ्जुश्री प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि भुसुकु तुम क्या कर रहे हो?

उन्होंने कहा—मुझे कल (सभा में) सूत्र-पाठ के लिए उपस्थित होना है। अतः आर्य मञ्जुश्री से प्रार्थना कर रहा हूँ।

आर्य ने कहा— तुमने हमको पहचाना?

भुसुकु— मैं नहीं पहचान पाया हूँ।

---

१. इनके उपाध्याय का नाम 'जिनदेव' था। ये नालन्दा के पाँच सौ बड़े पण्डितों के अग्रगण्य थे। जब शान्तवर्मा अपने राजमहल छोड़कर नालन्दा आये थे, तो इन्हीं के उपाध्यायत्व में उन्होंने भिक्षु संवर ग्रहण किया था। बुस्तोन इ० पृ० ११३। B. vol. No. 240, P. 8581

आर्य— मैं मञ्जुश्री हूँ।

भुसुकु— फिर मुझे प्रज्ञा-सम्पन्नता की सिद्धि प्रदान करें।

आर्य—तुम्हें मैं प्रज्ञा दूँगा, कल तुम सूत्र-पाठ करो।

यह कहकर वह अन्तर्धान हो गये।

दूसरे दिन सूत्रपाठ के समय संघाराम में राजा आदि सभी जनसमूह यह कहते हुए कि भुसुकु का सूत्र-पाठ देखेंगे, एकत्र हो गये। पुष्पादि पूजा के उपक्रम सहित भव्य व्यवस्था करके सब लोग वहाँ गये।

भुसुकुपा, संघ के दिन का भोजन विधिवत करके, निर्बाध होकर विहार में आये और गद्दी पर बैठ गये[१]। उनके विशेष प्रभाव को देखकर सब लोगों को कुछ संदेह हुआ। सामने से पर्दा लगाकर उन्होंने कहा— अब मैं पहले से ही विद्यमान सूत्र का पाठ करूँ या जो पहले नहीं है, ऐसे सूत्र का पाठ करूँ? इनके इस कथन को सुनकर पण्डित लोग एक दूसरे की ओर देखने लगे और राजा एवं अन्य जन-समुदाय इसे सुनकर हँस पड़े। राजा ने कहा— तुम्हारे खाने का ढंग भी अपूर्व है, सोना और शौच की चर्या भी अपूर्व ही है, अब धर्म भी अपूर्व ही, बतलाओ।

उन्होंने दस परिच्छेदात्मक 'बोधिचर्यावतार' का पाठ आरम्भ किया और (अन्त में) आकाश में उड़ गये। नालन्दा के पाँच सौ पण्डित, राजा देवपाल और जन-समुदाय में उनके प्रति बड़ी श्रद्धा हो गयी। उन लोगों को पुष्प आदि चढ़ाने से (सभा के चारों ओर) पुष्प की राशि धरती में घुटने भर इकट्ठी हो गई।

सब लोगों ने कहना आरम्भ कर दिया कि यह भुसुकु कहाँ है, यह तो बहुत प्रकाण्ड पण्डित है। राजा सहित सब लोगों ने इनको 'शान्तिदेव'[२] कहा। अर्थात् राजा

---

१. बहुत ऊँची गद्दी को हाथ के स्पर्श मात्र से नीचा कर देने का वृत्तान्त भी है। सामने पर्दा लगाने की बात अन्यत्र नहीं मिलती।

२. बुस्तोन के अनुसार—'शान्तिदेव' नाम उनके उपाध्याय महापण्डित जिनदेव ने उस समय रखा था जिस समय उन्होंने परिव्राजक भिक्षु संवर ग्रहण किया था। इससे पूर्व उनका नाम शान्तवर्मा था।

और सभी पण्डितों का अभिमान उन्होंने शान्त किया, अत: यह शान्ति[१]देव है। वहाँ इकट्ठे पण्डितों एवं सभी लोगों ने उनसे निवेदन किया कि इसकी (बोधिचर्यावतार की) एक टीका की रचना करें। वह बाद में की[२] गई। सब लोगों ने उपाध्याय के रूप में वहाँ रहने के लिए प्रार्थना की, तो उन्होंने स्वीकार नहीं किया।

तत्पश्चात् उन्होंने चीवर-पात्र आदि भिक्षु की उपयोगी सामग्री विहार में त्रिरत्न के समक्ष अर्पित कर दी और वहाँ के उपाध्याय एवं संघ के न सुनी में वे वहाँ से चुप-चाप चले गये। वे क्रमश: वहाँ से धोकरि नगर जिसकी जनसंख्या ढाई लाख थी, पहुँचे उनके पास सोने से रंगी एक काष्ट की तलवार थी। वहाँ के राजा से उन्होंने निवेदन किया—मुझे आप तलवार धारियों में सम्मिलित करें। राजा ने स्वीकार किया। वेतन के रूप में प्रतिदिन दस तोला सोना दिया गया। इसी को जीविका बना कर बारह वर्षों तक तलवार का काम करते रहे। और साथ ही रहस्यार्थ (रहस्यात्मक) की (अविच्छिन्न रूप से) साधना करते रहे।

एक समय-शरत् काल में तलवारवाले (राज-सेवक) इकट्ठे होकर उमादेवी की पूजा करने की प्रथा के अनुसार पूजा में बैठे तो शान्तिदेव ने भी वैसा ही किया। उसके बाद एक दिन सब लोगों को अपनी तलवार धोनी होती थी उस दिन सब लोगों ने अपनी तलवार धोई तो उन लोगों में से एक ने यह देख लिया की शान्तिदेव की तलवार लकड़ी की है। उसने राजा से इसकी शिकायत की।

राजा ने शान्तिदेव से कहा— हमें अपनी तलवार दिखाओ।

शान्तिदेव ने कहा—दिखायेंगे, तो आप लोगों का अनिष्ट होगा, अत: दिखाना उचित नहीं होगा।

राजा ने कहा— अनिष्ट हो, तो क्या होगा, अवश्य दिखाओ।

---

१. सम्भवत: लोगों ने उनके नाम की सार्थकता की व्याख्या की।

२. यहाँ 'टीका' की बात कुछ अस्पष्ट है। बोधिचर्यावतार की स्ववृत्ति की चर्चा कहीं भी नहीं है। नालन्दा के पण्डितों ने बाद में आचार्य शान्तिदेव के पास जाकर उक्त ग्रन्थ पर व्याख्यान देने के लिए प्रार्थना की और उन्होंने दिए भी, यह टीका की बात हो सकती है (बुस्तोन इ० पृ० ११३, B. २५ P. ८६०)।

शान्तिदेव ने कहा— आप सब लोग अपनी एक आँख (हाथ से) ढक दें। सब लोगों ने वैसा ही किया। शान्तिदेव ने अपनी तलवार, म्यान (कोष) से निकाली, तो उसकी चमक से अक्षम होकर सभी लोगों की आँखे जो खुली थीं, अन्धी हो गईं।

राजप्रमुख आदि सब लोगों ने क्षमा माँगी और प्रार्थना की कि उन लोगों की आँखों की रोशनी लौट आए। उन्होंने सब लोगों की आँख पर जो अन्धी हो गई थीं, अपने मुँह का पानी (थूक) लगा दिया। तत्काल सब आँखे पूर्ववत् हो गई। इस घटना से सब लोगों ने अचम्भित होकर अपने यहाँ पूज्य स्थविर के रूप में रहने के लिए निवेदन किया, तो उन्होंने स्वीकार नहीं किया। वे वहाँ से चले गये[१]।

उसके बाद वे एक पहाड़ के बीच में रहकर निर्मित वन-प्राणियों को मारते और उनका मांस खाते हुए रहने लगे। लोगों ने इसे देखा और उनका वृत्तान्त राजा को सुनाया। राजा ने अपने सैन्य-परिवार के साथ वहाँ जाकर उनसे कहा—हे योगी! आपने पहले नालन्दा के राजा आदि का (अभिमान) दमन करके धर्म में आरूढ किया। यहाँ (मेरे राज्य में) भी सब लोगों की आँखों का पुनरुद्धार आदि कार्य किया। इतनी शक्ति से सम्पन्न होते हुए भी प्राणी-वध करना क्या उचित है?

शान्तिदेव ने उत्तर दिया— मैंने, नहीं मारा, देख लो, कहकर अपनी झोपड़ी का दरवाजा खोला, तो वहाँ उनके द्वारा मारे गये वन के प्राणी पहले की अपेक्षा दुगने स्वस्थ और ताजे बैठे थे और वहाँ से निकलकर वे चारों ओर छा गये। राजा आदि को उनके प्रति बड़ी श्रद्धा हो गयी और मृगादि वनप्राणी कहाँ गये? सब वहीं खो गये। इस दृश्य को देखकर राजा आदि सौभाग्यशाली लोगों को समस्त धर्म (रूपादि धर्म) माया—स्वप्नवत् आद्यानुत्पन्न असिद्ध, नि:स्वभावता का ज्ञान हो गया और वे सब बोधि मार्गारूढ हुए।

---

१. तलवार वाली घटना बुस्तोन और तारानाथ के वृत्तान्तों में कुछ भिन्न प्रकार से है, (बुस्तोन इं० B. vol. No. २५ P. ८५८-६१)।

तारानाथ इ० पृ० १५३-५४, अध्याय २५ तारानाथ के समान ही खनपोजन् द्न् स्नङ् वा के शान्तिदेव वृत्तान्त में भी उल्लिखित है (प्र० १-६ यावत्)।

शान्तिदेव ने कहा—(दोहा)—

मैंने जिन मृगों को मारा, वे आदितः कहीं से भी नहीं आये,

मध्य में कहीं भी स्थित नहीं हैं, अन्त में कहीं निरुद्ध भी नहीं होंगे।

आदितः असिद्ध धर्मों में, बाध्य-बाधक कहाँ सिद्ध होगा?

अहो जीव करुणा के योग्य हैं,

यही कहता हूँ भुसुकु मैं।

इस प्रकार वहाँ के राजा आदि के सभी तरह के मान-अभिमान का दमनकर सब लोगों को बोधि मार्ग में आरूढ़ किया। श्रद्धालुओं को धर्मारूढ करने के बाद भुसुकु ने एक ही रात की साधना से 'महामुद्रा परमसिद्धि' का लाभ किया। काय, वाक् एवं चित्त, तीनों के अभिन्न एकता का ज्ञान पाकर क्षण-धर्म[१] से निकल और अन्त में सौ वर्ष की अवस्था में उसी शरीर द्वारा वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु भुसुकुपा का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. क्षण धर्म से निकल-यहाँ 'क्षण' से अभिप्राय : आयु की अनित्यता से है। जिसका 'क्षण' जन्म-मरण धर्म के पराधीन है; उस पराधीनता से मुक्त होकर परमसिद्धि अर्थात् अमरत्व का लाभ ही क्षण-धर्म से निकलना है।

४२. गुरु इन्द्रभूति का वृत्तान्त

उग्यन या औडियाण (उज्जैन)[१] देश के महानगर में एक समय पाँच लाख घराने (घर के) के लोग रहते थे और उन पर दो राजा राज करते थे। उक्त देश से 'सम्भोल' नामक ढाई लाख की जनसंख्यावाले जनपद के राजा इन्द्रभूति थे। लंकापुरी की ढाई लाख की आबादी पर महाराज जालन्धर शासन किया करते थे।

सम्भोल के राजा इन्द्रभूति की एक बहिन थी, जिसका नाम लक्ष्किंकर (लक्ष्मीकर) था। वह सात वर्ष की अवस्था में ही थी, तो लंकापुरी के राजा जालन्धर ने अपने पुत्र के लिए उस राजकुमारी लक्ष्किंकर की मांग के लिए इन्द्रभूति के पास दूत भेजा था। महाराज इन्द्रभूति ने अपने मन्त्रि-परिषद् की बैठक बुलाई और अन्त में यह तय हुआ कि राजा जालन्धर धर्मकार्य नहीं करते, इसके अलावा वे सब तरह से हम लोगों से समानता रखते हैं। अत: लक्ष्किंकर उनको दे दी जाय। दूत से यह सन्देश भेजा गया कि 'धर्म' ग्रहण करने न करने मात्र का अन्तर है, पर सम्बन्ध बन सकता है।

दूसरे वर्ष जालन्धर के राजकुमार सम्भोल राजा के यहाँ आये और लक्ष्किंकर से उनकी भेंट हुई। उन्हें देखकर वह फिर अपनी राजधानी लौट रहे थे, तो इन्द्रभूति ने उन्हें बहुत-सा अश्व, हाथी, सोना, चाँदी आदि धन-सम्पत्ति भेंट में देकर लौटाया। राजकुमार के अपने महल पहुँचने पर उनके पिता ने पूछा कि वधू कहाँ हैं? राजकुमार ने कहा— अभी वह बहुत छोटी है, इसलिए उनके भाई ने उन्हें मेरे साथ नहीं भेजा। राजा ने कहा— 'साधु'।

इधर राजा इन्द्रभूति की कई रानियाँ थीं। वे सब धर्म के प्रति बहुत श्रद्धा रखने वाली थीं। उनकी बहिन और रानियों ने गुरु कम्बलपा से अभिषेक एवं दीक्षा ग्रहण की और सब के सब साधना में लग गई।

---

१. ''औडियान'' के दो तरह के उल्लेख मिलते हैं, पश्चिमी औडियान और औडियान (सम्भवत: यह पूर्वी औडियान)।

लक्षिंकर जब सोलह वर्ष की हुई तो महाराज जालन्धर ने उन्हें ले आने के लिए दूत भेजा।

[यहाँ उनको कैसे दिया गया, बहिन ने सांसारिक धर्म से विरत होकर साधना कैसे की, साधना द्वारा सिद्धि प्राप्त करके एक 'जमादार' को कैसे अनुगृहीत किया, उसके बाद वे खेचर भूमि कैसे गई। ये सब आगे उन्हीं के (लक्ष्मीकर के) वृत्तान्त में दिखाया जायगा।]

जब महाराज जालन्धर ने इन्द्रभूति को, उनकी बहिन ने जो-जो किया, उसका विवरण-पत्र एवं दूत भेजा तो इन्द्रभूति ने कहा— मेरी बहिन ने सिद्धि प्राप्तकर ली; यह बहुत सुखद बात है, पर मैं स्वयं शान्त सुखी होकर यों ही बैठ गया, यह अच्छा नहीं हुआ।

इन्द्रभूति ने यह सोचा कि मेरी बहिन ने अपना जन्म सार्थक कर लिया। मैं भी अल्पार्थ और अनेक दोषों से भरे इस राज-काज को छोड़कर क्यों नहीं धर्म की ओर चलूँ। यह सोचकर वे अपने पुत्र को राज-काज सौंपकर एक गृह में बैठे साधना करते रहे। बारह वर्ष में उन्होंने 'महामुद्रा परमसिद्धि' का लाभ किया। परन्तु राज-परिवार के लोगों को इसका पता नहीं चला। एक दिन उनके पुत्र प्रमुख परिवार के लोग और जनता के लोग उनको देखने गये तो दरवाजा बन्द था। लोगों ने उसे खोलने की चेष्टा की, तो आकाश से यह आवाज सुनाई पड़ी कि—दरवाजा मत खोलो, मैं यहीं हूँ। लोगों ने ऊपर देखा, तो इन्द्रभूति आकाश में ही विराजमान थे। सब लोगों को प्रथम भूमि प्राप्ति जैसा आनन्द हुआ और सब लोगों ने बड़ी श्रद्धा के साथ उन्हें प्रणाम किया। वे सब एक ओर बैठ गये। राजा (इन्द्रभूति) ने आकाश में ही विराजमान होकर सात दिन तक अपने राजकुमार प्रमुख सभी राज-परिवार के लोगों और जनता को बड़े विस्तृत एवं गम्भीर धर्मों के अपरिमित उपदेश दिये। अन्त में सात सौ शिष्य परिवार के साथ वह उसी शरीर से खेचर भूमि गये॥

गुरु इन्द्रभूति का वृत्तान्त समाप्त॥

४३. गुरु मैकोपा

गुरु मैकोपा विविध प्रकार की खाद्य-सामग्री से भरे बहुत बड़े पात्र उठा रहे हैं। ये पूड़ी और सब्जी बेच रहे हैं। हलके अलङ्कार और जटा-मुकुट आदि धारण किये हुए हैं।

४४. गुरु कुदालिपा

गुरु कुदालिपा (कोदलिपा) एक पहाड़ की तलहटी में कुदाल लेकर पहाड़ की जमीन खोद रहे हैं। सिर पर पगड़ी बाँधे हुए हैं। वे गरीबी की द्योतक सस्ती धोती पहने हुए हैं।

४३. गुरु मेकोपा का वृत्तान्त

गुरु 'मेकोपा' का वृत्तान्त इस प्रकार है—बंगाल जनपद में भोजन बेचनेवाली जाति का एक व्यक्ति, एक योगी को सब समय भोजन आदि देकर सेवा करता रहा। एक दिन योगीने उससे पूछा— हे आयुष्मान! तुम मेरा इतना सत्कार क्यों कर रहे हो?

उस व्यक्ति ने उत्तर दिया—हे योगीश्वर!—मुझे परलोक जाते समय मार्ग-पथ्य की आवश्यकता है।

योगी ने (पुन:) पूछा — तुम परलोक के 'मार्ग-पथ्य' की साधना कर सकोगे?

उसने उत्तर दिया—अवश्य मैं उसमें समर्थ होऊँगा।

योगी ने उन्हें ''प्रभाव उत्क्रान्ति'' का अभिषेक प्रदान किया और चित्त परिचायक (चित्त की तत्त्व ज्ञापक) दीक्षा इस प्रकार दी। दोहा—

स्वचित्त चिन्तामणि (के दर्पण) में, लोकालोक के भेद का अवभास होता है,

ज्ञात-अज्ञात दो ही (धर्म) हैं, उन्हें अपरिवर्तनशील चित्त-रस में ही देखो।

द्वैत ग्राहक विकल्प (वहाँ) कैसे आयेगा? उस निःस्वभाव रस में,

कोई भी धर्म किसी (भी प्रकार) में सिद्ध नहीं है, (इस स्थिति) के

अनविज्ञ भ्रान्त (जीव) राग (आदि) से आबद्ध होते हैं।

इन वचनों के अनुसार उस व्यक्ति ने भी समस्त लोक में (प्रतीयमान) सभी धर्म अपने ही चित्त के अन्दर देखे और चित्त को गतागत धर्मों से रहित तत्त्व के रूप में जान गया। अपरिणामित-स्वचित्तगत अर्थों (के रस) में छः मास तक स्थित रहने के बाद उन्हें चित्त की प्राकृतिक (तात्विक धर्मता) भूतार्थता का ज्ञान प्राप्त हो गया। वे चमूमृग (हिंसक जन्तु) की तरह श्मशानों में घूमते रहे। कभी पागल का आचरण करते हुए गाँव एवं नगरों में आकर बहुत बड़ी आँख खोलकर

(लोगों को) देखते रहते थे। लोगों ने उन्हें 'गुरु भयंकर द्रष्टा' कहना आरम्भ कर दिया। (सम्भवत: मेकोपा का यही अर्थ हो) सर्वत्र उनका नाम मेकोपा प्रसिद्ध हो गया।

उन्होंने गम्भीर धर्मोपदेश के द्वारा बहुत से विनेय लोगों का कल्याण किया तथा अवदान (के रूप में बहुत से दोहे भी) कहे। अन्त में वे उसी शरीर के द्वारा खेचर भूमि चले गये॥

गुरु मेकोपा का वृत्तान्त समाप्त॥

४४. कोडलिपा का वृत्तान्त

गुरु कोडलिपा (कोदलिपा) का वृत्तान्त इस प्रकार है। रामेश्वर नामक स्थान से चार दिन का मार्ग पार करने के बाद (एक जगह में एक व्यक्ति जिसका नाम) कोदलिपा [था] रहने की जगह एवं क्षेम के लिए पहाड़ खोद रहे थे। उस समय आचार्य रत्नाकरशान्तिपा सिंहल द्वीप के राजा के निमंत्रण पर लंका जाकर उस रास्ते से लौट रहे थे। उपर्युक्त जगह में कोदलिपा से उनकी भेंट हुई।

आचार्य ने उनसे कहा— तुम यहाँ क्या कर रहे हो?

कोदलिपा ने आचार्य का अभिवादन किया और उनका योगक्षेम पूछा। अन्त में कहा— मैं यहाँ पहाड़ खोद रहा हूँ।

आचार्य ने पूछा— पहाड़ खोदकर आप क्या कीजिएगा?

कोदलिपा ने उत्तर दिया—दुष्ट राजाओं ने देश को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया है। सभी जनता दु:खी पीड़ित है। अब हमारा कोई देश नहीं है। यहाँ मैं पहाड़ की तलहटी को खोदकर अपने रहने की जगह बनाऊँगा और यहीं हम लोग अपना देश बनायेंगे।

आचार्य शान्तिपा ने कहा—पहाड़ खोदने की शिक्षा (अववाद) मेरे पास है। यह तुम सुनना नहीं चाहोगे?

उन्होने (कोदलिपा ने) कहा—भन्ते अवश्य सुनना चाहूँगा।

आचार्य ने कहा—(उपदेश-दोहा)

तुम्हारे इस प्रकार का काम,
(मात्र) शरीर को थका देनेवाला है।
अत: यह बहुत तुच्छ काम है,
(यह तो) छ: प्रकार के विपरीत कामों में से एक है॥ १॥
(दूसरी ओर) दान ही भूमि खोदना है,
दूसरों की हिंसा न करना ही शील है।

(तप में) दु:ख को सहना क्षमा है,

उस में उद्यम करना वीर्य है॥ २॥

उसमें अविक्षेप होकर स्थित होना ध्यान है,

उन्हें ठीक से जान लेना ही प्रज्ञा है।

विपरीत छः तरह के कर्मों को त्यागकर,

छः प्रकार के सम्यक् कर्मों को किया करें॥ ३॥

गुरु के प्रति नम्रता दान है,

अपने (चित्त) सन्तति की रक्षा करना शील है।

चित्त की(धर्मता को जनने की) क्षमता क्षमा है,

उसी की भावना वीर्य है।। ४॥

उस में निर्विक्षेपता ध्यान है,

इसी का सही ज्ञान प्रज्ञ है।

सदा सब समय (इन्हीं की) भावना करो॥ ५॥

यह कहने पर कोदलिपा ने पुनः आचार्य से कहा—यह बहुत विस्तृत है, अतः इसका एक संक्षेप हमें बतलायें।

पुनः आचार्य ने कहा—गुरु के प्रति नम्रता रखो।

सभी सुख-दु:ख अपने से ही उत्पन्न होते हैं। अतः स्वचित्त की प्राकृतिक (धर्मता) भूतार्थ के ज्ञान के लिए अभ्यास करो। यह भी जैसे—स्वचित्त के प्राकृतिक स्वरूप पहाड़ के समान है।

अनिरुद्ध प्रकाशमान संवित्ति (= ज्ञान प्रभास्वर) है, वह कोदली के समान है। उसी के द्वारा खोदा करो। दो प्रकार के उद्यम (वीर्य) हैं, वे दोनों दांये-बांये बाहु के समान हैं। दोनों को अविरल लगन से खोदना चाहिए।

इसका भाव दोहा द्वारा इस प्रकार व्यक्त किया गया है—

सभी सुख और दुःख, चित्त से उदित होते हैं;

दीक्षा के द्वारा चित्त के पहाड़ को खोदो।

मिट्टी के पहाड़ खोदने पर भी,

प्राकृतिक महासुख का ज्ञान नहीं होता है॥ ६॥

इस प्रवचनानुसार भावना करने से बारह वर्ष में उनको(कोदलिपा को) परम सिद्धि का लाभ हुआ। तत्पश्चात् अनेक जगत् कल्याण करके अन्त में उसी शरीर द्वारा वे खेचर भूमि चले गए॥

गुरु कोदलिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

४५. गुरु कम्परिपा का वृत्तान्त

गुरु कम्परिपा का वृत्तान्त इस प्रकार है। कम्परि का अर्थ है—'लोहार'। उनका जन्म-स्थान शालिपुत्र था। वे जाति के लोहार थे। वे (जातिगत जीविका कर्म) सदा लोहार का काम ही किया करते थे। एक समय उनके लोहे की कर्मशाला में एक योगी आ पहुँचे। योगी ने उनसे कहा— तुम क्या करते रहते हो?

लोहार ने उत्तर दिया—मैं जातिगत कर्म-लोहार का कार्य करता रहता हूँ।

योगी ने पूछा— तुम इस काम के द्वारा सुखी हो?

लोहार ने कहा—सुखी की तो बात ही कहाँ? अंगार-चिनगारी पिघले लोहा और अग्नि से सदा हाथ-पैर, शरीर जलते रहते हैं, फिर भी जीविका के लिए विवश होकर दुःख का भी स्वागत करना पड़ता है।

योगी ने—उससे खाना माँगा। लोहार दम्पत्ति ने यह सोचकर कि हम नीच लोगों के हाथ से योगी को भोजन कराना बहुत आश्चर्य की बात है, यह सोचकर वे बहुत आनन्दित हुए। भोजन-दान किया।

योगी ने (भोजन समाप्त होने पर) कहा— तुम लोग कोई धर्म नहीं ग्रहण करोगे?

उन लोगों ने कहा—हम नीच लोगों को कौन आदमी धर्म-उपदेश देगा?

योगी ने कहा—यदि धर्म के प्रति श्रद्धा हो, साधना करने में समर्थ हो तो उपदेश मैं दूँगा।

यह सुनकर वे लोग बड़े प्रसन्न हुए और अनेक प्रकार की पूजा-प्रणाम और सत्कार करके, योगी से उपदेश की याचना की।

योगी ने प्रभाव-उत्क्रान्ति का अभिषेक देकर उन्हें तीन मूल आलम्बन की दीक्षा दी। वह इस प्रकार है- भाथी, अंगार, अग्नि के द्वारा लोहा गलाने का यह आलम्बन आध्यात्मिक रूप में परिवर्तित कर भावना करो। ललना और रसना (दोनों नाडी) को भाथी बनाओ। अवधूती को अंगारशयन बनाओ। विज्ञान को लोहार बनाओ, ज्ञान

४५. कमरिपा

गुरु कमरिपा (कम्पारिपा) लोहार के वेश में हैं। लोहारी के कुछ औजार आस-पास बिखरे हुए हैं। खुद जलता लोहा पीटकर उससे कुछ बना रहे हैं। गले और कान में कुछ आभूषण भी हैं।

४६. गुरु जालन्धरपा

गुरु जालन्धरपा पूर्ण योगी वेश में हैं। जटा-शिखा बाँधे हुए हैं। हड्डी-निर्मित्त आभूषणों से विभूषित हैं। एक पैर पीछे की ओर मोड़कर कन्धे पर रखे हुए हैं और दूसरा पैर फैलाकर जमीन पर घुटने के बल पर बैठे हैं। दोनों हाथों की तर्जनी की नोक मिलाकर और शेष अँगुलियाँ परस्पर आलिङ्गित मुद्रा में अपने सिर के ऊपर उलटकर रखे हुए हैं। उनको सामने की ओर से उनकी कर्म-मुद्रा (पत्नी) उन्हें दण्डवत् प्रणाम कर रही हैं।

की अग्नि जलाओ। विकल्पों को अंगार बनाओ। त्रिकाल को लोहा बनाकर, पिटाओ। अद्वैत धर्मकाय महासुख के शिल्पकार का फल परिपाक होता जायगा।

(उक्त कथन का दोहा)—

जैसे तुम बाह्य कामों में,
अभ्यस्त हो, उसी प्रकार आभ्यन्तर में भी।
ललना और रसना (नामक दोनों नाडियों को),
दायनाँ और वायनाँ दो भाथी (बनाया) करो॥ १॥
अवधूती की भट्ठी में, विज्ञान (रूपी) लोहार के द्वारा।
विकल्पों के अंगार में,
संवित्ति ज्ञान की अग्नि जलाओ॥ २॥
तीनों क्लेशों के लोहे को गलाकर,
अनास्त्रव धर्मकाय (रूपी) फल का निर्माण करो॥ ३॥

इस वचनानुसार उन्होंने अपने (दैनिक) कर्मों के अनुरूप भावना करना आरम्भ किया, छः वर्ष में उनको परमसिद्धि का लाभ हुआ। आस-पास के किसी को भी यह ज्ञात नहीं हुआ कि उन्हें परमसिद्धि का लाभ हो गया।

उसके बाद उनके अंगाराशय (जहाँ लोहा आदि गरम करके विभिन्न औजार बनाया जाता है) में सभी प्रकार के शिल्प (बिना कुछ किये) स्वतः सब कुछ तैयार होते गये। इस घटना को देखकर 'शालिपुत्र' को सभी लोगों ने यह कहना प्रारम्भकर दिया कि हम लोगों के यह लोहार सभी प्रकार के गुण-धर्मों से सम्पन्न हो गये हैं। सब लोग इस घटना से अचम्भित हुए, उनका नाम सर्वत्र 'गुरु कम्परिपा' प्रसिद्ध होने लगा।

विनेय लोगों के अनेक अर्थ साधन के बाद उन्होंने कुछ अपने 'अवदान' भी कहे। अन्त में उसी शरीर के द्वारा वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु कम्परिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

४६. गुरु जालन्धरपा का वृत्तान्त

जालन्धरपा का वृत्तान्त इस प्रकार है। जालन्धर का अर्थ है, जाल धारण करने-वाला। इनका देश नगर थोड़्था (नगर कोटा)था और जाति के ये ब्राह्मण थे।

सांसारिक धर्म के प्रति घृणा उत्पन्न होते ही वे एक दिन श्मशान में जाकर एक वृक्ष के मूल में जाकर बैठे। वहाँ उन्हें अपने चित्त में कुछ शान्ति एवं सुख की अनुभूति होने लगी। उसी समय उन्हें आकाश से डाकिनी की वाणी सुनाई पड़ी— हे कुलपुत्र ! तुम भूतार्थ के मनसिकार (योनिशोमनसिकार) करो। यह सुनकर उन्हें बड़ा आनन्द और हर्ष हुआ। वह पुन: उस डाकिनी से प्रार्थना करते रहे कि क्या करना है? फलत: एक ज्ञानी डाकिनी ने साक्षात् रूप दिखाया और उन्हें हेवज्र के मण्डल में अभिषेक प्रदान किया। उन्हें सम्पन्न-क्रम की दीक्षा इस प्रकार दी।—

बाह्य-आध्यात्मिक-त्रैधातुक, भाजन-लोक और सत्त्व-लोक समग्र अपने ही काय-वाक् और चित्त में समाविष्ट हैं। इन तीनों के विकल्प तीन प्रकार की नाडियों में समाविष्ट हैं। दो नाडी अवधूती में मिली हुई हैं। वहाँ (अवधूती के अन्दर) नाना प्रकार की स्मृति-संवित्तियाँ एवं विकल्पना होती रहती हैं उन सब को मूर्धन्य ब्रह्म-द्वार से ऊपर निकाल दो और प्रतिभास (प्रतीयमान) और शून्यता दोनों की (अभिन्नता) भावना करो।

(तदर्थक दोहा)—

बाह्य-अभ्यन्तर के अशेष धर्म,

(अपने ही) काय-वाक्-चित्त में समाविष्ट हैं।

दक्षिण-वाम (नाडियाँ) अवधूती में संगृहीत हैं,

वही (अवधूती) ब्रह्मद्वार है॥ १॥

(वही) शून्यता परम महासुख है,

(उसका) उदय योगी की विशुद्ध रस-भाव से होता है।

(इस तरह चित्त का) सुख-शून्य की युगलता में पहुँचाया करो॥ २॥

इस प्रकार सम्पन्न का उपदेश दिया, तो उन्होंने भी तदनुसार भावना (घोर साधना) की। उन्होंने सात वर्ष में 'महामुद्रा परमसिद्धि' का लाभ किया।

अपने अवदान (दोहे) भी कहे। अपरिमित जगतार्थ साधन के पश्चात् तीन सौ शिष्य परिवार के साथ वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु जालन्धरपा का वृत्तान्त समाप्त॥

४७. गुरु राहुल का वृत्तान्त

राहुल का वृत्तान्त इस प्रकार है—राहुल का अर्थ 'राहु' को धारण करनेवाला है। ये काम-रूप देश के थे और जाति के शूद्र थे। ये बहुत वृद्ध होने से अपने शरीर का संचालन भी ठीक ढंग से नहीं कर पा रहे थे। सभी बन्धु एवं पुत्रादि परिवार के लोग भी इनसे घृणा करते और गालियाँ देते थे। इससे इन्हें बहुत दु:ख हुआ और परलोक का स्मरण हो आया तथा ये एक श्मशान में चले गये।

(वे श्मशान में बैठे ही थे) एक योगी उनके पास आया। योगी ने कहा—तुम इस श्मशान में क्या करने बैठे हो?

इन्होंने कहा—(दोहा)

मेरे यौवन चाँद को, वृद्धपन के राहु ने विनष्टकर दिया,

पुत्र-पौत्रादि भी डाँटने लगे, अच्छा है मरना सोच बैठा हूँ यहाँ।

योगी ने पुन: उनसे कहा—(दोहा)

तुम्हारे विपाक भूत (शरीर तत्त्व) को,

तीन नदी (धाराओं) ने बिखेर दिया है,

अब तो मरण नदी (बहा) आने वाली है,

मरण पथ्य का धर्म ग्रहण नहीं करोगे?

उन्होंने कहा—हे गुरु! धर्म का ग्रहण तो अवश्य करूँगा। परन्तु वृद्ध, धन से रहित मेरे जैसे को धर्म-उपदेश कौन देगा?

योगी ने कहा—

प्रकृति चित्त में जरा नहीं होती, श्रद्धादि धन का क्षय नहीं होता,

नम्रता से सद्धर्म साध सको, तो तुम्हें अनुगृहीत करूँगा मैं।

योगी ने इन्हें प्रभाव-उत्क्रान्ति का अभिषेक प्रदान किया। विन्दु की दीक्षा इस प्रकार दी—तुम अपने मूर्धन्य प्रदेश में "ॐ" कार से सम्भूत चन्द्र-मण्डल और

४७. गुरु राहुलपा

गुरु राहुलपा श्मशान में बैठे हुए हैं। वे साँवले रंग के हैं। सिर के बाल मुड़े (घुँघराले) हुए हैं। अवस्था में कुछ बुढ़ापा झलक रहा हैं। दोनों हाथ समाहित-मुद्रा में हैं। श्मशान के शव की ओर देख रहे हैं।

४८. गुरु धर्मपा

गुरु धर्मपा भिक्षु वेश में हैं। हाथ में पोथी लिये हुए अध्ययन की मुद्रा में हैं। अवस्था में बहुत अधिक वार्धक्य झलक रहा है।

उसी के अन्दर समस्त भवलोक (प्रतीयमान भव) की कल्पना समाविष्ट (सम्पन्न) कर भावना करो।

(तदर्थ दोहा)—

अद्वैत ज्ञान राहु द्वारा, ग्राह्य-ग्राहक विकल्पों का प्रहाण करके,

मूर्धन्य महासुख (मण्डल) में, गम्भीर बिन्दु रस में ही।

सुख-शून्य के युगनद्ध प्रवाह द्वारा, स्कन्धादि अरि के प्रहाण से,

बुद्ध गुणों का उदय होता है, अहो, यह अनिरोध अद्‌भुत है।

इस वचन के अनुसार वे भावना (साधना) करते रहे। जब समस्त द्वैत चाँद, अद्वैत राहु द्वारा खा लिया गया और अद्वैत अमृत मूर्धन्य ब्रह्म-द्वार के नीचे प्रविष्ट होने लगा, समस्त काय (शरीर मण्डल) अमृत से भर गया और शरीर (आनन्द) प्रफुल्ल होकर सोलह वर्ष की अवस्था में परिणत हो गया तथा 'महामुद्रा परमसिद्धि' का उनको लाभ हुआ। कामरूपादि के अनेक विनेय लोगों को विनीत करके अवदान (दोहे) भी उन्होंने कहे।

अन्त में उसी शरीर के द्वारा वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु राहुल का वृत्तान्त समाप्त॥

४८. गुरु धर्मपा का वृत्तान्त

गुरु धर्मपा का वृत्तान्त इस प्रकार है। धर्मपा का अर्थ धर्म ग्रहण करनेवाला या धार्मिक है। उनका देश बोधिनगर था। सम्भवत: जाति के वे ब्राह्मण थे। धर्मपा बहुत बड़े पण्डित थे। पर वे प्रधानत: भाषण ही किया करते थे, साधना नहीं। जब बाद में बहुत वृद्ध हो गये और अन्धे हो गये। उनको यह चिन्ता हुई कि 'एक गुरु से मेरी भेंट क्यों न हो जाय?'

एक दिन स्वप्न में एक डाकिनी ने उन्हें निर्देश दिया — 'तुम्हारा गुरु मैं ही हूँ।' उन्होंने (वृद्ध ने) उसी को ध्यान में रखकर प्रार्थना की। फलत: डाकिनी ने साक्षात् रूप से प्रकट होकर उन्हें अभिषेक प्रदान किया और दीक्षा दी।

उनका उपदेश इस प्रकार है—समस्त ज्ञेय धर्मों को पात्र के रूप में और समस्त विकल्पों को तेल के रूप में तथा अपने विज्ञान को (चित्त को) बत्ती के रूप में एवं उसी से ज्ञान-अग्नि जलती हुई भावना करो।

तदर्थक दोहा—

अशेष धर्म-पात्र के अन्दर, विकल्पों का तैल भरकर,

संविति की बत्ती में आग जलाने से चित्त की चिन्तामणि का दर्शन होगा।

ऐसा कहा है— विकल्प को ज्ञान (परमज्ञान) के रूप में उपस्थित करनेवाली देशना की साधना करते पाँच वर्ष में ही जैसे विष में मन्त्र फूँक दिया गया हो, उसी प्रकार (सभी) विकल्प-ज्ञान के रूप में परिणत हो गये। उनका शरीर आठ वर्ष के बालक के समान हो गया। इस घटना से सभी लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ।

तब उन्होंने कहा—

जैसे हेतु प्रत्ययों की समाग्रता,

फल से शून्य कहाँ हो सकता है,

अत: प्रसाद बुद्धिवाले को, उसके लिए प्रयत्न करना चाहिए।

(वे बहुत दिन तक) एक पाठक (ग्रन्थादि पढ़नेवाला) के रूप में जगत् का कल्याण करते रहे। कुछ अपने अवदान (दोहे) भी कहे। अन्त में वे खेचर भूमि को चले गये॥

गुरु धर्मपा का वृत्तान्त समाप्त॥

४९. गुरु धोकरिपा का वृत्तान्त

'धोकरि' का अर्थ है, पात्र लेकर चलनेवाला। ये शालिपुत्र के रहनेवाले और जाति के शूद्र थे। उक्त देश में एक शूद्र व्यक्ति सदा एक पात्र उठाकर भिक्षा माँगता रहता था और जो मिले वही उस पात्र में डालता जाता था। एक दिन उसे उस पात्र में डालने के लिए कुछ भी नहीं मिल पाया, तो वह एक वृक्ष के मूल के समीप जा बैठा। एक योगी उसके पास आ पहुँचे और उससे खाना माँगा। उस भिक्षु ने कहा— 'हे योगी! आज मुझे तुम्हें देने के लिए कोई भी द्रव्य नहीं मिला।'

योगी ने कहा—तुम्हें कोई धर्म की आवश्यकता नहीं है क्या?

उस (भिक्षु) ने कहा— 'चाहिए तो अवश्य ही, पर कल्याण मित्र से अभी तक भेंट ही नहीं हो पाई।'

योगी ने कहा—तुमको यदि धर्मोपदेश मिल जाय, तो उसकी साधना कर सकोगे?

उस (भिक्षुक) ने कहा—अवश्य करेंगे।

उस योगी ने उसको हेवज्र मण्डल में अभिषेक दिया और साधना के लिए उत्पत्ति एवं सम्पन्न-क्रम का उपदेश इस प्रकार दिया—

हे धोकरिपा तुम, धर्मधातु के पात्र में

संवित्ति द्रव्यों को डालकर, उनमें अद्वैतता की भावना करो।

उन्होंने भी इस वचन का यथार्थ ग्रहण करते हुए तदनुसार भावना की। अर्थ का साक्षात्कार होकर तीन वर्ष में ही उन्हें परमसिद्धि प्राप्त हो गई। पुनः उन्होंने (पूर्ववत्) पात्र उठाकर माँगना प्रारम्भ किया तो सामान्य लोगों ने उनसे कहा—गुरुजी आप का ग्रहण किया हुआ यह क्या चीज है?

उन्होंने उत्तर दिया—(दोहा)—

''महाशून्यता का पात्र उठाकर,

महासुख फल की माँग कर रहा है।

(इस) कामना के साथ है धोकरि,

सौभाग्यवान (आप) लोगों को (यह) नहीं ज्ञात है?''

इस प्रकार उन्होंने अनेक जगत् कल्याण किये और अपने अवदान भी कहे। उनका नाम सर्वत्र धोकरिपा प्रसिद्ध हुआ।

अन्त में वे उसी शरीर द्वारा खेचर भूमि चले गये॥

गुरु धोकरिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

४९. गुरु धोकरिपा

गुरु धोकरिपा एक भिखारी के वेश में हैं। हाथ में एक कपड़े का थैला (झोला) लिये हुए हैं, उसके अन्दर एक बड़ा-सा पात्र रखा हुआ है। सस्ता चादर ओढ़े हुए हैं और खड़े होकर भिक्षाटन करने की मुद्रा में हैं।

५०. गुरु मेधिनपा

गुरु मेधिनपा (मेधिपा) एक कृषक के वेश में हैं। वे पहाड़ की तलहटी की जमीन में दो बैलों पर धूरी रखकर हल जोत रहे हैं। सामने पहाड़ का दृश्य है। उसके निकट एक झील के ऊपर से हंस आदि पक्षी उड़ रहे हैं। पीछे एक मन्दिर के अन्दर से एक मूर्ति दिखाई पड़ रही है। ये सब उनकी साधना का दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं।

५०. गुरु मेधिनीपा का वृत्तान्त

गुरु मेधिनी का वृत्तान्त इस प्रकार है—मेधिनी का अर्थ है, कृषक। वह जाति के शूद्र थे और शालिपुत्र देश के रहने वाले थे।

एक दिन वे खेत में काम करने से बहुत थक गये और आराम के लिए किनारे बैठे थे तो उनके पास उस समय एक योगी आ पहुँचे। उस योगी ने उनसे कहा कि तुम क्या कर रहे हो?

कृषक ने कहा—मैं तो कृषि काम से थक गया हूँ और आराम के लिए यहाँ बैठा हूँ।

योगीने कहा— इस तरह के दुःख से तुम्हें बुरा नहीं लगता? कुछ धर्म ग्रहण करो।

''कृषक ने उत्तर दिया—मुझे धर्मोपदेश कौन देगा?

योगी ने कहा—यदि तुम साधना कर सकोगे, तो धर्मोपदेश मैं दूँगा।

कृषक—साधना करने में मैं अवश्य ही समर्थ हो सकूँगा।''

उस योगी ने उन्हें अभिषेक प्रदान किया और उत्पत्ति एवं सम्पन्न-क्रम की दीक्षा देकर उन्हें भावना (साधना) में प्रयुक्त किया। परन्तु पूर्व संस्कार के कारण कृषि-विकल्प (अर्थात् कृषि काम से सम्बन्धित विचारों से उनका मन आक्रान्त हो रहा था, इसलिए भावना में उन्हें अरुचि पैदा हो रही थी। इस स्थिति को उन्होंने गुरु से कह सुनाया। गुरु ने उन्हें अपने विकल्पों के आलम्बन के अनुरूप दीक्षा, इस प्रकार दी—

तुम अपने चित्त को हलके रूप में समझो, सुख-दुःखादि अनुभव को बैल बना लो, शरीर को क्षेत्र (खेत) मानकर (वहीं से) सदा धर्मता महासुख का फ़ल होता हुआ-भावना करो।

(तदर्थ दोहा)—

''अपने विकल्प को हल (के रूप में),

और सुख-दुःख की अनुभूति को बैल बनाओ,

विपाक पञ्च-स्कन्धों की भूमि में, (धर्म) धातु बीज का आरोपण करो।
महासुख का फल निरविच्छिन्न (रूप से) होता रहेगा,
(अतः) इसी तरह के कृषि-कर्म में तुम उद्योग करो।''

उसने इस (वचन) के अनुसार भावना की। बारह वर्ष में सांसारिक नाना विकल्प अवरुद्ध हो गये, महामुद्रा परमसिद्धि का उन्हें लाभ हो गया। फिर उन्होंने सात ताल वृक्ष की ऊँचाई तक के आकाश में बैठकर अपना अवदान कहा। शालिपुत्र नगर में अनेक जन-कल्याण करने के बाद उसी शरीर के द्वारा वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु मेधिनीपा का वृत्तान्त समाप्त॥

५१. गुरु पङ्कजपा

गुरु पङ्कजपा ब्राह्मण-कुमार के वेश में हैं। हलके आभूषण, दरी और धोती पहने हुए हैं। ये पद्मयुक्त झील के तट पर बैठकर उस झील के समीपस्थ आर्यलोकेश्वर के मन्दिर में एक आर्य भिक्षु की पूजा कर रहे हैं। दृश्य को आश्चर्य-भाव से देख रहे हैं। कन्धे पर दुशाला है।

५२. गुरु घण्टापा

गुरु घण्टापा वज्र और घण्टा लिए कर्ममुद्रा वज्रयोगिनी से आलिङ्गन-मुद्रा में हैं। वज्रयोगिनी खुडखुनी (शस्त्रविशेष) एवं अमृत-भरा कपाल हाथ में लिए हुए हैं। आचार्य ''सहजचक्रसंवर'' के रूप में खड़े हैं, अधोवस्त्र के रूप में व्याघ्र-चर्म पहने हुए हैं। एक पैर पसारे हुए और दूसरा पैर समेटकर एड़ी बस्ती स्थान पर सटाए हुए हैं। वे दो बादल के बीच आकाश मार्ग से उड़ते हुए जा रहे हैं।

५१. गुरु पङ्कजपा का वृत्तान्त

गुरु पंकज का वृत्तान्त इस प्रकार है—ये जाति के ब्राह्मण थे और उन्हें सिद्धि अवलोकितेश्वर से प्राप्त हुई।

'पंकज' नामक एक ब्राह्मण पुत्र यानी ब्रह्मण पुत्र के रूप में विविक्त (निर्जन) स्थान में कमल-पंखुड़ी के समान कमल से उत्पन्न हुए। उस स्थान के समीप एक 'कमल की झील' थी। उस झील के किनारे एक आर्य अवलोकितेश्वर की मूर्ति थी। 'पंकज' स्वयं महादेव को माननेवाले थे। उस मूर्ति को महादेव की मूर्ति मानकर उन्होंने बारह वर्षों तक उसकी पूजा की, पुष्पादि चढ़ाते रहे। उस जनपद की संस्कृति के अनुसार उस मूर्ति की तीनों समय में पूजा करके, उस पर चढ़े फूलों को लोग अपने सिर पर रखा करते थे।

उस बीच आचार्य नागार्जुन वहाँ पहुँचे और उन्होंने भी उस मूर्ति की पूजा की, उस पर फूल चढ़ाये तो उस मूर्ति ने उनका (नागार्जुन का) फूल हाथ में ले लिया और उनके (नागार्जुन के) सिर पर रख दिया। इस घटना से पंकज को बड़ा क्रोध आया कि मैंने बारह वर्षों तक इसकी पूजा की, आज तक इन्होंने (मूर्ति ने) मेरे फूल को अपने हाथ से ग्रहण नहीं किया। पर इसने (नागार्जुन ने) एक बार इन पर फूल चढ़ाये तो हाथ फैलाकर ले लिया। इस पर उस मूर्ति के मुख से यह कहते सुनाई पड़ा कि 'तुम्हारा मन अशुद्ध है, यह मेरा दोष नहीं है।' यह शब्द सुनकर पंकज को बड़ा पश्चात्ताप हुआ। उन्होंने आचार्य नागार्जुन का चरण शिरोधार्य करके उनसे निवेदन किया कि मुझ पर अनुग्रह करें। उन्होंने (नागार्जुन ने) भी वैसा ही किया। आचार्य ने उनको अभिषेक प्रदान किया तथा दर्शन एवं चर्या की युगनद्ध दीक्षा दी वह इस प्रकार है—

कृपामय रागात्मक सुख,
अद्यनुत्पन्न (तत्त्व) एक ही है।
(इस) अद्वैतता का सम्यग् दर्शन करो,

(यही) आर्य (लोकेश्वर) की अनुसंधि (= आशय[१]) है।

यह कहने पर उन्होंने (पंकज) सुचारु रूप से इसे समझ लिया। वे साधना में लगे, तो सात दिन में ही उन्हें परमसिद्धि का लाभ हो गया; तत्पश्चात् जगत्-अनुग्रह दृष्टि से चर्या करते हुए अनेक उपदेश दिये और कल्याण-कार्य सम्पादन किये। अन्त में उसी शरीर द्वारा वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु पंकजपा का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. कृपारूपी अनुराग अर्थात् कृपारूपी जगत् अनुराग एवं प्रपञ्च उपशमन शिव-स्वरूप निर्वाण आद्यतः असिद्ध शून्यता एवं निःस्वभाव रस में एक ही है। यही तत्त्व आर्य (लोकेश्वर) के आशय और चिन्त्य का विषय है।

५२. गुरु घण्टापा का वृत्तान्त

गुरु घण्टापा का वृत्तान्त इस प्रकार है— वे श्री नालन्दा जनपद के (महा-विहार स्थित एक) निकाय के थे।[१] वे अक्षुण्ण भिक्षु संवर से युक्त थे। सभी पंच-विद्या स्थानों में पारङ्गत विद्वान् होने के नाते उनका सुयश सर्वत्र फैल रहा था। आचार्य सभी प्रदेशों में जन कल्याण के लिए जाया करते थे।

उस समय राजा देवपाल नामक शासक अपने पुण्य-बल से प्राप्त अपरिमित राज्य-सम्पत्ति का भोग, भोग रहा था। वह अपने अट्ठारह लाख नगर (१८ लाख की आबादीवाले जनपद), कामरूप के नौ लाख नगर (९ लाख की आबादी सम्भवत:) और बंगाल के चार लाख आबादीवाले नगर, कुल मिलाकर इकतीस लाख आबादीवाले नगरों पर राज किया करता था। एक समय आचार्य उसके नगर शालिपुत्र[२] पहुँचे। वे भिक्षाटन करके एक वृक्ष के मूल में अपना स्थान जमाकर बैठे थे।

यों, महाराज देवपाल के अनेक पूज्य गुरु थे। एक समय रात में राजा ने अपनी रानी से परामर्श किया और कहा कि सभी संस्कार अनित्य हैं, भवगत सभी धर्म दु:ख हैं। सांसारिक धर्मों में कोई तत्त्व नहीं हैं। मैं तो इहलोक और परलोक दोनों में राज करूँगा। हम दम्पत्ति को परलोक के पथ्य के लिए अनेक पूज्य स्थानों (गुरुओं) से सम्भार (पुण्य) का सञ्चय करना क्या उचित नहीं होगा?

रानी ने उत्तर दिया— 'आप के लिए बहुत से पूज्य स्थान (भदन्त) पहले से ही थे। अब भी अन्य पूज्य लोगों से विशिष्ट एक महान् विनयधर इस नगर के बाहर

---

१. घण्टपा का जन्मस्थान पूर्व भारत था; वे वारेन्द्र जनपद के राजकुमार थे। पिता के देहावसान के बाद राजगद्दी पर आसीन हुए, तो उन्होंने उसे छोड़कर नालन्दा की ओर प्रस्थान किया। उन्होंने नालन्दा में जिनदेव नामक उपाध्याय से उपसम्पदा ग्रहण की। नाम 'मतिसार' रखा गया। उनका दूसरा नाम 'जितारि' भी था। (पद्मकर० इति०, पृ० ७९-८०)

२. कुनख्येन पद्मकर के अनुसार 'ओडिविष'। (सम्भवत: पाटलिपुत्र)

एक वृक्ष के मूल में जीविका भिक्षा, चीवर आदि अल्पमात्र सामग्री से जीनेवाले हैं। उनकी सेवा में चौरासी प्रकार के व्यंजन, दाँत से काटकर खाने वाले चौदह प्रकार के चर्व्य, अंगूर के रस आदि पाँच प्रकार के पेय पदार्थ, दीप-प्रकाश के अतिरिक्त रत्नादि प्रकाश आदि-आदि राजा के सभी काम-गुण उन्हीं को अर्पित किया जाय तो अच्छा होगा, राजा ने भी कहा कि 'यह उचित है।'

दूसरे दिन राजपुरुषों के एक दल को आचार्य को निमन्त्रण के लिए भेजा, पर आचार्य नहीं ले आये जा सके। फिर राजा स्वयं बहुत से राज-परिवार के लोगों को साथ लेकर आचार्य के पास गये।[१] वहाँ यथायोग्य प्रणाम, अभिवादन किया और योगक्षेम पूछा। साथ ही बहुत-सी सहज बातें हुई।

(आचार्य ने कहा) आप इधर क्यों पधारे हैं?

(राजा ने उत्तर दिया) हे महाचार्य! श्रद्धा से आपको अपने पूज्य स्थान (पुरोहित) के लिए निमंत्रण अनुनय लेकर आया हूँ।

आचार्य ने कहा— राजा का राज-भक्त पाप से युक्त होता है। मैं वहाँ नहीं आऊँगा।

राजा— आप सदा के लिए (हमारे यहाँ) नहीं रहें, तो एक वर्ष तक तो अवश्य बैठने के लिए आयें। वह भी आचार्य ने स्वीकार नहीं किया। इस प्रकार क्रमशः छः मास, तीन मास, एक मास, आधा मास और अन्त में एक दिन के लिए कम से कम आने को कहा तो आचार्य ने क्रमशः सब स्वीकार नहीं किया और कहा कि पापी व्यक्ति चार प्रकार की चारिकाओं में से कोई भी करे, सब पाप मात्र ही होता है। अतः मैं वहाँ नहीं आऊँगा। इस प्रकार राजा के चौदह दिन तक पुनः निवेदन करने पर भी आचार्य ने जाना स्वीकार नहीं किया।

---

१. कुनख्येन पद्मकर के अनुसार राजा आखेट खेलते-खेलते उनके पास पहुँचे। आचार्य की दयनीय शारीरिक अवस्था को देखकर राजा को बड़ी दया आ गई। राजा ने उन्हें नगर (राजधानी) आने के लिए निमंत्रण दिया। (पद्मकर० इति, पृ० ७९-८०)

राजा तथा उनके सभी राजपरिवार[१] के लोग बड़े क्रुद्ध हो गये। द्वेष की आग जलने लगी। राजा ने घोषणा की कि इस भिक्षु से ब्रह्मचारित्व जो छीन सकेगा, उसे मैं आधा राज्य पुरस्कार में दूँगा, बीस सेर सोना दूँगा। यह घोषणा सर्वत्र पहुँचाई गई। उस समय, उस नगर में एक छल-कपट से परिपूर्ण प्रधान नर्तकी रहती थी, उसने राजा से कहा—वह काम मैं कर सकूँगी।

राजा ने कहा— 'तुम प्रयत्न एवं उद्यम से इस कार्य को अवश्य सिद्ध करो।'

नर्तकी ने सोचा कि उसके पास एक बारह वर्षीय लड़की थी जो लौकिक धर्म से अस्पृष्ट, सुन्दर चेहरा, सुन्दर चाल, बोलने में अति मधुर स्वरवाली शरीर मांस से भरी, गहन स्तन, यदि उसे सूर्य भी देख ले तो विचलित हो जाय, ऐसी विशेषताओं से युक्त थी। मैं उसे भेजकर उस योगी को संसार में वापस ले आकर ब्रह्मचारित्व से च्युत कर सकूँगी। इस उद्देश्य से उस लड़की की माँ (नर्तकी प्रधान) आचार्य के पास गई और प्रणाम एवं प्रदक्षिणा करके लौट आई। इस प्रकार उसने इस कार्य को दस दिन तक जारी रखा। अन्त में उसने आचार्य से निवेदन किया—

मैं तीन मास के वर्षावास में तीनों मास के भोजन की व्यवस्था करनेवाली दायक बनना चाहती हूँ। आप स्वीकार करें। आचार्य ने इसको भी स्वीकार नहीं किया। वह एक महिने तक इस बात को लगातार दोहराकर आचार्य से निवेदन करती रही। अन्त में आचार्य ने उसे स्वीकार कर लिया। नर्तकी ने प्रसन्न होकर बहुत से उत्सव का आयोजन किया[२] और कहा—

नारी का छल इक्यासी तरह का होता है, काम[३] भी उससे सौ गुना है।

यदि मैं हिलाना चाहूँ तो चारों द्वीप हिला सकती हूँ और ठग सकती हूँ, फिर यह एक भिक्षु को भ्रष्ट करना कौन-सी बड़ी बात है। उसने यह सोचा और बोलती भी गई।

---

१. परिवार से अभिप्राय—सेना, पुलिस और राजपुरुष से है।

२. सारा खर्चा राजभवन से पाती थी। (पद्-इति द्र० व्या०-पृ० ७८)

३. 'प्रेमराग' को ही यहाँ काम शब्द से कहा गया है।

(आचार्य वर्षावास के लिए उस वन में ही रह रहे थे) उससे आचार्य ने कहा— मेरा भोजन आदि पहुँचाने में लड़के ही भेजो, लड़कियों को मत भेजो। उसने उत्तर दिया—वैसा ही करूँगी।

उसने आधे मास तक चीनी का शर्बत एवं भात आदि आचार्य के पास पुरुष द्वारा ही पहुँचाया। तत्पश्चात् अपनी लड़की को नाना प्रकार के अलंकारों से सुसज्जित किया और अनेक प्रकार के खाद्य, पेय-पदार्थ, उत्तमकोटि के भोजन की व्यवस्था करके पाँच सौ सेवकों के साथ उस लड़की को आचार्य के पास भोजन पहुँचाने के लिए भेजा[१]। सेवकों को यह आदेश दिया गया कि वन के बाहर से लौट आयें लड़की को वहाँ अकेली छोड़ दें।

सब लोगों ने वैसा ही किया और लड़की भी अपनी माँ द्वारा सिखाये गये सभी छल-हाव-भाव को स्मरण करती हुई अन्दर पहुँची। भिक्षु ने भी (आचार्य ने भी) पहले के भोजन पहुँचानेवाले समझकर कमरे के अन्दर प्रवेश किया, तो वहाँ एक कुमारी को सभी प्रकार के आभूषणों से सुसज्जित देखकर कहा कि 'सब पुरुष लोग कहाँ गये?'

लड़की ने उत्तर दिया—वे लोग अन्य काम में व्यस्त हैं, इसलिए मैं आई हूँ। लड़की (आचार्य के भोजन कर लेने के बाद भी) बहुत देर तक बैठी रही। आचार्य ने कहा—'अब तुम जाओ।' लड़की ने कहा 'अभी आकाश में पाँच प्रकार के रंग वाले आच्छन्न-मेघों से वर्षा हो रही है।' यह बन्द हो जाय तो जाऊँगी। यह कहकर बहुत देर तक बैठी रही, जब तक सूर्य अस्त न हो गये।

लड़की ने कहा—मेरे साथ रास्ते में चलनेवाले साथी नहीं हैं, वस्त्र एवं आभूषण को देखकर मेरे मन में प्राण जाने का डर है। आचार्य ने भी यह सच मान लिया और उसको वहीं पर सोने की व्यवस्था की गई। लड़की रात को भयभीत होने

---

१. पद्कर के अनुसार लड़की को सेविका के रूप में स्वीकार करने के लिए उसकी माँ ने पहले से ही आचार्य से अनुमति माँगी थी। आचार्य ने भी उसे स्वीकृति दे दी थी। (पद्० इ० पृ० ८०)

के बहाने चिल्लाई। फिर उसे कुछ समीप सोना पड़ा। विषय की समीपता से उन दोनों का शरीर मिल गया[१]।

उन्होंने (आचार्य ने) यौगिक प्रयोग किया। चार प्रकार के महासुख उत्पन्न करके सभी मार्ग क्रमश: आरूढ़ हो गये। दूसरे दिन से लड़की अपनी माँ के पास जाना छोड़कर वहीं रहने लगी। दोनों का भोजन साथ आने लगा। इस प्रकार उन दोनों को वहाँ रहते एक वर्ष पूरा हो गया और एक बच्चा भी हो गया।

उधर राजा उस नर्तकी से पूछ-ताछ करते रहे, पर उसने साफ-साफ नहीं बतलाया। इस प्रकार तीन साल बीत गये तब नर्तकी ने राजा से कहा—

'हे राजन्! आपकी आज्ञा पूर्ण हो गयी है। आप खुश रहें। राजा ने कहा—यदि ऐसा है तो तीन दिन के बाद उस भिक्षु को मेरे पास ले आने का कार्य करो, ऐसा तुम अपनी पुत्री से कहो। राजा सालिपुत्र नगर के सभी लोगों को साथ लेकर उस भिक्षु की ओर चला। उधर भिक्षु (आचार्य) ने लड़की से पूछा कि अब हम लोगों को यहीं रहना चाहिए या और जगह जाना चाहिए?

लड़की ने उत्तर दिया—हम दोनों के इस खराब काम की सब निन्दा कर रहे हैं, यहाँ से अन्यत्र चला जाय तो अच्छा होगा।

(दोनों जाने के लिए तैयार हुए) लड़की ने अपने बच्चे को उठाया और मदिरा का तुम्बा (पात्र विशेष) लिये दोनों चल दिये। रास्ते में राजा (सालिपुत्र के नागरिकों सहित) से भेंट हो गई। राजा ने हाथी के ऊपर से उतरकर (भिक्षु से) कहा—भिक्षु जी! आपके चीवर के अन्दर क्या है? यह लड़की आपकी क्या है?

भिक्षु ने उत्तर दिया—चीवर के अन्दर छोटे बच्चे हैं और यह मदिरा का तुम्बा है। यह लड़की हमारी पत्नी है।

---

१. कुछ विद्वान् यह मानते हैं कि वहाँ उस लड़की को आचार्य ने अपनी कर्म-मुद्रा के रूप में योग्य बनाने के लिए सामान्य दीक्षा भी दी। क्रमश: अभिषेक एवं तन्त्र की दीक्षा देकर सन्तति परिपाक कर्म-मुद्रा के रूप में सेवन किया। (पद्कर इ० पृ० ८०)

राजा—जब मैंने आपको निमंत्रण दिया तो आप ने कहा था कि तुम पापी के पास मैं नहीं आऊँगा। अब तुम पुत्र एवं पत्नी से क्या करोगे? तुम स्वयं एक पापी हो।

आचार्य ने कहा—मुझे कोई दोष नहीं है, तुम (व्यर्थ) अपवाद मत करो।

पुनः राजा आदि पूर्ववत् कहने लगे, तो आचार्य ने छोटे बच्चे और[1] मदिरा के पात्र तुम्बा-जो चीवर में बाँधकर रखे थे, भूमि पर पटके। पृथ्वीदेवी भयभीत हो गई और भूमि फट गई; वहाँ से पानी उभर आया[2]। उस पानी के अन्दर बच्चे और पात्र (तुम्बा) वज्र और घण्टा बन गये[3]। वे स्वयं श्री चक्रसंवर के रूप में परिणत हो गये और लड़की वज्रवाराही के रूप में। सपरिवार राजा (एवं सालिपुत्र की जनता जो वहाँ एकत्र थे) के ऊपर आकाश में चक्रसंवर मातृ-पितृ युगनद्ध रूप, वज्र और घण्टा धारणकर बैठे।

सब लोग आकाश की ओर देखकर आचार्य की शरण में जाकर, उनसे प्रार्थना करने लगे। पर उनके वज्र-क्रोध-समाधि से व्युत्थित न होने के कारण राजा और अन्य नागरिक भूमि फटकर निकले पानी में डूब-डूबकर मरने लगे। उसी समय आर्यावलोकितेश्वर वहाँ आ पहुँचे और फटी भूमि पर पैर रखकर पानी उभरने से रोकने लगे। राजा और प्रजा को राहत मिली।

पुनः लोगों ने गुरुजी (घण्टापा-आचार्य) से प्रार्थना की तो उन्होंने (समाधि से उठकर) 'हूँ' शब्द को ध्वनित किया। इससे सभी (भयंकर पृथ्वी पर) पानी (की बाढ़) अदृश्य हो गया। राजादि सभी लोगों ने उनसे क्षमा याचना की। आर्यावलोकितेश्वर की मूर्ति भी पत्थर की मूर्ति होकर वहीं स्थिर हो गई। कहा जाता है कि आज भी (अभयदत्त श्री के समय में भी) उस मूर्ति के पैर के नीचे से पानी बहता है। उसके बाद आचार्य ने राजा आदि को अनेक प्रकार के उपदेश दिये। उपदेश इस प्रकार हैं—

---

१. इन्हें दो बच्चे हो चुके थे—एक बच्चा और एक बच्ची।

२. कहीं मदिरा उभर आने की बात लिखी थी-पद्कर, पृ० ८०।

३. कहीं-कहीं—तुम्बा वाराही, लड़की घण्टी और लड़का वज्र बने।(पद्कर-इ०, पृ० ८०-८१)

जैसे औषधि और विष,

अपना स्वभाव एक होने पर भी।

(उनसे) दो भिन्न तरह के फल निकलते हैं,

उसी प्रकार प्रहेय और प्रतिपक्ष भी ॥१॥

एक ही स्वभाव के होते हैं, न कि भिन्न,

पण्डितजन (इसे) जानकर (किसी को) नहीं त्यागते।

बाल अज्ञानी अज्ञान (वश) पंच विषों[1] के कारण संसार में भटकते हैं ॥२॥

यह कहने पर, राजादि जन-समुदाय के लोगों में जो आचार्य के प्रति सर्वथा के लिए श्रद्धा निवृत्त हो गई थी सब लोग समान रूप से श्रद्धालु हो गये। इस घटना से अपरिमित सत्त्व मार्ग आरूढ़ हो गये। सब लोगों ने उन्हें 'घण्टापा' कहना आरम्भकर दिया।

कहा जाता है कि उस लड़की ने इनको इससे पूर्व के छः जन्मों में शील से भ्रष्ट किया। इस जन्म में भी उसने यही करने की चेष्टा की थी, परन्तु तब तक आचार्य धर्मधातु के रस में सभी द्वैत-विकल्प खो चुके थे और जिसके कारण उनकी सन्तति (तन्त्र) बहुत परिशुद्ध हो चुकी थी। इसलिए बाधा की जगह उनके लिए ये परम सहायक सिद्ध हुए। पुत्र वज्रपाणि थे। वह लड़की भी पूर्व जन्मों में जब-जब इन आचार्य के सम्पर्क में आयी, इनको लाभ-सत्कार से पूजती रही, जिसके कारण उसने भी मलविशुद्ध होकर साथ ही फल की प्राप्ति की।

इस प्रकार गुणसम्पन्न आचार्य घण्टापा (सपत्नीक) इसी शरीर द्वारा खेचर भूमि चले गये॥

गुरु घण्टापा (घण्टीपा) का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. पंच विष— राग, द्वेष, मोह, ईर्ष्या, मत्सर्य, ये पाँच विष हैं।

५३. गुरु जोकिपा (योगीपा) का वृत्तान्त

गुरु जोगिपा (जोकिपा=योगीपा) ओदन्तपुरी के रहनेवाले थे और जाति के चाण्डाल थे। उनके गुरु शबरपा थे।

ये बड़े उद्यमी थे, पर प्रज्ञा की इनमें बड़ी कमी थी। एक समय गुरु शबरपा उनके पास आ पहुँचे। उन्होंने हेवज्र के मण्डल में जोगीपा को अभिषेक प्रदान करके उत्पत्ति एवं सम्पन्न-क्रम की दीक्षा दी और तदनुसार उन्हें भावना करने को कहा। पर गुरु के उपदेश का अर्थ वे नहीं समझ पाये। उन्होंने गुरु से प्रार्थना की कि 'हे गुरु जी! मेरे द्वारा भावना सम्भव नहीं हो रही है। अत: इसके अतिरिक्त मुझे शरीर एवं वाणी के द्वारा कुछ पुण्य करने का उपाय बतलायें।'

गुरु ने उन्हें 'वज्र हेरुक' का जप सिखाया और कहा कि जाओ तुम चौबीस महान तीर्थ स्थानों में जाकर इसकी साधना करो। उन्होंने भी वैसा ही किया। बारह वर्ष में (चित्तादि) मल-विशुद्ध होकर 'महामुद्रा परमसिद्धि' का उन्हें लाभ हो गया।

अन्त में उन्होंने कुछ अवदान भी कहे और पाँच वर्षों तक जगत् कल्याण करने के बाद उसी शरीर द्वारा वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु जोगिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

५३. गुरु योगिपा

गुरु योगिपा या जोगिपा चंक्रमण-मुद्रा में हैं। सिर में जटा बाँधे हुए हैं। लंगोटी के अलावा लगभग निर्वसन हैं। हाथ में डण्डा है तथा सभी सामान कपड़े में बाँधकर उसे डण्डे के एक छोर में लटकाकर कन्धे पर रखे हुए बहुत दूर नजर गाड़े चल रहे हैं।

५४. गुरु चलुकिपा

गुरु चलुकिपा (चलुकपा) हलके वस्त्र पहने हुए और जटा बाँधे हुए हैं। मृग-चर्म बिछाकर पहाड़ के समान एक बहुत बड़े शिला-खण्ड को तकिया के रूप में रखकर सोये हुए हैं। ठीक सामने एक बड़ा-सा ध्यान-स्तन्बा गड़ा हुआ हैं।

५४. गुरु चलुकपा का वृत्तान्त

गुरु चलुक या चलुकिपा का वृत्तान्त इस प्रकार है— इनका देश भङ्गलपुर (बंगालपुर) था और जाति के वह शूद्र थे। उनके गुरु मैत्रीपा थे।

ये अत्यन्त निद्रा प्रिय थे। सब समय नींद के वशीभूत होकर कोई भी उद्यम नहीं कर पाते थे। तब उनके पास एक योगी आ पहुँचे। योगी ने उनसे कहा—तुम यहाँ क्या करने बैठे हो?

चलुक ने उत्तर दिया—मैं संसार से मुक्ति पाने के लिए एक धर्म-साधना करने के लिए सोच रहा हूँ। परन्तु किसी धर्मोपदेशक आचार्य से मेरी भेंट नहीं हो पाई। आवरण (मल के बाहुल्य) स्वभाव के कारण नींद के वशीभूत होकर उद्यम नहीं कर पाता; अत: आप मुझे धर्मोपदेश तो दें, साथ ही यदि नींद कम होने का उपाय न दें, तो मुझे कोई लाभ नहीं हो पायेगा।

योगी मैत्रीपा ने उनसे कहा—तुम्हें अभिषेक दिया जायगा, जिससे तुम्हारी नींद भी कम हो जायगी और संसार से भी मुक्ति पाओगे। उन्होंने चलुकि को चक्रसंवर के मण्डल में प्रवेश कराकर अभिषेक दिया तथा गम्भीर 'सम्पन्न-क्रम', नाडी एवं वायु की दीक्षा इस प्रकार दी—

समग्र दृश्यभाव (दृश्य-जगत्) को अपने काय, वाक् एवं चित्त इन तीनों में समाविष्ट करो। ललना एवं रसना को मध्य अवधूती में प्रवेश कराओ। अपने काय एवं अवधूती को झील के रूप में और चित्त को हंस के रूप में मानकर उस झील के अन्दर तैरते हंस की भावना करो। इससे तुम्हारी निद्रा भी कम हो जायेगी और वायु-अवधूती में प्रवेश हो जाने से निर्विकल्प ज्ञान स्वत: उत्पन्न होने लगेगा। इस प्रकार (मैत्रीपा ने) उनको अभिषेक एवं दीक्षा प्रदान की।

वह (चलुकि) भी तदनुसार भावना करते रहे। नौ वर्ष में उनका समस्त चित्त मल (आवरण) विशुद्ध हो गया उन्हें 'महामुद्रा परमसिद्धि' का लाभ हुआ। उनका अवदान—

'सभी दृश्य जागतिक धर्म अपने ही काय-वाक्-चित्त में समाविष्ट हैं,
वह भी ग्राह्यग्राहक अकल्प तीन नाड़ियों में समाविष्ट हैं।
दोनों को अवधूती में प्रविष्ट कराकर झील के रूप में भावना की, तो
विज्ञान का हंस उसी के रस से जीने लगे हैं।

इस प्रकार अवदान-उक्ति के बाद उसी शरीर के द्वारा वे खेचर भूमि चले गये ॥

गुरु चलुक का वृत्तान्त समाप्त॥

५५. गुरु गोधुरिपा

गुरु गोधुरिपा जाल बिछाकर चिड़िया का शिकार करने की मुद्रा में हैं तथा लता एवं पत्तियों से बने अधोवस्त्र पहने हुए हैं। बाल कटे-बने हुए हैं। अंगुलियाँ उठाकर आकाश के पक्षियों की ओर संकेत कर रहे हैं।

५६. गुरु लुचिकपा

गुरु लुचिकपा ब्राह्मण पुरोहित के वेश में हैं। दुशाला, हलके आभूषण एवं धोती धारण किये हैं। दाढ़ी और सिर के बाल उखाड़ने से कुछ विकृत अवस्था में हैं।

५५. गुरु गोधुरिपा का वृत्तान्त

गुरु गुण्डरिपा गोंडरि या गोधुरपा का वृत्तान्त इस प्रकार है—गोधुर या गोंडर का अर्थ है, चिड़ीमार (व्याध)। वे सदा दोल (चिड़िया मारने का एक औजार) लेकर पक्षी मारने जाते थे। एक समय (वे पक्षी मारने जा रहे थे) उनके पास एक योगी आ पहुँचे। योगी बोले—हे कुलपुत्र! तुम क्या कर रहे हो?

व्याध ने कहा—हे आर्य! पूर्व के अर्जित दुष्कर्मों के कारण मेरा गोंड जाति में जन्म हो गया। जीविका के लिए सदा पक्षियों की हिंसा करनी पड़ती है। इसी से जीना पड़ता है। इससे दु:खी होकर बैठा हूँ।

योगी ने कहा—

(कृत) कर्म और कर्मों से इस जन्म में दु:खी,

परलोक इससे भी अधिक दु:खी; तो,

सदा सुखी सद्धर्म, अहो क्यों नहीं साधते?

गोंडरि ने कहा—

हे गुरु! मेरे जैसे पापी व्यक्ति के लिए कृपादृष्टि हो, यदि आप मुझे दीक्षा दें, तो साधना क्यों नहीं कर सकता। इस पर योगी ने उन्हें "प्रभाव-उत्क्रांति" का अभिषेक दिया और उनको उनके (संस्कार में मौजूद) आलम्बनों के अनुरूप "एकालम्बन" की दीक्षा दी। वह इस प्रकार है—

"लोक में जितना भी शब्द हो, वह सब पक्षी की आवाज के रूप में समझो तथा पक्षी की आवाज और अपने चित्त का आलम्बन दोनों को मिलाकर एक करके भावना करो।"

पुन: आचार्य ने उसे दोहे के रूप में कहा—

पुन: उस शब्द की ओर चित्त भागता हो, तो,

जैसे कोयल की मीठी ध्वनियाँ (एक ही रस में) ध्वनित होती हैं।

(उसी तरह) सभी शब्द शब्दमात्र में एक ही होते हैं;

वैसा ही शब्द और शब्दग्राहक (बुद्धि) में।

व्याप्त धर्मता के स्वरूप की भावना करो॥''

(अर्थात् शब्दगत ग्राह्य-ग्राहक शून्यता की भावना करो)

इस वचन के अनुसार भावना की, तो सभी शब्दों की ध्वनि एवं (उनकी) शून्यता के अभेदत्व का उन्हें ज्ञान होने लगा।

नौ वर्ष में उनके चित्त का सभी मल (आवरण) विशुद्ध हो गया और 'महामुद्रा परमसिद्धि' प्राप्त हो गई। अपनी अवदान की उक्तियाँ भी बहुत-सी उन्होंने कह डाली। एक सौ वर्षो तक इसी लोक में बैठे अपरिमित सत्त्वार्थ किये। अन्त में तीन सौ शिष्य-परिवार के साथ इसी शरीर के द्वारा वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु गोधुरि का वृत्तान्त समाप्त॥

५६. गुरु लुचिकपा का वृत्तान्त

गुरु लुचिकपा का वृत्तान्त इस प्रकार है—'लुचिक' का अर्थ है—खरगोश की तरह नीचे बैठने-उठनेवाला। ये पूर्वी बंगाल के रहनेवाले, जाति के ब्राह्मण थे।

पूर्वी बंगाल के एक ब्राह्मण का अपने परिवार-जनों में से बहुत से आदमी के मर जाने के दु:ख से संसार से लगाव नहीं रहा। एक निर्जन स्थान में जाकर कुछ धर्म-साधना करने को सोचा तो दीक्षा आदि न रहने से वे सोचने लगे कि मुझे एक धर्मोपदेश देनेवाले गुरु कब मिलेंगे, ऐसे गुरु से भेंट हो जाय इत्यादि।

एक दिन एक योगी वहाँ आये, तो वह बड़े प्रसन्न हुए और योगी के चरणों में प्रणाम किया।

योगी ने पूछा कि 'मुझे प्रणाम करके तुम क्या चाहते हो?'

लुचिकपा—मैं संसार (के धर्मों) से मन विरक्त (हो) कर कुछ करने को सोच रहा था, पर दीक्षा (उपदेश) देनेवाले गुरु से अभी भेंट नहीं हो पायी। आज आप जैसे गुरु से मेरी भेंट हो गई—अब दीक्षा ग्रहण करूँगा।

योगी ने (उनकी पात्रता देखी और) उन्हें चक्रसंवर के मण्डल में अभिषेक दिया, उत्पत्ति एवं सम्पन्न-क्रम की दीक्षा भी दी। तदनुसार उन्होंने भी बड़े प्रयत्न के साथ भावना (साधना) की। बारह वर्ष में उत्पत्ति एवं सम्पन्न-क्रम के युगनद्ध साक्षात्कार से परमसिद्धि की प्राप्ति हुई। इनका नाम 'लुचिक' उसी समय से प्रसिद्ध हुआ।

उनका उदान (दोहा)—

''संसार और निर्वाण दोनों, भिन्न रूप से स्थित नहीं देखता,

यही महासुख और मुक्ति है, क्षुद्रत्वेन ग्रहण से(यहां)पहुँचना दुष्कर है।''

यह कहकर उसी शरीर द्वारा खेचर भूमि चले गये। (जाते समय) आकाश में स्थित होकर अनेक अवदान कहे और वहीं से अन्त में वह अन्तरधान हो गये॥

गुरु लुचिकपा का वृत्तान्त समाप्त॥

५७. गुरु नगुणपा का वृत्तान्त

गुरु नगुणपा का वृत्तान्त इस प्रकार है—'नगुण' का अर्थ, बिना गुणवाला। ये पूर्वी भारत के रहने वाले थे और जाति के शूद्र।

पूर्वी देश में एक शूद्र परिवार में एक बच्चा पैदा हुआ। जन्म-उत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। लालन-पालन के बाद जब वह बड़ा हुआ तो वह बड़ा आलसी और निद्राप्रेमी रहा। लोक-कर्म करने का उसको ख्याल में भी नहीं आता था। सब परिवार के लोग समान रूप से यह कहने लगे कि इस तरह के आलसी व्यक्ति, अच्छा या बुरा कोई भी काम नहीं कर सकते, इस तरह के बेटे की अपेक्षा कोई फल ही पैदा होता, तो कम से कम खाया तो जा सकता था। इस तरह से सब लोग उसकी निन्दा किया करते थे। इससे वह बड़े दु:खी हो गये। एक दिन वह एक निर्जन जगह में जा बैठे, तो उनके पास एक योगी आ गये। योगी ने उनसे कहा—तुम नगर से भिक्षा माँगकर मुझे खिलाओ।

आलसी व्यक्ति ने कहा—'यह मुझसे पूरा नहीं हो पायेगा।' यह कहते हुए वह भूमि से उठ भी नहीं पाया।

योगी को इसे देखकर बड़ी दया आ गयी। स्वयं उसने उस आलसी को खाना खिलाया और कहा—तुम्हारे पास कौन-सा गुण है?

आलसी—'आर्यवर! मेरा नाम ही नगुण है, मेरे पास कोई गुण नहीं है।' यह कहकर उनका दिया हुआ खाना भी भूमि पर लेटकर खाने लगे। यह देखकर योगी ने उनसे कहा—तुम मरने से नहीं डर रहे हो?

आलसी—डर तो लगता है, पर कोई उपाय नहीं है।

योगी—यदि साधना कर सकते हो, तो उपाय मैं देता हूँ।

आलसी—यदि सोकर (लेटकर) कोई काम होता हो, तो कर सकता हूँ।

योगी ने उन्हें अभिषेक प्रदान किया और प्रतीयमानता और शून्यता दोनों के युगनद्ध भावना की दीक्षा इस प्रकार दी—

५७. गुरु नगुणपा

गुरु नगुणपा सामान्य वस्त्र और आभूषण पहने पर्यङ्क के सहारे पीठ लगाकर बैठे हैं और खाना खाने की मुद्रा में हैं। उनके ठीक सामने कुछ उच्च स्थान पर एक योगी बैठे हुए हैं।

५८. गुरु जयानन्द

गुरु जयानन्द एक राजा के मन्त्री के वेश में हैं। वह विविध प्रकार से भोजन अन्न आदि सामग्री जुटाकर और हाथ में विशेष वाद्ययन्त्र लेकर 'बलिदान' (पूजा विशेष) करने की मुद्रा में हैं। सामने एक बुद्ध की प्रतिमा है।

(दोहा)

ग्राह्य-ग्राहक कोई भी सिद्ध नहीं है,
इसे न जानने से सभी जीव।
दुःख से पीड़ित होते हैं बेचारा,
है यह भी अद्यनुत्पन्न ही॥ १॥
प्रतीयमान और शून्य के अभिन्न रूप,
प्रभास्वरता (चित्त) सन्तति में उत्पन्नकर।
पागल के समान चारिका से,
नगरों में दौड़ा करो (सर्वत्र)॥ २॥

इस वचन के अनुसार उसने भी भिक्षा माँगते हुए साधना की। फलतः उसे युगनद्ध प्रभास्वरता का ज्ञान प्राप्त हो गया और सिद्धि का लाभ हुआ। फिर वह सर्वत्र घूमते रहे, लोग उनसे पूछते कि आप कौन हैं? वह बिना कुछ कहे उन्हें देखते रहते थे। लोग उनकी दशा को दयनीय कहते। वह योग्य पात्रों को प्रतीयमान धर्म एवं शून्यता की अभिन्नता का मार्ग दिखलाते रहे।

अन्त में जैसे समुद्र में नाव टूट जाती है, उसी प्रकार उसका भ्रांति-जाल विच्छिन्न हो गया। उन्होंने 'महामुद्रा परमसिद्धि' प्राप्त की और उसी शरीर के द्वारा खेचर भूमि चले गये॥

गुरु नगुणपा का वृत्तान्त समाप्त॥

५८. गुरु जयानन्द का वृत्तान्त

गुरु जयानन्द (जयानन्दि) का वृत्तान्त इस प्रकार है—वह बंगाल के रहनेवाले और जाति के ब्राह्मण थे।

बंगाल के एक राजा के ब्राह्मण मन्त्री थे। एक समय उस ब्राह्मण ने तांत्रिक धर्म ग्रहण किया (दीक्षा ग्रहण की)। गुह्य रूप से वे मंत्र साधना करते रहे। उनको मन्त्र प्रभाव प्राप्त होते किसी ने नहीं जाना। वह सदा (सामान्य अन्ननिर्मित) बहुत-सी बलि दिया करते थे। इस घटना को अन्य मन्त्री सहन नहीं कर सके और वे जाकर राजा से कह आये। राजा ने भी उस (साधक मन्त्री) को पकड़कर लोहे के जंजीर में बाँध कर कारागृह में डाल दिया। मंत्री ने कहा—मैंने महाराज के मुट्ठी-भर द्रव्य का भी नुकसान नहीं किया। अतः मुझको इस जंजीर से मुक्त करो। पर राजा ने उनकी कुछ नहीं सुनी।

उसके बाद वहाँ बलि के समय आने पर उसे खाने के लिए बहुत से कौआ आ गये। पर वहाँ (उस दिन बलि देनेवाले) वह (मन्त्री) नहीं थे और बलि का कोई प्रबन्ध नहीं था। इससे कौआ लोग बड़े क्रुद्ध हुए और अपनी पूरी सेना के साथ राजमहल गये, सभी लोगों के शरीर और सिर नोचने लगे और चोंच मारने लगे। राजा आदि सब लोग आश्चर्य चकित होकर रह गये। उनमें से एक चिड़ियों की भाषा जाननेवाले थे; उन्होंने देखा कि कौवे लोग कह रहे हैं कि हम सबके माता-पिता के समान ब्राह्मण को इस राजा ने बन्दकर दिया है। राजा ने यह वृत्तान्त सुना तो बोला कि यदि ऐसा है, तो वह (मन्त्री) सच्चा है, उस मन्त्री से क्षमा माँगो और उससे कह दो कि पक्षियों को लौटाओ। उन्होंने (मन्त्री ने) पक्षियों से वैसा कहा, तो सब कौवे लौट गए।

इस घटना से राजा के मन में उस मंत्री के प्रति बड़ा विश्वास जम गया और प्रतिदिन पाँच सौ सेर चावल बलि की सामग्री के रूप में उसको दिया जाने लगा। मंत्री का नाम भी सर्वत्र 'जयानन्द' विख्यात हो गया।

उनकी मुखोक्ति उदान (दोहा)—

"इस सहज ज्ञान का,

गुरु कृपा से सम्यगवबोध हुआ।

मन्त्री बनना है, परम महासुख के,

सांसारिक परिवार में (अब) मैं नहीं रहूँगा॥ १॥

स्वतः प्रकाशमान उस (तात्त्विक) राजा ने,

ग्राह्य-ग्राहक के द्वैत अरियों को मार ही दिया है।

(अतः) सांसारिक सुखों से (कोई) आसक्ति नहीं है,

अहो! अज्ञानी जीव।

अहो! जय (मैं) यही कहा हूँगा" ॥ २॥

अन्त में अनेक जगत् कल्याण साधकर सौ वर्ष बाद वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु जयानन्द का वृत्तान्त समाप्त॥

५९. गुरु चपरिपा का वृत्तान्त

गुरु चपरिपा का वृत्तान्त इस प्रकार है—ये जाति के कहार (खुरपा, छोड्वा-पूड़ी बेचनेवाले) चम्पक के रहनेवाले थे।

अत्यन्त दरिद्रता के कारण उनके पास पहनने के लिए कपड़े कटुल (सम्भवत: लङ्गोटी) ही था। एक धनी घराने से पूड़ी की बहँगी (भार) लेकर बेचते थे। उसमें से जो मुनाफा मिलता उसी से जीविका चलाते थे। एक दिन जो बहँगी तेल से पकी पूड़ी की ले आए थे, उसे न बेचकर स्वयं खाना आरम्भ कर दिया। आधा पूड़ी खा ही चुके थे कि तब तक आर्य अवलोकितेश्वर एक भिक्षु का रूप धारण करके उनके पास आये। उनको देखते ही चपरिपा को बड़ी श्रद्धा हुई और प्रणाम कर आधा खाए हुए टुकड़े को उन्हें दे दिया। भिक्षु ने उसको ग्रहण करते हुए कहा— तुमने यह कहाँ से पाया?

उसने (चपरिपा ने) सभी वृत्तान्त सही सुना दिया।

भिक्षु ने कहा—हम दोनों दायक एवं ग्राहक के रूप में हैं। मैं अपने दायक को एक धर्मोपदेश करना चाहूँगा। उस व्यक्ति ने भी (धर्मोपदेश सुनने के हेतु) मण्डल पुष्प आदि अर्पित करके सुनना आरम्भ किया।

निर्माणिक (भिक्षु) ने—त्रिशरण, चित्तोत्पाद आदि से उन्हें अधिष्ठित किया, षड्-अक्षर (मन्त्र ......)की दीक्षा दी। उसने भी बड़ी नम्रता के साथ उसे ग्रहण किया और भिक्षाजीवी होकर साधना आरम्भ कर दी।

एक समय, पहले के पूड़ी दिलानेवाले स्वामी उनके पास आये और कहने लगे—मेरी उस बँहगी या भार का दाम चुकाओ।

उस (चपरिपा) ने कहा—मेरे पास तो कुछ भी नहीं है। उस पूड़ी के ''भार स्वामी'' ने उसे पकड़ कर मारना आरम्भ किया, तो उसने कहा कि पूड़ी केवल मैंने अकेले नहीं खाई। हम गुरु -शिष्य दोनों ने खाई है। ऐसी दशा में आप मुझ अकेले को क्यों मार रहे हो? फिर भी वे मारते गये और चपरि उक्त शब्द बोलते गये, तो

५९. गुरु पचरिपा

गुरु पचरिपा योगी वेश में किसी वृक्ष की छाया में बैठे हैं। केवल लंगोटी मात्र कपड़ा पहने हुए और सिर के बाल मुंडे हुए हैं। एक बड़ी आकार की कचौड़ी का आधा भाग उठाकर खा रहे हैं। उनके सामने एक भिक्षु खड़े हैं और ये भिक्षु आर्य अवलोकेश्वर का प्रछन्न रूप है।

६०. गुरु चम्पकपा

गुरु चम्पकपा अपने उपवन में राजा के वेश में गद्दी पर बैठे हैं। उनके चारों ओर सुगन्धित पुष्प-युक्त चम्पक वृक्ष लगे हैं।

उस तरह के शब्द दीवार (वृक्ष) आदि से भी निकलने लगे। इससे बहँगी का स्वामी बहुत अचम्भित हुआ और यह कहकर कि मेरी बहँगी तो तुम ही लेकर गये। कहकर उन्हें वहीं छोड़ दिया तो चपरिपा एक विहार में गये और (वहाँ स्थित) अपने इष्टदेव की मूर्ति से बहँगी का दाम माँगा, तो उस मूर्ति ने सौ तोला सोना उनको दे दिया। उस सोने को लेकर उन्होंने उस गृहपति के पास जाकर उसकी बहँगी का दाम चुका दिया। मार खाने से उनके जो पूर्वसंस्कार के कुछ आवरण थे वह भी परिशुद्ध हो गये। वह सोचने लगे कि मेरा गुरु आर्य ही है।

पोतल गिरि (जहाँ आर्य लोकेश्वर निवास करते हैं) जाने की तैयारी करके वह चले। रास्ते-में जहाँ काँटों का वन था, वहीं उनके पैर में एक काँटा चुभ गया। इससे बड़ी पीड़ा होने लगी। उन्होंने आर्य को स्मरण कर विलाप किया। आर्य ने साक्षात् प्रकट होकर उनसे कहा—'तुम्हारा गुरु मैं हूँ। अब तुम स्वतंत्र होकर यहाँ से वापस जाओ। विनेय लोगों को (सम्यक् मार्ग में) आनीत करो।

इससे वह अत्यानन्दित हुए और आकाश में ऊपर उड़ गए तथा चम्पक लौट गये। चम्पक के सब लोगों ने इसे देखा तथा आश्चर्यचकित होकर रह गये। बाद में इनसे उपदेश के लिए प्रार्थना की गई तो इन्होंने सब लोगों को प्रतीयमान धर्म एवं शून्यता की अभिन्नता की दीक्षा दी। इसके बाद सर्वत्र इनका नाम गुरु चपरिपा विख्यात हो गया।

अन्त में इसी शरीर द्वारा वह खेचरभूमि चले गये॥

गुरु चपरिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

६०. गुरु चम्पकपा का वृत्तान्त

गुरु चम्पकपा का वृत्तान्त इस प्रकार है, यह चम्पक बिहार में भागलपुर के रहनेवाले थे। 'चम्पक' एक फूल का नाम है, यही नाम नगर का भी पड़ गया। जाति के यह क्षत्रिय थे।

चम्पक के एक राजा, जो राज्य-सम्पत्ति से परिपूर्ण थे। वह सुन्दरता के अभिमान एवं राजसुख के बाहुल्य से उन्मद होकर परलोक आदि का विचार तक नहीं करते थे। वे चम्पक-पुष्प के उद्यान में पुष्पनिर्मित महल में बैठते थे और उनके रहने का आसन (गद्दी) एवं तकिया आदि भी अति सुगन्धित पीले रंग के चम्पक-पुष्प से बने हुए होते हैं। राजा के इस तरह के महल में रहते समय एक दिन एक योगी वहाँ आये और उनसे भोजन की याचना की तो राजा ने भी नम्रता से उनका पैर धोया और उन्हें आसन पर बैठाया, जलपान अर्पित किया।

योगी ने कुछ धर्मोपदेश दिया। सभी राजपरिवार ने बड़ी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ उन्हें वहीं के राजगुरु के रूप में बैठने के लिए प्रार्थना की।

योगी ने भी इसे स्वीकार किया और वहीं बैठे।

एक दिन राजा ने कहा—हे योगी! आप बहुत से देश-देशान्तर घूमे हैं। इस प्रकार के पुष्प एवं हमारे जैसे अन्य राजा देखे हैं?

योगी ने उत्तर दिया—

चम्पक-पुष्प उत्तम गन्ध से, युक्त होने पर भी,

अपने शरीर से वैसे नाना सुगन्ध नहीं निकलते।

राजा का राज्य अन्य राज्य से विशिष्ट होने पर भी,

मृत्यु आते समय वह कुछ न लिए खाली (हाथ ही) जायगा।

इस कथन के अनुसार राज़ा ने अपने शरीर की परीक्षा की, तो स्वत: उसे घृणा उत्पन्न हो गई और वह विरक्त हो गये। पुन: उस (योगी) से उपदेश के लिए प्रार्थना की।

योगी ने उन्हें प्रथमत: कर्म-फल की देशना दी, उसके बाद अभिषेक दिया। उत्पत्तिक्रम एवं सम्पन्नक्रम मार्ग की दीक्षा दी। परन्तु राजा के सभी विकल्प पुष्पादि की ओर चले जाने से उन्हें भावना में अरुचि हुई। तब आचार्य ने विकल्प को मार्ग के रूप में उपनीत (उपयोग) करने का उपदेश इस प्रकार दिया—

आभास होते ही शून्य हो जाने पर,

गुरु के उपदेश (रूपी) पुष्प में।

अपने चित्त का मधुकर बैठ जाता है;

अनास्रव अमृत मधु तीनों की।

एक ही रूप में भावना करने से,

फल (के रूप में) महासुख का उदय होगा।

(यह) छठे वज्रधर की आज्ञा है,

विना सन्देह (इस) की भावना करो ॥२ ॥

इस कथन के बाद उसने भी तदनुसार बारह वर्षों तक भावना की, तो उन्हें (गुरु) उपदेश, स्वचित्त की धर्मता और अनुभव इन तीनों की अभिन्न एकरसता की ज्ञानरूपी सिद्धि प्राप्त हो गयी। उस समय से उनका नाम सर्वत्र 'चम्पक' विख्यात हो गया।

अपनी रानी सहित अपरिमित परिवार को उन्होंने धर्मोपदेश दिये, अन्त में उसी शरीर द्वारा खेचर भूमि चले गये॥

गुरु चम्पकपा का वृत्तान्त समाप्त॥

६१. गुरु भिक्षनपा का वृत्तान्त

गुरु भिक्षनपा का वृत्तान्त इस प्रकार है— 'भिक्षन' का अर्थ है, भिक्षा माँगनेवाला। यह सालिपुत्र देश के रहनेवाले और जाति के शूद्र थे।

सालिपुत्र नगर में एक शूद्र जाति के व्यक्ति सारे धन-द्रव्य क्षीण होकर गाँवों और नगरों में भिक्षा माँगकर अपनी जीविका चला रहे थे। एक समय भिक्षा न मिलने से वह बड़ी क्षीणता के साथ एक निर्जन जगह में जा बैठे। उस समय एक डाकिनी (साधारण नारी के रूप में) उनके पास आकर कहने लगी— 'तुम यहाँ क्या कर रहे हो?'

उसने भी अपना सब सत्य वर्णन कर दिया।

डाकिनी ने कहा—मेरे पास इष्ट प्राप्ति का उपाय है।

(सप्रसन्न) शूद्र—वही आप हमें दें।

डाकिनी—तुम्हारे पास दक्षिणा के लिए क्या है?

शूद्र ने (अपने पास कुछ न देखकर) मुँह में एक ऊपर और एक नीचे के दाँत रखकर शेष सब निकालकर डाकिनी को अर्पितकर दिये।

डाकिनी ने उसके अध्याशय एवं निष्कपट पात्रता देखकर अभिषेक प्रदान किया और प्रज्ञोपाय की युगल दीक्षा दी।

भिक्षनपा ने भी तदनुसार भावना की, तो सात वर्ष में उन्हें सत्य का साक्षात्कार हुआ। वे अनेक अनास्रव गुण प्राप्तकर जीव-उद्धार अर्थ घूमते रहे। उनका नाम 'भिक्षनपा' प्रसिद्ध हो गया। अनेक वर्ष बाद इसी शरीर द्वारा वह खेचर भूमि चले गये॥

गुरु भिक्षनपा का वृत्तान्त समाप्त ॥

६१. गुरु भिखनपा

गुरु भिखनपा हाथ में कमण्डल लिए हुए हैं। उनके सामने एक डाकिनी, जो बिना सँवरे बाल और शान्त स्वभाव की हैं, उपदेश देने की मुद्रा में बैठी हुई हैं। भिखनपा अपने मुँह से अपने दाँत निकालकर उन्हें समर्पित कर रहे हैं। उपदेश सुनने की व्यग्रता के भाव में हैं।

६२. गुरु घिलिपा

गुरु घिलिपा विविध प्रकार के तेलों के पात्र लेकर, तेल बेच रहे हैं। एक पैर चलती मुद्रा में और एक पैर का घुटना जमीन पर रखकर कुछ चञ्चलता दिखा रहे हैं।

६२. गुरु घिलिपा का वृत्तान्त

गुरु घिलिपा का वृत्तान्त- इस प्रकार है— यह सतपुरी के रहनेवाले, जाति के तेली थे।

सतपुरी नामक नगर में एक व्यक्ति तेल बेचकर अपनी जीविका चला रहा था। उसने तेल बेचने का नाटक किया, तो व्यापार बहुत अच्छा हुआ और उसे 'कुबेर' के समान धन-धान्य की प्राप्ति हुई। वे काम-भोगों को भोगते हुए दिन बिता रहे थे। वे चौरासी प्रकार के व्यंजन, बारह प्रकार के खाद्य-पदार्थ, पाँच प्रकार के पेय आदि (जो उस समय इन पदार्थों का सेवन केवल राजा लोग ही किया करते थे) राजा की दृष्टि से बचकर भोग रहे थे।

एक समय 'भहन' नाम के एक पण्डित उनके यहाँ पहुँचे। पण्डित ने उनसे बहुत से सांसारिक धर्मों के दोष और मुक्ति के गुण कहे। व्यापारी ने श्रद्धापूर्वक उनसे धर्मोपदेश की याचना की और पूज्य गुरु के रूप में उन्हें वहीं बैठाया। एक दिन उस पण्डित ने उन्हें तेल निकालने की प्रयोगशाला में देखा तो उसने व्यापारी से कहा— कल्पों से कल्पान्तर तक तेल पेरते रहो, किन्तु मुक्ति नहीं आनेवाली है।

व्यापारी ने उत्तर में कहा—हे गुरुजी! यदि ऐसा है, तो हमें मुक्ति पाने के उपाय बतलायें।

गुरु ने उन्हें अभिषेक दिया और ''स्वतः प्रकाशात्कनिमित्त'' की दीक्षा इस प्रकार दी। (दोहा)—

स्वकाय रूपी तिल-पिण्ड से, विकल्प रूपी तेल पेरा कर;

चित्त रूपी पात्र में डालें, प्रतीति और शून्यता के अभेद बत्ती से।

संवित्ति रूपी अग्नि जलायें, अविद्या अन्धकार के प्रहाण से,

अनुत्तर मुक्ति के सुख में अनास्त्रव सुख स्थिर हो जायगा।

उन्होंने बड़ी श्रद्धा के साथ उक्त वचनों के अनुसार भावना की, तो छः वर्षों की अवधि में उत्पत्ति एवं सम्पन्नक्रम के युगनद्ध तत्त्व का अवबोध पाकर उन्हें सिद्धि प्राप्त हो गई। फलतः उनके शरीर से चारों ओर प्रकाश फूटने लगा और यह सब लोगों ने देखा। लोगों ने यह घटना राजा को सुनाई। राजा ने भी इसका पता लगाने के लिए एक दूत भेजा, उस दूत ने भी वैसा ही देखा। राजा भी कहने लगे— 'अनास्रव सुख भोगने वाले राजा के समान अन्य कोई नहीं हो सकता।'

इस प्रकार सब लोगों में उनके प्रति बड़ी श्रद्धा हो गयी। घिलिपा ने भी उन लोगों के आशा-अध्याशय के अनुसार उपदेश दिया। अन्त में बहुत से शिष्य परिवार के साथ वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु घिलिपा का वृत्तान्त समाप्त ॥

६३. गुरु कुम्भरिपा

गुरु कुम्भरिपा कुम्भ अथवा कलश आदि मिट्टी के बर्तन बना रहे हैं। कुछ बने हुए बर्तन आस-पास रखे हुए हैं। बहुत प्रसन्न-मुद्रा में बैठे अपनी कृति को योगी की दृष्टि से देख रहे हैं।

६४. गुरु चपरिपा

गुरु चपरिपा मेखली वस्त्र पहने हुए हैं। ये एक वृक्ष के मूल में बैठे हैं। उनके सामने रसायन से भरा एक बड़ा-सा पात्र रखा हुआ है। खुद एक बड़े से वृक्ष की पत्ती लेकर उस रसायन-द्रव्य में डुबोकर लोगों पर छिड़क रहे है। सामने एक स्त्री बच्चे को गोद में लिए हाथ जोड़कर खड़ी है। उनसे कुछ ऊँचे स्थान पर बैठे एक देवता गुफा के अन्दर से दिखाई पड़ रहे हैं। ये रासायनिक प्रयोग में लगे हुए हैं।

६३. गुरु कुम्भरिपा का वृत्तान्त

गुरु कुम्भरिपा का वृत्तान्त इस प्रकार है— 'कुम्भरि' का अर्थ है, कुम्भकार या मिट्टी के बर्तन बनानेवाला। ये 'जोमनश्री' नामक प्रदेश के रहनेवाले थे। जाति के कुम्भकार थे। जोमनश्री नामक जनपद में एक कुम्भकार व्यक्ति सदा कुम्भ बनाकर जीविका चला रहा था। एक समय वह अपने काम से दु:खी होकर बैठा था। उस समय एक योगी उसके पास आ पहुँचे। योगी ने भिक्षा माँगी। कुम्भकार ने भी सादर भोजन प्रदान किया और कहा—

हे गुरु! मैंने इस प्रकार के काम को बड़े लगन से किया, पर इससे कोई लाभ नहीं हुआ। इस काम का अन्त कभी नहीं आया, इससे मैं दु:खी होकर बैठा हूँ।

योगी ने कहा— हे दायक! तुमने नहीं समझा कि इस संसार में रहनेवाले जीव दु:खी के अलावा सुखी कभी भी नहीं होते। अनादिकाल से अनन्तकाल यावत् मात्र दु:ख से अतिरिक्त और कुछ भी नहीं होता। इससे दु:खी कौन नहीं होगा?

कुम्भकार ने निवेदन किया—हे गुरुजी! आप हमें इस (दु:ख) से मुक्ति के उपाय दें।

योगी ने उनको अभिषेक प्रदान किया और उत्पत्ति एवं सम्पन्न क्रम की दीक्षा इस प्रकार दी—(दोहा)—

''अविद्या की मिट्टी से,
क्लेश-विकल्पों का पङ्क बनाओ।
तृष्णा-उपादान के चक्र द्वारा षड् योनियों के,
कुम्भ बनाकर ज्ञान अग्नि से जलाया करो।''

ऐसा कहने पर उन्होंने विकल्प-ज्ञापन की (परिचर्या की) दीक्षा का अर्थ समझ लिया। छ: महिने की भावना से ही उसकी सांसारिक भ्रांति का मल (आवरण) विशुद्ध

हो गया और सिद्धि का लाभ मिला। वे समाहित होकर बैठे, तो कुम्भ-चक्र स्वतः घूमने लगा और जैसा चाहे वेसा कुम्भ बनता गया। इस घटना को देखकर नगर के सभी लोग यह जान गये कि उन्होंने विशेष गुण प्राप्त किये हैं। सब लोगों ने उन्हें 'गुरु कुम्भकार' कहना आरम्भ कर दिया। वही नाम प्रसिद्ध हो गया।

अपने अवदान (दोहे) कहकर अन्त में उसी शरीर द्वारा वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु कुम्भरिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

६४. गुरु चर्बरिपा का वृत्तान्त

गुरु चर्बरिपा का वृत्तान्त इस प्रकार है—यह मगध देश के एक विशेष स्थान के रहनेवाले थे। जाति के वे चरग या चर्वाक थे।

मगध देश के किनारे निर्जन स्थान में एक चरग (पशुपालक या शिकारी जाति) परिवार का व्यक्ति बहुत सम्पन्न और धन-धान्य से जीवन बिता रहा था। उसके पास एक हजार भैंस, घोड़े और भेड़ आदि अपार सम्पत्ति थी। एक दिन उसके घर वृद्ध पिता मर गये। तदर्थ बहुत से दान-दक्षिणा के साथ संस्कार किया गया। स्थानीय रिवाज के अनुसार किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होती, तो उसके लिए बहुत-से लोग इकट्ठे होकर दान किया करते थे। तदनुसार उस अवसर पर एक समय उस जगह के आस-पास के सभी लोगों को बुलाकर बहुत दिनों तक खाना-पीना आदि देना था।

तब वहाँ एकत्र सभी लोग स्नान के लिए गंगा की ओर चले गये। घर में चौकीदारी के लिए घर की स्वामिनी (पुत्रवधू) को रखा गया। उसके साथ एक तीन साल का बच्चा भी था। वह बैठी थी कि गुरु चर्बरिपा कहीं से वहाँ आ पहुँचे। उन्होंने गृहिणी से भोजन माँगा। लड़की सीधी-सादी थी, योगी से सही बातें बता दी।

चर्बरिपा ने कहा—यदि मुझे भोजन देने से तुम्हारे पति आदि क्रुद्ध हों (कर तुम्हें कुछ कहें) तो मेरे पास आ जाना, मैं उस पार के वन में आग जलाकर रहूँगा। यदि वे लोग कोप न करें तो मुझे खाना-पीना देना पड़ेगा।

लड़की ने गुरु की बात मान ली और भोजन आदि खिला दिया। योगी अपने स्थान लौट गये और लड़की वहीं आराम से बैठ गई।

स्नान करने वाले लोग क्रमशः वहीं लौटकर आये और 'सास' भी आ गई। उसने देखा कि खाने की सामग्री से कुछ निकाला हुआ था। वह अपनी पुत्रवधू को डाँटने लगी। वधू अपने पुत्र को लेकर उस योगी के पास चली गई। जब वह योगी के पास पहुँची तो चर्बरिपा ने साधु कहकर अपने मंत्र फूँके जल उन पर छिड़क दिये। फलतः दोनों माँ बेटा तत्काल 'स्वयंभू वज्रकाय' बन गये। उन्हें खाद्य आदि किसी की आवश्यकता न रह गई।

जब उसके पति अपने घर पहुँचे तो पत्नी को न देखकर पूछा तो लोगों ने कहा कि वह चली गई; पता नहीं कहाँ गई? सब लोगों से पूछते हुए उसकी खोज में वह क्रमशः योगी के पास पहुँचे। वहाँ पूर्व विवरण कहने लगे। उनको भी (पूर्ववत्) मंत्र जल छिड़का गया, तो वह भी पत्नी, बच्चे की तरह (स्वयंभू वज्रकायवाला) हो गये। तीनों एक ही आसन पर बैठ गये। खोए हुए भैंस के समान उनके बहुत से भाई-बन्धु एक के पीछे एक करके वहाँ आने लगे और इनकी संख्या तीन सौ तक पहुँच गई। सब लोगों को अर्थ की सिद्धि हुई।

लड़की-पुत्र को विशेष गुण इस प्रकार प्राप्त हो गये थे—वीर्य (शुक्र) से 'खेचर-सिद्धि', वज्र से (लिङ्ग से) 'सुवर्ण परिणामी औषधि, मल स्थान से रसायन औषधि, आँख से आकाश-गमन आदि आठ सिद्धियाँ। उनका यश चारों ओर फैलने लगा तो चम्पक के राजा महिल (महिपाल) आदि बहुत से जन-समाज उन्हें देखने आये। देखा, तो राजा के मन में बड़ी श्रद्धा उत्पन्न हो गई। उन्होंने उन तीनों पुत्र सहित दम्पति के लिए एक विहार और अन्य तीन सौ लोगों के लिए एक विहार बनवाये और उनका नाम 'दुमपा' प्रसिद्ध हो गया। वहीं पर लोगों को बैठाये। विहार के अन्दर दुर्बुद्धि लोग नहीं जा सकते थे और ऐसे लोगों को वहाँ के पत्थर की मूर्ति मार-पीट भी किया करते थे। वह स्थान बाद में एक (बहुत बड़ा) सिद्ध पीठ बन गया। वहाँ अभयदत्तश्री के काल में बहुत से योगी विद्यमान थे। वहाँ साधना करें तो बहुत शीघ्र सिद्धि पाई जाती है।

यह लौकिक सिद्ध थे। वे लोग मैत्रेय बुद्ध के आने तक वहीं रहेंगे और तत्पश्चात् जीव कल्याण करेंगे।

गुरु चर्बरिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

६५. योगिनी मणिभद्रा

योगिनी मणिभद्रा सभी प्रकार के आभूषणों से सजी गृहिणी के वेश में है। वे जमीन से उड़कर आकाश मार्ग में है। बादलों के बीच से नीचे की ओर देख रही है। नीचे जमीन पर पानी का बड़ा-सा घड़ा टूटकर बिखरा हुआ है। यही उनके ज्ञान का प्रमुख निमित्त रहा है।

६६. योगिनी मेखला

योगिनी मेखलीपा पूर्ण योगिनी के वेश में है। सभी प्रकार के अस्थि-आभूषणों से सुसज्जित, बिना सँवरे बाल, बाहु के अन्दर से त्रिशूल धारण की हुई एक हाथ में नर-कपाल और दूसरे हाथ में अपने मुँह से निकली चमकती तलवार धारण की हुई हैं।

६५. गुरु मणिभद्रापा का वृत्तान्त

गुरु मणिभद्रा अथवा योगिनी भहुरि का वृत्तान्त इस प्रकार है— 'अगर्च' नामक नगर के एक सेठ की तेरह वर्षीया एक लड़की थी। उसका सवर्ण कुल में विवाह हुआ। पुनः अपने मायके में आई थी कि एक दिन उसके पास गुरु कुकुरिपा ने आकर भोजन माँगा। लड़की ने उनसे कहा—

इतने सुन्दर सुडौल व्यक्ति होते हुए भी आपकी जीविका भिक्षाटन एवं वस्त्र सिले चिथड़े (जो फट-फटकर बिखरा गए हों) क्यों हैं? आप अपने वर्ण की एक साथी लेते, तो अच्छा होता।

(उत्तर के रूप में) योगी ने कहा—(दोहा)

मैं तो संसार से भयभीत होकर,

महासुख संवर मुक्ति की साधना कर रहा हूँ,

वह भी इस पुण्य आश्रय (शरीर) के होते न करे,

तो पश्चात् ऐसा कहाँ मिलेगा।

अतः इस पुण्य—आश्रय मणिरत्न को,

गृहिणी की अशुद्धि में छिपाये तो,

इष्ट प्रयोजन का विनाश नाना प्रकार के दुःखों का उदय होगा,

यही जानकर मैंने गृह साथी का त्याग किया है।

इस कथन से लड़की में बड़ी श्रद्धा आ गयी। उसने उत्तम भोज्य प्रदान किया और कहा—

'मुझे भी मोक्ष प्राप्ति का एक उपाय बतलायें।'

योगी ने कहा—मेरा घर तो श्मशान है। यदि उपदेश चाहती हो, तो वहीं आना।

उस (लड़की) को कोई भी काम समझ में न आता; तो वह रात को भाग कर श्मशान में गई। गुरु ने उस लड़की की पात्रता एवं परिपक्वता देखकर उसे श्रीचक्रसंवर (के मण्डल में) अभिषेक प्रदान किया और उत्पत्ति एवं सम्पन्नक्रम की दीक्षा दी। उसने भी सात दिन तक वहीं भावना की। उसके बाद वह अपने पिता के घर गई; तो लोगों ने बहुत से अपशब्द कहे और उसे मारना प्रारम्भ किया। लड़की ने कहा—तीनों धातुओं में मेरे माँ-बाप न हुए हों, ऐसा कोई जीव नहीं है। जाति-कुल के बड़ा होने पर भी वह संसार के मूल धर्म से अलग नहीं हो सकती। मैं तो गुरु की शरण लेकर मोक्ष की साधना करनेवाली हूँ। तुम लोग जो भी और जैसे भी मारना हो, मारो। मैं इन सबको मार्ग उपाय के रूप में प्रयोग करूँगी। उसके इस कथन से मारनेवाले लोगों को भी कुछ श्रद्धा हो आई। थोड़ी देर के लिए उसे मारना-पीटना छोड़ दिया। लड़की ने भी सभी प्रकार के काम-काज त्यागकर गुरु के उपदेश का अनुसरण कर भावना करते एक साल बिताया, फिर उसके पति आ गये और उसे अपने घर ले गये।

वहाँ वह सभी लौकिक कार्य समान रूप से करती रही और शरीर व वचन की पक्की और पवित्र रही। बहुत मीठी बातें करतो रहती थी। क्रमशः एक पुत्र और पुत्री, दो सन्तानें भी हो गई। वे दोनों भी माँ के समान सुन्दर सुबुद्धि और सदाचारी थे। सब लोग उस कुल-सन्तान की प्रशंसा करते थे।

उस समय तक उनको गुरु से भेंट हुए बारह वर्ष हो गये थे। एक दिन पानी लेने गई थी, लौटते समय लकड़ी के एक खण्ड में पैर फँसकर गिरी और 'घट' टूट गया। वह वहीं बैठी रही, आधा दिन हो गया, लौटकर नहीं आयी। लोग उसको देखने गये, तो वह टूटे हुए 'घट' को बैठे हुए देख रही थी। लोगों ने उसे कुछ कहा, तो उसने किसी की नहीं सुना और उसी टूटे घट अवशेष को देखती रही। सबने कहा कि यह किसी भूत-प्रेत से ग्रस्त है क्या?

ऐसी दशा में जब सूर्य अस्त होने को आ गया तो कहा। (दोहा)—

अनादि काल से जीव शरीर का घट टूट जाने पर,

घर लौटकर कहाँ आते, मेरा घट आज टूट गया।

अब मैं सांसारिक घर में, न लौटकर महासुख के घर जाती हूँ,

अहो गुरु अद्भुत है, इष्ट सुख उन्हीं पर निर्भर है।

यह कहकर वह आकाश में ऊपर उड़ गई। इक्कीस दिन तक 'अगर्च' नगर के लोगों को उपदेश देकर अन्त में (उसी शरीर द्वारा) वह खेचर भूमि चली गई॥

गुरु मणिभद्रापा का वृत्तान्त समाप्त॥

६६. गुरु मेखलापा का वृत्तान्त

गुरु मेखलापा का वृत्तान्त इस प्रकार है—यह देवीकोट की रहने वाली थी। देवीकोट (पूर्वी भारत) के एक नगर में एक गृहस्वामी की दो पुत्रियाँ थीं। एक नौ- वाहक के घर में दो पुत्र थे, उनके साथ उनका सम्बन्ध बना। उन दोनों लड़कियों ने कुछ भी अपकर्म नहीं किये, पर लोग उन दोनों की निन्दा करने लगे। इस घटना से ऊब कर छोटी बहन कहने लगी कि बिना कारण निन्दा सुनते रहने की अपेक्षा अन्यत्र चला जाना ही अच्छा होगा। बड़ी बहन कहने लगी कि नहीं, जहाँ भी जायँ, अभागे लोगों को इससे कोई अन्तर नहीं आयेगा। इससे यहीं रहना अच्छा होगा।

उस समय गुरु कण्हपा वहाँ आ पहुँचे। वे सात सौ योगी और योगिनियों के परिवार के साथ थे। बिना किसी के द्वारा पकड़े छत्र उनके सिर के ऊपर घूम रहा था। बिना बजाये डमरू आदि स्वत: शब्दायमान हो रहे थे। इस प्रकार वे अनेक (चमत्कारी) गुणों से सम्पन्न थे। दोनों लड़कियों ने आपस में परामर्श किया कि नगर के लोग और स्वयं उनके पति भी उन दोनों की कुछ निन्दा करते रहते हैं। अत: वे भी उन गुरु से कुछ उपदेश दीक्षा लेकर साधना क्यों न करें?

यह सोचकर दोनों बहिनें गुरु के पास गई। वहाँ जाकर उन्होंने अपना पूर्व वृत्तान्त सुनाया और दीक्षा की प्रार्थना की।

कण्हपा ने अनुमति दे दी और अभिषेक प्रदान करके दर्शन, भावना, चर्या, फल और 'युगनद्ध वज्रवाराही' की दीक्षा प्रदान की। उन दोनों ने भी बड़े उद्यम के साथ उसकी साधना की। बारह वर्ष में सिद्धि प्राप्त हो गई। उन्होंने अपने गुरु के पास जाकर प्रणाम, अभिवादन, प्रदक्षिणा की तथा कृतज्ञता ज्ञापित की।

तब गुरु ने कहा—मुझे पहचान में नहीं आया कि तुम दोनों कौन हो? इस पर दोनों ने अपना पूर्व वृत्तान्त सुनाया।

योगी ने कहा—यदि ऐसा है, तो मुझे दक्षिणा देनी होगी।

दोनों लड़की—गुरुजी जो चाहें, वही दक्षिणा होगी।

गुरु—तुम दोनों मुझे अपने सिर दो।

लड़कियाँ—यदि गुरुजी चाहते हैं तो अवश्य सिर देने को हम तैयार हैं। उन दोनों ने अपने-अपने मुख से ज्ञानरूपी तलवारें बड़ी तेज धारवाली निकालीं। परम अंग सिर को काटकर उसे गुरु के चरणों में अर्पित किया और (निम्न दोहा) कहा—

हम दोनों ने गुरु की कृपा से ही—उत्पत्ति-सम्पन्न युगल द्वारा

संसार निर्वाण के प्रपञ्च को काटा।

युगनद्ध दृष्टि एवं चर्या के द्वारा हेयोपादेयता के प्रपञ्च का छेदन किया,

धर्मता एवं संवित्ति की युगलता द्वारा स्व-पर के प्रपञ्च को हमने तोड़ा।

निष्प्रपञ्च के संकेत के रूप में यह (सिर) आपके चरणों में समर्पित करते हैं।

इस प्रकार सिर को दक्षिणा के रूप में रखकर सहजानन्द का नृत्य करने लगी, तो कण्हपा ने कहा—(दोहा)

अहो! महायोगिनियाँ,

परमगुणों की प्राप्ति शुभ है।

(केवल) अपनी ही सुख-शान्ति (की चाह बहुत) तुच्छ है,

जगतार्थ (उद्यम करते) रहना॥

इस कथन के साथ उन दोनों के सिर पुनः पूर्ववत् हो गये। इस घटना से सब लोग आश्चर्य चकित हो गये। वे सर्वत्र 'छिन्नाबन्धु' नाम से प्रसिद्ध हुई।

वे कण्हपा की सेवा करती और 'महामुद्रा परमसिद्धि' का लाभ कर अनेक वर्षों तक जगतार्थ करती हुई अवदान उक्तियाँ कहकर खेचर भूमि चली गई।

गुरु मेखलीपा का वृत्तान्त समाप्त॥

६७. गुरु कनखला का वृत्तान्त

गुरु कनखला (कनखल) का वृत्तान्त इस प्रकार है— कनखल का अर्थ- 'कणक' वाला[१] प्रदेश है। यह सिद्ध कण्हपा अर्थात् कृष्णाचार्य द्वारा अनुगृहीत उपर्युक्त दो कन्या-बन्धु जिनको सिरछिन्ना-बन्धु कहा जाता है, वही हैं। उन दोनों में से यह छोटी बहिन है। इनकी विमुक्ति का इतिवृत्त ऊपर कहे विवरण से ज्ञात हो जाता है। इनका नाम सर्वत्र कनखला ही प्रसिद्ध है।

गुरु कनखला (पा) का वृत्तान्त समाप्त॥

---

१. यहाँ ''कनखला'' अर्थ कणकवाला प्रदेश है, जो उल्लेख है। यह कुछ किंवदन्ती-सा लगता है। यह नाम ''कनखला'' जो है, वह ''कनक मेखला'' है। इसका अपभ्रंश ''कनखला'' हो गया, लगता है।

६७. योगिनी कनखला

योगिनी कनखला (कनकखला) का आकार प्रकार मेखली के सदृश है। एक हाथ में खुँखरी (कटार) और दूसरे हाथ में सजीव नारी का मुंडा हुआ सिर जो वस्तुत: उनका अपना सिर है, ली हुई हैं। ये आकाश प्रदेश में बादलों के बीच नृत्य करते हुए अपने गुरु की पूजा कर रही हैं।

६८. गुरु कल-कलपा

गुरु कल-कलपा श्मशान में बैठे हुए हैं। ये गहरे नील रंग के हैं। सामने मिट्टी की मञ्जूषा जिसके अन्दर कुछ विशेष सामान रखे जाते हैं, भावनासूत्र से दोनों जँघा बाँधे हुए हैं।

६८. गुरु किलि-किलिपा का वृत्तान्त

गुरु किलि-किलिपा का वृत्तान्त इस प्रकार है— किलि का अर्थ है— चिल्लाने वाला। ये 'भिरिलिङ्ग' नामक जगह के रहनेवाले और जाति के शूद्र थे।

भिरिलिङ्ग नगर का शूद्र जाति का एक व्यक्ति अपने पूर्व कर्मवश बहुत जोर से चिल्लानेवाला हो गया। नगर के लोग इससे तंग हो गये और उसको नगर से बाहर कर दिया। इससे वह बड़े दु:खी हो गये और एक श्मशान में जाकर बड़े कष्ट के साथ बैठे थे। वहाँ एक योगी आ पहुँचे। उन्होंने उस व्यक्ति से पूछा— तुम इस श्मशान में किसलिए बैठे हो?

उस व्यक्ति ने अपना सभी पूर्व वृत्तान्त कह सुनाया।

योगी ने कहा—तुमको इस तरह के व्यवहार से बुरा न लगे और संसार के दु:खों से मुक्त होने का उपाय क्या, तुम नहीं चाहोगे?

व्यक्ति—यदि ऐसा हो, तो अवश्य चाहेंगे।

योगी ने उन्हें प्रणाम-पूजा आदि की व्यवस्था दी और उन्हें गुह्य-समाज मण्डल में अभिषेक प्रदान किया। 'प्रतीयभाण स्वतः विमुक्ति' की दीक्षा इस प्रकार दी—

(दोहा)—

शब्द मात्रता में स्व-पर के सभी शब्द अभिन्न-

एक ही स्वभाव की भावना करो,

तत्पश्चात् स्वशब्द आकाश धातु के मध्य से,

मेघ गर्जन समान गरजते हुए पुष्प वृष्टि होती भावना करो।

उस (व्यक्ति) ने भी बड़े उद्यम के साथ (गुरु के वचनानुसार) वैसी ही भावना की। फलतः पर व्यक्ति के क्रोध आदि शब्द स्वतः अपने शब्द में खो गये। अपने शब्द भी पुष्टवृष्टि के रूप में समाप्त हो गये। पुष्प की कल्पना आकाश के रस में

(आकाश धातु के रूप में) खो गई। समस्त इष्ट-दर्शन महामुद्रा के रूप में प्रतीत होने लगे और दृष्टिप्रतीति स्वतः विमुक्त होकर परमसिद्धि का लाभ हुआ। सर्वत्र उनका नाम गुरु चिल्लानेवाले (किल-किलापा) प्रसिद्ध हो गया।

उन्होंने बहुत से जगत् कल्याण कार्य किये। बाद में अपने अवदान भी कहे। अन्त में तीन सौ शिष्य परिवार के साथ वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु किलि-किलिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

६९. गुरु कन्तलिपा का वृत्तान्त

गुरु कन्तलिपा का वृत्तान्त इस प्रकार है—'कन्तलि' का अर्थ है सिलाई करने-वाला। मणिधर नामक नगर के एक शूद्र जाति के व्यक्ति धन-सम्पत्ति से अत्यन्त दरिद्र होकर दर्जी का काम करते हुए घूमता रहा। एक समय सिलाई की सुई उसके हाथ में चुभ गई। बहुत-सा खून गिरा और उसकी पीड़ा से बहुत पीड़ित हो गया। इससे असह्य होकर घर के एक किनारे बैठा छटपटा रहा था। उसी समय 'वैताली' नामक डाकिनी एक स्त्री का रूप धारण करके उसके पास आई और उससे पूछा—तुम क्या कर रहे हो?

उस (दर्जी) ने—अपने सभी पूर्व वृत्तान्त कह दिये।

डाकिनी ने कहा—इससे भी अधिक दुःख पूर्व जन्मों में भोग चुके हो, अब भी, अगले जन्म में भी, पुनः-पुनः इससे कई अधिक दुःख भोगना पड़ेगा। क्योंकि (तुम) स्वयं दुःख के स्वभाव से अतीत नहीं हो।

उसने कहा—इन दुःखों से मुक्ति पाने का कोई उपाय आप हमें दें।

डाकिनी—उसकी तुम साधना कर सकोगे?

उस व्यक्ति ने कहा—क्यों नहीं, अवश्य कर सकूँगा।

डाकिनी ने उन्हें—हेवज्र के मण्डल में अभिषेक दिया और अप्रमेय (योग) गुरुयोग, उत्पत्तिक्रम योग आदि की दीक्षा दी। परन्तु उनकी (पूर्व संस्कार के कारण) कल्पना सिलाई की ओर ही जाती रही।

इसके बारे में गुरुजी को कहा, तो गुरुजी ने पुनः ''विकल्प को मार्ग के रूप में उपयोग'' करानेवाला उपदेश इस प्रकार दिया—

(दोहा)—

शून्य आकाश चिथड़े को, स्मृति एवं ज्ञान की,

सुई-सुतली द्वारा।

वस्त्र सिलाते हुए करुणा रूपी सुई को,

त्रिभाविक जीव में व्याप्त रूप में भावना करो॥

ऐसा कहने पर, उसने भी वैसी ही भावना की। फलत: समस्त धर्मों की शून्यता का ज्ञान प्राप्त हो गया और इस तरह के ज्ञान से रहित जीव के प्रति उन्हें अपार करुणा उत्पन्न हुई। परिणाम स्वरूप उन्हें सर्वधर्म शून्यता एवं जीव मात्र के प्रति करुणा इन दोनों की युगल स्थिति— 'महामुद्रा परमसिद्धि' की प्राप्ति हुई। सर्वत्र उनका नाम कन्तलिपा प्रसिद्ध हो गया। उन्होंने अनेक जगत् कल्याण करने के बाद अपने अवदान भी कहे और अन्त में उसी शरीर द्वारा वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु कन्तलिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

६९. गुरु कन्तलिपा

गुरु कन्तलिपा हलके वस्त्र पहने हुए और जटा-शिखा बाँधे हैं। वे कपड़ा सिलने की मुद्रा में हैं। उनके ठीक सामने एक डाकिनी उन्हें उपदेश दे रही है।

७०. गुरु धगुलिपा

धगुलिपा साधारण धोती, कुछ कण्ठाभूषण पहने हुए और सिर के बाल सँवारे हुए हैं। उनका प्रमुख व्यवसाय पहले तिनके से रस्सी बनाना था। अत: तिनके लेकर रस्सी बनाने की मुद्रा में बैठे हैं।

७०. गुरु बहुलिपा का वृत्तान्त

गुरु बहुलिपा (धगुलिपा, धहुरिपा?) का वृत्तान्त इस प्रकार है—ये धोकर (थोकर) देश के रहनेवाले और जाति के शूद्र थे।

धोकर (थोकर) देश में शूद्र जाति का एक व्यक्ति घास की रस्सी बनाकर जीविका के लिए बेचता था। एक समय बहुत-सी रस्सियाँ बनाने से उसके हाथ में बहुत उग्र छाले पड़ गये। उससे बहुत पीड़ा होने लगी। वह रोते हुए घर के एक किनारे जा बैठा। एक योगी ने उसके पास आकर पूछा—तुम्हारा क्या खराब हो गया?

उन्होंने अपना वृत्तान्त सच-सच बता दिया।

योगी ने कहा— तुम इस समय इतने मात्र दु:ख से असह्य हो जाते हो? परलोक में दुर्गतिमय योनि में पैदा होओगे तो फिर कैसे क्या करोगे?

उन्होंने कहा—हे गुरुजी! हमें इस तरह के दु:ख से मुक्ति पाने का उपाय दें।

योगी ने उन्हें प्रथमत: 'प्रभाव उत्क्रान्ति' का अभिषेक प्रदान किया, तत्पश्चात् विकल्पों को मार्ग के रूप में उपयोग कराने की दीक्षा इस प्रकार दी—(दोहा)—

''संस्कारगत प्रतीतियों का कुश,
और अन्तरिक्ष में स्थित परिकल्पना दोनों के।
आदित: असिद्ध स्वभाव में,
(यथा) शक्ति निरन्तर भावना करो।''

ऐसा करने पर, उन्होंने बड़े उद्यम के साथ बारह वर्ष तक साधना की। फलत: परिकल्पित की निराश्रयता, परतन्त्र का प्रतीत्यसमुत्पन्नत्व और परिनिष्पन्न की धर्मता के अभिन्न स्वरूप का साक्षात् ज्ञान प्राप्त हो गया। परमसिद्धि का लाभ कर सर्वत्र उनका नाम गुरु धगुलिपा (धहुलिपा) प्रसिद्ध हुआ। सात सौ वर्ष तक भारत के कोने-कोने में घूमते जगत् कल्याण का कार्य सम्पादन किये, अन्त में स्व-अवदान कहकर पाँच सौ शिष्य परिवार के साथ खेचर भूमि चले गये॥

गुरु धगुलिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

७१. गुरु ओडिलिपा का वृत्तान्त

गुरु ओडिलिपा (धलिपा?) का वृत्तान्त इस प्रकार है—ओडलि या उडिलि-उडलिपा, का अर्थ 'उड़नेवाला' है। ये देवीकोट नगर के रहने वाले थे और जाति के वैश्य थे।

देवीकोट नामक नगर में वैश्य जाति के एक व्यक्ति पूर्वदान (पुण्य) के परिणाम स्वरूप धन[१]-सम्पत्ति से परिपूर्ण थे। अपने महल के अन्दर बैठे पाँच प्रकार की भोग्य-सामग्री (पञ्च काम-गुणों) का भोग कर रहे थे।

एक समय आकाश में पाँच रंग के मेघ छाये हुए थे और मेघों में नाना प्रकार के जीव (पशु-पक्षियों) के आकार दिखलाई पड़े रहे थे। वे उन्हें देखते रहे, तो उनकी दृष्टि के सामने कुछ 'हंस' (पक्षी) उड़ते जा रहे थे। उनके मन में यह विचार आया कि मैं भी इन (हंस पक्षी) की तरह उड़ सकूँ, तो कितना अच्छा हो। यह सोचते अन्य कोई काम उनको नहीं सूझता था।

उसी समय उनके यहाँ गुरु कर्णरिपा आ पहुँचे। उन्होंने उससे भोजन के लिए भिक्षा माँगी।

उस व्यक्ति ने कहा—हे योगी! आपको भोजन अवश्य दूँगा। यदि आपके पास आकाश में उड़ने का कोई उपाय हो, तो मुझे अवश्य ही प्रदान करें। यह कहकर उन्होंने योगी की सेवा में उत्तम कोटि के पेय-भोज्य आदि की व्यवस्था की और प्रणाम-पूर्वक दक्षिणा भी चढ़ाई। फिर वही प्रार्थना की।

कर्णरिपा ने कहा—यह तो मेरे पास है, कहकर 'चतुरवज्रासन' मण्डल में उन्हें अभिषेक और दीक्षा दी तथा निम्न बातें कहीं—

चौबीस महासिद्ध पीठों में जाकर (वहाँ की पीठ अधिष्ठातृ) डाकिनी मन्त्र का जप दस-दस हजार करो और वहीं से एक-एक औषधि भी लेते आना। यह कहकर उसे भेज दिया।

---

१. पाँच कामगुणों।

७१. गुरु उडलिपा

गुरु उडलिपा सिर पर पगड़ी बाँधे हुए और शरीर पर चोंगा पहने हैं। रत्ननिर्मित हलके आभूषण पहने, सँवरी दाढ़ी और आकाश की तरफ नजर गड़ाये हुए हैं। सामने एक योगी वृक्ष की कुछ पत्ती लिए उडलिपा से कुछ कहने जा रहे हैं।

७२. गुरु कपालिपा

गुरु कपालिपा काले रंग के हैं। श्मशान में पड़े एक स्त्री के शव का कपाल निकालकर एक हाथ में लिए और दूसरा हाथ प्रवचन-मुद्रा में हैं। वे सभी प्रकार के अस्थि-आभूषणों से सुसज्जित हैं।

उस व्यक्ति ने पूछा—यदि वे सब पूर्ण हो जायँ, तो क्या-क्या करना होगा?

योगी ने उत्तर दिया—उन सब औषधियों को प्रमथत: एक ताँबे के पात्र में डालो। उसके बाद चाँदी के पात्र में और तत्पश्चात् सोने के पात्र में डाल दो। उसके बाद तुम आकाश में उड़कर जा सकोगे। तदनुसार साधना करने पर उन्होंने बारह वर्ष में सब शर्तें पूर्ण कर लीं और सभी औषधि पूर्ण हो गई।

उसने गुरु के निर्देशानुसार औषधियों को ताम्र आदि के पात्र में डाला, तो वे आकाश में उड़ सके। उनका नाम भी सर्वत्र गुरु ओडिलिपा प्रसिद्ध हो गया।

अन्त में स्व-अवदान कहकर इसी शरीर के द्वारा वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु ओडिलिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

७२. गुरु कपालपा का वृत्तान्त

गुरु कपालपा का वृत्तान्त इस प्रकार है—'कपालपा' का अर्थ-कपाल धारण करनेवाला है। ये राजपुर जनपद के रहनेवाले थे और जाति के शूद्र थे।

राजपुर नगर में एक शूद्र जाति के व्यक्ति, मजदूरी से अपनी जीविका चला रहे थे। उनके पाँच पुत्र थे। पूर्व कर्मवश एक दिन उनकी पत्नी की मृत्यु हो गई। उसकी लाश श्मशान पर पहुँचाने गये तो वह लाश को छोड़ने में असमर्थ होकर वहीं रोते रहे। क्रमशः उनके सभी पुत्र भी मर गये, लोगों ने उन्हें बुलाया, तो पुत्रों की लाश भी श्मशान में पहुँचाये और सब लाश वहीं रखकर उनके पास वे रोते रहे। तब महायोगी कृष्णाचार्य वहाँ आ पहुँचे। उन्होंने उस व्यक्ति से पूछा— तुम यहाँ क्या कर रहे हो?

उसने उत्तर दिया—हे योगी! मेरा अपनी गृहस्वामिनी एवं सभी पुत्रों से सदा के लिए वियोग हो गया, शोक में सन्तप्त होकर यहीं बैठा हूँ। इन लाशों को त्यागने में असमर्थ होकर यहीं रह रहा हूँ।

आचार्य कृष्णाचार्य ने कहा—त्रिधातु के सभी प्राणी इसी स्वभाव के ही हैं। यह तुम्हारे अकेले का नहीं है। इसके लिए शोक नहीं करना है। यदि किया भी जाय, तो इससे कोई लाभ नहीं होनेवाला है। अतः धर्म ग्रहण करो। तुम संसार के जन्म-मरण आदि अन्य दुःखों से नहीं डरते हो?

उसने उत्तर दिया— जन्म-मरण से डर रहा हूँ, यदि इससे मुक्त होने का उपाय हो तो मुझे अवश्य प्रदान करें।

आचार्य ने उन्हें हेवज्र के मण्डल में अभिषेक प्रदान किया और उत्पत्ति और सम्पन्नक्रम की दीक्षा देकर चारिका में लगाया। वह इस प्रकार है—

पुत्र की हड्डियों के छः प्रकार के आभूषण बनवाये और उसे पहनवाये। पत्नी का सिर कटवाकर (कपाल निकलवाये और उसी को) खाने का पात्र बनवाये। साथ ही कपाल को 'उत्पत्तिक्रम' के रूप में तथा कपाल के अन्दर जो खालीपन है, उसको 'सम्पन्नक्रम' के रूप में सङ्केतित किया।

वह (व्यक्ति) भी चारिका के साथ भावना करते रहे। नौ वर्ष में ही (दृष्ट-दर्शन एवं चर्या) युगल की अभिन्नता का ज्ञान होकर उन्हें सिद्धि प्राप्त हो गई।

तत्पश्चात् उन्होंने अपने विनेय लोगों से कहा—

(दोहा)—

मैं तो योगी कपालिका हूँ, सभी धर्मों का स्वभाव मैं,

कपाल के समान जानता हूँ, तत् बलेन प्राप्त चर्या में स्थित हूँ।

यह कहकर उन्होंने आकाश में स्थित होकर नृत्य किया। लोगों में बड़ी श्रद्धा हुई। सर्वत्र उनका नाम गुरु कपालिपा प्रसिद्ध हो गया। पाँच सौ वर्षों तक जगत् का अर्थ साधने के बाद अपना अवदान भी उन्होंने कहा। अन्त में छः सौ शिष्य परिवार के साथ वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु कपालिपा का वृत्तान्त समाप्त॥

७३. गुरु किरपलपा का वृत्तान्त

गुरु किरपलपा (किरपालपा?) का वृत्तान्त इस प्रकार है— किरपालपा या किरपल का अर्थ है 'नाना-मन्त्र'। ये जाति के क्षत्रिय थे और ग्रहर जनपद के रहनेवाले थे।

'ग्रहर' नामक जनपद के एक क्षत्रिय राजा विस्तृत राज्य का उपभोग कर रहे थे और वे कुबेर की तरह धन-धान्य से सम्पन्न थे। परन्तु वे उससे तृप्त नहीं हो पाये। वह अन्यत्र स्थित राजाओं के राज्यों को भी छीन-छीन कर भोगा करते थे। इस सिलसिले में एक राज्य पर उन्होंने एक बार सैनिक आक्रमण किया। वहाँ स्थित सभी पुरुष जो भाग निकलने में समर्थ थे, सब भाग गये। स्त्री आदि जो भाग नहीं सकीं, रोती-पीटती बेहोश हो गई। ऐसे अनेक प्रकार के दृश्य उस राजा ने स्वयं देखे। इस सम्बन्ध में राजा ने अपने एक मन्त्री से पूछा। मन्त्री ने भी सभी वृत्तान्त सही-सही बतलाया। इस घटना से वह राजा बड़े दु:खी हुए और कहने लगे कि यह तो बड़ी दयनीय स्थिति है। इन लोगों के पति, पिता आदि सबको बुलाओ; अपने-अपने राज्य उन्हें सौंप दो। ऐसी आज्ञा देने पर मन्त्री ने भी वैसा ही किया। राजा-मन्त्री सब पुन: अपनी जगह पर लौट गये और वहाँ दान के लिए बहुत बड़ी घण्टी बजाई। सब लोगों को अपरिमित दान देकर वे सोचने लगे कि अब मुझे कुछ धर्म (विहित साधना) करना चाहिए। उसी समय एक योगी उनके यहाँ आ पहुँचे और भोजन की याचना की। उसे (राजा ने) उत्तम भोज्य प्रदान किया। उस (योगी) ने भी बदले में चार अप्रमाण आदि धर्म का उपदेश दिया, तो राजा ने कहा— नहीं हमें इसी जन्म में ही बुद्धत्व प्राप्त हो, ऐसे धर्म दो। योगी ने उन्हें श्रीचक्रसंवर (के मण्डल) में अभिषेक दिया और उत्पत्तिक्रम एवं सम्पन्नक्रम की भावना करने के लिए कहा तो पूर्व संस्कार के वशीभूत होकर राज्य एवं युद्धादि के विकल्प से उनके सारे मार्ग अवरुद्ध हो गये।

इस वृत्तान्त को उसने गुरु से कहा उन्होंने गुरुजी ने भी स्वत: विकल्प-मुक्ति की दीक्षा इस प्रकार दी—

७३. गुरु किरपालपा

गुरु किरपालपा सुन्दर रूप के हैं। पर कुछ क्रोध के भाव चेहरे पर उभरे हुए हैं। रत्ननिर्मित चोटी एवं पञ्चशिखा वाले मुकुट, उसके नीचे की ओर से वीरशिरोबन्धन, जिसके दोनों छोर बाल पर बँधे सोने के जंजीर (रिंग) के अन्दर से निकलकर नीचे लटके हुए हैं। भावनासूत्र धारण किये हुए और हाथ में तलवार एवं ढाल लिये गद्दी पर बैठे हैं। सामने गुह्य-द्रव्यों का पात्र मञ्जुषा रखा हुआ है।

७४. गुरु सागरपा

गुरु सागरपा गोरे रंग के और भिक्षु वेश में हैं। वे समाहित-मुद्रा में बैठे हैं। उनके सामने आर्य अवलोकेश्वर खड़े होकर उन्हें कुछ कह रहे हैं। वे उन्हें वरदान देने की मुद्रा में हैं।

(दोहा)—

तीनों धातुओं के सभी प्राणी (जगत्),

वीर सेनाओं से व्याप्त समझो (=भावना करो)।

अशेष आकाश धातु अपने ही चित्त से,

निकले अपरिमित वीरों (से व्याप्त समझो) ॥ १ ॥

दोनों (तरह के वीर) अभिन्न होकर (एक साथ मिलकर) सभी

शत्रुओं का प्रहाण करो,

स्वयं महाराजा हो।

राज्य आदि सुख सम्पन्न होकर,

भवाग्र में (पहुँचा हो, ऐसी) भावना करो॥ २॥

ऐसा कहने पर उसने भी तदनुसार बारह वर्षों तक भावना की और अन्त में दर्शन (तत्त्व) का ज्ञान होकर सिद्धि लाभ किया। तब सभी राजमहल प्रकाश से भर गये, तो रानी आदि (राजमहल के) लोगों को पता चल गया कि इनको सिद्धि प्राप्त हो गई। रानी आदि ने उनकी पूजा की। उन्होंने कहा—

(दोहा)—

''चार अप्रमाणों के द्वारा सत्त्वों के प्रति,

आसक्त होकर काम भोगें।

वीर-महाद्वेष के द्वारा,

अशेष अरियों का विनाश करें ॥ ३॥''

वह गुरु 'किरपल' नाम से सर्वत्र प्रसिद्ध हो गये। उन्होंने अपने अवदान भी कहे और सात सौ वर्षों तक जगतार्थ साधना किये। अन्त में छः सौ शिष्य परिवार के साथ वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु किरपलपा का वृत्तान्त समाप्त॥

७४. गुरु सागरपा का वृत्तान्त

गुरु सागरपा का वृत्तान्त इस प्रकार है— काँची नगर में इन्द्रभूति नामक एक राजा थे। वह चौदह लाख के नगरादि पर राज करते थे। पर उनकी कोई सन्तान नहीं थी। वे लौकिक एवं अलौकिक सभी देवी-देवताओं से सन्तान के लिए प्रार्थना किया करते थे। एक समय उनकी रानी गर्भवती हो गई। रानी का सहज चिन्तन भी कुछ कुशल की ओर होने लगा। रानी को छ: मास के बाद (एक दिन) ऐसा स्वप्न दिखाई दिया कि उनके दोनों स्कन्धों से सूर्य-चन्द्र उदित हो रहे हैं। इस स्वप्न वृत्तान्त को उन्होंने राजा से कह सुनाया। राजा ने कहा कि मैं क्या जानता हूँ? पुरोहित पण्डित एवं ब्राह्मणों से पूछूँगा। यह कहकर उन्होंने पुरोहितों एवं ब्राह्मणों से भोजन, दक्षिणा आदि देकर उक्त स्वप्न के विषय में पूछा। लोगों के द्वारा परीक्षण करने पर देखा गया कि यह धर्म से राज्य-ग्रहण करनेवाले एक बोधिसत्त्व राजा के होने के ही लक्षण थे। पर इन बातों को लौकिक जन कुछ पसन्द नहीं करते; इसलिए उन लोगों ने (पुरोहित आदि लोगों ने) राजादि को प्रसन्न रखने के लिए कहा कि यह सभी लौकिक सम्पदा के आधार स्रोताकर एक राजकुमार के जन्म का लक्षण है। इस कथन से राजा आदि सब लोग बड़े प्रसन्न हुए।

तत्पश्चात् नौ मास पूरे होकर दसवें मास में पुत्र-जन्म का समय आ गया। तब कर्म एवं पुण्य के बल से सिद्ध एक समीपवर्ती झील के अन्दर बहुत बड़ा कमल निकल आया और उसी के अन्दर आधी रात को एक पुत्र का जन्म हुआ। उस समय उस प्रदेश में इष्ट वस्तुओं की वृष्टि हुई। इस घटना से वहाँ के सब लोग आश्चर्य चकित हो गये। लोग सन्देह में पड़ गये कि यह किसकी शक्ति थी। आधे दिन के बाद लोगों को पता चला कि ये सब उस नवजात बालक की शक्ति थी। तब उनका नाम भी सरोजकुमार रखा गया। उस बालक के पुण्य-बल पर वहाँ की जनता उत्तम काम गुणों का भोग, भोग ही रही थी, फिर रानी से दूसरे और एक बालक का जन्म हुआ। इस प्रकार वे दो भाई हो गये।

जब राजा का स्वर्गवास हुआ, राज्य बड़े भाई को दिया गया। पर उन्होंने उसे स्वीकार नहीं किया तथा उसे छोटे भाई को सौंपकर वे भिक्षु बन गये और वे वहाँ से श्रीधान (कोष) चले गये। जाते समय आर्य लोकेश्वर ने एक भिक्षु का रूप धारण किया। मार्ग में उनसे भेंट हुई, सरोज ने उन (भिक्षु) को नहीं पहचाना। उसने भिक्षु सागर (सरोज) से अपना वृत्तान्त पूछा। भिक्षु सरोज ने अपना वृत्तान्त सही बतला दिया।

उस (निर्मित भिक्षु) ने पूछा कि आप सम्भोगकाय से मिलना चाहते हैं?

(सरोज) भिक्षु ने कहा—चाहता वही हूँ, पर मेरे पास कोई उपाय नहीं है।

उस (निर्मित) भिक्षु ने कहा—तुम मुझे गुरु के रूप में मानो और भक्ति पूर्वक चाहो, तो वह उपाय मिल सकता है। उस (भिक्षु सरोज) ने वहीं प्रणाम-अभिवादन पूर्व की प्रार्थना की। निर्मित भिक्षु ने हेवज्र के मण्डल को साक्षात् दिखलाकर अभिषेक प्रदान किया और दीक्षा दी। आर्य (लोकेश्वर के निर्मित भिक्षु) वहीं अन्तरधान हो गये। वह (सरोज) भिक्षु 'श्रीधान' चले गये। वहाँ वे साधना करते रहे। उस समय वहाँ एक दिन योगी जैसा एक आदमी आया और 'सरोज' से पूछा कि आप यहाँ क्या कर रहे हैं? सरोज ने अपना वृत्तान्त बतला दिया। उस आदमी ने पुन: कहा—यदि ऐसा है तो आपके सभी लाभ-सत्कार सेवा मैं कर दूँगा, परन्तु सिद्धि प्राप्ति के बाद हमें दीक्षा देनी होगी। सरोज ने उसे स्वीकार किया और वे एक खाली गुफा में बैठ गये।

उस आदमी की सेवा के साथ बारह वर्षों तक वे (सरोज) उसी गुफा में साधना करते रहे। उस अवधि में वहाँ के प्रदेश में अकाल पड़ा। बहुत लोग मरे। उस आदमी ने यह सोचकर कि यदि यह वृत्तान्त गुरुजी को सुनायें, तो उन्हें विघ्न पड़ेगा, इस वृत्तान्त को छिपाकर वह उनकी सेवा करता रहा। वह स्वयं गुरुजी के खाए हुए बासी छोड़ा खाना खाकर जीवन चलाता रहा। एक दिन उसे कहीं से भी खाना नहीं मिल पाया। वह एक राजा के महल में चला गया। वहाँ उसको भिक्षापात्र भर भात मिला। उसी को लेकर वह बिना खाये-पीये गुरुजी की गुफा में पहुँचा। वह कमजोरी की वजह से वात रोग से ग्रस्त होकर वहीं गिर पड़ा। भात भूमि पर बिखर गया। उसे देखकर गुरुजी ने कहा— क्या तुमने मदिरा तो नहीं पी ली?

उसने उत्तर दिया— मदिरा कहाँ से मिलती, भूख से कमजोर होकर गिर रहा हूँ।

गुरु—भोजन क्यों नहीं मिलता?

सेवक—गुरुजी को साधना में विघ्न होने के डर से नहीं कह सका। यहाँ बारह वर्ष तक बड़ा दुर्भिक्ष पड़ा। बहुत से प्राणी मर भी गये और बहुत से लोग अब भी भूख से दु:खी और पीड़ित हैं।

आचार्य सरोज—ऐसा था तो उस समय तुमने मुझे क्यों नहीं कहा। ऐसा कोई नियम है? जबकि अकाल रोकने का उपाय मेरे पास था। अब उठो। यह कहकर भूमि पर बिखरा हुआ भात सब उठाया और उन्होंने एक नदी के पास (तट) जाकर, उस भात को बलि के रूप में चढ़ाया। आठ नाग राजाओं को मन्त्र, मुद्रा और समाधि के द्वारा प्रभावित किया। वे लोग (नाग लोग) बड़े भयभीत होकर मस्तिष्क निकल जाने के डर से आचार्य के पास आकर कहने लगे—क्या काम करना है?

आचार्य ने आज्ञा दी—जम्बूद्वीप में अवर्षण के कारण बहुत से प्राणी मर गये, यह तुम लोगों का अपराध है। अब तुम लोग यहाँ के जीवित लोगों के लिए प्रथम दिन खाद्य-वस्तुओं की वर्षा कराओ। उसी प्रकार दूसरे दिन अन्न की वर्षा और तीसरे दिन वस्त्र-शयन (बिस्तर) आदि की वर्षा कराओ। उसके बाद तीन दिन तक रत्न (आदि) की वर्षा करानी होगी। यह सब हो जाने के बाद जल-वृष्टि कराओ।

नाग लोगों ने भी आज्ञा का पालन किया। सभी (तत्कालीन दु:खी) प्राणी दु:ख से मुक्त हो गये। इस घटना का सुयश चारों ओर फैल गया। यह आचार्य सरोज की शक्ति है, यह सब लोगों की चर्चा का विषय हो गया। सभी लोगों में उनके प्रति बड़ी श्रद्धा उत्पन्न हुई।

उसके बाद आचार्य ने अपने सेवक, जिसका नाम 'राम' था और बारह वर्षों तक जिसने उनकी सेवा की थी, को हेवज्र के मण्डल में अभिषेक प्रदान किया

और हेवज्र की उत्पत्ति एवं सम्पन्नक्रम की दीक्षा दी। तत्काल उन्हें लौकिक सिद्धि प्राप्त हुई। उसके बाद दीक्षा देकर उसको यह आज्ञा दी—बिना जगत् कल्याणार्थ किये तुम खेचर भूमि मत जाओ। अब तुम (दक्षिण) श्रीपर्वत जाकर इस प्रकार (उक्त दीक्षा के अनुसार) साधना करो। तुम्हें (परम) सिद्धि का लाभ हो जायगा। यह कहकर गुरु खेचर भूमि चले गये।

'राम' ने श्रीपर्वत पर जाकर तत्समीप एक राजकुमारी को वश में किया। दोनों ने वहाँ साधना करते हुए विहार आदि बनवाये और अन्त में ये दोनों भी खेचर भूमि चले गये॥

गुरु सागरपा का वृत्तान्त समाप्त॥

७५. गुरु सर्वभक्ष का वृत्तान्त

गुरु सर्वभक्ष का वृत्तान्त इस प्रकार है—सर्वभक्ष का अर्थ सब कुछ खानेवाला है। ये 'अभीर' नामक नगर के रहनेवाले थे और जाति के शूद्र थे।

अभीर नामक नगर में महाराज हरिश्चन्द्र का राज्य था। एक शूद्र जाति के व्यक्ति का पेट बहुत बड़ा होने के कारण वह सब कुछ खाता रहता था। एक समय उसे खाने के लिए कुछ भी नहीं मिल पाया। एक ओर जाकर खाने की कल्पना में मग्न होकर बैठा। सहसा श्री सरहपा वहाँ पहुँचे और उससे पूछ पड़े— तुम यहाँ क्या कर रहे हो?

उस आदमी ने उत्तर दिया—हे योगी! मेरी तो पाचन-अग्नि के अत्यन्त प्रबल होने के कारण जो भी खाया, उससे पेट भरता नहीं, विशेष रूप से आज मुझे खाने के लिए कुछ न मिलने के कारण यहाँ दु:खी होकर बैठा हूँ।

योगी ने कहा—तुम मात्र आज की क्षुधा नहीं सह सकते हो, तो तुम जब प्रेत योनि में उत्पन्न हो जाओगे तो कैसे क्या करोगे?

उस व्यक्ति ने पूछा—वैसी प्रेत-योनि कहाँ होती है?

योगी—यहीं देख लो, कहकर उनको एक (भयंकर) प्रेत दिखला दिया।

वह बहुत डर गया और कहने लगा कि इस तरह की योनि में पैदा होने का हेतु क्या है? योगी ने सब कारण बतलाया।

फिर उसने प्रार्थना की— हे गुरुजी! हमें इस तरह के दु:ख से मुक्त होने का उपाय दें।

उसकी प्रार्थना पर सरहपा ने उसे सर्वप्रथम अभिषेक दिया।

उसके बाद उन्हें भुसुकु वृत्त इस प्रकार दिया—

(दोहा)—

पेट (रूपी) शून्य आकाश में,

पाचन-अग्नि, काल-अग्नि (की तरह) प्रज्वलित।

७५. गुरु सर्वभक्षपा

गुरु सर्वभक्षपा सामान्य आभूषण पहने जटा-शिखा बाँधे हुए हैं। भावनासूत्र कन्धे की ओर से सामने लटक रहा है। बहुत-सी खाद्य-सामग्री सामने रखकर भोजन करने की मुद्रा में हैं।

७६. गुरु नागबोधि

गुरु नागबोधि भिक्षु के वेश में हैं। पर्यङ्कबद्ध एवं हाथ धर्मोपदेश-मुद्रा में हैं। अत्यन्त सुन्दर शान्त स्वभाव में देख रहे हैं। उनके सामने गुफा के अन्दर एक भिक्षु बैठे हैं, जिनके सिर पर मृग का सींग निकला हुआ है।

प्रतीति और भव (ये) दो (को) खाद्य और पेय (बनाकर),

खजाने से सब समाप्त हो गये हैं, (ऐसी) भावना करो।

उसने भी तदनुसार भावना की, तो सूर्य-चन्द्र भी भयभीत होकर सुमेरु के मध्य में जा छिपे। फलत: लोग एक साथ चिल्लाये कि अहो! आलोक (सर्वदा के लिए) अस्त हो गया। परिणामस्वरूप डाकिनियों ने ब्राह्मणोत्तम (सरहपा) से जाकर शिकायत की, तो उन्होंने आकर उस (सर्वभक्षक) से कहा— 'अब तुम सब कुछ खा चुके हो। अत: अब इन सबके अभाव की भावना करो।'

उसने भी वैसा ही किया। प्रतीति और शून्यता की युगल स्थिति का उन्हें ज्ञान हो गया। परमसिद्धि का लाभ हुआ और सूर्य-चन्द्र भी निकल आये जिससे सब लोग प्रसन्न हो गये। पन्द्रह वर्ष की अवधि में उन्हें सिद्धि प्राप्त हुई और उन्होंने स्व-अवदान भी कहे। उसके बाद छ: सौ वर्षों तक जगतार्थ साधना करने के बाद अन्त में हजारों शिष्य परिवारों के साथ वे खेचर भूमि चले गये॥

गुरु सर्वभक्षपा का वृत्तान्त समाप्त॥

७६. गुरु नागबोधि का[१] वृत्तान्त

गुरु नागबोधि का वृत्तान्त इस प्रकार है—ये पश्चिमी भारत के रहनेवाले और जाति के ब्राह्मण[२] थे।

आचार्य नागार्जुन एक समय सुवर्ण विहार में रह रहे थे[३]। पश्चिमी भारत का एक ब्राह्मण चोरी करता हुआ क्रमशः वहीं (सुवर्ण विहार) पहुँचा। उसने विहार के द्वार से अन्दर देखा तो अन्दर आचार्य नागार्जुन सुवर्ण पात्र में उत्तम भोजन कर रहे थे। उसने सोचा कि उस पात्र को चुराना चाहिए। आचार्य उसकी चोरी करने की इच्छा जान गये। आचार्य ने उस पात्र को वहीं फेंक दिया (जहाँ वे थे)। इस घटना से उस चोर को बड़ा विचित्र लगा और वह सोचने लगा कि ये ऐसा क्यों करते हैं? उसने आचार्य के कमरे में प्रवेश किया और कहा—मैं इस सोने के पात्र को चुराने के लिए सोच रहा था, पर चुराने से पहले आपने इसको मेरे पास क्यों फेंक दिया?

गुरु ने कहा—मैं तो आर्य नागार्जुन नामक व्यक्ति हूँ। मेरे पास जो धन है, वह सब परार्थ के लिए है। तुमको यह सब चुराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी यह सब खाने-पीने की चीजों को खा-पीकर यहीं बैठो, जाते समय जो धन चाहो, देकर भेजूँगा। गुरु के इस कृत्य से उसको बड़ी श्रद्धा आ गयी। धर्मोपदेश के लिए आचार्य से उसने प्रार्थना की[४]।

---

१. इनके दो नाम नागबोधि, नागबुद्धि। (तारानाथ—भ०ई०, पृ० ८५, अध्याय ७)

२. साक्या सम्प्रदाय की कुछ परम्पराओं में इन्हें पशु चरानेवाली जाति का कहा जाता है। दोङ्, थोग साक्या छो जुङ्०-पृ० २३, दिल्ली संस्करण।

३. सुवर्ण विहार से तात्पर्य- एक जगह जहाँ वे सोना बनाने के कार्य में लगे थे। उस स्थान से है।

४. इस घटना को दूसरी जगह और ढंग से तथा नागबोधि को जहाँ पश्चिम भारत का कहा गया है, तारानाथ के अनुसार ये पूर्व भारत के और जाति के ब्राह्मण वृद्ध दम्पत्ति के सन्तान थे। माँ-बाप तथा बेटा तीनों आचार्य नागार्जुन के शिष्य बने। वाद में लड़के को आचार्य के सेवक के रूप में दे दिया गया। वह भिक्षु बना। प्रथमतः उन्हें रसायन सिद्धि का लाभ हुआ। परमसिद्धि का लाभ उन्हें आचार्य नागार्जुन के देहान्त के बाद बारह वर्ष तक साधना करने पर हुआ। (ता० इ० पृ० ८४)॥

आचार्य ने उसे गुह्य-समाज के मण्डल में प्रवेश कराकर अभिषेक प्रदान किया एवं स्वत: अभिनिवेश विमुक्ति की दीक्षा इस प्रकार दी—

(दोहा)—

सभी कार्यों को बुद्धि से त्यागकर,

मूर्धन प्रदेश में परम परिकल्पित सिंग।

मगद रत्नमयी (नील),

स्वच्छ प्रकाशमान हो, ऐसी भावना करो॥ १ ॥

यह कहकर उसके निवास के चारों ओर रत्नों से भर दिया। उसी के बीच उसको बैठाया। वे बहुत प्रसन्न हो गये और (आचार्य के कथनानुसार) उपदेश के अनुसार भावना करते रहे। बारह वर्ष होते ही उनके सिर में जो भावना के आलम्बन के रूप में सींग थी, वह बहुत बड़ी होकर प्रत्यक्षत: हिलने-डुलने लगी और उसे गुफा के ऊपरी प्रदेश से टकरा जाने पर दु:ख की वेदना आने लगी[१]।

एक दिन आचार्य ने वहाँ जाकर उससे अपना योगक्षेम पूछा, तो उसने (सींग के कारण) अपने कष्ट के बारे में कुछ कहा। आचार्य ने उसकी भावना करने की क्षमता को जानकर पुन: कहा—

(दोहा)—

परिकल्पित (रूप से) भावना की गई महासींग द्वारा,

जैसे सभी सुखों का विनाश हो गया है।

उसी प्रकार भावाभिनिवेश से,

सभी जीव दु:खी होते हैं॥ २ ॥

---

१. नागबोधि के सिर पर सींग होने का वृत्तान्त अन्यत्र भी मिलता है, पर लामा तारानाथ के अनुसार यह सींगवाला वृत्तान्त नागबोधि से सम्बन्धित नहीं है। इससे सम्बन्ध सिद्ध (श्रृङ्गीपा) से है, जो आ० नागार्जुन के 'उशिर' (उशीनर) में रहते समय उनके शिष्य बने थे। (लामा तारा० इ०पृ० ८५, अध्याय ७, सारनाथ संस्करण)।

धर्मों की तात्त्विक सत्ता नहीं होती,
जैसे आकाश में छाये बादल।
उत्पाद स्थिति भङ्ग (इन) तीन में,
किस को किस के उपकार और बाधा॥ ३॥
उसी तरह विशुद्ध चित्त के लिए,
कौन से उपकार और कौन-सी बाधा।
आदितः असिद्ध ग्राह्य-ग्राहक,
अपने-अपने स्वभाव से शून्य हैं॥ ४॥

यह कहने पर, उनको (चोर को) शून्य धर्मतार्थ का साक्षात् ज्ञान हो गया और उसी में छः मास तक समाहित होकर बैठे, तो संसार-निर्वाण की अभिन्नता का साक्षात्कार होकर उन्हें सिद्धि मिली। उनका नाम भी नागबोधि प्रसिद्ध हो गया।

बाद में आचार्य के शासनकुल के प्रतिनिधि के रूप में उन्हें नियुक्त किया गया और उन्हें आचार्य ने यह आदेश दिया कि जीव मात्र के कल्याण के लिए आठ लौकिक सिद्धियों में से जिसको जो चाहे दिया करो और तुम इस श्रीपर्वत में ही रहो। अष्ट सिद्धि-भूमि गमन, तलवार, निग्रह, अनुग्रह, लघुता, चक्षु ओपध (काजल), निधि, जङ्घ सिद्धि रसायन ये आठ हैं।

'इस प्रकार से मैत्रेय बुद्ध का शासन आने तक तुम श्रीपर्वत में जगत् कल्याणार्थ रहो' यह कहकर वहीं रख दिया। बीस हजार वर्ष तक उनके वहीं रहने की बात कही जाती है॥

गुरु नागबोधि का वृत्तान्त समाप्त॥

७७. गुरु दारिक[१]पा का वृत्तान्त

गुरु दारिकपा का वृत्तान्त इस प्रकार है—ये सालिपुत्र[२] नामक नगर के रहने वाले थे और जाति के क्षत्रिय थे।

सालिपुत्र नामक जनपद में इन्द्रपाल[३] नामक एक राजा शिकार खेलने गये और दिन के पूर्वार्ध में लौटकर सभा[४] में आये, तो सभी लोगों ने उनको प्रणाम किया। उस जन-समुदाय के बीच में उन्होंने लूहिपा को देखा। राजा ने उनसे कहा—

आप इस प्रकार के सुन्दर चेहरे, मनोहर व्यक्तित्ववाले, इस तरह से गन्दी मछली की आँत मत खाएँ। आपको कौन-सा खाना चाहिए, सब कुछ मैं दे दूँगा और दूसरा क्या चाहेंगे? सब देय होगा। यदि राज्य चाहते हों, तो वह भी मिलेगा।

लूहिपा ने कहा— अगर अमर होने का क़हीं कोई उपाय हो, तो वह सब मुझे चाहिए।

राजा ने कहा—मेरा राज्य और राजकुमारी ले लें।

लूहिपा—ये सब मुझे नहीं चाहिए।

राजा—क्यों नहीं चाहेंगे ?

---

१. दारिका शब्द का अर्थ भोटदेशीय मूल पाण्डुलिपि में 'पत्नीवाला' लिखा है—(डुब थब्स् कुत् तु— पृ० ६१, बी० एन० १४, साक्य ग्रन्थावली) पर इसकी व्याख्याओं एवं वृत्तान्तों में 'दारिका' शब्द वेश्यावृत्ति स्त्री के लिए है, यह बुरे भाव में प्रयुक्त है। 'दारिकापा का अर्थ 'वेश्यावाला' ही होगा न कि पत्नीवाला।' इसका शाब्दिक अर्थ लड़कीवाला है।

२. कुनख्येन पद्म कर के अनुसार इस नगर का नाम कुमार (कुमारी) क्षेत्र था और यह ओडि विषय (औडिविषयम्) में था। (पद्म कर० ई० पृ० ७५, बी०एन० १५०) हो सकता है, दोनों नाम एक ही जगह के हो।

३. पद्म कर के बौद्धशासन इतिहास में इस राजा का नाम विमलचन्द्र लिखा है। (पृ० ७५)

४. यह वही सभा थी, जिसका उपक्रम वार्षिक कुमुद पुष्प उत्सव के रूप में आयोजित किया जाता है—पद्० पृ० ७५-७६। पद्० के अनुसार लुईपा एवं राजा की भेंट दूसरी प्रकार से हुई। (वही)

लूहिपा—राज्य बहुत ही अल्प हित एवं बहुत अधिक दोषों से भरा होता है। इसलिए मैंने भी इसको त्याग दिया है।

इस कथन से राजा. इन्द्रपाल को भी राज्य के प्रति कुछ घृणा-सी आ गयी। उनके एक ब्राह्मण जाति के मंत्री थे, उनसे उन्होंने कहा—मैं भी इस लोक में जैसा भी करें, बीत जाता है, खाना और कपड़ा (वस्त्र) किसी तरह से भी (हर जगह) इच्छा की, आधा से भी अधिक पूरे नहीं हो पाते हैं। इसकी अपेक्षा मैं धर्म की ओर जाऊँगा। अतः राज्य, पुत्र को सौंप देना अच्छा नहीं होगा?

मन्त्री—यह, तो उचित ही होगा।

उसके बाद राजकुमार को राजगद्दी पर बैठाकर राज्याभिषेक किया और राज-काज उन्हें सौंपकर राजा और उनके वह मन्त्री दोनों लूहिपा[१] के पास श्मशान गये। श्मशान में जाकर उन दोनों ने लूहिपा की कुटी का दरवाजा खटखटाया। आचार्य ने अन्दर से पूछा कि कौन हो?

उन दोनों ने कहा— हम लोग राजा इन्द्रपाल और उनके मन्त्री हैं। 'अन्दर आओ' कहकर (उन दोनों को दरवाजा खोलकर), अन्दर बुलाए। दोनों को चक्रसंवर में प्रवेश कराकर अभिषेक प्रदान किया। उन दोनों ने दक्षिणा के रूप में खुद को आचार्य के लिए अर्पित कर दिया। उसके बाद तीनों आचार्य अन्य देश औदेश (उड़ीसा?) चले गये। वहाँ तीनों भिक्षाटन से जीविका चलाते रहे। उसके बाद तीनों भीरपुर नामक जनपद चले गये। वहाँ जन्तिपु (सम्भवतः जयन्तिपुर या जौनपुर) नगर जो तीन लाख घराने का नगर था, में पहुँचे। वहाँ एक देवालय की पूजा करने वाली सात सौ नर्तकियाँ रहती थीं। उन लोगों की प्रधान नटी के पास गये, तो उनकी द्वारपाल के रूप में तीन सौ लड़कियाँ तैनात थीं। उन लोगों ने कहा— तुम्हारी स्वामिनी कोई आदमी तो नहीं खरीदेगी? उन लोगों ने अन्दर जाकर स्वामिनी से उस वृत्तान्त को सुनाया।

---

१. पद्म कर के इतिहास के अनुसार लुहिपा ने अभिषेक एवं दीक्षा वहीं दी जहाँ उन्हें सम्मानपूर्वक राजमहल में बैठाया गया।

मालकिन ने कहा—हाँ खरीद लूँगी, पर देखने आती हूँ, कहकर दरवाजे में आकर देखा, तो वहाँ एक मनोहर लड़का उनके सामने मौजूद था। उसने पूछा—दाम क्या लोगे ?

आचार्य ने कहा— एक सौ तोला सोना चाहिए।

8) 'ཀན་ཁ་ལ་ཡང' དེ་ཡང་འདྲ་བ་ལ།- ཤོག ༨/བ. དེ་ཉིད།

9) 'རལ་གྲིའམ་གྲི་གུག' - ཤོག ༨/བ. དེ་ཉིད།

བསླམས་[1]པ་འབྲི་བ་ཡིན་པ་ལ། རེ་ཞིག་[2]ཕལ་པའི་རྣམ་རྟོག་གིས་དེ་འདྲ་འབྲི་བར་[3]མི་སྲྀ་ན། ཕག་མོ་དགུ་བཅད་མའི་བྲིས་ཐང་རྙིང་པ་འགའ་རེ་ལས་བྱུང་[4]བ་བཞིན། སྐུ་གཟུགས་ལ་ཡང་དགུ་ཡོད་ཅིང་ཕྱག་ན་ཡང་དགུ་ཞིག་[5]བསླམས་པ་བྲིས་ཀྱང་མི་འགལ་[6]ལོ། །འདི་གཉིས་ཅར་ནམ་མཁའ་ལ་གར་སྟབས་སམ་(ཞབས་)བརྐྱང་བསྐུམ་(གྱི་)ཚུལ་དུ་(བཞུགས་པ་)འབྲི་དགོས།

སྦྱོར་རྣལ་འབྱོར་མ་འདི་གཉིས་མཛད་པ་འདྲ་རུང་། རབ་བྱུང་བས་བཀོད་པའང་[7]འདྲ་རུང་བས་ཆོག་[8]གོ།

༦༨) ཀལཀལཔླ།

ཀལཀལཔླནི་ཁ་དོག་སྔོ་ནག་དུར་ཁྲོད་ན་གནས་པ། དེའི་མདུན་(ཅུང་ཟད་)མཐོ་བ་ནས་རྣལ་འབྱོར་པ་རུས་རྒྱན་ཅན་ཞིག་ཆོས་གསུང་བའི་རྣམ་པ་ཅན་བྲིས།

---

1 'བསླམ་པ་འབྲི་བ་ཡིན་པ་ལས།' - ཤོག ༨/བ. དེ་ཉིད།

2 'འགའ་ཞིག་ཕལ་པའི་རྣམ་རྟོག' - ཤོག ༨/བ. དེ་ཉིད།

3 'དེ་འདྲ་འབྲི་བ་མི་སྲྀ་ན' - ཤོག ༨/བ. 410. དེ་ཉིད།

4 'ལ་འབྱུང་བ' - ཤོག ༨/བ. དེ་ཉིད།

5 'དགུ་གཅིག'' - ཤོག ༨/བ. དེ་ཉིད།

6 'མི་འགལ།' - ཤོག ༨/བ. དེ་ཉིད།

7 'རབ་བྱུང་བས་བཀོད་པ'_ཞེས་རྣལ་འབྱོར་མའི་སྐུའི་བཀོད་པ_ཞེས་པའི་དོན་ཡིན་ནམ་དཔྱད།

8 'མཆོག་གོ།' - ཤོག ༨/བ. དེ་ཉིད།

༦༩) ཀཎྷལིཔཱ།

ཀཎྷལིཔཱ་ནི་[1]གོས་འཚེམ་པའི་རྣམ་པ་ཅན་ལ་མདུན་དུ་མཁའ་འགྲོ་མ་ཞིག་[2]གྲིས་ཆོས་སྟོན་པའི་རྣམ་པ་འབྲིའོ།།

༧༠) ཏྲགུལིཔཱ།[3]

ཏྲགུལིཔཱ་ནི་རྩ་ཐག་འཚོ་བའི་རྣམ་པ་ཅན་ཞིག་བྲིའོ།།

༧༡) ཨུཏལིཔཱ།

ཨུཏལིཔཱ་ནི་མགོ་ལ་ཐོད་བཅིངས་[4]པ་ལུས་ལ་ཅོ་ལ་སྐེ་གོས་ཤུ་ཐུང་[5] ཅན་གྱོན་པ། རིན་པོ་ཆེའི་རྒྱན་ཐོར་ཡོད་པ། ཁ་སྤུ་བཟང་པོ་ཅན་ཞིག་ནམ་མཁའ་ལ་བལྟ་བ། ནམ་མཁའ་ལ་སྤྲིན་ཁ་དོག་སྣ་ལྔ་པ་ལ་གླང་པོ་དང་། བྱ་དང་པ་ལ་སོགས་པའི་སྒྲོག་ཆགས་ཚོགས་པ་འདྲ་བའི་དབྱིབས་[6]ཅན་ཡོད་པ། དེ་དང་ཉེ་བར་ངང་པ་དངོས་གཉིས་འཕུར་བ། དེའི་མདུན་ན་རྩལ་འགྱུར་པ་ཤིང་ལོ་ཐོགས་[7]པ་ཞིག་ཡོད་པའོ།།

---

1 'ཀཎྷ་ལི་ཡང་གོས་ཚེམ་བྱེད་པ' - ཤོག ༩/ན. དེ་ཉིད།

2 'གཅིག་གིས' - ཤོག ༩/ན. ་དེ་ཉིད།

3 'ཏྲ་ཏུ་ལི་པ' - ཤོག ༩/ན. དེ་ཉིད།

4 'རྩ་ཐམས་ ཤོག' - ཤོག ༩/ན. དེ་ཉིད།

5 'བཅིང་ཤིང་' - ཤོག ༩/ན. དེ་ཉིད།

6 'ཕུད་ཐུང་' - ༩/ན. དེ་ཉིད།

7 'འདྲ་རུང་གི་དབྱིབ་ཅན' - ཤོག ༩ ན དེ་ཉིད། 'ཐོག་པ' - ཤོག ༩/ན. དེ་ཉིད།

༧༢) ཀཔྭལིཔྭ།

ཀཔྭལིཔྭ་ནི་སྐུ་མདོག་ནག་པོ་དུར་ཁྲོད་ན་བུད་མེད་ཀྱི་རོ་ཞིག་ཡོད་པའི་ཐོད་པ་བཀོག་[1]སྐེ་ཞུག་ན་བསྣམས་པ། ལུས་ལ་རུས་རྒྱན་ཆ་ཚང་བ་ཡོད་པའི་[2] རྣམ་པ་ཅན་དུ་འབྲིའོ།།

༧༣) ཀིརཔྭལཔྭ།[3]

ཀིརཔྭལཔྭ་ནི་ཁ་དོག་བཟང་པོ་[4]ཁྲོ་ཉམས་ཅན། མགོ་ལ་ཅོད་པཎ[5] ཞེས་བྱ་བ་དབུས་དང་ཕྱོགས་བཞི་སྐེ་རྩེ་མོ་ལྔ་ཡོད་པ། རིན་པོ་ཆེའི་ཏོག་ཅན་སྐྲ་མཚམས་ལ་དཔའ་བོའི་དར་དཔྱངས་ཞེས་བྱ་བ་གསེར་གྱི་འཁྱུད་མོ་ལས་རྣ་བའི་ལྷག་གཡས་གཡོན་ནས་མར་[6]འཕྱང་བ། རལ་གྲི་དང་ཕུབ་འཆང་[7]བ་ཁྲི་ལ་བཞུགས་[8]པའི་རྣམ་པ་ཅན་བྲིས།

---

1 'བྲིགས་ཏེ།' - ཤོག ༩/ན. 401. དེ་ཉིད།

2 'ཡོད་པ།' - ཤོག ༩/ན. དེ་ཉིད།

3 'ཀི་ར་བ་ལ་བ' - ཤོག ༩/ན. དེ་ཉིད།

4 'བཟང་བ' - ཤོག ༩/ན. དེ་ཉིད།

5 'ཅོད་པན' - ཤོག ༩/ན. དེ་ཉིད།

6 'ནས་མར་དར་དཔྱངས་ཕྱང་བ' - ཤོག ༩/བ./བ. 412. དེ་ཉིད།

7 'འཕྱང་བ' - ཤོག ༩/བ. དེ་ཉིད།

8 'གནས་པ' - ཤོག ༨/བ. དེ་ཉིད།

༡༤) སྣགརཔྣ།[1]

སྣགརཔྣ་ནི་དགེ་སློང་གི་རྣམ་པ་ཅན་མདུན་ན་འཕར་པ་སྤྱན་རས་གཟིགས་བཞེངས་པའི་[2]ཚུལ་དུ་བཞུགས་པའི་རྣམ་པ་ཅན་བཅས་བྲིས།

༡༥) སབྷཀྐཔྣ།

སབྷཀྐཔྣ་ནི་སྣོད་ཆེན་པོ་ཞིག་ཏུ་ཁ་ཟས་བཟང་ངན་རྣམ་པ་སྣ་ཚོགས་པ་བླུགས་ཏེ་མདུན་དུ་བཞག་ནས་ཟ་བའི་རྣམ་པ་ཅན་ཞིག་བྲིས[3]།

༡༦) ནཱགབོདྷི།[4]

ནགབོདྷི་ནི་དགེ་སློང་གི་རྣམ་པ་ཅན་[ཕྱག་གཉིས་]མཉམ་བཞག་མཛད་པ། དེའི་ཕྱོགས་གཅིག་ན་བྲག་ཕུག་ཅིག་གི་ནང་ན་དགེ་སློང་མགོ་ལ་རི་དྭགས་ཀྱི་རྭ་སྐྱེས་ཡོད་པའི་[5]རྣམ་པ་ཅན་ཞིག་[6]བྲིས།

1 'ས་ཀ་ར་པ' - ཤོག ༩/བ. དེ་ཉིད།

2 'བཞེངས་པ་གཅིག' - ཤོག ༩/ན. དེ་ཉིད།

3 'མདུན་ལ་སྣོད་ཆེན་པོ་གཅིག་ན་ཁ་ཟས་བཟང་ངན་རྣམ་པ་སྣ་ཚོགས་བླུག་ཏེ་ཟ་བ།' - ཤོག ༩/བ. དེ་ཉིད།

4 'ན་ག་བོདྷི' - ཤོག ༩/བ. དེ་ཉིད།

5 'སྐྱེས་པའི' - ཤོག ༩/བ. དེ་ཉིད།

6 'ཅན་གཅིག་འབྲི' - ཤོག ༩/བ. དེ་ཉིད།

༧༧) དཱརིཀཱཔཱ།[1]

དཱ་རི་ཀཱ་པཱ་ནི་(ལུས་ལ་)རུས་རྒྱན་(ཆ་ཚངས་པ། ཕྱག་ན་)རྡོ་རྗེ་དྲིལ་བུ་བཟུང་ས་[2]ནས་ནམ་མཁའ་ལ་གཤེགས་པ། འཁོར་བུད་མེད་མང་པོ་ཡང་ནམ་མཁའ་ལ་འཕུར་དེ་འགྲོ་བ། (དེའི་)འོག་ཕྱོགས་ཀྱི་ས་གཞི་ལ་གྲོང་ཁྱེར་(དང་དེ) ནས་མི་རྣམས་སློབ་དཔོན་ལ་བལྟ་བ་དང་། རྡོ་རི་ཞིག་གི་རྩེ་ན་རྡོ་ཡི་གླང་པོ་ཆེ་ཡོད་པ་[3]བཅས་འབྲི་དགོས།

༧༨) པུཏལིཔཱ།[4]

པུཏལིཔཱ་ནི་རྣལ་འབྱོར་པ་དགྱེས་རྡོར་གྱི་ཐང་ཀ་ཐོགས་པ་ཞིག་སྟེ། དེའི་མདུན་ན་རྒྱལ་པོའི་ཆ་བྱད་ཅན་གྱི་མི་ཞིག་དེ་ལ་གཏམ་སྣ་བའི་ཚུལ་དུ་འདུག་པ་བཅས་འབྲི་དགོས[5]།

༧༩) པནཏཔཱ།[6]

པནཏཔཱ་ནི་ལྷམ་ཡུ་བ་ཅན་[7]གཡེར་ཀ་སོགས་རྒྱན་མང་པོ་བཏགས་པ་གྱོན་ནས་རྒྱགས་པའི་རྣམ་པ་[8]ཅན་ཞིག་བྲིས། །

---

1 'ཛཱ་རི་ཀ་པ' - ཤོག ༩/བ. དེ་ཉིད།

2 'བཟུང་ནས' - ཤོག ༩/བ. དེ་ཉིད།

3 'ཡོ་པ་འབྲི' - ཤོག ༡༠/ན. 413. དེ་ཉིད།

4 'པུ་ར་ལི་པ' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

5 དགྱེས་རྡོར་གྱི་ཐང་ཀ་དཀྲི་པ། དེའི་མདུན་གྱི་ཕྱོགས་ན་རྒྱལ་པོའི་ཆ་བྱད་ཅན་གྱི་གཏམ་སྣ་བ་འབྲི། ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

6 'པ་ཏ་ན་པ' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

7 'ལྷམ་ཡུ་བཅད་པ' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

8 'རྣམ་པ་འབྲི' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

༨༠) ཀོཀིལཔཱ།[1]

ཀོཀིལཔཱ་ནི་རྒྱལ་པོའི་རྣམ་པ་ཅན་[2]སྐྱིད་མོས་ཚལ་འབྲས་བུ་ཅན་གྱི་ཤིང་གིས་[3]གང་བའི་དབུས་སུ་བཞུགས་པ[4]། གཞོན་ནུ་མ་མང་[5]པོས་གླུ་དང་གར་དང་ཁྲུས་གསོལ་བའི་རྣམ་པ་ཅན། ཤིང་རྣམས་ལ་བྱ་ཀོཀིལ་[6]སྐྱེ་ཁ་བྱུག་ནག་པོ་མང་པོ་ཡོད་པ། མདུན་དུ་དགེ་སློང་ཞིག་གཏམ་[7]སྨྲ་བའི་ཚུལ་དུ་ཡོད་པ་བཅས་བྲིས།

༨༡) ཨནྟཾག[8]པཱ།

ཨནྟཾགཔཱ་ནི་རྩ་ཁྱིམ་ཞིག་ན་གནས་པ་གཟུགས་མཛེས་པ། མདུན་དུ་དགེ་སློང་ཤིན་ཏུ་མཚར་བ་ཞིག་བསོད་སྙོམས་མཛད་པའི་ཚུལ་དུ་བྲིས་[9]།།

---

1 'ཀོལོལི་ལ་པ' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

2 'རྣམ་པ།' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

3 'གི་གང་བ' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

4 'སུ་ཡོད་པ།' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

5 'གཞོན་ནུ་མང་པོ' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

6 'ཀོཡིལ' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

7 'དགེ་སློང་གཅིག་དང་གཏམ་སྨྲ་བ་འདྲི།' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

8 'ཨནྟཾགོ་པ' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

9 གཟུགས་མཛེས་པ་གཅིག་གི་མདུན་དུ་དགེ་སློང་ཤིན་ཏུ་ཚར་བ་བསོད་སྙོམས་མཛད་པ་འདྲི། ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

༤༣) རྣལ་འབྱོར་མ་ལཀྵིཀཱ་ར།[1]

རྣལ་འབྱོར་མ་ལཀྵིཀཱ་ར་(ལཀྵམིཀཱ་ར་)ནི་དུར་ཁྲོད་ན་[2]བཞུགས་པ་སྐྲ་བཀྲོལ་བ་[3] གྲི་གུག་དང་ཐོད་པ་དང་། ཁཊྭཱཾ་བསྣམས་ཤིང་རུས་རྒྱན་[4]གྱིས་བརྒྱན་པ། ཡང་ན་སྐྱོན་ཐབས་སུ་[5]བྲིས་པའང་ཡོད།

༤༤) སམུདྲཔཱ།

སམུདྲཔཱ་ནི་(རྣལ་འབྱོར་པ་)རྒྱ་མཚོ་དང་ཀློང་གི་བར་[6]ནས་[གླུ་ལ་ཞུགས་ནས་]འགྲོ་བའི་རྣམ་པ་ཅན[7]། རས་ཀྱི་ཐོད་བཅིངས་པ[8]། མདུན་ན་གྲུབ་ཐོབ་ཨཙིནྟཔཱ་གཅེར་བུ་རལ་པ་དང་བཅས་པས་ཆོས་སྟོན་པའི་ཚུལ་དུ་བཞུགས་པ་བཅས་བྲིས[9]།

---

1 'ལཀིཀ་ར'' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད། ལཀྵིཀཱར - བྲི་ཚུལ་འདི་མ་ལིགས་ ལཀྵམིཀཱར ཡིན།

2 'ཁྲོད་བཞུགས་པ' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

3 'སྐྲ་གྲོལ་པ' - ཤོག དེ་ཉིད།

4 'རུས་རྒྱན་ཅན་མ།' - ཤོག ༡༠/ན. 413. དེ་ཉིད།

5 'སྐྱོན་ཐབས་འབྲི་པའང'' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

6 'རྒྱ་མཚོ་ཀློང་བར་སྣང་ནས་འགྲོ་བའི་རྣམ་པ་ཅན་ལ།' - ཤོག ༡༠/བ. 414. དེ་ཉིད།

7 'རྒྱ་མཚོ་ཀློང་བར་སྣང་ནས་འགྲོ་བའི་རྣམ་པ་ཅན་ལ།' - ཤོག ༡༠/བ. 414. དེ་ཉིད།

8 'ཁོ་རང་རས་ཀྱི་ཐོད་ཅན།' - ཤོག ༡༠/བ. དེ་ཉིད།

9 'རལ་པ་ཅན་གཅིག་གིས་ཆོས་སྟོན་པ།' - ཤོག ༡༠/བ. དེ་ཉིད།

༨༤) བྷཱ་ལི་པཱ།

བྷཱ་ལི་པཱ་ནི་གྲམ་ཟེའི་ཆ་བྱད་ཅན་[1]མདུན་དུ་གཞོང་པ་དང་བུམ་པ་དངུལ་ཆུ་གྲུབ་པའི་བཅུད་ལེན་གྱིས་གང་བ། ལྟུགས་མང་པོ་གསེར་དུ་བསྒྱུར་བའི་ཚུལ་ཅན། ཁོང་རང་[2]གི་གཡོན་ཕྱོགས་སུ་ཆུང་མ་བུ་དང་བུ་མོ་དང་མནའ་མ་དང་རྟ་(རྒོད་མ་)གཅིག་བཅས་[3]འབྲི་དགོས།

དེའི་ཕྱོགས་གང་རུང་ཞིག་ཏུ་མཚོའི་དཀྱིལ་ན་གྲག་རི་གྲུ་བཞི་པ་རྩེ་ན་ཁང་བཟང་དང་[4]བཅས་པ་འབྲིའོ།།

དེ་ལྟར་ན་གྲུབ་ཐོབ་ཆེན་པོ་བརྒྱད་ཅུ་རྩ་[5]བཞིའི་བྲི་ཡིག་སོ་སོའི་རྣམ་ཐར་དང་མཐུན་[6]པར་སྦྱར་བ་འདི་ནི། རྗེ་བཙུན་ཆེན་པོ་སྒྲོལ་བའི་མགོན་པོའི་བཞེད་པ་ཇི་ལྟ་བ་ལ་རང་རྟོག་[7]གིས་ཅུང་ཟད་ཀྱང་མ་བསླད་[8]པར་བཀོད་པའོ།།

འབྲི་ཡིག་རྫོགས་སོ[9]།། །།

---

1 'ཁོ་རང་དང་གྲམ་ཟེའི་ཆ་བྱད་དུ་འབྲི' - ཤོག ༡༠/ན. དེ་ཉིད།

2 'ཁོ་རང་གྲམ་ཟེའི་'ཞེས་སོགས་འདིར་འདུག་ཀྱང་། ཚིག་སྦྱོར་མི་ལེགས་པས་དང་པོར་བྲིས་པའོ།།

3 'རྟ་གཅིག་རྣམས་འབྲི།' - ཤོག ༡༠/བ. དེ་ཉིད།

4 'ཞིག་ཏུ' - ཤོག ༡༠/བ. དེ་ཉིད།

5 'བརྒྱད་བཅུ' - ཤོག ༡༠/བ. དེ་ཉིད།

6 'འཐུན་པར' - ཤོག ༡༠/བ. དེ་ཉིད།

7 'རང་རྟོགས་གི' - ཤོག ༡༠/བ. དེ་ཉིད།

8 'ལ་བསླད་པ' - ཤོག ༡༠/བ. དེ་ཉིད།

9 'འབྲི་ཡིག' སོགས་མ་དཔེར་མེད།

སྨོན་ཚིག

ཨེ་མ་རྒྱལ་བའི་ཞལ་སྐྱིན་རྨད་བྱུང་བ།།
འཕགས་མཆོག་ཧེ་རུ་ཀ་དཔལ་ཆེ་བའི་མཆོག།
སྐུ་ཡི་གར་[1]གང་རྣམ་པ་ཐམས་ཅད་རྒྱལ།།
གདུལ་བྱའི་དཔལ་མགོན་དེ་དག་ངོ་མཚར་ཆེ།། ༡ །།
གང་གི་སྐུ་བརྙན་[2]འབྲི་ཚུལ་ནོར་འཁྲུལ་ལྷག་ཆད་སྐྱོན།།
སྤྱངས་[3]པ་འདི་ཉིད་འཕགས་ཡུལ་གནམ་ལ་རྟོག་གོམས་[4]གྱུར།།
མཁས་པའི་མཁས་མཆོག་དེ་ཡི་གསུང་གི་མཐུ་དཔལ་ལས།།
སློབ་དཔོན་དཔའ་བོ་འོད་གསལ་བཞིན་གང་འདིར་གསལ་བྱས།། ༢ །།
གང་ཞིག་གྲུབ་མཆོག་སློབ་དཔོན་ཆེ་འདི་རྣམས་ཀྱི་སྐུ།།
འབྲི་སེམས་བྲིས་[5]པ་དེ་མཐོང་དགའ་སེམས་སྐྱེ་བ་ཀུན།།
བྱང་ཆེན་ཉེ་ལམ་མཆོག་བརྙེས་སློབ་དཔོན་དེ་དག་བཞིན།།
རྡོ་རྗེ་སེམས་པའི་གོ་འཕང་ཡོངས་སུ་ཐོབ་པར་[6]ངེས།། ༣ །།

---

1 'སྐུ་ཡི་གོར་གང' - ཤོག ༡༠/བ. - ༡༡/ན. 414 - 415. དེ་ཉིད།
2 'སྐུ་བརྙེན' - ཤོག ༡༡/ན. དེ་ཉིད།
3 'སྤྱང་པ' - ཤོག ༡༡/ན. དེ་ཉིད།
4 'རྟོག་གོམ་གྱུར' - ཤོག ༡༡/ན. དེ་ཉིད།
5 'འབྲི་སེམས་འབྲི་བ' - ཤོག ༡/ན. དེ་ཉིད།
6) 'ཡོངས་སུ་སྐྱིད་པར་ངེས།' - ཤོག ༡༡/ན. དེ་ཉིད།

གཞན་ཡང་མཚམས་[1]མེད་སྤྱོད་དང་ཉི་མ་རེ་རེ་བཞིན།།
བྲམ་ཟེ་གསོད་ཀྱང་སྟོབས་བཞི་ཡོངས་སུ་ཚང་གྱུར་པས།།
གཉེན་པོ་ཀུན་སྤྱོད་ཐུགས་ལྡན་འདི་ལ་འབད་པ་ན།།
སྒྲིབ་པའི་ཕུང་པོ་མ་ལུས་འདག་ལ་སོམ་ཉི་ཅི།། ༤ །།

ལས་བཞི་ལྷ་སྣངས་གྲུབ་ཆེན་བརྒྱད་ཀྱང་འདིས་ཐོབ་ལ།།
ཕྱག་རྒྱ་ཆེ་མཆོག་གཉེར་ཡང་དེར་བཀོད་གྲུབ་ཆེན་དེ་[2]།།
དེས་ན་ཡེ་ཤེས་གྲུབ་པའི་མཆོག་གྱུར་འདི་དག་རྣམས།།
རང་གི་རྩ་བའི་བླ་མའི་སྒྱུ་འཕྲུལ་ཡོངས་ཤེས་པས།། ༥ །།

རྣ་བར་[3]ཉན་དང་བྲི་མཆོད་ལས་ལ་བརྩོན་པ་ཡི།།
བག་ཆར་ཁྲིར་ལ་བཞག་པས་རྣམ་ཀུན་དགེ་བའི་འབྲས།།
སྐུར་སྙེར་དེ་ཕྱིར་འདི་ལ་བདག་བློ་དགའ་བ་སྐྱེས།།
བློ་ལྡན་རྣམས་ཀྱང་འདི་ལ་སྤྱོད་པར་གྱིས་ཤིག་ཀྭ།། ༦ །།

རབ་དཀར་ལྷག་བསམ་དག་པས་འབད་པ་ཡིས།།
རབ་གྲུབ་མཆོག་སྐུའི་སྣང་བརྙན་[4]འབྲི་བའི་ཐབས།།

---

1 'འཚམས་མེད་' - ཤོག ༧༧/ན. དེ་ཉིད།

2 'ཆེན་སྙེ' - ཤོག ༧༧/ན. དེ་ཉིད།

3 'རྣམས་པར་ཉན' - ཤོག ༧༧/བ· 416. དེ་ཉིད།

4 'སྣང་བརྙེན' - ཤོག ༧༧/བ· 416. དེ་ཉིད།

རབ་ཏུ་གསལ་དག་འདི་བགྱིས་མཐུས་བདག་སོགས།།
རབ་མཆོག་རྡོ་རྗེ་སེམས་པ་མྱུར་ཐོབ་ཤོག། ༧ ||

ཅེས་གྲུབ་ཐོབ་བརྒྱད་[1]ཅུ་རྩ་བཞི་ཡི་ངོས་འཛིན་འཁྲུལ་པ་ཅན་སྐྱོ་མ་[2]སྤྱི་བཙན་གྱི་རྗེས་སུ་མ་འབྲང་བར་གྲུབ་ཐོབ་སོ་སོའི་སྒྲུབ་[3]ཐབས་དང་། དབང་ཆོག་[4]དོན་རྫོགས་རིམ་དང་བཅས་པའི་གཞུང་སློབ་དཔོན་དཔའ་བོ་རྡོ་རྗེའི་མན་ངག་[5]མི་ཉག་ལོ་ཙྪ་བས་བསྒྱུར་བའི་ཚད་ལྡན་དེའི་[6]རྗེས་སུ་འབྲངས། མཁས་པའི་མཁས་པ་ཤིང་རྟ་ཆེན་པོ་ཇོ་ནང་སྤྲུལ་སྐུ་རྗེ་བཙུན་རྡོ་རྗེ་འཆང་ཀུན་དགའ་[7]སྙིང་པོའི་བཞེད་པ་ཇི་བཞིན་རྟག་བརྟན་ཐེག་མཆོག་ནེ་རུཀའི་[8]ལྷ་ཁང་དུ་ལོགས་བྲིས་སུ་བཞུགས་པ་དང་། དེ་བཞིན་རས་བྲིས་ཀྱང་གཉིས་གསུམ་ཙམ་མཐོང་ཞིང་། ལྷག་ཏུ་རྗེ་བཙུན་དམ་པས་མཛད་པའི་བྲིས་ཡིག་དངོས་མ་ཞིག་ཇོ་ནང་གི་ཕྱུག་དར་ཉལ་ཉིལ་ཁྲིད་ནས་སྣེ་ཆུད་ཟེར་ཙང་ཟད་བྱུང་བ་ཞིག་ཀྱང་རྙེད་པས་

---

1 'བརྒྱད་བཅུ - ཤོག ༢༢/བ· 416. དེ་ཉིད།

2 'སྤྱི་བཙུན' - ཤོག ༢༢/བ· དེ་ཉིད།

3 'བསྒྲུབ་ཐབས' - ཤོག ༢༢/བ· དེ་ཉིད།

4 'དབང་མཆོག' - ཤོག ༢༢/བ· དེ་ཉིད།

5 'མི་ཉག' - ཤོག ༢༢/བ· དེ་ཉིད།

6 'དེ་ཡི' - ཤོག ༢༢/བ· དེ་ཉིད།

7 'ཀུན་སྙིང་པོའི' - ཤོག ༢༢/བ· དེ་ཉིད།

8 'རྩ་བར་ནེ་རུ་ཀ' - ཞེས་བྲིས་པ་འདུག་པས་དེ་བཞིན་བྲིས་པ་ཡིན་ལ། དོན་ནི 'ཧེ་རུ་ཀ' - ཞེས་བྱ་བར་སྣང་ངོ་།། ཤོག ༢༣/ན. དེ་ཉིད།

དེ་ཉིད་དཔང་པོར་བྱས། རང་བཟོས་མ་བསླད་པར་གྲུབ་བརྒྱའི་མངོན་པར་རྟོགས་པ་དག་ཅིང་གསལ་བ་འདི་ནི། མདོ་ཁམས་དབུས་འགྱུར་འབྲི་རྒྱུད་རེ་ཁའི་ལྗོངས་སུ་སྐྱེས་པའི་ "རིག་འཛིན་ཆེ་དབང་ནོར་བུས" བྲིས་ཡུལ་འབྲས་མོ་ལྗོངས་[1]ཀྱི་བྱང་སྒོ་འབྲི་མཚམས་གསང་སྔགས་རི་བོའི་དབེན་གནས་སུ་ཤིང་ཡོས་ནག་ཟླའི་དམར་ཕྱོགས་མཁའ་འགྲོ་འདུ་བའི་དུས་(ཚེ་)ཆེན་ཉེར་ལྔའི་སྔ་ཆར་གྲུབ་པར་བྱས་པའི་ཡི་གེ་པ་ནི་བསྟན་འཛིན་རྡོ་རྗེའོ།། །།

ཆེད་བརྗོད།

མཁས་རློམ་བྱིས་པའི་ངན་གཡོས་ཅི་ཞིག་བྱ།།
བཙུན་ཚུག་མདུད་འཛིན་དམ་པོས་དོན་རལ་ཡང་།།
འཇིག་རྟེན་འཇིག་རྟེན་འདས་པའི་ཕྱོགས་མཐའ་དག།
མྱུར་རྟོགས་གྲུབ་པ་ཉིད་ལས་སུ་ཞིག་གུ།
དེས་ན་བདག་ནི་ཆེ་རབས་ཐམས་ཅད་དུ།།
གྲུབ་པའི་དབང་ཕྱུག་རྣམས་ཀྱི་[2]རྗེས་འབྲངས་ནས།།
མ་ནོར་སྔགས་ཀྱི་སྤྱོད་པས་བདག་གཞན་དོན།།
རྒྱ་ཆེན་ཡིད་བཞིན་ནོར་བུ་ཉིད་འགྲུབ་ཤོག།
ཞེས་པའང་ཆེད་[3]དུ་བརྗོད་པའོ།།

དགེའོ།། མངྒ་ལཾ།

1 'ལྡང་གི' . ཤོག ༢༣/ན. དེ་ཉིད།
2 'རྣམས་ཀྱིས་རྗེས' . ཤོག 12./བ· 418. དེ་ཉིད།
3 'མཆེད་དུ་བརྗོད' . ཤོག ༢༣/བ· དེ་ཉིད།
4 'འདིའི་གཤམ་དུ་ཨོཾསྭསྟི་ཞེས་སོགས་ཚིག་འགའ་འདུག་པ་དེ་མ་དཔེའི་ཡན་ལག་ཏུ་མི་སྣང་བས་མ་བྲིས།།

परिशिष्ट

चौरासी सिद्धों की नामावली

आचार्य वीरप्रभा (वीरप्रकाश) द्वारा संगृहीत चौरासी सिद्धों के अवदान के क्रमानुसार सिद्धों की नामावली—

	नाम	जाति	देश	समकालीन राजादि
१)	लुईपा (मछली की आँत के आहारवाले) ཉ་ལྟོ་ཞབས།	कायस्थ	सिंहल	राजा धर्मपाल
२)	लीलापा (ललित कलाप्रिय) སྒེག་པའི་ཞབས།	क्षत्रिय	दक्षिण भारत	सरहपा[1]
३)	विरूपा (कुरूपवाले) (ཟུས་) ངན་པ་ཞབས།	क्षत्रिय	पूर्वी भारत त्रिपुरा	राजा देवपाल
४)	डोम्बिपा (डोम की लड़कीवाले) གཡང་མོ་ཞབས།	क्षत्रिय	मगध	लुईपा का शिष्य
५)	शबरपा (शबर जातिवाले) རི་ཁྲོད་ཞབས།	जंगलीजाति शबरप	मन्त्रविक्रम (विक्रमशिला)[2]	लुई, सरह
६)	सरहपा (वाण मारनेवाले) མདའ་བསྣུན་ཞབས།	ब्राह्मण	राज्ञी के अन्तर्गत रोलि	राजा रत्नपाल[3]

---

१. इसे सरहपा को प्रथम मानकर तीसरी पीढ़ी कहा जाता है, पुरातत्त्व नि० पृष्ठ १४८ द्र०।

२. यद्यपि यहाँ 'मन्त्रविक्रम पर्वत' शब्द है, विक्रमशिला-राहुल, पुरातत्त्व, पृष्ठ, १४८ द्र०।

३. राहुल पुरातत्त्व, पृ० १४८ में जगह का नाम 'नालन्दा' समकालीन राजा का नाम धर्मपाल लिखा है।

७)	कङ्करिपा[१] (कङ्कालवाले) ཀེང་རུས་ཞབས།	शूद्र (गृहपति[२])	माघहुर (पूर्वी भारत)	
८)	मीनपा (मछली के पेट में रहनेवाले) ཉ་པའི་ཞབས།	मछुआ	कामरूप	जालन्धरपा का शिष्य गोरक्ष के गुरु, मत्स्येन्द्र का पिता।
९)	गोरक्षपा (गायें चरानेवाले) བ་གླང་སྲུང་, བ་གླང་སྐྱོང་།	गन्धिक (धूप बेचनेवाला)	पूर्वी भारत	राजा देवपाल
१०)	चौरङ्गीपा (चोरों के जाने से प्रकट होनेवाला) ཀུན་མོ་ཅན།	क्षत्रिय	पूर्वी भारत	राजा देवपाल का पुत्र
११)	वीणापा वीणा बजानेवाले པི་ཝང་ཞབས།	क्षत्रिय	गौड़ (विहार)	कण्हपा का शिष्य (भद्रपा का शिष्य)
१२)	शान्तिपा (रत्नाकरशान्ति) ཞི་བའི་ཞབས།	ब्राह्मण	विक्रमशिला (मगध)	देवपाल[३]
१३)	तन्तिपा (तन्तुपा) (कपड़ा बुननेवाले) ཐག་མཁན་ཞབས།	जुलाहा	सेन्धो नगर	जालन्धर का शिष्य

---

१. केकालिपा, कोकंलिपा, कङ्कलिपा, पुरातत्त्व, पृष्ठ १४८ द्र०।

२. वृत्तान्त में 'गृहपति' ही शब्द है।

३. (क) राहुल 'महिपाल' लिखते हैं। पुरातत्त्व निबन्धावली, पृष्ठ १४९ II

(ख) यह सिंहल-द्वीप के राजा 'कविन' (कपिना) के समकालीन थे। द्र० चौ० वृ० तनग्युर संग्रह जापान Vol. ८७ पृष्ठ १८०

१४) चमरिपा (चर्मकार) ལྷམ་མཁན་ཞབས།	चर्मकार	विष्णुनगर (पूर्वदेश)	
१५) खड्गपा (तलवार धारण करनेवाला) རལ་གྲི་ཞབས།	शूद्र	मगध	गुरु योगी चर्परी (चर्पत्री) का शिष्य
१६) नागार्जुन ཀླུ་སྒྲུབ་ཞབས།	ब्राह्मण	काञ्ची	सरह का शिष्य (राजा सातवाहन प्रथम)
१७) कण्हपा (कृष्ण चर्यपाद) ནག་པོ་ཞབས།	कायस्थ	सोमपुरी	गुरु जालन्धरपा (राजा देवपाल)
१८) कर्णरिपा (कनापा या आर्यदेव, कणरिपा) ཞུར་བ་པ། འཕགས་པ་ལྷ།	क्षत्रिय	सिंहल[१]	गुरु नागार्जुन
१९) थाकणपा ཐུན་སྣ་ཞབས་ (མགོ་སྐོར་མཁན་)	शूद्र	पूर्वी भारत	शान्तिपा का गुरु
२०) नरोपा (नरोत्तम या नडजातिवाले) མི་མཆོག་ཞབས།	मदीरा बेचनेवाला[२]	शालिपुत्र मगध[३]	महिपाल

---

१. यहाँ मूल वृत्तान्त में आर्यदेव के सम्बन्ध में केवल नालन्दा के उपाध्याय होने की बात लिखी है।

२. राहुल, पुरातत्त्व पृष्ठ, १४९ द्र०।

३. इनकी जाति और स्थान दोनों अन्यत्र भिन्न पाये जाते हैं।

२१) श्यालिपा (सियार के आवाज से डरनेवाले) སྲུང་ཀི་ཞབས།	शूद्र	विधपुर (विल्हपुर)	
२२) तिल्लिपा (तिलं पिरोकर तेल निकालनेवाले) ཏིལ་རྡུང་ཞབས།	ब्राह्मण	विष्णुनगर	नरोपा (नडपा) का गुरु
२३) चत्रपा; चत्तपा (पुस्तक लेकर भिक्षा माँगनेवाले) སློང་མཁན་ཞབས།	शूद्र	सेन्धोनगर	
२४) भद्रपा; भद्रिपा བཟང་པོའི་ཞབས།	ब्राह्मण	मणिधर	सरहज[1]
२५) धुखन्तिपा द्वयान्तिपा (द्वैत के अन्त करनेवाला या द्विखण्डी) གཉིས་གཅོད་ཞབས།	जमादार	घन्धपुर	गन्धपुर
२६) अजोगी (अयोगी) (अयोग्यवाले,आलसी) ལེ་ལོ་ཅན།	गृहपति (वैश्य)		पाटलिपुत्र[2]
२७) कलपा (पागल योगी) སྨྱོན་པའི་ཞབས།	राजपुर		अवधुतिपा

---

१. राहुल, पुरातत्त्व, पृष्ठ १५०-३०१।

२. (क) राहुल, पुरातत्त्व, पृष्ठ १५०-३०,
(ख) 'शालिपुत्र;' राहुल पुरातत्त्व, पृ० १५०-३०।

२८) धोबीपा གོས་ཁྲུད་ཞབས།	धोबी		सालिपुत्र
२९) कङ्कनपा (कङ्कनि) ཀང་གདུབ་ཞབས། (ཀྱུང་རྡུག་པ། ལུང་བརྡུགས་པ)	क्षत्रिय	विष्णुनगर	
३०) कम्बलपा (मन्त्राधिषिटत कम्बलवाला) ལྭ་བ་པ།	क्षत्रिय (राजकुमार)	कङ्करम (उड़ीसा)	घण्टापा का शिष्य
३१) डेङ्गिपा (धान कूटनेवाला) འབྲས་བརྡུང་ཞབས།	ब्राह्मण	सालिपुत्र उड़ीसा	लूहिपा का शिष्य
३२) भन्थेपा (पिण्ड ग्राहक अर्थात भिक्षा ग्रहण करनेवाला या धनदेव ग्रहण करनेवाला) བསོད་སྙོམས་ཞབས། (ནོར་འཛིན་ཞབས་)	देव (?)	श्रावस्ति	गुरु कण्हपा
३३) तन्तिपा (जुआ खेलनेवाला) ཚོ་ལོ་མཁན་ཞབས།	शूद्र	कौशाम्बी	
३४) कुकुरिपा कुतियावाला ཁྱི་མོ་ཞབས།	ब्राह्मण	कपिल क्रुन (कपिलवस्तु)	मीनपा का गुरु
३५) कुचिपा; (कुसुलिपा भी) (कुबड़ी या कुबड़वाला) སྒུར་པོ་ཞབས། (ལྷག་ལྷ་ཅན་ཞབས་)	शूद्र		कहरि

३६) धर्मपा (बहुश्रुत[१]) སྒྲ་སྦྱོར་ཞབས། (ཐོས་པ་ཅན་)	ब्राह्मण	विक्रमपुर (विक्रमासुर?)	कण्हपा, जालन्धरपा का शिष्य
३७) महिलपा (महीपा) (अभिमानी) ཆེན་པོ་ཞབས།	शूद्र	मगध	कण्हपा का शिष्य
३८) अचिन्त (अचिन्त्यवाला) བསམ་དུ་མེད་པ།	लकड़हारा	धनिरूप (भनिरूप)	
३९) भधह; बधहि अथवा भवह[२] (अर्थात् भवका हान, नष्ट करनेवाला) ཆུ་ལས་འོ་མ་ལེན། ཡང་ན་ སྲིད་བསྣུན་ཞབས།	क्षत्रिय	धञ्जुर	
४०) नलिपा (पद्म का मूल खाकर जीनेवाला) པདྨའི་སྡོང་བུ་སྤྱོད་པའི་ཞབས་ (པད་རྩ་ཅན་)	क्षत्रिय	सालिपुत्र	
४१) भुसुकुपा (शान्तिदेव) འདུ་ཤེས་གསུམ་པའི་ཞབས། (ཞི་བ་ལྷ་)	क्षत्रिय (राजकुमार)	नालन्दा[३]	राजा देवपाल

१. पाण्डुलिपि में यद्यपि धर्मपा का अर्थ शब्द प्रयोगवाला था; परन्तु वृत्तान्त में इसका अर्थ बहुश्रुत या श्रतधर था।

२. मूल पाण्डुलिपि में बधह और बधहि दो पाठ मिलते हैं; साथ 'भवह' भी लिखा है पर अर्थ बताते समय 'बतख' का ही अर्थ है। अर्थात् पानी से दूध लेनेवाला।

३. नालन्दा उनका अध्ययन का स्थान था वास्तव में ये दक्षिण के राजाञ्जु वर्मा के पुत्र थे।

४२) इन्द्रभूति (इन्द्र के समान ऐश्वर्यवाला) དབང་པོའི་འཁོར་པ།	क्षत्रिय	सम्भोल देश (उडीयन के अन्तर्गत)	अनङ्गवज्र के शिष्य
४३) मेकोपा (भयंकर देखनेवाला) འཇིགས་འཇིགས་པ།	वणिक	भङ्गल देश (बंगाल)	
४४) कोदपिला (कोडलिपा) ཏོག་ཙེ་པ།	केनेत (?)	रामेश्वर	शान्तिपा का शिष्य
४५) कमरिपा (कम्परिपा भी) རིགས་འཛིན་ཞབས།	लोहार	सालिपुत्र	अवधुतिपा का शिष्य
४६) जालन्धरपा ཆུ་འཛིན་ཞབས།	ब्राह्मण	नगरभो (नगर दृष्ट कुट?)	कन्हण और मत्स्येन्द्र का गुरु
४७) राहुल སྒྲ་གཅན་འཛིན།	शूद्र	कामरूपा	सरह तीसरा
४८) धर्मपा (धर्म उपदेशक) ཆོས་ཀྱི་ཞབས་ (ཆོས་པ་ཞབས་)	ब्राह्मण (?)	बोधिनगर	विरुपा से चौथे पीढ़ी
४९) धोकरिपा (मिट्टी के पात्रवाला) རྫ་སྦྱོད་ཞབས།	शूद्र	सालिपुत्र	
५०) मेधिनि (खेती करनेवाला) ཞིང་ལས་ཅན།	शूद्र	सालिपुत्र (लाखपुम?)	लीलापा से चौथे पीढ़ी

५१) पङ्कजपा འདམ་སྐྱེས་ཞབས།	ब्राह्मण		नागार्जुन के शिष्य
५२) घण्टपा དྲིལ་བུའི་ཞབས།	क्षत्रिय	वारेन्द्र नालन्दा (तन्ग्युर में ८६/१)	राजा देवपाल
५३) जोकिपा[1] (जोगीपा, योगीपा) ཛལ་འགྱུར་པ།	डोम	ओदन्तपुरी	शबरपा का शिष्य
५४) चलुकिपा (गहरी नींदवाला) གཉིད་ཆེན་ཞབས།	शूद्र	मङ्गलपुर (भङ्गलपुर)	मैत्रिपा का शिष्य
५५) गोधुरिपा (गुण्डरिपा) (पक्षी मारनेवाला ब्याध) བྱ་རྫོན་ཞབས།	ब्याध (चिड़ियामार)	डिसु नगर	लीलापा का शिष्य
५६) लुचिकपा ཀོག་ལང་མཁན་གྱི་ཞབས།	ब्राह्मण	भङ्गल देश (बंगाल देश)	
५७) नगुणपा (बिना गुणवाला) ཡོན་ཏན་མེད་ཞབས།	शूद्र	पूर्वदेश	
५८) जयानन्द རྒྱལ་བ་ཀུན་དགའ།	ब्राह्मण	भङ्गलपुर	

---

१. मिथिलादि स्थान के लोग 'य' को 'ज' का उच्चारण करते हैं, उनके उच्चारण के आधार पर यहाँ भी 'योगी' शब्द की जगह 'जोगी' हो गया है। 'जोकि' यहाँ 'क' तिब्बत के लोगों ने 'ग' के जगह अपभ्रंश कर दिया है।

५९) पचरिपा འཚོང་མཁན་ཞབས།	कहार	चम्पक	मीनपा का गुरु
६०) चम्पकपा ཙམ་པ་ཀ་པའི་ཞབས།	क्षत्रिय	चम्पक	
६१) भिक्षनपा (भिखनपा, भिक्षावाला) བསོད་སྙོམས་པའི་ཞབས།	शूद्र	सालिपुत्र	
६२) धिलिपा[1] (तिल्लीपा; तेल बेचनेवाला) མར་ནག་འཚོང་མཁན་ཞབས།	तेल वणिक	सतपुरी	
६३) कुम्भरिपा (कुम्भकार) རྫ་མཁན་ཞབས།	कुम्भकार (कुम्बकार)	जोमनश्री (?)	
६४) चरिपा སྤྱོད་གོས་པ།	चरवक[2] (चर्बरिपा)	मगध (पशुपालक)	कण्हपा की तीसरी पीढ़ी
६५) योगिनी मणिभद्रा རྣལ་འབྱོར མ་ནོར་བུ་བཟང་མོ།	गृहपति कन्या (वैश्य)	अगचे नगर	कुकुरिपा की शिष्या
६६) योगिनी मेखली རྣལ་འབྱོར་མ་སྐེ་རགས་ཅན་མ།	गृहपति कन्या	देवीकोट	कण्हपा की शिष्या

---

१. 'भलिपा' द्र० राहुल पुरातत्त्व पृष्ठ १५३

२. जंगलों में पशु चराकर अपनी जीविका चलानेवाले एक जाति। पशु-पालक, 'चारवक' यह शब्द नगरों से दूर रहने या सभ्यता से दूर रहनेवालों के नाम हैं। द्रष्टव्य आर्यदेव के ज्ञान सार-समुच्चय नामक ग्रन्थ की बोधिभद्र कृत वृत्ति में ति० तन्युर में।

६७) योगिनी कनखलापा (कनखल) རྣལ་འབྱོར་མ་ཟེགས་ མའི་གཡུལ་ཞབས།	गृहपति कन्या	देवीकोट	कण्हपा की शिष्या
६८) किलपा, किलिकिलि ཀུ་ཅོ་ཅན་ཞབས།	शूद्र	भिरिलिङ नगर	
६९) कन्तलिपा, कनालिपा གོས་ཧྲུལ་ཅན་གྱི་ཞབས།	जमादार	मणिभद्र (नगर)	
७०) धहुलिपा धगुलिपा རྩྭ་ཐགས་མཁན་ཞབས།	शूद्र	धोकर देश (थोकर)	
७१) उडिलिपा उधलिपा भी, (उड़नेवाले) འཕུར་བའི་ཞབས། (འཕུར་མཁན་ཞབས)	वैश्य	देवीकोट	कर्णरिपा का शिष्य
७२) कपालिपा ཐོད་པ་ཅན་ཞབས།	शूद्र	राजपुरी (नगर)	
७३) किरपालपा (किलपा) གཡེངས་བྱེད་ཞབས།	क्षत्रिय	ग्रहर (प्रहार, सहर)	
७४) सागरपा (सरोरूह) མཚོ་སྐྱེས་ཞབས།	क्षत्रिय	काञ्ची	राजा इन्द्रभूति (छोटा इन्द्रभूति)
७५) सर्वभक्ष ཐམས་ཅད་ཟ།	शूद्र	अभिर नगर (महर, सहर)	राजा हरिश्चन्द्र गुरु सरह (छोटे)
७६) नागबोधि ཀླུའི་བྱང་ཆུབ།	ब्राह्मण	पश्चिमी भारत	नागार्जुन के शिष्य

७७) दारिकपा ཚུང་མ་ཅན་ཞབས།	क्षत्रिय (राजा इन्द्रपाल)	सालिपुत्र (उड़ीसा)	समकालीन लुईपा
७८) पुतलिपा སྒྱུ་བརྙན་ཞབས།	शूद्र	भंगाल (बंगाल)	
७९) पनहपा, उपनहपा ལྷམ་མཁན་ཞབས།	चर्मकार	सेन्धो नगर	
८०) कोकिलपा (कोयलवाला) ཁུ་བྱུག་ཞབས།	क्षत्रिय	चम्पार्ण (चम्पारण)	
८१) अनङ्गपा ལུས་མེད་ཞབས། (ཡན་ལག་མེད་པའི་ཞབས)	शूद्र	घहुर (गौड़)	
८२) योगिनी, लक्ष्मीकर དཔལ་མཛོད་མ།	राजकुमारी	सम्भल नगर	राजा इन्द्रभूति
८३) समुद्रपा རྒྱ་མཚོའི་ཞབས།	शूद्र	सर्बडि (ह?) सर्वार, गोरखपुर, बस्ती जिला[1]	
८४) व्यालिपा (भालि, सर्प या व्याघ्रवाला) སྟག་ཅན་ཞབས། ཡང་ན་སྦྲུལ་ཅན་ཞབས།	ब्राह्मण	अपत्र देश (एपत्र)	नागार्जुन (वृत्तान्त के अनुसार)

---

१. राहुल, सं० पृ० १५४।

चौरासी सिद्धों से सम्बद्ध प्रतिमा निर्माण विधि[१]

१. लुहिपा

सिद्धों मे प्रथम लुईपा आते हैं[२]। लुईपा या आचार्य लुहिपा का शरीर दुबला-पतला एवं वर्ण साँवला है। उनके सामने मछली के आँत का ढेर लगा होना चाहिए। उनमें से एक मछली की आँत निकालकर अपने मुँह में डालकर खाते हुए, वे गम्भीर और प्रसन्न-मुद्रा में दिखाई देते हैं। छाती में हलके बाल और सिर पर हलकी-सी बँधी हुई जटा होनी चाहिए।

२. लीलापा

लीलापा राजा के रूप में सिंहासन पर बैठे हुए दिखाई देते हैं। वे चारों ओर से अपने मन्त्रियों एवं रानियों से परिवृत दिखाई देते हैं।

३. विरूपा

सामान्यत: प्रसिद्ध है कि विरूपा का स्वरूप एक मदिरा बेचनेवाली व्यवसायी की दूकान में बैठकर मदिरा पीते हुए दिखाई देता है। वस्त्र के रूप में मात्र एक छोटी-सी लंगोटी उनके शरीर पर होना चाहिए। मृगचर्म के बिछौने पर बैठे हों तथा सामने मदिरा बेचनेवाली एक स्त्री उन्हें मदिरा दे रही हो। वे अर्धासन-मुद्रा (एक पैर समेटा हुआ तथा दूसरा पैर कुछ फैला हुआ) में बैठे हों। मकान के ठीक सामने ऊपर आकाश में सूर्य-मण्डल चमकता हुआ दिखाई देना चाहिए। अन्य विशेषताएँ ये हैं—

सिर मुड़ा हुआ, पुष्प-मालाओं के अतिरिक्त अन्य आभूषणों का अभाव; उन्हें दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली से सूर्य की ओर इंगित करते हुए तथा बायें हाथ में रुरू: (जंगली मृग[१]) का सींग धारण किये हुए हों आदि।

---

१. मूल ग्रन्थ में यह शीर्षक बहुत लम्बा है। द्रष्टव्य तिब्बती पाठ में पृष्ठ ....।

२. यद्यपि यहाँ सिद्धों में से लूहिपा को प्रथम माना गया है, पर यह क्रम न तो कालिक है और न उपदेश-परम्परा अथवा ज्ञान-परम्परा का है, यह केवल एक गणचक्र विशेष में उपस्थिति का क्रम मात्र है। द्रष्टव्य डुब थबस् कुनतु० पृष्ठ....।

४. डोम्बिपा

डोम्बिपा (या डोम्बि हेरुक) को अस्थि-निर्मित षड्अलङ्कारों से अलंकृत होना चाहिए। उनके दाहिने हाथ में विषैले सर्प का चाबुक तथा सिर के पीछे सर्प का फन लहराता हुआ होना चाहिए। उनकी पत्नी उन्हें बायीं ओर से आलिङ्गन करती हुई दिखलाई देती हो। दोनों एक व्याघ्री पर सवार रहते है। व्याघ्री बच्चों को जन्म देकर, उसे दूध पिलाती हुई अवस्था में है।

५. शबरपा

शबरपा (या शबरिपा) का वर्ण साँवला है। उनके दाहिने हाथ में वाण और बायें हाथ में (विशेष) बाँस से निर्मित धनुष है। धनुष के एक छोर में मृत सुअर का ऊपरी आधा भाग तथा दूसरे छोर में उसका अधोभाग टँगा हुआ होना चाहिए। उन्हें फल और फूलों से निर्मित आभूषण तथा मोर की पिच्छों से बने अधोवस्त्र धारण किये हुए होना चाहिए। उनके दोनों ओर दोनों पत्नियाँ वाण एवं तरकश धारण किये खड़ी हों।

६. सरहपा

सरह या सरहपा ब्राह्मण पुरोहित के वेश में ब्रह्मसूत्र (जनेऊ) धारण किये हुए, गौरवर्ण एवं युवावस्था में दिखलाई पड़ना चाहिए। अर्धासन में बैठकर एक वाण को दोनों हाथों से सीधा करते हुए मुद्रा में होना चाहिए।

७ कङ्कारिपा

कङ्कारिपा या कङ्कालिपा योगी के वेष में श्मशान में आसीन, रंग से साँवले मुण्डित सिर तथा अलङ्कार रहित हों, उनके सामने बहुत बड़ी मात्रा में नरकङ्कालों का ढेर दिखलाई पड़ना चाहिए।

---

१. यहाँ रुरु: नामक मृग के सिंग का उल्लेख आया है। मूल पाण्डुलिपि में इस जानवर का नाम 'ग्ञन्' लिखा है। यह भोट देशीय नाम है। भिक्षु येशे दोन डुब तन पई ग्यलछन कृत चिकित्साशास्त्र 'जेछरमिगग्यन' में 'ग्ञन्' (ञन्) नामक जानवर को अमरकोष में उल्लिखित कृष्णसार:; रुरू; न्यङ्कु:; एण: आदि का पर्याय बताया गया है। द्रष्टव्य पृ० १६। फोटो संस्करण नं० २३२, दिल्ली सं० १९१७। परन्तु अमरकोष की व्याख्या-सुधा में कृष्णसार:; रुरू:; न्यङ्कु: आदि मृग के भेद माने गये हैं। द्र० अ० १०, सिंह व०।

८. मीनपा[१]

मीनपा मछली का पेट फाड़कर उसमें से निकलते हुए, जिनके दोनों पैर अभी मछली के पेट में ही घुसे हुए हों ऐसा दिखलाई पड़ना चाहिए। शरीर का वर्ण साँवला और अलङ्कार रहित तथा उनके दोनों हाथ नृत्य-मुद्रा में होना चाहिए।

९. गोरक्ष

गोरक्ष का वर्ण गौर तथा सिर मुण्डित होना चाहिए। वे समाहित-मुद्रा में हों। उनके कानों में कृष्णमृग[२] सींगों से निर्मित सिक्के के आकार के कुण्डल तथा कण्ठ में शंख और सींग से निर्मित आभूषण हों। वे निर्वसन या 'चक्रकन्त' नामक (विशेष) वस्त्र पहने हों। गो समुदाय को लक्षित करने के लिए सामने कुछ गाय की प्रतिमा भी हो।

१०. चौरङ्गीपा

चौरङ्गीपा राजकुमार के रूप में एक वृक्ष के मूल में समाहित मुद्रा में बैठे हुए और हलकी-सी जटा बाँधे हुए हों। उनके बगल से कुछ व्यापारी प्रभूत धन-सम्पत्ति लेकर जाते हुए दिखलाई पड़ना चाहिए।

११. वीणापा

वीणापा सिर पर पगड़ी बाँधे हुए पूर्ण राजकुमार के रूप में हों। वे तीन तारों वाली वीणा नामक वाद्ययन्त्र को बजाते हुए मुद्रा में दिखलाई पड़ना चाहिए।

१२. शान्तिपा

शान्तिपा भिक्षु के रूप में सिर पर पण्डितोचित टोपी पहने हों। उनका दाहिना हाथ धर्मोपदेश की मुद्रा में हो तथा बायें हाथ में पोथी रखी हुई हो। पद्मासन लगाकर वे शान्त-मुद्रा में स्थित हों। शरीर में कुछ-कुछ वृद्धावस्था का रूप झलकना चाहिए।

---

१. मीनपा या मत्स्येन्द्र या मत्स्येन्द्रनाथ के एक ही व्यक्ति होने के कुछ प्रमाण मिलते हैं। द्र० डुब थब० कु० पृ०....।

२. कृष्ण-मुद्रा, मूल०...।

१३. तन्तिपा

तन्तिपा योगी के वेश में तथा अत्यन्त वृद्ध के रूप में दिखलाई पड़ें। उनको कपड़ा बुनने के औजार लेकर तन्तुओं से कपड़ा बुनते हुए दिखलाई पड़ना चाहिए।

१४. चमरिपा

चमरिपा चर्मकार एवं योगी के वेश में जूता बनाते हुए दिखलाई पड़ना चाहिए।

१५. खड्गपा

खड्गपा- जटा बाँधे हुए योगी के वेश में तलवार लेकर आकाश में उड़ते हुए दिखलाई दें। समीप में नीचे जमीन पर एक स्तूप हो, जिसके अन्दर विराजमान आर्यलोकेश्वर की मूर्ति के कुछ भाग बाहर से भी दिखलाई पड़ रहे हों। स्तूप के नीचे से एक बहुत बड़े सर्प का आधा शरीर बाहर निकलता हुआ दिखलाई पड़ना चाहिए।

१६. नागार्जुन

नागार्जुन भिक्षु रूप में, अत्यन्त सुन्दर एवं श्याम वर्ण के हों। उनका सिर का मध्य भाग हलका-सा उष्णीय उभरा हुआ हो। उनके सिर के पीछे से ऊपर की ओर सात नाग अपने सात फनों को फैलाये हुए स्थित हों। कहीं-कहीं फनों की संख्या आठ भी दिखलाई पड़ती है। यदि महापुरुष लक्षणों एवं अनुव्यञ्जनों से युक्त प्रतिमा के प्रति अधिक अभिरुचि हो तो ऐसे लोगों के लिए इनका दिव्य-काय चक्रवर्ती राजा के रूप में भी बनाया जा सकता है।

१७. कृष्णपा

कृष्णपा या कृष्ण चर्मपा पूर्ण योगी, जटाशिखा बाँधे हुए; छः प्रकार के अस्थि आभूषणों से भूषित, व्याघ्र-चर्म का अधोवस्त्र पहने, रंग के साँवले, हाथ में डमरू और कपाल धारण किये, बाहुहों में त्रिशूल धारण किये हुए, बैताली या राक्षसी पर सवार हों। उनके ऊपर आकाश में स्वतः घूमते हुए सात छत्र और स्वतः बजते हुए सात डमरू विद्यमान हों।

१८. आर्यदेव

आर्यदेव या कर्णरिपा भिक्षु के रूप में, करन नामक वृक्ष की बड़ी-सी पत्ती हाथ में लिए हों।

१९. थकनपा

थकनपा योगी के रूप में एक वृक्ष के मूल में आधे लेटे हुए (कोई कलाकार वृक्ष के मूल में खड़े भी बना देते हैं) हों। आसपास दोनों ओर नगर का चिह्न तथा उनके सामने एक भिक्षु आकर उनसे कुछ बातें करते हुए दिखलाई पड़ना चाहिए।

२०. नरोपा

नरोपा या नड़पा का वर्ण गहरा नीला या नील और रक्त का मिश्रण है। वे जटा, शिखा एवं मुकुट धारण किये हुए हों। शरीर पर नर-चर्म धारण किये हुए तथा उस नर-चर्म के हाथ और पैर अपने हाथों से पकड़े हुए हों। दोनों पैर नृत्य-मुद्रा में हों अथवा एक पैर सिमटा हुआ और दूसरा पैर फैला हुआ हो।

२१. श्यालिपा

श्यालिपा एक योगी के वेश में हों तथा एक भेड़िये का शव अपने कन्धों पर उठाये हुए मुद्रा में दिखलाई पड़ना चाहिए।

२२. तिल्लिपा

तिल्लिपा या तिलोपा के शरीर का रंग गहरा नील है। वे तिल कूटते हुए मुद्रा में दिखाई पड़ते हों। सामने उनकी पत्नी एक पात्र लेकर उनके ओखली में तिल डालती हुई दिखाई पड़ती हो।

२३. चत्रपा

चत्रपा एक भिक्षु के रूप में बहुत से पोथियाँ पीठ पर उठाये हुए तथा एक छोटी-सी पोथी या पुस्तक हाथ में लिए खड़े हों या उन्हें बैठे हुए अध्ययन-अध्यापन की मुद्रा में दिखलाई पड़ना चाहिए।

२४. भद्रपा

भद्रपा जनेऊ धारण किये हुए, सुलझे हुए बाल संवारकर, शिखा बाँधे हुए, कर्णाभूषण आदि हलके रत्नाभूषण पहने हों, सामने मदिरा से भरा कलश और सुअर का माँस (पूरा शव) रखे हुए दिखलाई पड़ना चाहिए। उनके दाहिनी ओर एक उच्च शिला पर (उनके) गुरु एक योगी के रूप में बँधी हुई जटा-शिखा वाले विराजमान हों, ऐसा बनाना चाहिए।

२५. धुखन्तिपा

धुखन्तिपा श्मशान के बहुत से चिथड़े इकट्ठे करके अपने हाथ से सिलते हुए मुद्रा में बनाये जायें।

२६. अयोगीपा

अयोगीपा या अजोकिपा एक योगी के रूप में श्मशान में लम्बा होकर सोये हुए मुद्रा में बँधी हुई जटा वाले बनाये जायें।

२७. कल-कलपा

कलकलपा सुन्दर रूपवान, हलकी जटा-शिखा बाँधे हों। श्मशान में समाहित-मुद्रा में विराजमान हों।

२८. धोबीपा

धबीपा किसी पात्र या नदी में पुराने कपड़े धोते हुए दिखलाई पड़ना चाहिए।

२९. कङ्कनपा

कङ्कनपा एक योगी के वेश में अपने हाथ के कंकण की ओर देखते हुए समाधि लगाकर बैठे हों और उनके ऊपरी ओर आकाश में बहुत से देवी-देवता उनकी पूजा कर रहे हों ऐसा दिखलाना चाहिए।

३०. कम्बलपा

कम्बलपा, भिक्षु रूप में हों, अपने शरीर के बराबर जमीन खोदकर, उस गड्ढे के अन्दर बैठकर, गड्ढे के मुख पर चारों ओर सूखे नर-मुण्डों के घेरे को देखते हुए भावना की मुद्रा में, अथवा किसी पर्वत की गुफा के अन्दर समाहित-मुद्रा में बैठे हुए दिखलाई पड़ते हों।

३१. डिङ्गिपा

डिङ्गिपा या डिङ्गिरिपा एक पात्र में या ओखली में धान को मूसल से कूटते हुए तथा उससे निकालकर धोते हुए अवस्था में दिखलाये जायें। उनके एक ओर मदिरा बेचनेवाली एक स्त्री अवश्य बैठी हो।

३२. भद्‌देपा

भद्देपा (भन्देपा) एक राजकुमार के रूप में बैठे हों। उन्हें एक भिक्षु भिक्षा-पात्र को जो हाथ में लेकर आकाश मार्ग से उड़रहा हो, ऐसे आकाशीय दृश्य को देखते हुए सामने खड़े देवशिल्पज्ञ विश्वकर्मा से बातें करते हुए दिखाया जाय।

३३. तन्देपा

तन्देपा या तन्तेपा एक योगी के रूप में जूआ खेलते हुए अवस्था में दिखलाये जाय।

३४. कुकुरिपा

कुकुरिपा या कुकुराजा योगी के रूप में अस्थि-आभूषण पहने जटाधारी, बड़ी प्रसन्न-मुद्रा में अपनी गोद में एक कुतिया बैठाये हुए दिखलाये जायें।

३५. कुचिपा

कुचिपा एक योगी के रूप में हों, गले के पीछे एक गाँठ उभरी हुई हो, कुछ अप्रसन्न-मुद्रा में बैठे हों। उनके सामने आचार्य नागार्जुन विराजमान हों, इस रूप में दिखलाये जायें।

३६. धर्मपा

धर्मपा ब्राह्मण पुरोहित के रूप में विराजमान हों और उनके आस-पास बहुत-सी पोथियाँ रखी हों।

३७. महिपा

महिपा स्थूल अंगों से युक्त हों, गले में उभरे हुए माँस पर हलकी-सी झुर्रियाँ पड़ी हुई हों। अन्य लोगों को शारीरिक बल प्रतियोगिता की मुद्रा में दिखाया जाय।

३८. अचिन्तपा

अचिन्तपा एक लकड़हारे योगी के रूप में जंगल में लकड़ी काटते हुए या लकड़ी काटकर उसे उठाकर चलते हुए अवस्था में या वन में एक वृक्ष के मूल में आधा लेटे हुए कुछ गम्भीर सोच-विचार की मुद्रा में हों।

३९. भवहिपा

भवहिपा (भवह, भातख, बतखपा आदि) राजा के रूप में, हाथ में अमृत भरे कपाल को धारण किये दिखलाई पड़ते हों। उनके बायीं ओर से उनकी पत्नी उन्हें आलिङ्गन करती हुई दिखलाई पड़ती हों।

४०. नलिपा

नलिपा योगी के रूप में किसी झील के तट पर बैठे हुए पद्म-युक्त सरोवर से पुष्प सहित पद्ममूल तोड़ते हुए दिखलाये जायें।

४१. भुसुकुपा

भुसुकुपा (शान्तिदेव) भिक्षु के रूप में चारों ओर भिक्षु संघ से परिवृत्त लालिमायुक्त गौरवर्ण, एक ऊँची गद्दी पर बैठे हुए, दिखलाई पड़ना चाहिए। शारीरिक स्वास्थ्य बहुत अच्छा हो। हाथ प्रवचन-मुद्रा में गद्दी से आकाश की ओर कुछ उठे हुए हों।

४२. इन्द्रभूति

इन्द्रभूति राजा के रूप में विराजमान दिखलाई पड़ना चाहिए। वे चारों ओर से अनेक प्रकार के नृत्य, संगीत और वाद्य-यन्त्र बजानेवाली स्त्रियों से परिवृत हों।

४३. मेकोपा

मेकोपा पूड़ी बेचते हुए एक योगी के रूप में, सामने नाना प्रकार के खाद्य पदार्थ फैलाकर, उसे बेचने के लिए उद्यत दिखलाई पड़ते हों।

४४. कुदालिपा

कुदालिपा (कोदलिपा) सिर पर पगड़ी बाँधकर, कुदाल लेकर जमीन खोदते हुए दिखलाई पड़ते हों।

४५. कमरिपा

कमरिपा (कम्परिपा) योगी के रूप में लोहार का काम करते हुए हों। अर्थात् तपते हुए लोहे को पीटते हुए आस-पास निहाई, सँड़सी, हथौड़े, भाथी, अंगार आदि लोहार के औजारों से घिरे हुए दिखलाई पड़ते हों।

४६. जालन्धरपा

जालन्धरपा एक योगी के रूप में जटा-शिखा, अस्थि-आभूषणों से विभूषित हों। उनका एक पैर पीछे से मोड़कर कन्धे पर चढ़ा हुआ तथा दूसरा पैर फैला हुआ हों। वे धरती पर घुटने के बल पर बैठे हुए हों। दोनों हाथों की तर्जनियों के अग्रभाग मिले हुए और शेष उँगलियाँ परस्पर आलिङ्गित मुद्रा में सिर के ऊपर उलटकर रखी हुई हों। सामने उनकी कर्म-मुद्रा (अर्थात् पत्नी) उन्हें दण्डवत प्रणाम करती हुई दिखलाई पड़ती हों।

४७. राहुलपा

राहुलपा श्मशान में बैठे हुए हों। शरीर का रंग नीला तथा उसमें हलका बुढ़ापा झलक रहा हो। सिर के बाल मुंडे हुए हों और वे श्मशान में आवरण रहित नग्नावस्था में पड़े हुए स्त्री के विकृत शव को देखते हुए समाहित मुद्रा में बैठे हुए हों।

४८. धर्मपा

धर्मपा एक वृद्ध भिक्षु के रूप में हाथ में पोथी लिए हुए हों।

४९. धोकरिपा

धोकरिपा एक बड़े-से झोले के अन्दर एक बड़ा पात्र डालकर भिक्षा माँगते हुए खड़े हों।

५०. मेधिनपा

मेधिनपा योगी के रूप में दो बैलों के कन्धों पर जुआ रखकर, हल लेकर खेत जोतते हुए दिखलाई पड़ते हों।

५१. पङ्कजपा

पङ्कजपा ब्राह्मणकुमार के रूप में एक कमलयुक्त सरोवर के तट पर स्थित आर्य-अवलोकेश्वर के मन्दिर के अन्दर स्थित आर्यलोकेश्वर की मूर्ति की पूजा करते हुए, भिक्षु का तथा पूजा के दृश्य का अवलोकन करते हुए, खड़े दिखलाई पड़ते हों।

नोट— इनके वृत्तान्त में लोकेश्वर को ईश्वर (महेश्वर) के रूप में समझने का भ्रम होने की बात कही गई है। अतः इस लोकेश्वर को लाल वर्ण, बायें हाथ में पद्म और दाहिने हाथ से उस की पंखुड़ियाँ खोलते हुए, पत्नी के द्वारा बायीं ओर से आलिङ्गन करते हुए तथा दोनों ओर त्रिशूल और कपाल रखे हुए होना चाहिए[१]।

५२. घण्टपा

घण्टपा (गण्टापा) योगी के रूप में शरीर पर अस्थि के आभूषण, व्याघ्र-चर्म का अधोवस्त्र, जटा-शिखा आदि से सुसज्जित हों। रंग के साँवले, वज्र और घण्टा हाथ में धारण किये हुए कर्म-मुद्रा से आलिङ्गत हों।

कर्ममुद्रा-साक्षात् वज्र-योगिनी, लाल रंग हाथ में कुब्जखङ्ग (शस्त्रविशेष) और कपाल धारण किये हों, (दोनों) आकाशमार्ग से चलते हुए दृष्टिगोचर हों। अथवा सहज चक्रसंवर की प्रतिमा की तरह दाहिना पैर आगे फैला हुआ एवं बायाँ पैर किञ्चित् समेटा हुआ हो। आकाश मार्ग से गमन को परिलक्षित करने के लिए (दोनों मूर्तियों को) बादल के बीच में बैठे हुए दिखलाना चाहिए।

नीचे की धरती से पाताल को फोड़कर पानी निकलता हुआ दिखलाई दे, जिसमें नगर का आधा भाग डूबा हुआ हो। उस झील-सदृश पानी के बीच से आर्य-लोकेश्वर-ख-सर-पाणि की एक मूर्ति का आधा भाग निकला हुआ दिखलाई पड़ना चाहिए।

---

१. यह नोट मूल पाण्डुलिपि में एक साथ लिखी हुई है। अतः यहाँ अनुवाद एक साथ कर दिया है।

५३. जोकिपा

जोकिपा या योगीपा एक योगी के रूप में, निर्वसन, हाथ में दण्ड लिए हुए, अपनी सभी सामग्री एक कपड़े में बाँधकर उसे डण्डे के एक ओर लटकाकर कन्धे पर रखे हुए चलने की मुद्रा में दिखलाई दें।

५४. चालुकिपा

चालुकिपा योगी का वेश धारण किए हुये मृगचर्म का बिछौना बिछाकर एक बहुत बड़े से मसलन को तकिये के रूप में रखकर सोये हुए हों। सामने बड़ा-सा भावना-स्तम्भ गड़ा हुआ हो, ऐसा बनाना चाहिए।

५५. गोधुरिपा

गोधुरिपा या गुण्डरिपा-योगी के वेश में हों। अधोवस्त्र के नाम पर पत्तियों से बना गमछा पहने हों। सिर मुंडा हुआ हो। जाल बिछाकर चिड़िया का शिकार करने की मुद्रा में दिखलाई पड़ना चाहिए।

५६. लुचिकपा

लुचिकपा-ब्राह्मण के वेश में हों। बाल और दाढ़ी चिमटी से उखाड़ने के कारण ऊबड़-खाबड़ अवस्था में दिखलाई पड़ना चाहिए।

५७. नगुणपा

नगुणपा एक योगी के रूप में हों। पलंग के सहारे पीठ टिकाकर भोजन करती हुई मुद्रा में हों। उनके सामने एक योगी बैठे हुए दिखलाई पड़ें।

५८. जयानन्द

जयानन्द एक राजमन्त्री के रूप में हाथ में झांझड़ी नामक वाद्ययन्त्र लेकर नाना प्रकार अन्न के बलि का दान करते हुए दिखलाई दें। उनका शिष्य-परिवार मृदंग, बाँसुरी, झांझर, वीणा आदि बजाते हुए चारों ओर से घेरकर बैठा हो।

५९. पचरिपा

पचरिपा योगी के रूप में वृक्ष के मूल में बैठे हों। उनका सिर मुंडा हुआ, केवल एक त्रिकोनी लंगोटी मात्र धारण किये हुए हों। कचौड़ी का आधा भाग लेकर उसे

खाते हुए दिखलाई दें। उनके सामने आर्य लोकेश्वर या उनके निर्माणकाय के रूप में एक भिक्षु विराजमान हो।

६०. चम्पकपा

चम्पकपा, राजा के रूप में अपने उपवन में गद्दी पर विराजमान हों। उनके चारों ओर चम्पक नामक वृक्ष सुशोभित हों। उन वृक्षों की शाखाएँ गोल आकार की, पत्तियाँ गहरे हरे रंग की और उनके फूल सफेदी लिए हुए पीले रंग के हों।

६१. भिखनपा

भिखनपा तुम्बी-पात्र धारण किये हुए हों। उनके सामने उपस्थित धर्म-उपदेश देने की मुद्रा में बैठी एक डाकिनी हो, जो स्वभाव से अत्यन्त शान्त, बिना सँवरे लम्बे बाल, थोड़े अस्थि-आभूषण से सजी हुई हो, वे उसे अपने दाँत निकालकर समर्पित करते हुए दिखलाई पड़ें।

६२. घिलिपा

घिलिपा विविध प्रकार के तेल के पात्र इकट्ठे करके तेल बेचने की मुद्रा में हों। उनके समीप नाना प्रकार की भोजन-सामग्रियों से सजे मंच के सामने एक पण्डित धर्म-उपदेश की मुद्रा में विराजमान दिखलाई देना चाहिए।

६३. कुम्भरिपा

कुम्भरिपा, कुम्भ या मिट्टी के बर्तन बनाने के कार्य में लगे हुए हों। उनके आस-पास अपनी स्त्री तथा बाल-बच्चे बैठे हों।

६४. चपरिपा

चपरिपा एक योगी के वेश में मेखली[१] (अर्थात अलफी नामक) वस्त्र पहने हुए हों। वे एक वृक्ष के नीचे बैठे हों। उनके एक ओर जलती हुई आग और उसमें

---

१. मेखली वस्त्र उस वस्त्र को कहते हैं, जिसमें एक लम्बी पट्टी के बीच से सिर निकालने की जगह हो, उसका एक छोर सामने से और दूसरा छोर पीछे पीठ के ऊपर से नीचे की ओर लटकता हुआ फैल जाता है। उसे कमरबन्ध या मेखले के द्वारा बाँध देने पर वह पूरे शरीर को ढकनेवाला वस्त्र बन जाता है।

नोट— इस अंश को पाण्डुलिपि में मूल पाठ के साथ ही रखा है। द्र० पृ० ८,९, दिल्ली फो० ४१९७३

से धुआँ निकलता हुआ दिखाई दे तथा दूसरी ओर रसायन भरा बड़ा-सा बर्तन रखा हुआ हो। योगी स्वयं एक वृक्ष की बड़ी-सी पत्ती लेकर उस रसायन द्रव्य में डुबो-डुबोकर आस-पास के लोगों पर छिड़क रहे हों। उनके सामने एक स्त्री अपने बच्चे के साथ हाथ जोड़कर बैठी हुई हो। उस स्त्री के पीछे नगर के अनेक लोग आते हुए दिखलाई दें।

उस मूल वृक्ष वाले स्थान से कुछ दूरी पर एक गुफा हो। जिसके अन्दर एक ही आसन पर बीच में एक देवता, उसके दाहिने ओर उससे कुछ छोटे आकार के एक देवता तथा बाँयीं ओर एक देवी, तीनों एक साथ विराजमान हों।

६५. योगिनी मणिभद्रा

योगिनी मणिभद्रा सभी प्रकार के आभूषणों से सुसज्जित, एक गृहिणी स्त्री के रूप में उड़कर आकाश प्रदेश में विराजमान हो। उनके नीचे की धरती पर एक बड़े से पानी के गड्ढे के टूटने से चारों ओर बिखरे हुए उसकी टुकड़ियों का दृश्य दिखलाई दे।

६६. योगिनी मेखली

मेखली निर्वसन अर्थात् वस्त्र रहित और योगिनी के अनुरूप अस्थि आभूषणों से विभूषित हो। बायें बाहु में त्रिशूल धारण किये हुए, बिना सँवरे बाल, अपने मुँह से एक तलवार निकालकर दाहिने हाथ में लेती हुई तथा बायें हाथ में नर-कपाल धारण किये हुए हों।

६७. योगिनी कनखला

योगिनी कनकखला उपर्युक्त मेखला के आकार की ही हों। इनकी विशेषताएँ ये हैं कि दाहिने हाथ में कुब्जखड्ग नामक शस्त्र, बायें हाथ में अपना सिर काटकर लिए हुए दिखलाया जाता है। परन्तु साधारण लोगों की कल्पना में यह दृश्य अच्छा नहीं लगता। लोग ऐसा बनाना नहीं चाहेंगे, अत: वे आर्य छिन्नमस्तका योगिनी के प्राचीन चित्रों के अनुसार अपना सिर काटकर हाथ में रखी हुई तो बनाते हैं पर शरीर के साथ भी एक सिर बना देते हैं। तदनुसार यहाँ भी शरीर के साथ सिर बनावें तो अनुचित नहीं होगा।

ये दोनों योगिनी मेखला और कनखला आकाश में बैठी, दोनों पैर नृत्य-मुद्रा में अर्थात् दाहिना पैर फैलाये हुए और बायाँ पैर समेटते हुए तथा एड़ी उठाकर अंगुलियों के अग्रभाग से धरती पर स्पर्श करते हुए[१] दिखलाई जाती हो।

६८. कलकलपा

कलकलपा एक योगी के वेश में गहरे नीले रंग के और श्मशान में विराजमान हों। उनके समक्ष कुछ ऊँचे स्थान पर अस्थि-आभूषणों से विभूषित एक योगी उन्हें धर्म-उपदेश देते हुए दिखलाई दें। योगी के हाथ उपदेश-मुद्रा में हों।

६९. कन्तलिपा

कन्तलिपा कपड़ा सिलते हुए योगी के वेश में बैठे हों। उनके सामने की ओर बैठी एक डाकिनी धर्मोपदेश-मुद्रा में उन्हें देशना दे रही हों।

७०. धगुलिपा

धगुलिपा-घास से रस्सी बनाते हुए योगी के रूप में रस्सियाँ बेचते हुए दिखलाई पड़ते हों।

७१. उडलिपा

उडलिपा-एक योगी के रूप में सिर पर पगड़ी बाँधे हों। शरीर पर चोला पहने, हलके रत्न-आभूषण, सँवरी हुई दाढ़ी और आश्चर्य के साथ आकाश की ओर देख रहे हों। उनके सामने के आकाश पर पञ्चरंगी बादल छाये हुए हों। उन रंगीन बादलों में घोड़ा, हाथी तथा विविध पक्षियों का आकार बना हुआ हो और बादलों के नीचे दो हंस उड़ते हुए जा रहे हों।

उडलिपा के समक्ष एक दूसरे योगी हाथ में वृक्ष की पत्तियाँ लिए हुए दिखलाये जाते हों।

७२. कपालिपा

कपालिपा-रंग के साँवले श्मशान में पड़े एक स्त्री के शव के कपाल को निकालकर हाथ में लिए हों, वे सभी प्रकार के अस्थि-आभूषणों से सुसज्जित हों।

---

१. इन शारीरिक अंगक्षोपण-मुद्राओं का आन्तरिक चित्त, वायु, नाड़ी मण्डल और ज्ञान आदि से विशेष सम्बन्ध रहता है। द्रष्टव्य, चक्रसंवर आदि तन्त्र, कंग्यु० पृ०...।

७३. किरपालपा

किरपालपा सुन्दर रूप रंग के एक योगी हैं। क्रोध से उनके चेहरे पर कुछ रेखाएँ उभरी हुई हों। रत्न-शिखा और पञ्चशिखावाले मुकुट पहने हुए हों। बाल के नीचे की सीमा पर रेशमी 'वीरसिरबन्धन' बाँधे हुए हों। उनके बाल दोनों ओर बँधे हुए सुवर्ण-सिकड़ी को अन्दर से निकालकर नीचे की ओर लहराते हुए हों। वे तलवार एवं ढाल हाथों में लिए राजगद्दी पर विराजमान हों।

७४. सागरपा

सागरपा-भिक्षु के रूप में हों। उनके समक्ष आर्य अवलोकेश्वर खड़े हों।

७५. सर्वभक्षपा

सर्वभक्षपा-एक योगी हैं। उनके सामने एक बहुत बड़े पात्र में विविध खाद्य-पदार्थ भरे हों; जिन्हें निकालकर वे खाने की मुद्रा में दिखलाई पड़ते हों।

७६. नागबोधि

नागबोधि-एक भिक्षु के रूप में समाहित-मुद्रा में विराजमान हों। उनके एक ओर गुफा के अन्दर एक भिक्षु हो, जिसके सिर से मृग का सींग निकला हुआ हो तथा वे समाहित अवस्था में विराजमान दिखलाई पड़ते हों।

७७. दारिकपा

दारिकपा-एक योगी हैं। वे जटा, अस्थि-आभूषण, हाथ में वज्र और घण्टी धारण किये हुए हों। अनेक स्त्री-परिवारों के साथ वे आकाश मार्ग से उड़ते हुए जा रहे हों और नीचे धरती पर बहुत बड़ा जन-समूह आचार्य की ओर देखरहा हो। एक स्थल पर एक बहुत लम्बे शिला-स्तम्भ के ऊपरी भाग पर एक पत्थर के हाथी की बहुत बड़ी प्रतिमा रखी हुई हो।

७८. पुतलिपा

पुतलिपा-एक योगी हैं। ''हेवज्र'' का थंका (पटचित्र) टाँगकर उसके समीप वे राजा के साथ कुछ वार्तालाप करते हुए दिखलाई पड़ते हों।

७९. पनहपा

पनहपा-एक योगी हैं। वे घुंघुरु आदि अनेक अलङ्कारों से ग्रथित जूते पहनकर दौड़ते हुए मुद्रा में दिखलाई पड़ते हों।

८०. कोकिलपा

कोकिलपा एक राजा के रूप में दिखलाई पड़ते हों। वे अनेक फल-फूलों से लदे उपवन में गद्दी पर विराजमान हों। उनके आस-पास बहुत सारी युवतियाँ नृत्य, संगीत, करती हुई एवं विविध वाद्ययन्त्रों को बजाती हुई विद्यमान हों। कुछ युवतियाँ स्नान कर रही हों। उपवन के वृक्षों पर बहुत-सी कोयलें बैठी हुई हों। राजा उनके सामने उपस्थित एक भिक्षु से वार्तालाप कर रहे हों।

८१. अनङ्गपा

अनङ्गपा-अत्यन्त सुन्दर रूपवाले भिक्षु के रूप में दिखलाई पड़ते हों। वे झोपड़ी के अन्दर बैठे हों और एक अति सुन्दर भिक्षु सामने आकर उनसे भिक्षा माँग रहा हो।

८२. योगिनी लक्षिङ्कर

लक्षिङ्कर या लक्ष्मीकर श्मशान में बैठी हों। उनके बाल बिखरे हुए तथा हाथ में कुब्ज-खड्ग और नरकपाल हो। बायें बाहु में त्रिशूल धारण किये हुए तथा अस्थि-आभूषण पहनी हुई हों। इन्हें पगली के रूप में भी प्रतिबिम्बित किया जाता है।

८३. समुद्रपा

समुद्रपा-एक योगी हैं। वे समुद्र और नगर के बीच के रास्ते से गुजरते हुए दिखलाए जायें, सिर पर पगड़ी बाँधे हों। उनके समक्ष सिद्ध अचिन्तपा निर्वसन हों, फैली हुई जटावाले तथा प्रवचन-मुद्रा में बैठकर उन्हें उपदेश दे रहे हों।

८४. व्यालिपा

व्यापिला-ये ब्राह्मण पुरोहित के रूप में विराजमान हों। सामने बड़ा-सा पात्र तथा आस-पास और भी छोटे-मोटे बर्तन रखे हों; जिनमें रसायन द्रव्य भरे हों। स्वयं

उन रसायन द्रव्यों का प्रयोग करते हुए बहुत से लोहे को सोने में परिणत करने में कार्यरत हों। उनके बायीं ओर उनकी पत्नी, बाल-बच्चे और लड़के की पत्नी तथा एक घोड़ी भी हो।

उनके समीप समुद्र के पानी से एक पहाड़ निकलता हुआ दिखलाई दे तथा उस पहाड़ के ऊपरी भाग पर एक सुन्दर कुटिया बनी हो।

समाप्तम्

इस प्रकार चौरासी सिद्धों के चित्र (या मूर्ति) बनाने की विधि उनके जीवन वृत्तान्त के अनुरूप, भट्टारक तारानाथ के मत को बिना विकृत किये यहाँ यथावत लिखी गयी हैं।

इसे रिखा-रिग्जिन-छेवङ्-नोर बु द्वारा सिक्किम ङ्ग-रिरिवोइ द्व्येन् ग्नस् में लिखा गया है[१]।

॥ भवतु सर्वमङ्गलम् ॥

अनुवादक- आचार्य सेम्पा दोर्जे

---

१. इस मूल ग्रन्थ का भट्टारक तारानाथ कृत 'सिद्धों के चित्र लिखने की विधि' नामक ग्रन्थ है। उसके अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण एवं भ्रष्ट हो जाने पर उस ग्रन्थ के आधार पर श्री 'छेवंग नोरबु' ने इस ग्रन्थ को तैयार किया है।

विस्तृत जानकारी के लिए भूमिका देखें।